दन्तवक्त्र—एक राजा; क्रोधवश असुर का अंशावतार; —१४१, ५७६, १४६३, १६१२, १७४७ ।

दम—विदर्भ-नरेश भीम का पुत्र; दमयन्ती का भाई—८०२ ।

*दम गुण—की प्रशंसा—३६६०-६१,—से सम्पन्न पुरुषों के लक्षण—१६४२ ।

दमघोष—चेदि-नरेश शिशुपाल का पिता; श्रीकृष्ण का फूफा—४१७ ।

दमन (१)—एक राजा—१५ ।

दमन (२)—विदर्भ-नरेश भीम का पुत्र; दमयन्ती का भाई—८०२ ।

दमन (३)—एक ऋषि—८०२ ।

दमयन्ती—विदर्भ-नरेश भीम की पुत्री; निषध-नरेश नल की पत्नी; पुत्री इन्द्रसेना; पुत्र इन्द्रसेन—८०२, १७२४,—और ऋषियों का संवाद—८२५-२७,—और नल का मिलन—८५७,—और हंस का संवाद—८०३-०४,—का खेद—८१८, ८३०-३१,—का देवताओं को उत्तर—८०८-०६,—का नल द्वारा परित्याग—८१६-२०,—का पितृ-गृह-गमन—८४१,—का विलाप—

८२०-२१,८२३,—का शोकोन्माद—८२४-२५,८२७,—का स्वयंवर—८०४, ८०६-१०,—की खोज—८३७-३६,—की सतीत्व-रक्षा—८२२,—के दूसरे स्वयंवर का कृत्रिम आयोजन—८४४,—के नियम—८३३,—के शाप से कलियुग की मुक्ति—८४८,—चेदि राज्य में—८३१-३२ ।

दमी—समुद्र और सिन्धु नदी के संगम से दक्षिण एक तीर्थ—८६८ ।

दम्भोद्भव—एक अभिमानी राजा—१६, ११३,—और नर का संवाद—१६६८,—का गर्व—१६६७,—का नर से हारना—१६६८,—से नर का, इषीकास्त्र द्वारा, युद्ध—१६६८ ।

दरद (१)—एक राजा; "सूर्य" दानव का अंशावतार—१४१ ।

दरद (२)—एक देश; 'काश्मीर के उत्तर, सिन्धु के दक्षिण तट पर स्थित, दरदिस्तान नाम का प्रदेश'—५७२, १८६०, १६८४ ।

दरद (३)—एक क्षत्रियजाति जो शूद्र हो गई थी—४०२५ ।

दरि—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

*दरिद्रता के दोष—३२८५-८६ ।

दर्दुर—'मद्रास प्रांत में नीलगिरि पहाड़'—५३३,६२३, १२८५, ४२६५ ।

दर्भी—एक ऋषि—८७७ ।

दर्व (१)—एक जाति—६२३ ।

दर्व (२)—दर्व जाति का निवास-स्थान, जो झेलम और चनाव के बीच था'—१८६० ।

दर्वीसंक्रमण—एक तीर्थ—८८० ।

दर्शक—एक देश—१८६० ।

दल—अयोध्या-नरेश (इक्ष्वाकु-वंशी) परीक्षित् के पुत्र; माता सुशोभना—१०६६ ।

दश—एक देश—१८६० ।

दशग्रीव—राक्षसों का राजा रावण—५३१ ।

दशज्योति—एक देवता; सुभ्राट् के पुत्र—३ ।

दशमालिक—एक देश १८६० ।

दशरथ—अयोध्या के राजा; इक्ष्वाकु-वंशी राजा अज के पुत्र; श्रीरामचन्द्र के पिता—७४१,—का राम को सीता-ग्रहण-विषयक आदेश—१३०२,—का शरीर-त्याग—१२७०,—द्वारा राम के राज्याभिषेक का निश्चय—१२६६ ।

दशार्ण—एक देश; 'इसके दो भाग थे—पूर्वी और पश्चिमी; पूर्वी भाग में छत्तीसगढ़ का कुछ भाग और पाटन-राज्य तथा पश्चिमी भाग में पूर्वी मालवा और भूपाल की रियासत सम्मिलित थी'—२५०,५७४, ५८१, ८४०, १८५६, १८८६, १६८५ ।

दशार्ह—एक देश; 'द्वारका'—२०६ ।

दशावर—एक दैत्य—५३१ ।

दशाश्व—इक्ष्वाकु का दसवाँ पुत्र; मदिराश्व का पिता; माहिष्मती का शासक—३६४० ।

दशाश्वमेध तीर्थ—८७१ ।

दशाश्वमेधिक तीर्थ—८७३, ८८८ ।

*दस नाड़ियाँ—३६४८ ।

*दस्युओं का कपट-वेष—३३८८ ।

*दस्यु-धर्म—३३८८ ।

दस्यु धर्मात्मा—३५०४-०५ ।

दस्युमान्—एक अग्नि—५२८ ।

दस्र—महात्मा मार्तण्ड से उत्पन्न अश्विनीकुमारों में से एक—३६३८, ४३३८ ।

दहति—अंश-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

दहन (१)—ग्यारह रुद्रों में से एक; ब्रह्मा के पौत्र; स्थाणु के पुत्र—१३६ ।

दहन (२)—अंश-(एक आदित्य)-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

दाक्षायणी—दक्ष की कन्या; आदित्य-माता—४२२६ ।

दाक्षिणात्य—१८०० ।

*दाताओं—की गति—१११८,—के अर्जित लोक—४०८८ ।

*दान—और तप का फल-सादृश्य—४२०७,—और सत्य—१०६१,—का फल—४००२-०३,—की श्रेष्ठता—१२३४, ४१८७,—के अपात्र—३३४०, ४००१, ४०२७,—के पात्र—३१०६, ३३४०, ४०२६,—चतुर्विध, और प्रत्येक के दृष्टान्त—१११०-१३,—दूषित—१११५-१६, ४००१-०२,—निमित्त-भेद से पञ्चविध—४२०६,—प्रशस्त—१११०-११,—में श्रद्धा का महत्त्व—३६६८, ४३६५,—सर्वश्रेष्ठ—४०७१, ४०७३, ४०७४, ४०७८, ४०७६, ४०८१, ४०८४, ४०६५, ४१०५,

——सात्त्विक, राजस और तामस—१६५०,——से स्वर्ग प्राप्त करनेवाले राजा—४२०७-०८।

*दान-धर्म——१११५-१७, ११२२, १२३४, ४०६६, ४०६८, ४०६६, ४०७३, ४१८८, ४३६५-६६।

*दान-प्रतिग्रह—के अनौचित्य पर वृषादर्भि से सप्तर्षियों का कथन—४१२७;—के दोष—४१२६, ४१२७,—के प्रायश्चित्त—४२०६,—के विषय में अत्रि, अरुन्धती, कश्यप, गण्डा, गोतम, जमदग्नि, पशुसख, भरद्वाज, वसिष्ठ और विश्वामित्र की उक्तियाँ—४१२७-२८।

दानभारि——१६८४।

*दानवों—और देवताओं का मनुष्य-जन्म-ग्रहण–१३३,—के अंशावतार—१४०, १४१, १४२, १४३,—के अत्याचार—६१३-१४।

दान्त—विदर्भ-नरेश भीम का पुत्र; दमयन्ती का भाई–८०२।

दान्ता—एक अप्सरा—३६६३।

दामचन्द्र——पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२५५७।

दामोदर——श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५०,—शब्द की निरुक्ति—३८६८।

दामोष्णीष——एक ऋषि—५१७।

*दायभाग——१५५६, ४०४०, ४०४२-४४, ४१६०।

दारु—त्रिगर्त के पास का एक देश—५७२।

दारुक—श्रीकृष्ण का सारथी—५१४, ६०७,—का पाण्डवों को यादवों के संहार का समाचार सुनाना—४४५४,—की रथ-सञ्चालन-पटुता—१६७२।

दारुण (१)——एक गरुड़——१७०४।

दारुण (२)—एक देश——१८६०।

दार्व——दे० "दर्व" (१)–४०२५।

दाल्भ्यघोष—एक तीर्थ—८६५।

दाल्भ्य तीर्थ—८६५।

दाशराज—एक निषाद (मछुआ); सत्यवती का पोषक पिता—१२८, २२३।

दाशेरक (गण)—इस नाम के देश (आधुनिक मालवा) के निवासी——१६८४।

दासी——एक नदी—१८८६।

दासेरक—एक देश; 'आधुनिक मालवा'—२१४६।

दासेरकगण—दे० "दाशेरक (गण)"—२०००।

दिक्—एक नदी—१८८६।

दिग्गज–वामन, ऐरावत, सुप्रतीक, प्रभिन्नकरटामुख–१८६४।

*दिग्गजों का उत्पत्ति-स्थान——१७०३।

*दिग्विजयपर्व—५६६।

दिति—दक्ष प्रजापति की कन्या; दैत्यों की माता—१३५, ११७६, १७१५।

*दिन-रात, चतुर्विध——५३५।

दिलीप (१)—सूर्यवंश के एक प्रसिद्ध राजा—५२६, १८८८,—का उपाख्यान——२२६८-६६,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३५।

दिलीप (२)—एक नाग—१७०६।

दिलीपाश्रम—एक पवित्र स्थान—१८५६।

दिव—-एक देवता——३।

दिवाकर (१)—सूर्य—६४१।

दिवाकर (२)—एक गरुड़—१७०४।

दिविरथ–पुरुवंशी राजा भुमन्यु का पुत्र; माता पुष्करिणी; भाई सुहोत्र, सुहोता, सुहविः, सुयजु और ऋचीक–२०५।

दिवोदास(१)—काशी-नरेश भीमसेन के पुत्र; पत्नी (ययाति-कन्या) माधवी; पुत्र प्रतर्दन–१७२३,–का गालव को दो सौ श्यामकर्ण घोड़े देना-१७२४,–का, माधवी में, पुत्रोत्पादन–१७२४,–द्वारा माधवी का ग्रहण–१७२४।

दिवोदास (२)-काशी-नरेश सुदेव के पुत्र; वीतहव्य के पुत्रों से युद्ध में परास्त होकर ये भरद्वाज ऋषि के आश्रम को गये थे; ऋषि ने इन्हें समझा-बुझाकर बिदा किया और इनके लिये एक यज्ञ किया जिससे इनके महातेजस्वी प्रतर्दन नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ; प्रतर्दन ने पिता की आज्ञा से वीतहव्य के पुत्रों को मार डाला—४०१६।

*दिव्यकट–पश्चिम का एक नगर; नकुल द्वारा विजित—५८१।

दिव्यकर्मकृत्——एक विश्वेदेवा—४१२४।

दिव्यसानु——एक विश्वेदेवा——४१२४।

दिशाचक्षु—एक गरुड़——१७०४।

*दीनता की प्रशंसा——१५६३।

दीपक——एक गरुड़—१७०४।

*दीपदान का फल—४०८३, ४१४२-४३, ४१४६, ४१६५-६६, ४२०२।

दीप्तकेतु——एक राजा—१६।

दीप्तरोमा—एक विश्वेदेवा——४१२४।

दीप्ति—एक विश्वेदेवा——४१२४।

दीर्घजिह्व—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र–१३५, १४१।

दीर्घजिह्वा--एक राक्षसी; देवताओं द्वारा निहत--१३०४

दीर्घतमा--एक जन्मान्ध ऋषि; पिता उतथ्य; माता ममता; पत्नी प्रद्वेषी ; पुत्र गौतम आदि--२३३,--का चरित—२३३-३६,--को नेत्रों की प्राप्ति--३८९८।

दीर्घप्रज्ञ--एक राजा; वृषपर्वा असुर का अंशावतार--१४०, १४९३।

दीर्घबाहु--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६,--का वध--२०९४।

दीर्घयज्ञ--अयोध्या का एक राजा--५७५।

दीर्घरोमा—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६।

दीर्घलोचन—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२,--का वध—२०९४, २४५९।

दीर्घसत्र तीर्थ—८७०।

दीर्घायु—कौरव-पक्ष का योद्धा; अच्युतायु का पुत्र-२३६३,—का वध—२३६३।

*__दुःख__—और सुख—३६०५-०६,—मानसिक—११५५,—शारीरिक—११५५।

दुःशल–राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६।

दुःशला—राजा धृतराष्ट्र की पुत्री; दुर्योधन आदि की बहन—१४२,--की उत्पत्ति—२५५, २५६,--द्वारा अर्जुन का शान्त होना—४३७४।

दुःशासन–राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६, ६४९,—और अर्जुन का युद्ध—१४६५, २१२९,—और द्रौपदी का संवाद–६४९-५१,–और नकुल का युद्ध—१९६५,—और सहदेव का युद्ध–२७६२-६३,–का अभिमन्यु से हारना–२२६३,–का दुर्योधन को उपदेश–१२१७,—का दुर्योधन से सन्धि-विषयक वक्तव्य—१७४०-४१,–का पराक्रम—२१४५,—का पलायन--१४६५,—का, भीमसेन द्वारा. रक्त-पान—२९५७,--का वध—२९५७,—की सम्मति (पाण्डवों के अज्ञातवास का पता लगाने के लिए)—१४११-१२,--की हार—२४४७, २७६३,—को कर्ण का उपदेश—१२१७-१८,--से केकय-राजकुमारों का युद्ध—२०५१।

दुःसह—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६,--और अर्जुन का युद्ध—१४६५,--का अर्जुन पर आक्रमण--१४६५,—का वध--२४७८।

दुन्दुभी--एक गन्धर्व-कन्या, जिसका अवतार मन्थरा थी—१२६८,—का मनुष्य-लोक में जन्म—१२६८।

दुराधन--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

दुराधर—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६।

*__दुर्ग__, छः प्रकार के--३३७०।

दुर्गशैल—उत्तर दिशा का एक पर्वत--१८९२।

दुर्गा (१)-एक नदी; 'गुजरात प्रान्त में साबरमती नदी की एक शाखा'—१८८९।

दुर्गा (२)—एक देवी; आदिशक्ति—१३७२,—का अर्जुन को वरदान--१९१२,—का युधिष्ठिर को आशीर्वाद—१३७२,—की स्तुति–१३७०-७१ १९१२,—के स्तोत्र-पाठ का माहात्म्य तथा फल–१३७२, १९१२-१३।

दुर्गाल--एक जनपद--१८९०।

दुर्जय (१)—दक्षकन्या दनु का पुत्र--१३५।

दुर्जय (२)—एक देश--२१८७।

दुर्जय (३)--धृतराष्ट्र का एक पुत्र--२४७४,—का वध--२४७४।

दुर्जय (४)--पाञ्चाल देश का एक क्षत्रिय; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२८६९,—का वध--२८६९।

दुर्जया-'आधुनिक इलोरा; निज़ाम राज्य में दौलताबाद से ७ मील और नन्दगाँव से ४० मील पर स्थित एक स्थान'--९०२।

दुर्धर्ष—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—का वध—२४७८।

*__दुर्बल मनुष्य बलवान् से भी बढ़कर है__—३४३४।

दुर्मद--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,--का वध--२४७८, २५४१।

दुर्मर्षण--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६, १८०१, १८११,—का वध--२४७८, ३०७७।

दुर्मुख (१)-राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६,—और श्रुतकर्मा का युद्ध—२०५३,—और सहदेव का युद्ध—१९६५,—का वध—२४७५।

दुर्मुख (२)—युधिष्ठिर की सभा का एक राजा—५१८।

दुर्मुख (३)—एक दैत्य—५३१।

दुर्मुख (४)—पाञ्चाल देश का, पाण्डव-पक्ष का, योद्धा—२५५७।

दुर्मुख (५)—एक नाग—४४५३।

दुर्योधन (१)-राजा धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र; पाण्डवों का प्रधान शत्रु--१४२, २५६, ४१७, १८५८,—आदि का द्वैतवन में विहार---१२०२,--आदि का शिविर को जाना

—३००३,—आदि का श्रीकृष्ण को बन्दी करने के लिए कुचक्र—१७४५-४६,—आदि की, गन्धर्वों के हाथ से, मुक्ति—१२१२,—आदि की, पाण्डवों की खोज के लिए, मन्त्रणा—-१४११-१६,—-और अर्जुन का युद्ध—१४७०-७१,—और अर्जुन का, रण-निमन्त्रण के लिए, एक साथ श्रीकृष्ण के पास पहुँचना—१४९६-९७,—और कर्ण की मैत्री—१३३९,—और घटोत्कच का युद्ध—२०८२-८४,—और नकुल का युद्ध,—२६४६,—और बलदेव का संवाद—१४९७-९८,—और भीमसेन का गदा-युद्ध—३१६१-६४,—और भीमसेन का युद्ध—१९६५,—और भीष्म का संवाद २०५५-५६, २१२७,—और युधिष्ठिर का युद्ध—२७७५,—और विदुर का संवाद—६४०-४२,—-और शकुनि का, पाण्डवों को जीतने के लिए, परामर्श—६१३-१४,—-और शकुनि का संवाद—११९७-९८,—-और श्रीकृष्ण का संवाद—-१४९७,—और सञ्जय की बातचीत—१६२९-३०,—और सात्यकि का युद्ध—-२६५१-५२,—-का अर्जुन से हारकर भागना—-१४७१,—-का उलूक से, पाण्डवों के लिए, सन्देश-कथन—१८०३-०९,—-का उलूक से विराट, धृष्टद्युम्न, शिखण्डी और द्रुपद के लिए सन्देश-कथन—-१८०६,—-का उलूक से, श्रीकृष्ण के लिए, सन्देश-कथन—-१८०५-०६,—-का ऊरु-भङ्ग—-३१६७,—-का, कर्ण आदि से, युद्ध-विषयक परामर्श—-१७९१,—का कर्ण को उत्तर—-१२१५-१६,—-का, कृपाचार्य-कृत सन्धि-प्रस्ताव पर, उत्तर—-३०१९-२२,—-का गन्धर्वों से युद्ध—-१२०४-०५,—-का दानव-लोक-गमन—-१२२०,—-का द्रौपदी के प्रति कथन—-६६१,—-का द्वैपायन-ह्रद में प्रवेश—-३०८६,—-का द्वैपायन-ह्रद से निकलना—-३०९८,—का धृतराष्ट्र को आश्वासन—-१६३८-३९,—-का धृतराष्ट्र को समझाना—-१६२६-२७,—-का परास्त होना—-२७७९,—-का प्रायोपवेशन का निश्चय—१२१६, १२१८, १२१९,—-का भागना—२५९४, ३०७५,—का भीमसेन को विष देना—-२८४-८८,—-का भीष्म की रक्षा के लिए विभिन्न देशों के योद्धाओं को नियुक्त करना—-१९८५,—का भीष्म को उपालम्भ—२००४,—का युद्ध—२४६६,—का युद्ध के लिए आयोजन—१७९४-९५,—का राजाओं को रण-निमन्त्रण —१४९४,—का 'वृक्ष'-रूपक—७, १५४३,—का वैष्णव यज्ञ—१२२९,—का व्याधों द्वारा पता लगना—३०९१,—-का, शल्य को मिलाने के लिए, षड्यन्त्र—१४९८-९९,—-का, श्रीकृष्ण से, पाण्डवों को राज्य न देने के विषय में, कथन—-१७३८-३९,—का श्रीकृष्ण से भोजन करने का अनुरोध—१६८७,—का सन्ताप—६१६-१८, ६२६,—का सन्धि के लिए की गई सभा से उठ जाना—१७४१, १७४५,—का समागत राजाओं को युद्ध-यात्रा का आदेश—१७८५, का स्वभाव—१६८९,—-का स्वरूप—१६५८-५९,—का हारना—२३९१,—की आत्म-प्रशंसा—१६२७-२९, १६३२, १६३४, १६३८-३९,—-की, कर्ण द्वारा, प्रशंसा—-१२१४,—-की कुचेष्टा—६६३,—की गान्धारी-कृत भर्त्सना—१६४९, १७८२,—की, द्यूत-क्रीड़ा में, विजय—६३६-३७, ६४३-४५,—की, धृतराष्ट्र द्वारा, भर्त्सना—१७४७,—की निन्दा—३०७२,—की प्रकृति—१७८४,—की भीष्म से सेनापति बनने की प्रार्थना—१७९६-९७,—की मूर्छा—२००३,—की मृत्यु—-३२१५,—-की युद्ध-यात्रा—१७९८,—की युद्ध-विषयक प्रतिज्ञा—-१६४१-४२,—-की, विदुर-कृत, भर्त्सना—-१७४७-४८, १७८१-८२,—की शासन-पद्धति—१२३१,—की सेना का शिविर—१८०२,—की सेना के विभाग—१८९८-९९,—की सैन्य-संख्या—१७९४-१७९५,—की स्वर्ग में स्थिति—४४६८,—की हार—२४२८, २५२६, २५८२,—के अनुगामियों की मरणोत्तर-गति—४४७४,—के गदायुद्ध-शिक्षक—१६२७,—के गुप्तचरों का, पाण्डवों की खोज में, विफल होना—१४१०-११,—के घर से श्रीकृष्ण का क्रोधपूर्वक उठ जाना—१६८८,—के दुर्गुण—१५२४-२५,—के पक्ष में आये हुए राजा—१५२०-२१,—के पास रुक्मी का आना—१८०१,—के प्रति अश्वत्थामा के कठोर वचन—-१४४६,—के भाइयों का वध—२०२२,—के यहाँ दुर्वासा का आतिथ्य—१२४०-४१,—के लिए गान्धारी का विलाप—३२५६-५७,—के शरीर की विशेषता—-१२२१,—के सेनापतियों से गन्धर्वों का विवाद—१२०३,—को कण्व का सन्धि के लिए उपदेश—१७१०,—को कर्ण का उपदेश—१२१७-१८,—को कीचक-वध का समाचार मिलना—१४११,—को कृतवर्मा से सैन्य-प्राप्ति

—१४६८,—को कृपाचार्य का राजनीति-विषयक उपदेश —१४१४-१५,—को गान्धारी का उपदेश—१७४३-४५,—को दानवों का उपदेश—१२२०-२२,—को दुःशासन का उपदेश—१२१७,—को द्रोणाचार्य का आश्वासन—६८३-८४,—को द्रोणाचार्य का उपदेश—१७३६-३८,—को द्रोणाचार्य का सन्धि के लिए उपदेश—१७६५-६६,—को धृतराष्ट्र का उपदेश —६२६, १६३३, १६३७, १७३७,—को धृतराष्ट्र का सन्धि-विषयक उपदेश—१६४५, १६४८,—को नारद का उपदेश —१७११, १७३२,—को, पाण्डवों के वैभव से, खेद—६११-१२,—को भीमसेन की ललकार—३१०३,—को भीष्म का उपदेश—४४८-४९, १२२३, १७३६, १७३७-३८,—को मैत्रेय का शाप—७०९,—को मैत्रेय के उपदेश—७०८-०९,—को विदुर का उपदेश —१७३७,—को शकुनि का उपदेश—१२१९,—को शल्य का आश्वासन—२९९५,—को श्रीकृष्ण से नारायणी सेना की प्राप्ति—१४९७,—को श्रीकृष्ण द्वारा सन्धि का उपदेश—१७३२-३६,—द्वारा कण्व के कथन की उपेक्षा—१७१०,—द्वारा कलिंग-नरेश चित्राङ्गद की कन्या का हरण—३२८०-८१,—द्वारा देवताओं की प्रकृति का विवेचन—१६३८,—द्वारा श्रीकृष्ण की अभ्यर्थना—१६८६,—से कर्ण की मैत्री—३१२।

दुर्योधन (२)—इक्ष्वाकुवंशी सुदुर्जय के पुत्र; पत्नी नर्मदा; पुत्री सुदर्शना; जामाता अग्नि—३९४०।

*दुर्वचन सहना—३४७३-७४।

दुर्वासा—एक अत्यन्त क्रोधी ऋषि—७, १४३, ४९०, १७७५,—का आकार—४२५४,—का कुन्तिभोज द्वारा आतिथ्य—१३२९-३२,—का कुन्ती की सेवा से सन्तुष्ट होना—१३३२,—का दुर्योधन-कृत सत्कार—१२४०-४१,—का पाण्डवों के पास गमन—१२४२,—का माहात्म्य—४२५४-५६,—का रुक्मिणी को वरदान—४२५५,—का श्रीकृष्ण को वरदान—४२५५,—की तृप्ति —१२४३,—से कुन्ती को मन्त्र-प्राप्ति—२४६-४७, १३३३।

दुर्विगाह—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६।

दुर्विभाग—एक देश—६२३।

दुर्विमोचन—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६,—का वध—२४५९, ३०७७।

दुर्विरोचन—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

दुर्विषह—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—३०७६,—का वध—३०७७।

दुलिदुह—एक राजा—१६।

दुष्कर्ण—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—और शतानीक का युद्ध—२०५४,—का वध—२५४१।

*दुष्कर्म—के त्याग की श्रेष्ठता—३९६२,—के साक्षी—४०३५।

*दुष्टों से धनापहरण—३५०२-०३।

दुष्पराजय—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६।

दुष्प्रधर्ष—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—३०७६,—का वध—३०७७।

दुष्प्रधर्षण—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६।

दुष्प्रहर्ष—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

दुष्यन्त (१)—चन्द्रवंशी राजा ईलिन का पुत्र; माता रथन्तरी; पुत्र भरत; स्त्री शकुन्तला—१८६, १७२४, ४१८१,—और शकुन्तला का गान्धर्व विवाह—१९५-९६,—का कण्व के आश्रम में जाना—१९०-९१,—का पुत्र सहित शकुन्तला को ग्रहण करना—२०३-०४,—द्वारा शकुन्तला का प्रत्याख्यान—१९८-२०३।

दुष्यन्त (२)—चन्द्रवंशी राजा अजमीढ़ का, नीली से उत्पन्न, पुत्र—२०५।

* दूत का कर्तव्य—१६५१।

दूषण—जनस्थान में खर के साथ, रामचन्द्रजी द्वारा, मारा जानेवाला एक राक्षस—१२७१,—का वध—१२७१।

दृढ़—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२४८१,—का वध—२५५३।

दृढ़क्षत्र—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६।

दृढ़धन्वा—एक राजा—४१५।

दृढ़रथ (१)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—का वध—२५५३।

दृढ़रथ (२)—एक स्मरणीय राजा—४२६५।

दृढ़वर्मा—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

दृढ़व्य—दक्षिण दिशा के निवासी एक ऋषि—४२३९।

दृढ़सन्ध—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६।

दृढ़सेन—पाण्डव पक्ष का एक योद्धा—२२१७,—का वध —२२१७।

दृढ़स्यु—अगस्त्य के पुत्र महाकवि; नामान्तर इध्मवाह; माता लोपामुद्रा—९०८।

दृढ़हस्त--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६ ।
दृढ़ायु (१)--पुरूरवा के, उर्वशी में उत्पन्न, पुत्र; भाई आयु, धीमान्, अमावसु, वनायु और शतायु--१४६ ।
दृढ़ायु (२)--एक राजा; द्रुपद ने युधिष्ठिर से इसके पास दूत भेजने के लिए कहा था--१४६३ ।
दृढ़ायुध--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२ ।
दृढ़ाश्व--राजा कुवलाश्व का पुत्र, जो धुन्धु की श्वासाग्नि में जलने से बच गया था--११२६ ।
दृढ़ेयु--पश्चिम दिशा के निवासी एक ऋषि--४२३६ ।
दृढ़ेषुधि--एक राजा--१६ ।
दृषद्वती--'घाघर; कुरुक्षेत्र की उत्तरी सीमा पर स्थित एक नदी जो अम्बाला और सरहिन्द से बहती हुई राजपूताने की मरुभूमि में समाप्त हो गई थी'--६७८, ८७१, १८८६ ।
दृषद्वान्--एक राजा; कन्या वराङ्गी; जामाता पुरुवंशी राजा संयाति--२०८ ।
देवक (१)--एक असुर--१४१ ।
देवक (२)--एक राजा; देवकी के पिता; श्रीकृष्ण के नाना--२५२, १४६३, २५०२ ।
*देवकार्य का समय--४००१ ।
देवकी--कंस की बहन; श्रीकृष्ण की माता; देवक (२) की कन्या; वसुदेव की पत्नी--१३०, १४३६, २५०२,--का सती होना--४४५६ ।
देवकूट तीर्थ--८८४ ।
देवग्रह--सोते या जागते में दिखाई पड़नेवाले देवता जिससे मनुष्य पागल हो जाता है--११८० ।
*देवता--तेंतीस (सब प्राणियों के अधीश्वर)--४२३८,--प्रधान--१३८,--मनुष्य के पाप-पुण्य के साक्षी--४२३८,--सर्वश्रेष्ठ--८८६, ४२३३,--स्मरणीय-४२३८-३६ ।
*देवताओं--का अमृत-पान--६१,--का गरुड़ से हारना--८१,--का दिन-रात--१६३४,--का पञ्चविध पुत्रोत्पादन--४४३५,--का वानर-योनि में जन्म-ग्रहण--१२६८,--का संवाद--२६६६-७०,--का सुर नाम पड़ने का कारण--१७०१,--का स्कन्द से युद्ध--११७२,--की हार--४६८,--के अंशावतार--१४१, १४२, १४३, १४४, १४५,--के गण--१३८,--के चार वर्ण--३६३६ ।
देवदत्त--वरुण का शंख जिसे मय दानव ने अर्जुन को उपहार-स्वरूप दिया था--५१५, १०३८, १८७२, १६१५।
देवदारुवन--सह्याद्रि-खण्ड में एक तीर्थ--४००६ ।
देवदूत--एक अग्नि--४२६४ ।
देवनदी--गंगा--५३१ ।
देवन्त--एक तीर्थ--४००५ ।
देवप्रस्थ--कुरुक्षेत्र के पूर्व का एक देश--५७२ ।
देवभ्राट्--एक देवता; मनु (मह्य) के पुत्र; सुभ्राट् के भाई--३ ।
देवमत--एक महर्षि--४३०६ ।
देवमीढ़--महाराज यदु के वंशज; राजा शूर के पिता--२५०२ ।
देवयजन तीर्थ--१८५६ ।
देवयानी--दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य की पुत्री; राजा ययाति की पत्नी; यदु और तुर्वसु की माता--१४६,--और ययाति का विवाह--१६१, १६२, १६३,--और शर्मिष्ठा का विवाद--१५५,--और शुक्राचार्य का संवाद--१५७-५८,--का कुएँ में पतन--१५५,--के सन्तान की उत्पत्ति--१६३-६५,--को कच का शाप--१५४ ।
देवराज--एक राजा--५२६ ।
देवरात (१)--युधिष्ठिर की सभा में उपस्थित एक राजा--५१८ ।
देवरात (२)--ऋचीक (अजीगर्त) के पुत्र महातपस्वी शुनःशेप--३६४४,--विश्वामित्र के पुत्र--३६४७ ।
देवल--एक देवर्षि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य; प्रत्यूष के पुत्र--१०६, १३७, ४१०,--और जैगीषव्य का संवाद--३६८१-८२,--और जैगीषव्य मुनि का चरित--३१४६-४८,--और नारद का संवाद--३७५४-५५,--की द्यूत-विषयक व्यवस्था--६३४ ।
*देवलोक जाने के उपाय--६६४ ।
देववन--एक पवित्र स्थान--८६२, १५१२ ।
देवव्रत--महाराज शान्तनु के पुत्र; भीष्म पितामह--२०६, २२०, १७८१ ।
देवशर्मा (१)--एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य--११० ।
देवशर्मा (२)--एक ऋषि; पत्नी रुचि (२); शिष्य 'विपुल' ऋषि--४०३०,--का उत्तर दिशा में निवास--४२६५,--की पत्नी पर इन्द्र की आसक्ति और उसकी, विपुल के कौशल से, सतीत्व-रक्षा--४०३०-३६ ।

देवसम पर्वत—गोकर्ण सरोवर के समीप एक पर्वत—८९३।

देवसेना—प्रजापति की पुत्री; कार्तिकेय की पत्नी—११६६,—और इन्द्र का संवाद—११६६,—और स्कन्द का विवाह—११७७।

देवस्थान—एक ऋषि—४२९०,—का राज्य-त्यागेच्छु युधिष्ठिर को उपदेश—३३०४-०६।

देवहव्य—एक ऋषि—५२८।

देवहोत्र—एक ऋषि; राजा उपरिचर के अश्वमेध यज्ञ के सदस्य—३८८१।

देवह्रद (१)—श्री पर्वत पर का एक तीर्थ—८८६, ४००७।

देवह्रद (२)—कालञ्जर पर्वत पर का एक तीर्थ—८८७।

देवातिथि—पूरुवंशी अक्रोधन का, कलिंग-राजकुमारी करम्भा से उत्पन्न, पुत्र; पत्नी विदेह-राजकुमारी मर्यादा; पुत्र अरिह—२०८।

देवाधिप—एक राजा; निकुम्भ दैत्य का अंशावतार—१४०।

देवापि (१)—कुरु-वंशी प्रतीप के बड़े पुत्र; शान्तनु और वाह्लीक के भाई—२०७, १७८३,—का शरीर-गत दोष—१७८३-८४,—का स्वभाव—१७८३,—की लोकप्रियता—१७८३,—के राज्याभिषेक का स्थगित किया जाना—१७८४।

देवापि (२)—चेदि देश का एक क्षत्रिय; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२८६९,—का, कर्ण द्वारा, वध—२८६९।

देवापि (३)—एक राजर्षि जो पृथूदक तीर्थ में तप करके ब्राह्मण हो गये थे—३१२०।

देवारण्य—एक पवित्र स्थान—१८५६।

देवावृध (१)—एक राजा—१६, ४२०७।

देवावृध (२)—एक राजा—२९६३,—के पुत्र का वध—२९६३।

*देवासुर-संग्राम—६२, ११८४-८६,—बत्तीस हज़ार वर्ष तक—३३३३।

देवाह्वय—एक राजा—१६।

देविका (१)—राजा शैव्य की कन्या; महाराज युधिष्ठिर की रानी—२१२।

देविका (२)—(१) 'पञ्जाब की एक नदी; सम्भवतः रावी की एक शाखा; (२) अवध की एक नदी; सरयू नदी का दक्षिणी भाग—११६४, १८८९।

देविका तीर्थ—८६९।

देवी—एक अप्सरा—२७३।

देवी तीर्थ—८७३, ८७४, ८७५।

*देवों और दानवों का मनुष्य-जन्म-ग्रहण—१३३।

*देश, पवित्र—४००८।

*देह और जीव—१७८-७९।

दैत्यद्वीप—एक गरुड़—१७०४।

दैत्यसेना—प्रजापति की पुत्री—११६६।

*दैव और पौरुष—१६६४, ३१९१-९२।

*दैववाद—२५७, ६१२, ६३०, ६३२, ६७२, ६८३, ८३१, १०५७, ११४१-४२, १३४३, १३९७-९८, १५५१, १६६४, १८०२, ४२६२-६३।

*दैवी सम्पत्ति, मोक्ष का कारण—१९४८।

दो पद्म—पद्म नामक दो नाग—१७०६।

*दोष, तेरह—३५५९-६०।

दौवालिक—एक राजा—६२३।

द्यु—दे० "द्यौ"—२१९।

द्युति—एक देवी—७७१।

द्युतिमान् (१)—इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा; पिता मदिराश्व; पुत्र सुवीर—३९४०।

द्युतिमान् (२)—शाल्वराज, जिन्होंने ऋचीक ऋषि को राज्य दान करके स्वर्ग प्राप्त किया था—४२०८।

द्युमत्सेन (१)—एक राजा—३१६।

द्युमत्सेन (२)—युधिष्ठिर की सभा में उपस्थित एक राजा—५१८।

द्युमत्सेन (३)—शाल्व देश के राजा; नामान्तर चित्राश्व; पत्नी संकृति; पुत्र सत्यवान्—१३०८,—और अश्वपति का संवाद—१३१०,—और सत्यवान् का संवाद—३७३७-३९,—का सत्यवान् की खोज में विकल होना—१३२१,—के शत्रु राजा का संहार—१३२४,—को ऋषियों का उपदेश—१३२१-२२,—को नेत्रों की प्राप्ति—१३२१,—को राज्य-लाभ—१३२४।

*द्यूत—के दोष—१४७७,—के विषय में देवल की व्यवस्था—६३४,—से हानि—७२१।

*द्यूत-क्रीड़ा—का प्रस्ताव—६१७-१८, ६२८-२९—का, विदुर द्वारा, प्रतिवाद—६१८, ६२८-४०,—की

विधि--१४७७,--की सलाह--६१७, ६२८,--की स्वीकृति--६१८-२६,--के निवारणार्थ धृतराष्ट्र की चेष्टा --६१६-२०, ६२६-२६,--में दुर्योधन की विजय--६३६-३७, ६४३-४५,--में युधिष्ठिर की हार--६३६-३७।

* द्यूत-सभा--का निर्माण--६२६-३०,--के खिलाड़ी--६३२।

द्यौ--एक वसु; नामान्तर द्यु--२१६,--आदि को वशिष्ठ का शाप--२१६-२०,--का नन्दिनी-हरण--२१६।

द्रविड़--एक देश; 'मद्रास और श्रीरंगपट्टम से लेकर कुमारी अन्तरीप तक का भाग; महाभारत-काल में गोदावरी नदी इसकी उत्तरी सीमा थी'--५८०, १८१०, १८६०।

द्रविण--धर नामक वसु के पुत्र--१३७।

द्राविड़ (१)--दे० "द्रविड़"--१७६७।

द्राविड़ (२)--एक क्षत्रिय जाति जो शूद्र हो गई थी--४०२५।

द्रुपद--यज्ञसेन; पाञ्चाल देश के राजा; द्रौपदी के पिता; पाण्डवों के श्वशुर--१३१,--और जयद्रथ का युद्ध--१९६६,--और द्रोण का पुनर्मिलन--३१५,--और द्रोण की मैत्री--३७३-७४,--और युधिष्ठिर का संवाद--४३२,--और विदुर का संवाद--४५४-५५,--का जन्म--२६०,--का पाण्डवों से युद्ध--३१४,--का पुत्रेष्टि-यज्ञ--३७७,--का वध--२६४२,--का सेनापतित्व--१७८६,--की आत्मग्लानि--३७४,--की पाण्डवों से हार--३१५, ३७३,--की मरणोत्तर गति--४४७३,--की सम्मति (पाण्डवों के राज्य-लाभ के विषय में)--१४९२-९३,--की सैन्य-सञ्चालन-पटुता--१७८६,--के तीन पौत्रों का वध--२६४२,--के द्वारा द्रोण का अपमान--२९१-९२, २९६,--के पुत्रों का वध--२५५१,--के पुरोहित का, पाण्डवों का दूत बनकर, हस्तिनापुर जाना--१४९६,--के भवन में पाण्डवों का सत्कार--४३०, ४३१, ४३३,--द्वारा द्रोणाचार्य का अपमान--३७३,--पर भीष्म की बाण-वर्षा--१९८१,--पर, द्रौपदी-स्वयंवर-सभा में, राजाओं का क्रोध--४२०-२१,--से कौरवों की हार--३१३।

द्रुम (१)--एक राजा--१६।

द्रुम (२)--एक राजा; शिवि दैत्य का अंशावतार--१४०।

द्रुम (३)--किम्पुरुषों का राजा--५३२, ५७३।

द्रुमसेन (१)--एक राजा; दानवराज गविष्ठ का अंशावतार--१४०।

द्रुमसेन (२)--शल्य का चक्र-रक्षक--३०४०,--का वध--३०४०।

द्रुह्यु (१)--ययाति का, शर्मिष्ठा से उत्पन्न, पुत्र; अनु और पूरु का भाई--१४६,--की उत्पत्ति--१६५,--को ययाति का शाप--१६६।

द्रुह्यु (२)--चन्द्रवंशी मतिनार का पुत्र; भाई तंसु, महान् और अतिरथ--१८६।

द्रोण (१)--मन्दपाल ऋषि का, जरिता नाम की शार्ङ्गिका से उत्पन्न, पुत्र--५०३।

द्रोण (२)--दे० "द्रोणाचार्य"--१८६८।

द्रोण (३)--एक पर्वत--३८४९।

द्रोणाचाय--भरद्वाज के पुत्र; कौरवों और पाण्डवों के अस्त्र-शिक्षक; पत्नी कृपी; पुत्र अश्वत्थामा--१३१,--और अर्जुन का युद्ध--१४५८-६०, २१०७-०८, २३५५-५७, २६४७-४९,--और अश्वत्थामा का संवाद--२१३२-३४,--और कर्ण का विवाद--४५०-५१,--और द्रुपद का पुर्नामिलन--३१५,--और द्रुपद की मैत्री--३७३-७४,--और धृष्टद्युम्न का युद्ध--१९६५, १९९०-९२, २३७५-७६,--और भीष्म का दुर्योधन को, सन्धि के लिए, उपदेश--१७६३-६४,--और युधिष्ठिर का युद्ध--२३९६-९८,--और सात्यकि का युद्ध--२३७७-७९, २५९७,--का अर्जुन को ब्रह्मशिर अस्त्र देना--३०२,--का अस्त्र-कौशल--२९३-९४,--का जन्म--२९०, ३७२, १६२८,--का दुर्जयत्व--३७६,--का दुर्योधन को उपदेश--१७३६-३८, १७६५-६६, १७८१,--का द्रुपद द्वारा अपमान--२९१-९२, २९६, ३७३,--का पराक्रम--२१७८-८०,--का प्राण-त्याग--२६६२,--का भीष्म द्वारा सम्मान--२९६,--का युधिष्ठिर को अपनी मृत्यु का उपाय बताना--१९५९,--का युधिष्ठिर को विजय का आशीर्वाद देना--१९५९,--का युद्ध-त्याग--१४६१,--का रथ--१९०३,--का शस्त्र-शास्त्र-ज्ञान--१४४६,

१४५८,—का शिरश्छेद (धृष्टद्युम्न द्वारा)--२६६३, —का सेनापतित्व—२१७४-७५,--की, अर्जुन द्वारा, ग्राह से रक्षा—३०२,--की अवस्था--२४५३,—की अस्त्र-शिक्षा--३७३,—की, धृतराष्ट्र को, सन्धि के लिए सम्मति—१६१७,—की मरणोत्तर-गति—४४७३,—की स्वर्ग में स्थिति—४४७३,—को अस्त्रों की प्राप्ति--२९१,--द्वारा शंख-वध—२०६०,—पर कर्ण का आक्षेप--१४४१-४२।

*द्रोणपर्व की अध्याय-श्लोक-संख्या--२६।

*द्रोण-वधपर्व--२६३३।

द्रोणशर्मपद--एक देश--४००६।

द्रौपदी--पाञ्चाल-नरेश द्रुपद की अयोनिजा (अग्नि-कुण्ड से उत्पन्न) पुत्री; धृष्टद्युम्न की बहन; पाण्डवों की पत्नी; नामान्तर कृष्णा, याज्ञसेनी आदि--१३१,—और कोटिकास्य का संवाद—१२४६-४७,—और जयंद्रथ का संवाद—१२४८-५०,--और दुःशासन का संवाद—६४९-५१,—और प्रातिकामी का संवाद--६४७-४९,—और भीमसेन का कीचक-संहार के अनन्तर सांकेतिक भाषण—१४०९.—और युधिष्ठिर का संवाद—७४३-५८,—और सत्यभामा का मिलन—१०६६,--और सत्यभामा का संवाद--११८८-९४,—का, अज्ञातवास-विषयक, मन्तव्य--१३६३,--का कीचक को उत्तर—१३८५-८६,–का, कीचक द्वारा, केश-ग्रहण--१३८९,--का गृह-प्रबन्ध--११९०-९१,—का जयद्रथ द्वारा हरण--१२५१,—का दुःशासन द्वारा केश-कर्षण--६५०,–का द्यूत में हारा जाना—६४५,—का, पाण्डवों के साथ, विवाह—४४१-४२,--का पातिव्रत्य--१६८२-८३,--का पुरावृत्त—३७९-८०, ४३५-३९-४४०-४१, ४४७२,–का बन्ध-विमोचन—१४०८,—का महाप्रस्थान—४४६२,—का युधिष्ठिर को समझाना—३२९३-९५,—का राज्यप्रबन्ध—११९१,—का, विराट की सभा में, प्रकृत परिचय—१४८२-८३,—का शरीर-पात—४४६४,—का शरीर-सौन्दर्य—३७७-७८, ६४५, १३७५-७६,—का श्रीकृष्ण से दौत्य-सम्बन्धी उग्र और मार्मिक कथन--१६६७-६९,—का सत्यभामा को उपदेश—११९२-९३,—का, सन्धि की चेष्टा पर, व्यथित होकर विलाप करना—१६६९,—की उत्पत्ति—३७७,–की पति-सेवा–११८९-९१,--की मर्यादा-रक्षा—६५७,—की मूर्च्छा—९८५,—की स्वर्ग में स्थिति—४४७२,--की हार का, कर्ण द्वारा, अनुमोदन—६५५,—की हार का, विकर्ण द्वारा, प्रतिवाद--६५४,—की हार पर भीष्म की सम्मति—६५२, ६६०-६१,—की हार पर विदुर की सम्मत्ति--६४६,—के पुत्र--११९४,--के पुत्रों का जन्म—४८५,—के पुत्रों के रथ के घोड़े—१६३०,—के प्रति दुःशासन के दुर्वचन--६७४,—के सम्बन्ध में पाण्डवों का नियम—४६७,—के विवाह की मन्त्रणा—४३३-४१,—के विवाह की शर्ते—४१३,—के सान्त्वनार्थ श्रीकृष्ण की प्रतिज्ञा—७२०-२१,—के स्वयंवर की सभा—४१३-१४,—को कुन्ती का आशीर्वाद—४४२-४३,—को कुन्ती का उपदेश—४४२, ६७९,—को धृतराष्ट्र से वर-प्राप्ति—६६५·६६,—को भीमसेन का समझाना—१३९९,—को वस्त्र-हीन करने की चेष्टा—६५६,—द्वारा अर्जुन को वरमाल्य-समर्पण—४२०,—पर कीचक की आसक्ति—१३८४,—पर जयद्रथ की आसक्ति—१२४५, १२४७-४८,—से कर्ण का कथन—६६३,—से दुर्योधन का कथन—६६१।

*द्वन्द्वयुद्ध--२०५७, ३०६५-६६।

*द्वादशी में उपवास और विष्णु-पूजा की फल-श्रुति--४१६९-७०।

द्वापर युग—तीसरा युग—१८,—का परिमाण--१०८२,--का पवित्र तीर्थ—८८९,--का वर्णन–९९८।

द्वारका–पुराण-वर्णित सात पुरियों में से एक; वृष्णि-वंशियों की राजधानी; कुशस्थली--२१२, ५१४, ८९४,—का 'वैतरणी नदी'-रूपक—४४५४,--का समुद्र में डूब जाना—४४५७,--की दुर्धर्षता—५४४,--पर शाल्व का आक्रमण-७२२-२४।

द्वारपाल—नकुल द्वारा विजित एक नगर—५८१।

द्वित—एक तपस्वी ब्राह्मण; गौतम के पुत्र; एकत और त्रित के भाई--३११०,--का पश्चिम दिशा में निवास–३६३९,—राजा उपरिचर के अश्वमेध यज्ञ के सदस्य—३८८१।

द्विविद--वानरों का राजा; सुग्रीव का मन्त्री—५७७, १२७८, १७४७।

द्वैतवन—एक वन; वनवास-काल में युधिष्ठिर आदि का निवास-स्थान; 'आधुनिक देवबन्द (युक्तप्रान्त

के सहारनपुर ज़िले में)'—७१४, ३११३,—में दुर्योधन आदि का विहार—१२०२,—में पाण्डवों का जाना—७४० ।

द्वैत सरोवर—'देवबन्द शहर से ४ फ़र्लाङ्ग पर देवीकुण्ड नाम का एक तालाब जिसके तट पर देवी का मन्दिर है'—१२०१ ।

द्वैपायन (१)—महर्षि वेदव्यास—२३७ ।

द्वैपायन (२)—एक ह्रद जिसमें दुर्योधन, गदा-युद्ध से पूर्व, छिपा था; 'थानेश्वर के उत्तर ३५४६ फ़ीट लम्बा और १६०० फ़ीट चौड़ा, एक पवित्र ताल; इसे "रामह्रद" और "रामकुण्ड" भी कहते हैं'; क्षत्रियों का संहार कर चुकने पर परशुराम ने यहीं पितरों का तर्पण किया था—३०८६ ।

ध

*धन—का अपहरण (नैतिक)—३५०५,—का उपयोग—३३१४,—का महत्त्व—१६५२, १७६०,—का व्यय—७६२,—का संग्रह—३४६८-६६, ३५०१,—की गति—११६६,—के उपार्जन का समय—४०००,—के उपार्जन की कठिनता—१७२१,—के रक्षक—१७२१ ।

धनञ्जय (१)—एक साँप; पत्नी कुमारी—५३१, १७०६, १७२४ ।

धनञ्जय (२)—अर्जुन का एक नाम—१४३५,—शब्द की निरुक्ति—१४३५ ।

धनद—कुबेर की सभा का एक यक्ष—५३२ ।

धनी—'कप' नामक दानवों का दूत—४२५०,—का दौत्य—४२५० ।

धनुर्ग्रह—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२ ।

धनुर्धर—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६,—का वध—२६५६ ।

*धनुर्वेद—के चार अङ्ग—७७०,—के चार विभाग—३१३०,—के दस अङ्ग और चार चरण—३०२३ ।

धनुष—एक महर्षि; राजा उपरिचर के अश्वमेध यज्ञ के सदस्य—३८८१ ।

धनुषाक्ष—एक ऋषि—६७२ ।

धन्वन्तरि—देवताओं के वैद्य; समुद्र-मन्थन से उत्पन्न दशम रत्न—६१ ।

धर (१)—धर्म के पुत्र; आठ वसुओं में से एक—१३७, ४२३८ ।

धर (२)—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२५५७ ।

धरणीधर (तीर्थ)—ब्रह्मसर तीर्थ—६०१ ।

धर्म—एक देवता; दक्ष की दस कन्याओं—कीर्ति, लक्ष्मी, धृति, मेधा, पुष्टि, श्रद्धा, क्रिया, बुद्धि, लज्जा और मति—के पति; दक्ष की (ग्यारहवीं) पुत्री वसु के पति; अष्ट-वसुओं के पिता—१४७, १७२४,—और युधिष्ठिर का संवाद—१३४८-५३,—का युधिष्ठिर को वरदान—१३५५,—की, ब्रह्मा के वक्षःस्थल से, उत्पत्ति—१३८,—कुमार कार्त्तिकेय की सेना के पुरोगामी—३१३८,—के तीन पुत्र (शम, काम और हर्ष,—१३८,—को अणीमाण्डव्य का शाप—२४२,—द्वारा विश्वामित्र की परीक्षा—१७११-१२ ।

*धर्म—असज्जनों के ४२६१,—ऋषियों के—४२१८,—ऐकान्तिक—३६२०,—और जीवात्मा का पारलौकिक साहचर्य—४१७२,—का अधिकारी—४२६३,—का दूसरा द्वार—१७१४,—का प्रभाव—३७६१,—का भेद (युग के अनुसार)—३६६४-६५,—का महत्त्व—१५४७,—का मार्ग—३७२२,—का वर्णन—३८२७-२८,—का 'वृष' नाम—३४३२,—का शरीर—१३५४,—का स्वरूप—२६०६,—की इन्द्रियाँ—१३५४,—की प्रामाण्यता पर युधिष्ठिर का आक्षेप—३७२१-२२,—की रक्षा—३४३२-३३,—की व्यापकता—४४३२,—की श्रेष्ठता—३७५२-५३,—के आठ मार्ग—६६४,—के छत्तीस गुण—३३६६-३४००,—के निश्चित लक्षण—३६६६,—के प्रमाण—४२५६-६०,—के लक्षण—११३८, ३७२०-२१,—के विचार से वानप्रस्थियों के दो भेद—४२१८-१६,—के विषय में मनुष्यों का मतभेद—३६६४,—को वस्तुतः जाननेवाला—४२१८,—क्षत्रिय का—१६२२, ४१८६, ४२१५-१६,—क्षत्रिय के लिए उत्तम—१८०२,—गृहस्थों के—१८०, ४२१४-१५, ४२१६-१७, ४३३०-३१,—चार प्रकार के—३५०१,—चारों आश्रमों के—३३८३,—तीन प्रकार के—३६२६,—त्याज्य—३३८४,—निवृत्ति-मूलक—४३२७,—निष्काम—३६१७-१६,—पाशुपत—३७८१,—पुरुषार्थों में श्रेष्ठ है—३७४८,—प्रधान—७६१,—ब्रह्मचारियों के—१८०, ४३३१,—

ब्राह्मणों के—१६०१-०३, ४२१५-१६, —महात्मा वीरों का —१७५७,—में निष्ठावान् पुरुषों के लिए निषिद्ध आहार—४२२१,—वानप्रस्थियों के—१८०, ४२१८-१९, ४३३१,—विविध–३७९९-३८०२, ३९२७, ४३३५-३६,—वैश्यों का—४२१६,—शूद्र का–४२१६, —श्रेष्ठ –४०००,—संन्यासियों के —१८०, ४२१७, ४३३२-३३,—सकाम और निष्काम —४२६३,—सज्जनों के—४२६०-६१, ४२६३,—सनातन —३७२६, ४३९८,–सब धर्मों के मूल-स्वरूप–४२१५,—सर्वश्रेष्ठ—४२३३,—सस्त्रीक तपस्वियों के— ४२१९,—साधारण—३३८०, ३७९२-९३,—सुखदायक—३१७०,—से द्वेष या अनुराग का फल—४२६०,—से वैराग्य—३७४९,—स्त्री-रहित तपस्वियों के—४२१९।

धर्मतीर्थ (१)—कुरुक्षेत्र के पास का एक तीर्थ —८७९।

धर्मतीर्थ (२) -एक तीर्थ —८८३।

धर्मतीर्थ (३)—एक तीर्थ—८८५।

*धर्मनीति—५२४-२५, ९६१, १०००, ११३५-३६, १५३४-३५।

धर्मनेत्र—धृतराष्ट्र (३) के पौत्र – २०७।

धर्मप्रस्थ –एक पवित्र स्थान—८८३।

*धर्मयुद्ध—३४४०,—की प्रशंसा—३४४२-४३।

*धर्मयोनि—३८०४।

*धर्म-रहस्य—अङ्गिरा-कथित—४१९९,—अरुन्धती-कथित —४२०१, —गार्ग्य-कथित—४१९९,—चित्रगुप्त-कथित —४२०१-०२, —जमदग्नि-कथित—४१९९,—धौम्य-कथित—४१९९,—लोमश-कथित—४२००-०१,–वायु-कथित—४२००, —श्री-कथित —४१९९,— सूर्य-कथित —४२०२।

धर्मव्याध—मिथिलापुरी का निवासी एक धर्मज्ञानी मातृ-पितृ-भक्त व्याध, जिसने कौशिक नाम के एक तपस्वी ब्राह्मण को धर्म का उपदेश दिया था—११३२,—का पुरावृत्त—११५४-५५,—की जीवन-चर्या—११३४-३५, —की मातृ-पितृ-सेवा—११५१-५२।

*धर्मशास्त्र-श्रवण का फल—४१९३।

*धर्माचरण—१०९५, ११४३-४४, १२३३-३४, १५७०, —की महत्ता—७५२-५४,—की राजनीतिक समीक्षा—७५९-६२, ७६६-६७,—में शीघ्रता—३७५७-५८,—या शील—३४८८।

*धर्मात्मा के लक्षण—३५५५।

*धर्मात्मा दस्यु—३५०४-०५।

*धर्मात्मा राजा को आश्रम-फल-प्राप्ति –३३८९-९०।

*धर्माधर्म-विवेक—११३६, १५३६, ३७२७-२८।

धर्मारण्य (१)—अत्रिवंशी एक धर्म-जिज्ञासु ब्राह्मण—३९२६,—और पद्मनाभ का संवाद—३९३१-३४,—का चरित—३९२६-३४।

धर्मारण्य (२)—एक पवित्र स्थान; 'बुद्ध-गया से प्रायः चार मील की दूरी पर स्थित'—४००७।

धर्मेयु—पूरुवंशी एक राजा; रौद्राश्व का पौत्र—१८६।

*धर्मोपदेश—३७९४-९५, ३८०३-०५।

धाता (१)—कश्यप के, दक्षकन्या अदिति से उत्पन्न, पुत्र; बारह आदित्यों में से एक—१३५, ३६३८, ४२३८।

धाता (२)—ब्रह्मा के पुत्र; भाई विधाता; बहन लक्ष्मी —१३९।

*धातुओं की उत्पत्ति—११६४।

धात्रेयिका—द्रौपदी की दासी—१२५२,—और इन्द्रसेन का संवाद—१२५२-५३।

धारण (१)—चन्द्रवत्स-वंशी एक कुलघातक राजा—१६५९।

धारण (२)—एक नाग—१७०६।

*धारणा—३६९१।

धारा तीर्थ—हरद्वार के पास का एक तीर्थ—८८०।

धीमान्—चन्द्रवंशी राजा पुरूरवा के पुत्र; माता उर्वशी अप्सरा; भाई आयु, अमावसु, दृढ़ायु, वनायु और शतायु—१४६।

धीरोष्णी—एक विश्वेदेवा —४१२४।

धुन्धु (१)—मधु-कैटभ का पुत्र—११२५,—का दुर्जयत्व—११२५,—का वध—११२८,—को ब्रह्मा का वरदान—११२७।

धुन्धु (२)—कार्तिक मास में मांस-भक्षण का त्याग करनेवाले एक राजा—४१८१।

धुन्धुमार—सूर्यवंशी महाराज बृहदश्व के पुत्र कुवलाश्व; धुन्धु असुर का वध करने से इनका यह नाम पड़ा—११२४, ३९५०,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न

चुराने के सम्बन्ध में)—४१३५,—के उपाख्यान का महत्त्व—११२६,—शब्द की निरुक्ति—११२४, ११२७-२८ ।

धुरन्धर—एक देश—१८८६ ।

धूतपापा—एक नदी; 'बनारस में गङ्गा की एक सहायक नदी' १८८६ ।

*धूप[1] के भेद और उपभेद—४१४२ ।

*धूप-दान का फल—४१४२ ।

* धूप-दीप-दान का माहात्म्य—४१४५ ।

*धूमकेतु की, पुष्य में, स्थिति का फल १८७६ ।

धूमपायी—पितरों का एक गण—३७७३ ।

धूमावती—एक पवित्र स्थान जिसका दक्षिण ओर का आधा हिस्सा रथावर्त के नाम से प्रसिद्ध था—८८० ।

धूमिनी—चन्द्रवंशी राजा अजमीढ़ की रानी; पुत्र ऋक्ष; सौतें नीली और केशिनी—२०५ ।

धूमोर्णा (१)—महर्षि मार्कण्डेय की पत्नी—४२२७ ।

धूमोर्णा (२)—यम की पत्नी—४२६४ ।

धूम्रा—प्रजापति की स्त्री; किसी-किसी के मतानुसार धर और ध्रुव नाम के वसुओं की माता—१३७ ।

धूम्राक्ष—रावण के पक्ष का एक राक्षस योद्धा—१२६३,—और हनुमान् का युद्ध—१२६३,—का वध—१२६३ ।

धूर्त्त—एक राजा—१६ ।

धूर्त्तक—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

धृतराष्ट्र (१)—एक नाग—४१, ८४, १७०६, ४४५३ ।

धृतराष्ट्र (२)—एक गन्धर्व; दक्षकन्या मुनि का पुत्र—१३६, २७२, ४२८३,—का दौत्य—४२८४-८५ ।

धृतराष्ट्र (३)—चन्द्रवंशी राजा जनमेजय के पुत्र—२०७ ।

धृतराष्ट्र (४)—इस नाम के १०० राजा, जो यम की सभा में थे—५२६ ।

धृतराष्ट्र (५)—छद्मवेष-धारी इन्द्र, जिन्होंने गोतम का हाथी चुराया था—४१४८,—का गोतम से, पुण्य और पाप के विषय में, संवाद—४१४८-५२ ।

धृतराष्ट्र (६)—प्रसिद्ध जन्मान्ध कौरव राजा; दुर्योधन आदि के पिता; विचित्रवीर्य के क्षेत्र में व्यास-द्वारा उत्पन्न; माता अम्बिका (कौशल्या); पत्नी गान्धारी—१३१,—आदि का शतयूप के आश्रम पर तपश्चरण—४४२३,—आदि से तपोवन में पाण्डवों का सम्मिलन—४४२७-२८,—और गान्धारी का विवाह—२४६,—और मैत्रेय का संवाद—७०८,—और विदुर का मिलन—७०४,—और विदुर का संवाद—६८१-८२, ६८४, ६८५-८६,—और सञ्जय का संवाद—६८४-८५, ७६५-६६—का, अर्जुन के बल को याद कर, खेद-प्रकाश—१६२२-२३,—का उत्तर (पाण्डव-दूत को)—१५२४,—का कौरव-पक्ष के राजाओं से पाण्डवों के पराक्रम का वर्णन करना—१६३४,—का खेद-प्रकाश—७६४-६५, १६३१-३२, २०४४-४६.—का जन्म—२१०, २४०,—का तप करने का निश्चय ४४०४-०५,—का तपश्चरण—४४४३,—का दावानल में प्राण-त्याग—४४४४,—का दुर्योधन को उपदेश—६२६, १६३३, १६३७, १७३७,—का दुर्योधन को सन्धि का उपदेश—१६४५, १६४८, १७८३-८४,—का द्रौपदी को वर-दान—६६५-६६,—का नगर-निवासियों से वन जाने की आज्ञा माँगना—४४१२-१३,—का पश्चात्ताप—१६२३-२४,—का, पाण्डवों को, सन्देश—१५२४, १५२६-२७,—का पुरावृत्त—४४७२,—का, भीमसेन के आतङ्क से, खेद-प्रकाश—१६१६-२२,—का मूर्छित होना—२१८३,—का युधिष्ठिर को प्रजा के हाथों में सौंपना—४४१३,—का रणभूमि को जाना—३२४३,—का लौह-भीम को चूर्ण कर देना—३२४६.—का वन-गमन—४४१६,—का शोक—११६५, २१८०-८३, २७१४, ३००६-११, ३२३०,—का श्राद्ध—४४४६,—की आलोचना (सञ्जय-कृत) १५५०-५१,—की और्ध्वदैहिक क्रिया—४४४६.—की घोषयात्रा के लिए अनुमति—१२००,—की चिन्ता—११६५-६७,—की भर्त्सना—३३३, ३३६-४१,—की मरणोत्तर-गति—४४७३,—की, श्रीकृष्ण-माहात्म्य से, अनभिज्ञता का कारण—१६४८,—की सभा में सञ्जय (दूत) का आना—१६०६.—कृत श्रीकृष्ण की अभ्यर्थना—१६७४-७५,—कृत श्रीकृष्ण-गुण-वर्णन—२१८७-८६,—के आठ पुत्रों का वध—२०७४,—के इकतीस पुत्रों का

---

(१) जलाया जानेवाला एक प्रकार का गन्धद्रव्य ।

वध—२५२१,—के ग्यारह पुत्रों का वध—३०७७, —के दस पुत्रों (दुःशासन से छोटे) का वध—२५५३, —के दस पुत्रों (नागदत्त, दृढ़रथ, महाबाहु, अयोभुज, दृढ़, सुहस्त, विरजा, प्रमाथी, उग्र और अनुयायी) का वध—२९४८,—के दुर्विचार की युधिष्ठिर-कृत आलोचना—१५३२-३३,—के पुत्रों की नामावली—१४२, २५६,—के पुत्रों की मरणोत्तर-गति—४४७४,—के महारथी पुत्र—१३१,—के सात पुत्रों का वध—२४८१, —के साथ पाण्डवों का सद्व्यवहार—४४०१-०२,४४०३, —को आश्वासन—३१८०,—को, दिव्य-दृष्टि द्वारा, श्रीकृष्ण के विराट् रूप का दर्शन—१७४९,—को दुर्योधन का आश्वासन—१६३८-३९,—को द्रोणाचार्य की, सन्धि के लिए, सम्मति—१६१७,—को पाण्डवों की उन्नति से चिन्ता—३१९, ३२५,—को भीमसेन की कटूक्ति से क्लेश—४४०४,—को भीष्म द्वारा सन्धि का उपदेश—१६७७, —को मृत पुत्रों के दर्शन—४४३७,—को लाक्षाभवन-दाह की सूचना—३४१,—को विदुर का उपदेश—६९९-७००,—को व्यास का उपदेश—७०६-०८ १६४९,—को श्रीकृष्ण का सन्देश—१५४३,—को सञ्जय का उपदेश—१६२४-२५,—को सनत्सुजात का उपदेश—१५९१-१६०५,—द्वारा उनके पुत्रों का श्राद्ध—४४०२, —द्वारा कौरव-पाण्डव-पक्ष के बलाबल का विवेचन—१६३६-३७,—द्वारा दुर्योधन की भर्त्सना—१७४७,—द्वारा भीष्म आदि का श्राद्ध और ब्राह्मणों को धन-दान—४४१८,—द्वारा युधिष्ठिर को उपदेश—६६८-६९,—द्वारा विदुर का निर्वासित किया जाना—७००-०२,—द्वारा श्रीकृष्ण का आतिथ्य—१६८०,—द्वारा श्रीकृष्ण की स्तुति—१६५१,—पर भीमसेन की श्रद्धा—४४०३,—से मार्ग में कृपाचार्य, कृतवर्मा और अश्वत्थामा की भेट—३२४४।

धृतराष्ट्री—कश्यप की कन्या; माता ताम्रा; हंस, कलहंस और चकवाक पक्षियों की माता—१३९।

धृतवती—एक नदी—१८८९।

धृतवर्मा—त्रिगर्त देश का राजकुमार—४३६९,—और अर्जुन का युद्ध—४३६९-७०,—का युद्ध-लाघव—४३६९।

धृति (१)—एक देवी; धर्म (यम) की पत्नी—१४५, १७२४।

धृति (२)—एक विश्वेदेवा—४१२४।

*__धृति__—सात्त्विकी, राजसी और तामसी—१९५२-५३।

धृतिमान् अङ्गिरा—एक अग्नि; भानु के पुत्र; नामान्तर विष्णु—११६२।

धृष्टकेतु (१)—एक प्राचीन राजा—१६।

धृष्टकेतु (२)—एक राजा; प्रह्लाद के छोटे भाई अनुह्लाद का अंशावतार; चेदि-नरेश शिशुपाल का पुत्र; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—१४०, १४९२, १५२०, १७३८, १७६८, १७७३, १८२८,—और वाह्लीकराज का युद्ध—१९६५, —का, पाण्डवों से मिलने के लिए, द्वैतवन में जाना—७१५,—का वध—२४५१,—की मरणोत्तर-गति—४४७३,—के पुत्र का वध—२४५१।

धृष्टद्युम्न—पाञ्चाल-नरेश द्रुपद का अयोनिज (अग्नि-कुण्ड से उत्पन्न) पुत्र; द्रौपदी का भाई; पाण्डवों का साला और सेनापति; द्रोणाचार्य का वधकर्ता—१३१, १८१७, १८२७,—आदि का दुर्योधन के सन्देश से क्रुद्ध होना—१८१२,—और अश्वत्थामा का युद्ध—२५६५-६७, —और कृपाचार्य का युद्ध—२७७०-७२,—और द्रोणाचार्य का युद्ध—१९६५, १९९०-९२, २३७५-७६,—का प्रधान सेनापति निर्वाचित होना—१७८८, १७९८,—का वध—३२०६,—का सेनापतित्व—१७८६,—की उत्पत्ति—३७७,—की, द्रौपदी-स्वयंवर-सभा में, घोषणा—४१४,—की मरणोत्तर-गति—४४७३,—की सैन्य-सञ्चालन-पटुता—१७८६,—के पुत्र का वध २९५३,—के पुत्रों का वध—२५४०,—द्वारा द्रोणाचार्य का शिरश्छेद—२६६३,—शब्द की निरुक्ति—३७८।

धृष्टरथ—एक स्मरणीय राजा—४२६५।

धृष्णु (१)—वैवस्वत मनु के पुत्र—१४५।

धृष्णु (२)—भगवान् कवि के पुत्र—४११५।

धेनुक—एक देश—१९८४।

धेनुकतीर्थ—८८२।

धेनुकासुर—एक राक्षस; श्रीकृष्ण[1] द्वारा निहत—१७४७।

धौतमूलक—चीनवंशी कुलघातक एक राजा—१६५९।

---

(१) श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों में इस राक्षस का बलराम द्वारा मारा जाना वर्णित है।

धौम्य (१)—अपोद ऋषि के पुत्र; आरुणि, उपमन्यु और वेद के गुरु—३३,—के शिष्यों की कथा —३३-३७ ।

धौम्य (२)—महर्षि देवल के छोटे भाई; पाण्डवों के पुरोहित–४१०,–का अज्ञातवास के समय, युधिष्ठिर द्वारा, कर्तव्य-निर्देश–१३६४,–का पाञ्चाल-देश-गमन— १३६७, —का,पाण्डवों की अज्ञातवास-यात्रा के समय,स्वस्त्ययन करना—१३६७,—का पाण्डवों को नीत्युपदेश —१३६४-६७,—का युधिष्ठिर को उपदेश—१३५७ ।

*ध्यानयोग—३६१४-१५ ।

ध्रुव (१)—धर्म के पुत्र; आठ वसुओं में से एक; काल के पिता—१३७, ४२३८ ।

ध्रुव (२)—राजा नहुष के पुत्र—१४६ ।

ध्रुव (३)—यम की सभा का एक राजा—५२६ ।

ध्रुव (४)—उत्तर आकाश का एक प्रसिद्ध नक्षत्र; राजा उत्तानपाद का पुत्र—५२६, ३६४४ ।

ध्रुव (५)–कौरव-पक्ष का एक योद्धा; कलिङ्ग देश का राजकुमार; जयरात का भाई—२५४०,—का वध (भीमसेन द्वारा)—२५४० ।

ध्रुव (६)—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२५५७ ।

ध्रुवलोक—सत्यलोक के अन्तर्गत एक लोक—३६७७ ।

ध्वजवती—हरिमेधा नामक मुनि की कन्या; यह सूर्य की आज्ञा से पश्चिम-आकाश में स्थित है—१७१६ ।

*ध्वजाओं का वर्णन– १४५४, २३६४-६५ ।

ध्वजिनी—दक्षिण का एक जनपद—१८६० ।

न

नकुल (१)—पाण्डु के माद्री से (अश्विनीकुमारों के अंश द्वारा) उत्पन्न पुत्र; सहदेव के भाई–२११,–और क्षेमङ्कर का युद्ध—१२५६,–और दुःशासन का युद्ध–१६६५,—और दुर्योधन का युद्ध—२६४६,—और महामुख का युद्ध—१२५६,—और वृषसेन का युद्ध—२६५६-६१,—और शल्य का युद्ध—२०६३,—और सुरथ का युद्ध—१२५६,—का, अज्ञातवास-विषयक, मन्तव्य—१३६२-६३,—का, छद्मवेष से, विराट की सभा में जाना—१३८०,—का जन्म—२११,—का दिग्विजय (राजसूय यज्ञ के लिए)—५८०-८१,—का धनुष—१४३४,—का पाण्डव-सेना के प्रधान अधिनायक के निर्वाचन पर मत—१७८६,—का पाण्डवों के अस्त्र-शस्त्रों को, विराट-नगर के बाहर, शमी वृक्ष पर छिपाना—१३६९-७०,—का पुनर्जीवन—१३५४,–का महाप्रस्थान—४४६२,—का, यक्ष की अवज्ञा करने से, प्राण-त्याग—१३४४,—का युधिष्ठिर को समझाना—३२९१-९२,—का, विराट की सभा में, प्रकृत परिचय—१४८२-८३,—का शरीर-पात—४४६४,–का सुरथ को, हाथी समेत, धराशायी करना—१२५६,—का सुशर्मा की सेना से युद्ध—१४२०,—की अश्वशाला के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति—१३८०,—की तलवार—१४३४,–की रानियां २१२,—की स्वर्ग में स्थिति—४४७२,—के गुण—१६८२,—के पुत्र—२१२,—के बाण—१४३४,—के रथ के घोड़े—१६३०,—द्वारा शत्रु-वध की प्रतिज्ञा —६७७ ।

नकुल (२)—युधिष्ठिर के अश्वमेध-यज्ञ की निन्दा करनेवाला एक न्योला–४३९१,–की कथा–४३९१-९६ ।

*नक्षत्रों की नामावली—४०७६-७८ ।

*नगर—का प्रबन्ध—३४२६-२७,–के लक्षण–३४२६ ।

नग्नजित् (१)—प्रह्लाद का शिष्य—१३१ ।

नग्नजित् (२)—एक राजा; इषुपात् असुर का अंशावतार—१४०,—का कर्ण से पराजित होना—१२२६,—के पुत्रों का श्रीकृष्ण से परास्त होना—१६१२ ।

*नदियों के उद्गम की दिशा—१७१६ ।

नदीज—एक राजा—१४९३ ।

नन्द (१)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—का वध—२८५४ ।

नन्द (२)—एक मृदङ्ग, जो युधिष्ठिर के रथ की ध्वजा से संलग्न था—१२५४ ।

नन्द (३)—एक नाग—१७०६ ।

नन्दक (१)– एक नाग—१७०६ ।

नन्दक (२)—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—१९८५,—के वक्षःस्थल में भीमसेन का बाण-प्रहार—२०२२ ।

नन्दन—अश्विनीकुमार-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

नन्दन-वन—इन्द्र का उपवन—१७६, ९८४, ४००७ ।

नन्दा (१)—प्रजापति धर्म के पुत्र हर्ष की स्त्री—१३८ ।

नन्दा (२)—ऋषभ कूट की एक नदी—४७२ ।

नन्दा (३)-- 'गढ़वाल में मन्दाकिनी नाम की एक छोटी नदी जो अलकनन्दा में मिलती है; नन्दप्रयाग इन्हीं दोनों नदियों के सङ्गम पर है'—६२६ ।

नन्दाश्रम—एक पवित्र स्थान—१८५६ ।

नन्दि—एक गन्धर्व—२७२ ।

नन्दिकुण्ड—एक तीर्थ; 'श्रीनगर (काश्मीर) से २३ मील दक्षिण, हरसुख पर्वत के समीप, नन्दिसर नाम की झील'—४००७ ।

नन्दिग्राम—'अयोध्या का नन्दगाँव' जो भरत-कुण्ड के समीप और फ़ैज़ाबाद से ८ या ९ मील दक्षिण है'—१२७१ ।

नन्दिनी—दक्षकन्या सुरभि की पुत्री; वशिष्ठ की कामधेनु --२१८, ३९३,—का द्यौ वसु द्वारा हरण --२१९,--का विश्वामित्र द्वारा हरण—३९३,—का शरीर-संगठन—३९४,--की उत्पत्ति—२१८,—से म्लेच्छ जातियों की उत्पत्ति—३९४ ।

नन्दिसेन—कुमार कार्त्तिकेय का एक पार्षद—३१३३ ।

नन्दीश्वर—शिव के द्वार-रक्षक और वाहन—४००७, ४२३८ ।

नप्ता—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

नभकानन—दक्षिण का एक जनपद—१८९० ।

नभोद—एक विश्वेदेवा - ४१२४ ।

नमुचि—दक्षकन्या दनु का पुत्र; मयासुर का भाई — १३५. ५०१, ७४१, १०३०. १०३८, ३४४५, ३५९१, —और इन्द्र का संवाद—३६७१-७२ ।

नर (१)—नारायण के भाई; पुरातन देव एक ऋषि; धर्म के पुत्र—६२-६३, १६१५, ३९०७,—और दम्भोद्भव का संवाद—१६९८,--और नारायण का आश्रम—९८७,--और नारायण का उपासना-स्थल—५१५,—और नारायण का कर्त्तव्य--१६१६,--और नारायण का क्रमोत्कर्ष--१६९९,—और नारायण का तपश्चरण—१६९७,--और नारायण का माहात्म्य--१६१५-१६,--और नारायण का रुद्र से युद्ध—३९०७-०८,--और नारायण की तपस्या—३९१०,—का, दम्भोद्भव से, इषीकास्त्र द्वारा युद्ध—१६९८.--का देवताओं को परास्त करना—१६१६,--की तपस्या—३९१३,--कृत असुर-संहार—१६१५,—से दम्भोद्भव की हार—१६९८ ।

नर (२)—गन्धर्वजाति-विशेष—५३२ ।

नरक (नरकासुर) (१)—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

नरक (नरकासुर) (२)—एक असुर; प्राग्ज्योतिषपुर का अधिपति; इसका सेनापति मुरु नामक एक दानव था—७१६,—का वध—९८२ ।

नरक (३)—एक असुर, जिसे इन्द्र ने मारा था--१०३८ ।

***नरक**—का अधिकारी--१११५,—के द्वार—१५५६. १९४९ ।

नरराष्ट्र--दक्षिण दिशा का एक देश; 'सम्भवतः मालवा के निकट'—५७६ ।

नरवर - दक्षिण देश की एक जाति--३६३७ ।

नरिष्यन्त—वैवस्वत मनु के पुत्र--१४५ ।

नर्मदा—दक्षिण भारत की एक प्रसिद्ध नदी; इक्ष्वाकुवंशी राजा दुर्योधन की पत्नी; पुत्री सुदर्शना—५३१, ५७७, ८६७, १८८९, ४००७ ।

नल (१)—निषध-नरेश वीरसेन के पुत्र; स्त्री दमयन्ती; पुत्र इन्द्रसेन; पुत्री इन्द्रसेना; श्वशुर विदर्भ-नरेश भीम--१५, १६, ७२१, १७२४, ४१८१,--और कर्कोटक का संवाद,—८३४-३५— और दमयन्ती का मिलन—८५७,—और पुष्कर की द्यूत-क्रीड़ा—८१३-१४, —का कलियुग से छुटकारा—८४८,—का दमयन्ती द्वारा वरण—८१०,—का देशत्याग—८१६-१७,—का दौत्य —८०६-०७ —का रथ-सञ्चालन-कौशल - ८४६,—का राज्य-लाभ—८६०,--की खोज—८४१-४४--की जांच --८५१-५४,--की जूए में जीत—८६०,--की सेवा-वृत्ति—८३६,—की हार—८१६, -- के अलौकिक कार्य --८५३,--के उपाख्यान का माहात्म्य—८६१-६२,—को अस्त्र-विद्या की प्राप्ति - ८४७, ८५९,—को कर्कोटक से वस्त्र और वर की प्राप्ति—८३५,--को गणना-विद्या की प्राप्ति—८४७,—को द्यूत-क्रीड़ा से रोकने की चेष्टा -- ८१५,—को लोकपालों का वरदान—८११,—द्वारा दमयन्ती का त्याग--८१९-२०,—द्वारा विदर्भ नगर का मार्ग-निर्देश—८१७ ।

नल (२)—राम की सेना का एक वानर-यूथपति; विश्वकर्मा का पुत्र—१२८८,—और तुण्ड का युद्ध--१२९२,—का समुद्र में पुल बांधना--१२८९ ।

नलकूबर--यक्षराज कुबेर के पुत्र—५३२, १२६५,--का जन्म--१२६५,--का रावण को शाप—१२८०, १३०२,--की उत्पत्ति—३१४१ ।

नलसेतु--समुद्र पर लंका पुरी जाने के लिए रामचन्द्र का पुल--१२८९ ।

नलिनी--एक नदी; 'सम्भवत: गंगा की एक धारा'—१०८५ ।

* नलोपाख्यानपर्व--७९९ ।

नवतन्तु--विश्वामित्र का एक पुत्र--३९४७ ।

* नवम दिन का युद्ध--२११५-१८ ।

* नवम दिन की सलाह--२११९-२३ ।

नवराष्ट्र—एक देश; 'बम्बई प्रदेश के भरोच ज़िले में नवसारी'—१३६० ।

*नवें दिन के युद्ध की समाप्ति—२११८ ।

नहुष (१)--एक साँप--८४, १७०६ ।

नहुष (२)--चन्द्रवंशी आयु के, स्वर्भानु की कन्या से उत्पन्न, पुत्र; ययाति के पिता—१४६, १७२१, १७८३, १८८८, १९०२, २५०२, ३९०२, ४१९१, ४२२९,—और इन्द्राणी का संवाद—१५१३-१४,—और च्यवन का संवाद--४०५०-५२,--का अगस्त्य के सिर पर पद-प्रहार--१५१७, ४१४५,--का ऋषियों पर अत्याचार--४१४४,—का दुर्जय तेज--१५११,--का सर्प होना—१०५६-५९, १०६३-६४,—का, सांप होकर, स्वर्ग से गिरना—४१४५,--का स्वर्ग से पतन १५१८,--की, इन्द्राणी पर, आसक्ति--१५०८,--की दृष्टि का प्रभाव--१५१६-१७,--की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)--४१३६,--की, शाप से, मुक्ति--१०६४,—के नाश की युक्ति--१५१३,—के पास इन्द्राणी का आना--१५१०,—को अगस्त्य का शाप--१०५६-५९, १५१८,—को इन्द्र-पद की प्राप्ति--१५०८,--को इन्द्र-पद से भ्रष्ट करने का आयोजन--१५१६-१७,--को ब्रह्मा से वर-लाभ--४१४४,--को भृगु का शाप--४१४५,—को स्वर्ग-भ्रष्ट करने के लिए भृगु की युक्ति—४१४४,--से इन्द्राणी का मुहलत मांगना—१५११ ।

नाकुल--'सहारनपुर ज़िले के नाकुर या नकुर नामक स्थान (जिसे नकुल ने बसाया था) के निवासी'—१९८४ ।

नागदत्त--राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र--१४२, २५६,—का वध—२५५३ ।

नागद्वीप—शशस्थान के पास का एक द्वीप – १८८५ ।

नागधन्वा तीर्थ--३११३ ।

नागपुर--नैमिषारण्य के अन्तर्गत गोमती-तटवर्ती एक नगर—३९२७ ।

नागलोक--पाताल में नागों का लोक--१७०२--का वर्णन—४३५१ ।

नागाशी—एक गरुड़—१७०४ ।

* नागों— की नामावली—१७०६,—को बलि-प्रदान और उसका माहात्म्य—४२०३-०४ ।

नागोद्भेद—सरस्वती-तटवर्ती एक तीर्थ ८७० ।

नाचिक--विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७ ।

नाचिकेत—एक ऋषि; महर्षि उद्दालकि के पुत्र—५१७, ४०८६,—का उपाख्यान—४०८७-९०

नाचीन—एक जङ्गली राजा—५७७ ।

नाटकेय—एक राजा –५७७ ।

नाड़ीजङ्घ--इन्द्रद्युम्न सरोवर के तट पर रहनेवाला एक बगुला जिसके पास प्रावारकर्ण (नामक उलूक), महर्षि मार्कण्डेय और इन्द्रद्युम्न गये थे -- ११९४ ।

नाभाग—वैवस्वत मनु के पुत्र—१४५ ५२९, १९०२, ३४४२, ४१८१—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)–४१३६ ।

नाभागारिष्ट– वैवस्वत मनु के पुत्र—१४६ ।

नारद (१)—एक देवर्षि; पर्वत ऋषि के मामा—७, १०९, १८५३, ३३२६,—आदि का श्रीकृष्ण को पुत्र-प्राप्ति का वरदान—४२३१,—और अकम्पन का संवाद—३७१६-२०,—और देवल का, सृष्टि के मूल कारण पञ्चभूतों के विषय में, संवाद—३७५४-५५,—और पञ्चचूड़ा का, स्त्री-स्वभाव-विषयक, संवाद—४०२७-२८,—और मातलि का गरुड़लोक-पर्यटन—१७०४-८५,—और मातलि का पाताल-पर्यटन –१७००-०३,–और मातलि का भोगवती पुरी में जाना—१७०६,—और मातलि का रसातल-पर्यटन—१७०५-०६,—और मातलि का हिरण्यपुर-पर्यटन–१७०३-०४,—और युधिष्ठिर का संवाद—८६४-८६५,—का अर्जुन को दिव्यास्त्र दिखाने से रोकना—१०४९-५०,—का अश्वपति से सत्यवान् के गुण-दोष कहना–१३०८-०९,—का दुर्योधन

को उपदेश—१७११,—का दुर्योधन को धर्मसंगत परामर्श—१७३२,—का धृतराष्ट्र को सिद्ध होने की आशा दिलाना—४४२४,—का पर्वत (ऋषि) को शाप—३३२७,—का पाण्डित्य—५१६,—का, पितृलोक में, पाण्डु से संवाद—५३७,—का ब्राह्मव्रत—५३३,—का माहात्म्य—३६८२,—का युधिष्ठिर की सभा में गमन—५१६,—का युधिष्ठिर को नीत्युपदेश—५२०-२६,—का शुकदेव को उपदेश—३८६६-७२,—का श्रीकृष्ण से शिव-पार्वती का संवाद कहना—४२११-३१,—का सञ्जय को उपदेश—३३१६-२५,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३६,—को पर्वत (ऋषि) का वानरमुख होने का शाप—३३२७।

नारद (२)—एक गन्धर्व; दक्षकन्या मुनि का पुत्र—१३६, २७२, ४३८६।

नारद (३)—विश्वामित्र का एक पुत्र—३६४७।

*नारदागमनपर्व—४४४३।

नारदी—विश्वामित्र का एक पुत्र—३६४७।

नारायण—शेषशायी भगवान् विष्णु—६२, १३०, ७१६, १६१५, १७२४, ३६०७,—का आविर्भाव-काल—१०८८,—का नृसिंहावतार—१२६३,—का माहात्म्य—१२६१-६३, ३६११, ३६१३-१४, ३६१६-१७, ३६२४-२५,—का वामनावतार—१२६३,—की तपस्या—२६६६,—की फल-श्रुति—३८६६,—की रात—३८६६,—की सर्वव्यापकता—४३०८,—की स्थिति—१०८६,—की स्तुति—६१४-१५, ३६१५,—की स्तुति (गुप्त नामों द्वारा)—३८८६-८७,—के विविध वर्ण—१०८८,—को रुद्र का वरदान—२७००-०१,—द्वारा रुद्र की स्तुति—२७००,—द्वारा लिङ्ग-पूजा—२७०१,—शब्द की निरुक्ति—१०८७, १२६२, १६५०, ३८६८,—से मधु-कैटभ का युद्ध—३६१६।

नारायणस्थान—एक स्थान जहाँ जाकर लोग विष्णु की उपासना करते थे—८८३।

नारायणाश्रम—एक पवित्र स्थान—६५८।

*नारायणास्त्र का पाण्डव-सेना पर प्रयोग और उसकी शान्ति—२६८५-८६।

नारायणी चन्द्रसेना—एक सुन्दरी स्त्री; १००० वर्ष के वृद्ध की भार्या—१३६६।

नारी तीर्थ—द्रविड़ देश के अन्तर्गत आगस्त्य, कारन्धम, पौलोम, भारद्वाज, सौभद्र नामक पाँच पवित्र तीर्थ जिनमें स्थित ग्राहरूपिणी पाँच अप्सराओं को अर्जुन ने शाप से मुक्त किया था—६४१।

*नाश के आठ कारण—१५५८।

नासत्य—दो अश्विनीकुमारों में से एक; पिता अष्टम मार्तण्ड; भाई दस्र—३६३८, ४२३८।

*नास्तिक-मत-खण्डन—३६५४-५६।

निकुम्भ (१)—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५।

निकुम्भ (२)—प्रह्लाद का पुत्र; सुन्द और उपसुन्द का पिता—१३५, ४५६।

निखर्वट—रावण के पक्ष का एक राक्षस—१२६२,—और तार का युद्ध—१२६२।

निचन्द्र—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५।

निचिता—एक नदी—१८८६।

निधि—एक शंख जिसका पाञ्चालपुत्र ब्रह्मदत्त ने दान किया था—४२०८।

*निन्दित वध—३१६७।

निमि (१)—इक्ष्वाकु के वंशज एक राजा—१६, ५२६, १७१४।

निमि (२)—एक राजा—५२६।

निमि (३)—एक ऋषि; दत्तात्रेय के पुत्र; श्रीमान् के पिता—४१२३,—का पुत्र-श्राद्ध—४१२३।

निमि (४)—विदर्भ देश के एक राजा; लोपामुद्रा के पिता; महर्षि अगस्त्य के श्वशुर—४२०८।

*निमित्त—अनिष्ट-सूचक—१०५७, १२५१-५२, १४३०,—अशुभ-सूचक—१६७३, १७६७, २१३२-३३, ४४४७,—घोर भय-सूचक—१७७२,—पराजय-सूचक—१७७१-७२,—मित्र-नाश-सूचक—१७७१,—युद्ध-सूचक—१००६, १७६४,—विजय-सूचक—१७७१,—विनाश-सूचक—४४४६,—विपत्ति-सूचक—१७७१,—शुभ-सूचक—१६७३, २६१६, ४३४३,—संहार-सूचक—१६५८।

निमिष—एक गरुड़—१७०४।

नियतायु—श्रुतायु का पुत्र; कौरव-पक्ष का योद्धा—२३६३,—का वध—२३६३।

नियति—एक देवी—५३५।

*नियुक्ति—योग्यतानुसार—३४७८-७६।

निरमित्र—नकुल(१) के, करेणुमती से उत्पन्न, पुत्र—२१२।

निरमित्र (२)—त्रिगर्त-नरेश का पुत्र; कौरव-पक्ष का योद्धा—२३६६,—का वध—२३६६ ।

***निरर्थक कौन है**—३४१२ ।

निरविन्द—एक पवित्र पर्वत—४००६ ।

निरामय—एक राजा—१६ ।

निरामया—एक नदी—१८८६ ।

निरामर्द—एक राजा—१६ ।

निरुद्ध—एक राजा ४१५ ।

निर्ऋति (१)—ग्यारह रुद्रों में से एक; स्थाणु के पुत्र; ब्रह्मा के पौत्र—१३६ ।

निर्ऋति (२)—अधर्म की स्त्री; नैर्ऋत नामक राक्षस तथा भय, महाभय और मृत्यु की माता—१३६ ।

***निर्गुण पुरुष**—३८३७ ।

***निधनता के दोष**—१६५२-५३, १७६० ।

निर्मन्थ्य—एक अग्नि—५२८ ।

निर्मोचन नगर—एक नगर जहाँ श्रीकृष्ण ने छः हज़ार राक्षसों का संहार किया था—१६१२, १७४७ ।

निर्वीर तीर्थ—८८४ ।

निवात-कवच—ब्रह्मा के पैरों से उत्पन्न हिरण्यपुर-निवासी दानवगण; अर्जुन ने इनका वध किया था—१७०३, १७६४, १८०१, १८२६,—दानवों का दुर्जयत्व-१७०३,—दानवों का माया-युद्ध—१०४१-४२,—दानवों का वध—१०४३ ।

निशठ (१)—एक यादव; बलभद्र के पुत्र—४७८, १४८५,—की मरणोत्तर-गति—४४७३ ।

निशठ (२)—यम की सभा का एक राजा—५२६ ।

निशा—भानु (अग्नि) की कन्या; माता बृहद्भासा; भाई बलद, मन्युमान्, धृतिमान्, अङ्गिरा, आग्रयण, अग्रह, स्तुभ, अग्नीषोम—११६२ ।

निशाकर—एक गरुड़—१७०४ ।

निश्च्यवन—एक अग्नि; पिता बृहस्पति; पुत्र 'सत्य'; माता चान्द्रमसी—११५६ ।

निषङ्गी—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—का वध—२६५६ ।

निषध (१)—जनमेजय (२) के पुत्र—२०७, ५२६ ।

निषध (२)—एक देश; 'विन्ध्य पर्वत-श्रेणी के दक्षिण, ७४°-७५° पूर्व देशान्तर का मध्यवर्ती भू-भाग जो उत्तर-पूर्व में अवन्ती तक और दक्षिण-पूर्व में विदर्भ तक विस्तृत था'—८०१, १०८६, १८८३, १८६० ।

निषध (३)—गन्धमादन के पश्चिम और काबुल नदी के उत्तर का एक पर्वत; 'आधुनिक हिन्दूकुश'—१८८६ ।

निषाद (१)—निषादों का राष्ट्र; 'जो मालवा और मध्य भारत के पठार में स्थित था'—१८६० ।

निषाद (२)—एक पहाड़ी म्लेच्छ जाति—३३७८,—की उत्पत्ति—३३७८ ।

निषादभूमि—दे० "निषाद" (१)—५७६ ।

***निषिद्ध बाण**—२६५० ।

निष्कुट—एक उत्तर दिशा का पहाड़ी प्रदेश; अर्जुन द्वारा विजित—५७२ ।

निष्कृति—एक अग्नि; बृहस्पति के दूसरे पुत्र; निश्च्यवन के बेटे; नामान्तर सत्य; स्वन के पिता—११५६ ।

निष्टानक—एक साँप—८४ ।

निष्ठुरक—एक नाग—१७०६ ।

निसुन्द—एक असुर; श्रीकृष्ण द्वारा निहत—७१६ ।

***नीच को आश्रय न दे**—३४७५-७७ ।

***नीति**—अधम—१७५३,—उत्तम—१७५३,—त्रिविध १५५६,—नीच—१७५३—मध्यम—१७५३,—शम्बर-कथित—१६५२, १७५६,—श्रेयस्कर—१७४१-४२ ।

***नीतिज्ञ गीदड़ की कथा**—३२१-२२ ।

***नीति-निरूपण**—अश्मा द्वारा जनक को—३३१६-१७,—आत्रेय द्वारा साध्यगण को—१५७१-७२,—कणिक द्वारा धृतराष्ट्र को—३१६-२५,—कुबेर द्वारा युधिष्ठिर को—१०२५,—नकुल द्वारा श्रीकृष्ण को—१६६५,—प्रह्लाद द्वारा बलि को—७४५-४७,—भीष्म द्वारा युधिष्ठिर को—३५६२-६३,—भीमसेन द्वारा युधिष्ठिर को—५४६,—युधिष्ठिर द्वारा भीमसेन को—१२०७,—बक (मुनि) द्वारा इन्द्र को—११०४,—विदुर द्वारा दुर्योधन को—६४६,—विदुर द्वारा धृतराष्ट्र को—१५५३-६५, १५६८-७०, १५७२-७५, १५७६-८६, १६४२-४३,—व्यास द्वारा युधिष्ठिर को—३३१७-१८,—व्यास द्वारा शुकदेव को—३८५४,—श्रीकृष्ण द्वारा कुन्ती को—१६८५-८६,—श्रीकृष्ण द्वारा दुर्योधन को—१७३३-३५,—श्रीकृष्ण द्वारा युधिष्ठिर को—५४८,—

श्रीकृष्ण द्वारा भीमसेन को—१६६२,—सञ्जय द्वारा धृतराष्ट्र को—६८४, १५५०, १५५१,—हस्तिनापुर-निवासियें द्वारा पाण्डवों को—६८८-८९ ।

*नीतिशास्त्र—का इतिहास—३८८०,—की प्राचीनता—३८८०,—प्राजापत्य, एक लाख अध्यायें का—३३७५-७७,—बार्हस्पत्य—३३७७,—बाहुदन्तक—३३७७,—वैशालाक्ष—३३७७,—शुक्राचार्य का—३३७७,—सब शास्त्रों से प्राचीन है—३८८० ।

नीथ—एक यादव—९४५ ।

नीप—एक देश—६२२ ।

नील (१)—एक साँप—८४ ।

नील (२)—माहिष्मती पुरी के एक राजा; इनकी गणना, भीष्म के व्यवस्थानुसार, 'रथी' योद्धाओं में है—५७७, १४९३, १८२०,—और सहदेव का युद्ध—५७७,—का कर्ण से हारकर उन्हें 'कर' देना—१२२६,—का सेना समेत दुर्योधन के पक्ष में जाना—१५२०,—की कन्या पर अग्नि की आसक्ति—५७७,—की पुत्री से अग्नि का विवाह—५७८,—द्वारा सहदेव का सत्कार—५७९,—पर अग्नि का कोप—५७८ ।

नील (३)—(क) एक पर्वत; 'तिब्बत की क्युन-लुन पर्वत-श्रेणी'—१०८६, १८८३; (ख) एक पर्वत; 'हरद्वार का "चंडी" पहाड़'—४००५ ।

नील (४)—रामचन्द्र की सेना का एक वानर यूथपति—१२८८,—द्वारा प्रमाथी का वध—१२९६ १०८६ ।

नील (५)—केकय-राजकुमार; पाण्डव-पक्ष का एक रथी—१८२८ ।

नील (६)—अनूप देश का राजा; पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२०००, २०८६,—का वध—२२४४ ।

नीलगिरि—दे० "नील" (३क)—१८८५ ।

नीला—एक नदी—१८८९ ।

नीली—चन्द्रवंशी राजा अजमीढ़ की रानी; दुष्यन्त और परमेष्ठी की माता—२०५ ।

नीवारा—एक नदी—१८८९ ।

नृग—एक प्रसिद्ध राजा—११२, ५२९, १८८८, १९०२, ३९४१, ३९५०, ४१८१,—का चरित—४०८५-८६.—श्रीकृष्ण द्वारा उद्धार—४०८५-९० ।

*नृशंसता के लक्षण—३५६१ ।

*नृसिंहावतार—१२६३ ।

नेपाल—'हिमालय की तराई में एक प्रसिद्ध राज्य'—१२२५ ।

नैकपृष्ठ—एक देश—१८८९ ।

नैगमेय (१)—अग्नि के एक पुत्र—१३७ ।

नैगमेय (२)—कुमार कार्त्तिकेय की एक मूर्ति—३१३१ ।

नैमिष—'गोमती-तटवर्ती एक प्राचीन तपोवन; आधुनिक नीमखार वन या नीमसार, जो अवधरुहेलखण्ड रेलवे के नीमसार स्टेशन से कुछ दूर है'—८८१, ३११३, ४००५, ४००६ ।

नैमिषारण्य—दे० "नैमिष"—१, १७२८ ।

नैमिषीय तीर्थ—कुरुक्षेत्र में वे कुण्ड जो सरस्वती के जल से भर गये थे—३११४ ।

नैर्ऋत—अधर्म के पुत्र राक्षसों का नाम; माता निर्ऋति—१३९ ।

नैर्ऋत सेना—देवशत्रु-नाशक अजेय सेना—३१३३ ।

नैर्ऋत्य—एक देश—१८९० ।

*नौकर कैसे बिगड़ जाते हैं—३३७०-७१ ।

नौबन्धन—हिमालय पहाड़ की वह चोटी जिसमें प्रलय के बाद मनु ने अपनी नाव बाँधी थी—१०८० ।

न्यग्रोध तीर्थ—८९५ ।

प

*पक्षियें की उत्पत्ति—१३९ ।

पङ्कजित्—एक गरुड़—१७०४ ।

पञ्चक—इन्द्र-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

पञ्चकर्पट—नकुल द्वारा विजित एक देश; 'हिन्दूकुश पर्वत के दक्षिण ढाल पर का पञ्चकोरा ज़िला और पञ्चकोरा नदी के तट पर स्थित पञ्चगौड़ नाम का नगर'—५८१ ।

पञ्चचूड़ा—एक अप्सरा—३८७३, ४०२७,—और नारद का स्त्री-स्वभाव-विषयक संवाद—४०२७-२८ ।

पञ्चनद—पञ्जाब—५८१, १४९३, ४४५७ ।

पञ्चनद तीर्थ—कुरुक्षेत्र के अन्तर्गत एक तीर्थ—८६९ !

*पञ्चमहाभूत—११४५, १८८१, ४३३८,—का क्रमिक उत्कर्ष—११४६,—की उत्पत्ति—४३३८,—के गुण—११४६, १८८२ ।

पञ्चमी—एक नदी—१८८६ ।

पञ्चयज्ञा तीर्थ—८७६ ।

*पञ्चरात्रशास्त्र—३८७६ ।

पञ्चवटी तीर्थ—'गोदावरी के तट पर स्थित नासिक नामक स्थान'—८७७ ।

पञ्चवीर्य—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

पञ्चशिख—कपिला नाम्नी ब्राह्मणी के पोष्य पुत्र एक वेदवेत्ता ऋषि—३८४०,—और जनक का संवाद—३८४०-४१,—और मिथिलानरेश जनदेव का संवाद—३६५४-६०,—का वृत्तान्त—३६५३-५४ ।

पञ्चाल—एक प्राचीन देश; 'दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जो हिमालय पहाड़ की तराई से लेकर चम्बल नदी तक फैला हुआ था; पश्चात् यह दो भागों में विभक्त हो गया; उत्तर पञ्चाल जो गङ्गा से हिमालय तक और दक्षिण पञ्चाल जो गङ्गा के दक्षिणी तट से चम्बल नदी तक विस्तृत था'—१८६० ।

पटच्चर (१)—प्राचीन चोल ('कारोमण्डल का किनारा उत्तर में पन्नार, पश्चिम में कुर्ग के बीच तञ्जौर का सम्मिलित भू-भाग') देश के राजा—४१५ ।

पटच्चर (२)—एक जाति—५४३, १६८४ ।

पटच्चर असुर (३)—२२२८ ।

पटवासक—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

पटुश—रावण के पक्ष का एक राक्षस योद्धा—१२६२,—और पनस का युद्ध—१२६२ ।

*पढ़ना व्यर्थ है—३८१६ ।

*पण्डित—की दशा—६६४,—के लक्षण—१५५३-५४ ।

पण्डितक—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२,—का वध—२०७४ ।

पतन—रावण के पक्ष का एक राक्षस—१२६२ ।

पताकी—एक सर्प—५३१ ।

*पति का महत्त्व—११६२ ।

पत्तन—'अवध में उन्नाव ज़िले की पुरवा तहसील के अन्तर्गत एक परगना'—४१५, १२२५ ।

पत्ति—दक्षिण दिशा का एक जनपद—१८६० ।

पत्रोर्ण—युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ में उपहार लेकर आया हुआ एक राजा—६२३ ।

पथिकृत्—एक अग्नि—११६३ ।

पदाति—जनमेजय (२) के पुत्र—२०७ ।

*पदार्थ—नित्य और अनित्य—४४७५,—माङ्गलिक—१५८८, २४५७,—सुखप्रद—१५५७ ।

*पदार्थों—का आदि और अन्त—४३२६-३०,—के अधिपति—४३२८,—के गुण—४३२८-२६ ।

पद्म (१)—एक साँप—८४ ।

पद्म (२)—एक राजा—५२६ ।

पद्म (३)—एक निधि—५३३ ।

पद्मकेतन—एक गरुड़—१७०४ ।

पद्मनाभ (१)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२ ।

पद्मनाभ (२)—एक धर्मात्मा महानाग जिसे वर्ष में एक महीना सूर्य का रथ हाँकना पड़ता था—३६२७,—और धर्मारण्य का संवाद—३६३१-३४ ।

पद्मसर—कुरुजाङ्गल प्रदेश में एक तालाब—५५६ ।

पद्म-सौगन्धिक—चेदि देश का एक सरोवर—८२६ ।

पनस—एक वानर यूथपति—१२८७,—और पटुश का युद्ध—१२६२ ।

पम्पा—'तुङ्गभद्रा की एक सहायक नदी जो ऋष्यमूक पर्वत (अनगण्डी पहाड़ियों से ८ मील दूर) से निकलती है; यह मद्रास प्रान्त के बिलारी ज़िले में, "हम्पी" नगर के उत्तर, है; इसके समीप "पम्पा सरोवर" नाम की एक झील है'—१२७६, ४१५१ ।

पयस्य—अङ्गिरा के पुत्र—४११५ ।

पयोष्णी—पूर्णा नदी; ताप्ती नदी की एक शाखा—८१७, ८८७, १८८६,—की श्रेष्ठता—८६३ ।

पर—विश्वामित्र का एक पुत्र—३६४७ ।

परतङ्गण—'तिब्बत में मानस सरोवर से उत्तर एक देश'—१६८४ ।

*परदे की प्रथा—३०८७ ।

परपुरञ्जय—हैहयवंशी एक राजकुमार—१०७१ ।

*परब्रह्म का रूपक—१०७७ ।

परमकाम्बोज—उत्तर का एक जनपद—५७२ ।

परमक्रोधी—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

*परमात्मतत्त्व—३६३०-३२ ।

*परमात्मपद—३६१७ ।

*परमात्मा का विराट् रूप—६१०, १६३६-४० ।

परमेष्ठी—चन्द्रवंशी राजा अजमीढ़ का पुत्र; माता नीली; भाई दुष्यन्त—२०५,—की उत्पत्ति—२०५ ।

*परलोक—३६०८-०९।

परशुराम—एक भृगुवंशी बालब्रह्मचारी ऋषि, जो विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं; पिता जमदग्नि। माता रेणुका; भाई रुमण्वान्, सुषेण, वसु और विश्वावसु—१८, २२२, ६२५, ९३८, १८९५, २३०९,—और भीष्म का युद्ध--१८४५-५५,–का उपाख्यान—२८०१, का कर्ण को शाप—३२८०,--का कार्त्तवीर्य और उनके बन्धु-बान्धवों से युद्ध—४३१२,—का जन्म—९३८, ३३५८, ४०६२,—का दिव्य कवच—१८४४,—का दिव्य रथ--१८४४,—का, धृतराष्ट्र से, श्रीकृष्ण-अर्जुन का माहात्म्य कहना—१६९७-९९,--का वर्ण-विपर्यय —४०६१-६२,--का सुवर्ण-दान--४११६, ४११८, —की कथा—३३५९-६०,—की पराजय--१८५३,--कृत क्षत्रिय-संहार—१३२, ९४०, ३३६०, ४३१३,—के तेज का ह्रास—९१०,—के पूर्व-पुरुष—९३६-३८।

परशुराम कुण्ड—कुरुक्षेत्र के अन्तर्गत पाँच कुण्ड, जिनमें परशुराम ने क्षत्रियों का रक्त भरकर उससे पितरों का तर्पण किया था—८७२।

परशुरामह्रद—दे० "परशुराम कुण्ड"--३१५५।

परशुवन—एक प्रकार का नरक जहाँ परशु के समान धारवाले पत्तों से युक्त पेड़ होते हैं--३८५१।

*पर-स्त्री-गमन के कुफल—४१५४, ४१५९।

*परस्वापहरण और उसके आनुषङ्गिक अनिष्ट—१६५२।

परहा—एक प्राचीन राजा--१६।

*पराक्रम का महत्त्व--५४७-४८।

परान्त—एक जनपद—१८९०।

परावसु--एक ऋषि; रैभ्य के पुत्र; अर्वावसु के भाई--९७०, ३६३९, ३८८१।

पराशर (१)--एक ऋषि; वशिष्ठ के पौत्र; शक्ति ऋषि के पुत्र; महर्षि व्यास के पिता—११९, ४०१, ३९२२, --का राक्षस-यज्ञ--४०७,--की उत्पत्ति--४०१,--शब्द की निरुक्ति—४०१।

पराशर (२)--जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप--११६।

परिक्षित् (१)--चन्द्रवंशी अविक्षित् का पुत्र; शबलाश्व, आदिराज आदि का भाई; कक्षसेन, उग्रसेन, चित्रसेन, इन्द्रसेन, सुषेण और भीमसेन का पिता--२०७।

परिक्षित् (२)--चन्द्रवंशी राजा अनश्वान् के पुत्र; माता मगध-राजकुमारी अमृता; पत्नी बाहुदा सुयशा; पुत्र भीमसेन—२०९।

परिक्षित् (परीक्षित) (३)—पाण्डवों के पौत्र; पिता अभिमन्यु; माता उत्तरा; पत्नी माद्रवती; पुत्र जनमेजय, श्रुतसेन, उग्रसेन, भीमसेन—२१२,—का चरित—१०५,—का परलोक से बुलाया जाना—४४४०,—का राज्याभिषेक—४४६१,—का विवाह—२१२,—का, श्रीकृष्ण द्वारा, पुनर्जीवन—४३६४,—का, श्रीकृष्ण द्वारा, नामकरण—४३६५,—की उत्पत्ति—४३६१,—के पुत्र—३१, २१२,—को तक्षक का डँसना—९७,—को शृङ्गी ऋषि का शाप—९३, १०६,—शब्द की निरुक्ति—४३६५।

परिघ—अंश-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३।

परिबर्ह—एक गरुड़—१७०४।

परिव्याध—पश्चिम दिशा के निवासी एक महात्मा—३६३९।

परीक्षित—इक्ष्वाकु के वंशज एक राजा; अयोध्या के अधिपति; पत्नी मण्डूकराज आयु की पुत्री सुशोभना; पुत्र शल, दल और बल—१०९६,—और सुशोभना की कथा—१०९६-९९।

पर्जन्य—एक गन्धर्व; दक्षकन्या मुनि का पुत्र—१३६, २७२।

पर्णशाला—'गङ्गा-यमुना के बीच, यामुन गिरि के समीप, एक गाँव'—४०८२।

पर्णाद (१)—एक ऋषि—५१७।

पर्णाद (२)—नल का पता लगानेवाला एक ब्राह्मण—८४२।

पर्णाशा—'राजपुताने के अन्तर्गत "बनास" नदी, जो चम्बल की सहायक है'—५३१, ६४३, १८८९, ४२६५।

पर्वण—रावण के पक्ष का एक राक्षस—१२९२।

पर्वत (१)—एक देवर्षि; नारद के भानजे—५१७, ८०४, ८९९,—का, नारद को वानर-मुख होने का, शाप—३३२६-२७,—की शपथ, अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में—४१३६,—जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य--१०९।

पर्वत (२)—कुबेर की सभा का एक गन्धर्व—५३२।

*पर्वत-पवित्र—४००८।

*पर्वसंग्रहपर्व—१८।

*पर्वों की संक्षिप्त विवृति—२०-३०।

पलाला—सात मातृकाओं में से एक—११७४।

पलाश तीर्थ—एक पवित्र स्थान; जमदग्नि की यज्ञभूमि—८९५।

पवनह्रद तीर्थ—८७५।

*पवित्रता—१११९-२१,—श्रेष्ठ--४०००।

पवित्रपाणि—एक ऋषि—५१७, ५२८।

पवित्रा—एक नदी—१८८९।

पशु—चौदह प्रकार के—१८८१।

*पशुओं की उत्पत्ति—१३९।

*पशुयज्ञ—३१४७।

*पशु-हिंसा—११३९, ४३८९।

पशुसख—एक शूद्र; सप्तर्षियों का अनुचर; गण्डा नाम की दासी का पति—४१२७,—का यातुधानी के प्रश्न का उत्तर देना—४१३२,—की शपथ (सप्तर्षियों के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३३,—शब्द की निरुक्ति—४१३२।

पश्चिम अनूप—अनूप देश का पश्चिम भाग—१४९३।

पश्चिम दिशा—का वर्णन—१७१५-१६,—की निरुक्ति—१७१५,—के निवासी ऋषि—३६३९, ४२३९, ४२६५।

पश्चिम द्वीप—१८९३।

पहाड़ी—२१८७।

पह्लव (१)—'फ़ारस की एक म्लेच्छ जाति'—३९४, ५८१, ६२३, ३३८७।

पह्लव (२)—दक्षिण (में प्राचीन पारसीकों) का एक जनपद—१८९०।

*पाँचवें दिन के युद्ध का अन्त--२०४२।

पांशुराष्ट्र—एक देश—१४९३।

पाक—एक दानव; इन्द्र द्वारा निहत—३४४५।

पाञ्चजन्य (१)—श्रीकृष्ण का शंख; समुद्र-मन्थन से निकला एक रत्न—६५, १७८९, १८७२, १९१५।

पाञ्चजन्य (२)—काश्यप, वासिष्ठ, प्राणक, च्यवन और त्रिवर्चा की तपस्या से उत्पन्न तेजोमय पुरुष—११६१,—का वंश-विस्तार—११६१,—की उत्पत्ति—११६०-६१।

पाञ्चभौतिक जगत्—११४५।

पाञ्चाल—दे० "पञ्चाल"—३३, ३५६, ५७४, १७८८, १८८९।

पाञ्चाल्य—पाण्डव-पक्ष का एक राजकुमार--२२१७,—का वध—२२१७।

पाञ्चाल्य तीथ—८९५।

पाटलावती—एक नदी; 'चम्बल की एक शाखा'—१८८९।

पाणिखात तीर्थ—८७४।

पाणिमान्—एक सर्प—५३१।

पाणीतक—पूषा-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का पार्षद—३१३३।

पाण्डर—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

*पाण्डव-पक्ष—का शस्त्र-त्याग—२६८७,—के निहत योद्धा—२७१७-१९,—में आये हुए राजा—१५२५-२६, १६३१।

*पाण्डव-प्रवेशपर्व—१३५९।

*पाण्डव-सेना—का युद्ध के लिए उत्साह—१७८८-८९, १७९३,—का वर्गीकरण और कार्यक्रम—१६३१,—का वर्णन—१८२५,—का शिविर—१७८९-९०,—की मोर्चेबन्दी—१९०५-०७,—की युद्ध-यात्रा—१७८८-८९,—की संख्या—१९०२,—के पृष्ठ-भाग के योद्धाओं आदि की संख्या—१७८९,—के सात अधिनायक—१७८६, १७९८।

*पाण्डवों—और कौरवों की अस्त्र-परीक्षा—३००, ३०१, ३०२, ३०४-०७,—और श्रीकृष्ण की भेंट—१०६६,—का अज्ञातवास के लिए उद्योग—१३५७,—का अनेक स्थानों में ठहरना—१०५२-५३,—का एकचक्रा में निवास—३५७,—का काम्यक वन-गमन—१०६५,—का काम्यक वन में निवास—७०१,—का काम्यक वन-परित्याग—१३४२,—का काम्यक वन-प्रवेश—१२३२,—का गङ्गा-पार होना—३४०, ३४२,—का गन्धमादन पर निवास—१००७,—का छद्मवेष से मत्स्य राज्य में प्रवेश—१३६८, १३७०,—का जयद्रथ की सेना के साथ युद्ध—१२५६-५७,—का जयद्रथ द्वारा हरी गई द्रौपदी की खोज में जाना—१२५३,—का द्रुपद के भवन में सत्कार ४३०-४३१-४३३,—का, द्रौपदी के बारे में, नियम—४६७, का द्वैतवन-गमन—७४०, १३४२,—का द्वैतवन-परि-

त्याग—१२३२,—का द्वैतवन में प्रवेश—१०५३,—का, धन लेकर, हस्तिनापुर को प्रस्थान—४३६०,—का पाञ्चाल देश को जाना—३७९-८०,--का पुरावृत्त—४३५-३९.—का पुरोहित-चयन—४१०-११,—का ब्राह्मण की अरणी वापस लाने के लिए मृग का पीछा करना—१३४३,—का ब्राह्मण को अरणी लौटाना—१३५६,१३५९,–का, राजाओं को रण-निमन्त्रण–१४९४, १४९६,–का राज्य-लाभ—४५६,–का रूप-रङ्ग–४४२८,—का लाक्षा-भवन में निवास—३३५,—का वन में भूख-प्यास से व्याकुल होना—१३४३,—का वन में भोजन—७९६,–का वारणावत-गमन—३३२,—का सुमेरु के दर्शन करना—१०२७-२८,—का हारा जाना—६४४,—की अस्त्र-शिक्षा—२९७, ३००,–की उन्नति से धृतराष्ट्र को चिन्ता–३१९,३२५,—की खोज के लिए दुर्योधन आदि की मन्त्रणा—१४११-१६,—की खोज में दुर्योधन के गुप्तचरों की विफलता—१४१०-११,—की जय—२०२४,—की तीर्थ-यात्रा-९००-९०१,९०२, ९०९, ९३४, ९३५, ९४१, ९४६, ९४७, ९५८, ९५९, ९७०, ९७८, ९८०, ९८२, ९८४, ९८६, ९८७, ९८८, १००८, १०१३, १०१४=१०१७, १०१८, १०१९, १०५२,—की, दासत्व से, मुक्ति—६६५-६६, की राज्य-प्राप्ति की चेष्टा का औचित्य—१५४१,—की रानियाँ—२१२, ४४२८-२९,—की वन-यात्रा—६८०, ६८१, ६८२, ६८७, ६८८, ६८९,—की विशेष शिक्षा—३१६,–की सैन्य-संख्या—१७८६, १७९५,--के अज्ञातवास की समाप्ति—१४१६,—के अज्ञातवास पर कृपाचार्य की सम्मति—१४१४-१५,—के अज्ञातवास पर द्रोणाचार्य की सम्मति—१४१२,--के अज्ञातवास पर भीष्म की सम्मति–१४१२-१४,--के कल्पित नाम—१३७०,--के कृत्रिम नाम—१४०७,--के तिरस्कार की योजना—११९७-९८,—के दूत (द्रुपद के पुरोहित) का वक्तव्य--१५२१-२२,–के द्वैतवन-निवास की अवधि—१२३२,—के नाश की सलाह—४४५-४८,—के निर्वासन की योजना—३२९-३१,—के पास दुर्वासा का आगमन—१२४२,—के पुत्र—२१२,--के प्रति श्रीकृष्ण का प्रेम—१५२७, ४२९१-९२,—के राज्याधिकार का औचित्य—१७८०-१७८२-८३,–के वनवास का अन्तिम वर्ष—१२४४,—के वनवास का तेरहवां वर्ष—१३५६, १३५९,—के वनवास का बारहवां वर्ष—१०५३,—के वनवास के ग्यारह वर्ष—१२३२,—के वनवास के दस वर्ष—१०५०,--के वनवास पर बलराम का खेद—९४२-४३,—के वैभव से दुर्योधन को खेद—६११-१२,–के शिविर में बलराम और रुक्मी का आगमन-१७९९, १८००,—के साथ द्रौपदी का विवाह—४४१-४२,—को द्यूत-क्रीड़ा का निमन्त्रण—६३१,—को द्रौपदी के स्वयंवर का पता लगना—३७२,—को धृतराष्ट्र का संदेश--१५२४, १५२६-२७,--से द्रुपद का युद्ध--३१४,—से द्रुपद की हार—३१५, ३७३,—से व्यास की भेंट—३५६, ४१२।

पाण्डु (१)—जनमेजय के पुत्र—२०७।

पाण्डु (२)-विचित्रवीर्य की रानी अम्बालिका में, व्यास-जी से नियोग द्वारा उत्पन्न, पुत्र—१३१, २१०,—और कुन्ती का विवाह—२४९,—और कुन्ती की, पुत्रोत्पत्ति के लिए, बातचीत—२६३-६९,--का और्ध्वदैहिक संस्कार—२८०-८१,—का जन्म—२४०-४१,—का दिग्विजय—२५०-५१,—का माद्री से विवाह—२४९-५०,—का राज्याभिषेक—२४५,—का वानप्रस्थ—२५९-६१,—की मरणोत्तर-गति—४४७३,—की मृत्यु—२७६,—के मरने पर पाण्डवों समेत कुन्ती का हस्तिनापुर में आना—२७९,-को ऋषि का शाप—२१०,२५८,–से, नारद का, पितृलोक में संवाद—५३७।

पाण्डुराष्ट्र—पाण्ड्य देश; 'मद्रास प्रान्त के तिनेवली और मदुरा नामक ज़िले'—१८९०।

पाण्ड्य (१)-दे० "पाण्डुराष्ट्र"—१४१, ४१६, ५४२, ५७७, १९८४।

पाण्ड्य (२)—एक राजा; श्रीकृष्ण द्वारा निहत–६०२; १६१२।

पाताल—पृथ्वी के नीचे, नागलोक के मध्य में, स्थित एक लोक–१७०२,—की वस्तुओं का वर्णन–१७०१-०३,—के निवासी—१७०२,--शब्द की निरुक्ति—१७०२,—सातवाँ—१७०५।

*पातिव्रत्य—११२९-३२, ३९३०।

पाप—और पुण्य के साक्षी–३९४२,—ब्रह्महत्या के सदृश—१५६९, १५७६-७७,–भिक्षा न देने का–१७२२,—

मानसिक ३९६२ —मिथ्या निर्णय करने का—१५६७, —मिथ्याभाषण के—१५६७-६८, —मिथ्या-साक्ष्य देने का—१५६७, —वाचिक—३९६२, —शारीरिक—३९६२।

*पापकर्मों का वर्णन—३३३४-३५।

*पापाचरण और उनके फल—१५५५, १५६४, ४१७३-७५।

*पापी से संसर्ग भी पाप है—३४०४।

*पापों का प्रायश्चित्त—३३३६-३८, ३५४४।

पारद (१)—'उत्तर-बिलोचिस्तान की एक जाति'—६२३।

पारद (२)—एक देश; 'प्राचीन फ़ारस'—२०७१, २४३९।

पारसीक—एक देश—१८९०।

पारा—कौशिकी ('आधुनिक कोसी') नदी नामान्तर[1] १९३।

पारावत—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

पाराशर्य—पराशर के पुत्र वेदव्यास—५१७, ५२८।

पारिजातक—एक ऋषि—५१७।

पारिप्लव तीर्थ—८७१।

पारिभद्रक—दुर्योधन के पक्ष के योद्धा—१९८५।

पारियात—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

पारियात्र—सात कुलपर्वतों में एक; 'आधुनिक हिन्दूकुश और पामीर'—५३३, १०८६, १३४६, १८८९।

पार्वती—हिमाचल की कन्या; महादेव की धर्मपत्नी; उमा—७७४, १२४६, १७१७, —और गङ्गा का संवाद—४२२७, —का देवताओं को शाप—४१०९, —की महत्ता—४२२६-२७।

पार्वतीय—एक राजा; कुक्षि दानव का अंशावतार—१४१।

पावतेय—एक राजा; कपट असुर का अंशावतार—१४०।

पार्श्वरोम—एक जनपद—१८९०।

पार्ष्णिक्षेम—एक विश्वेदेवा—४१२४।

पाल—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५।

पावक—एक अग्नि; भरत के पुत्र; नामान्तर महान्—११५९।

पावन—एक विश्वेदेवा—४१२४।

पावन तीर्थ—८७७।

पाशाशिनी—एक नदी—१८८९।

पाशिवाट—एक जनपद—१८९०।

पाशी—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६, —का वध—२९५९।

*पाशुपतास्त्र का उग्र स्वरूप—१०४६।

पाषण्ड—एक देश—५८०।

पाषाण तीर्थ—८९३।

पिङ्ग—एक तीर्थ—८६८।

पिङ्गल (१)—एक साँप—८४।

पिङ्गल (२)—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के अध्वर्यु—१०९।

पिङ्गल (३)—एक यक्ष—५३२, ११८३।

पिङ्गला—एक वेश्या—३५८२।

पिङ्गलोचन—एक अग्नि—११६३।

पिङ्गा का आश्रम—एक पवित्र स्थान—४००७।

पिच्छल—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५।

पिच्छिला—'कामरूप (आसाम) की एक नदी'—१८८९।

पिञ्जरक—एक साँप—८४, १७०६।

पिञ्जला—एक नदी—१८८९।

पिठर—एक दैत्य—५३१।

पिठरक—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—८४, ११६।

पिण्डसेक्ता—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

पिण्डार—एक नाग—१७०६।

पिण्डारक (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—८४, ११६।

---

[1] (१) किन्तु कनिंघम साहब के मतानुसार यह नदी आजकल की पार्वती नदी है, जो भूपाल से निकलकर चम्बल नदी में मिल जाती है। श्रीयुत नन्दलाल दे, एम० ए०, बी० एल० ने भी इसे पार्वती माना है। यथा—"मालवा की पार्वती नदी, जो नरवर के उत्तर में वक्राकार बहती हुई, विजयनगर के समीप सिन्ध (यमुना की सहायक) में गिरती है। यह तो हुई पूर्वी पार्वती। पश्चिमी पार्वती चम्बल की सहायक नदी है।"

पिण्डारक (२)—'द्वारका से १६ मील पूर्व एक तीर्थ'—८६८, ८९३, ४००७ ।

*पितरों की सृष्टि—३९१२ ।

पितामह सरोवर—एक तीर्थ—८८४ ।

*पिता-माता की महिमा—३७३३-३५,—से उऋण होना—३४९६ ।

पितृ-कार्य का समय—४००१ ।

*पितृगण—४१२५,—और गार्ग्य का संवाद—४१९६,—और देवदूत, इन्द्र और महर्षियों का संवाद—४१९३-९६,—के आश्रम—४००६,—चतुर्वर्ण-पूजित—५३५,—स्वर्गचारी—५३५ ।

पितृग्रह—११८० ।

*पितृ-तर्पण का फल—४१९५-९६ ।

पितृतीर्थ—अँगूठे के पास की तथा बीच की अँगुली का मध्यभाग—४१५८ ।

*पितृदेवता—३८७७ ।

पितृमान्—एक अग्नि—५२८ ।

पितृरूप—ग्यारह रुद्रों में से एक—४२३८ ।

*पितृलोक जाने के उपाय—६९४ ।

पितृहत्या का प्रायश्चित्त—४३७८ ।

पिनाक—महादेव का धनुष—७७४, ११८३, २०१९ ।

पिनाकी (१)—ग्यारह रुद्रों में से एक; स्थाणु के पुत्र; ब्रह्मा के पौत्र—१३६, ४२३८ ।

पिनाकी (२)—आठ वसुओं में से एक—३६३८ ।

पिप्पलस्थान—जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भूभाग-विशेष—१८८२ ।

पिशङ्ग—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

पिशाच—यक्ष—५३२ ।

पिशाच-ग्रह—११८१ ।

पीठ—एक दानव—३८९० ।

पीठरक—एक नाग—१७०६ ।

पुं—एक प्रकार का नरक, जिससे मनुष्य का उद्धार उसका पुत्र करता है—१९८ ।

पुञ्जिकस्थली—एक अप्सरा—२७३ ।

पुण्डरीक (१)—यम की सभा का एक राजा—५२९ ।

पुण्डरीक (२)—एक तीर्थ—८७४ ।

पुण्डरीक (३)—एक नाग—१७०६, ४४५३ ।

पुण्डरीका—एक अप्सरा—२७३ ।

पुण्डरीकाक्ष—श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५०,—शब्द की निरुक्ति—१६५० ।

पुण्डरीयक—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

पुण्ड्र (१)—एक प्राचीन राजा—१६ ।

पुण्ड्र (२)—एक देश; 'माल्दा का ज़िला, कोसी नदी के पूर्व पुर्णिया का कुछ अंश, दिनाजपुर का कुछ भाग और राजशाही का सम्मिलित भू-भाग'—२५०, ५४२, १८९० ।

पुण्ड्र (३)—एक जाति—६२३, १९८४ ।

पुण्ड्रक—युधिष्ठिर की सभा में भेंट लेकर आनेवाला एक राजा—६२३ ।

पुण्यकृत्—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

पुण्यतीर्थ—८७८, ८९५ ।

पुण्यतोया—एक नदी—१०८५ ।

पुण्यवती—एक नदी—१८८९ ।

*पुत्र—इक्कीस प्रकार के—४०४७-४८, ४०४९,—का महत्त्व—१७२५,—कुमारी स्त्रियों के (दो प्रकार के)—१७६६,—पाँच प्रकार के—२०३,—बारह प्रकार के—२६३ ।

*पुत्रस्नेह—७०६-०७ ।

*पुत्रोत्पादन का महत्त्व—१०० ।

*पुनर्जन्म—१०६२,—में क्रम-विकास का सिद्धान्त—४१८६ ।

पुनश्चन्द्रा—एक पवित्र स्थान—८९३ ।

पुरन्दर—एक अग्नि—११६२ ।

पुरमालिनी—एक नदी—१८८९ ।

पुराण पुरुष—विष्णु—३६२७ ।

पुरु (१)—एक राजा जिसके नाम पर उसका वंश चला; पिता ययाति; भाई यदु; बहन माधवी—१६, १२५, १७२७, १७८३, ४१८१,—की उत्पत्ति—१७८३,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३५ ।

पुरु (२)—युधिष्ठिर की सभा में उपस्थित एक राजा—५१८ ।

पुरुकुत्स—यम की सभा के एक राजा; मान्धाता के पुत्र; नर्मदा नदी के पति—५२९, ९०६, ४४२४ ।

पुरुजित् (१)—यम की सभा का एक राजा—५२९ ।

पुरुजित् (२)—एक राजा; युधिष्ठिर के मामा; जरासन्ध के अनुगत; नामान्तर कुन्तिभोज—५४२, १८२८।

पुरुमित्र—एक क्षत्रिय; कौरव-पक्ष का योद्धा—६३२, १६२६, १८०६, १८११, २००२।

पुरुमीढ़—चन्द्रवंशी राजा सुहोत्र का पुत्र; माता ऐक्ष्वाकी; भाई अजमीढ़ और सुमीढ़—२०५।

*पुरुष—की सहायक वस्तुएँ—६६६,—के गुण-३६५६,—निन्दा के पात्र—१३०७,—शब्द की निरुक्ति—१७५४-५५,—सर्वश्रेष्ठ—३६२४।

*पुरुषार्थों पर विचार—३५६८-७०।

पुरुषोत्तम—श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५०,—शब्द की निरुक्ति—१६५०।

*पुरुषोत्तमयोग—१६४७-४८।

पुरूरवा (१)—बुध का पुत्र; चन्द्रवंशी राजाओं का आदिपुरुष; माता इला; स्त्री उर्वशी (अप्सरा); पुत्र आयु, धीमान्, अमावसु, दृढ़ायु, वनायु और श्रुतायु—९८, १४६, ६७८, १७२४, १८८८, २५०२, ४०६६, ४२२६,—की जन्मभूमि—८९५।

पुरूरवा (२)—दीप्ताक्षवंशी कुलघातक एक राजा—१६५६।

पुरोचन—दुर्योधन का एक मन्त्री—३३१,—का लाक्षा-भवन में जल जाना—३३६,—द्वारा लाक्षा-भवन का निर्माण—३३२।

*पुरोहित—की योग्यता—३४०३,—से सहायता—३४०५।

पुलस्त्य—ब्रह्मा के मानस पुत्र एक ऋषि—१३५, ४०७, ८९४, १०५४, १२६५, ३१३२, ३८९४,—का, योग-बल से, शरीरान्तर-ग्रहण—१२६५,—की स्त्री गो और पुत्र वैश्रवण (कुबेर)—१२६५,—की स्त्री प्रतीची—१७२४,—की स्त्री सन्ध्या—१७२४,—के वंशज—१३७,—के साथ भीष्म का तीर्थयात्रा-विषयक संवाद—८६५-६६।

पुलह—ब्रह्मा के मानस पुत्र एक ऋषि—१३५, ४०७, ३१३२, ३८९४,—के वंशज—१३७।

पुलिन्द (१)—एक असभ्य जाति—३६४, ३३८७, ३६३७।

पुलिन्द (२)—किरातों का राजा—५१८।

पुलिन्द (३)—एक देश; 'बुन्देलखण्ड का पश्चिमी भाग और सागर ज़िला'—५७४, १८१०, १८८६, १८९०।

पुलिन्दगण—पुलिन्द (३) देश के लोग—५७७।

पुलोमा (१)—महर्षि भृगु की पत्नी; च्यवन की माता—४६, १७२४।

पुलोमा (२)—एक राक्षस—४६,—और अग्नि का संवाद—४६,—का विनाश—४७,—द्वारा भृगु-पत्नी पुलोमा का अपहरण—४७।

पुलोमा (३)—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५।

पुलोमा (४)—दक्षकन्या दिति की पुत्री; पौलोम दानवों की माता—१०४४।

पुष्कर (१)—राजा नल का भाई—८०२,—और नल की द्यूत-क्रीड़ा—८१३-१४।

पुष्कर (२)—एक प्रसिद्ध तीर्थ; 'अजमेर से ६ मील दूर एक झील'—८६६, ३११५, ४००५।

पुष्कर (३)—एक द्वीप; 'आक्सस नदी के उत्तर से लेकर पश्चिमी तुर्किस्तान तक मध्य एशिया का भाग'—१८९४।

पुष्कर (४)—पुष्कर द्वीप के अन्तर्गत एक पर्वत—१८९४।

पुष्कर (५)—वरुण के पुत्र; सोमपुत्री ज्योत्स्नाकाली के पति—१७०१।

पुष्करक्षेत्र—'पुष्कर (२) का तटवर्ती भू-भाग'—८५, ४८२, ८९४।

पुष्करधारिणी—उञ्छवृत्तिधारी सत्य नामक ब्राह्मण की पत्नी, जिसकी अहिंसा-धर्म में बड़ी निष्ठा थी—३७५०।

पुष्करवन—दे० "पुष्करक्षेत्र"—५८१।

पुष्करिणी—राजा भुमन्यु की पत्नी—२०५।

पुष्ट—एक अग्नि—५२८।

पुष्टि—एक देवी—५३५, ७७१।

पुष्टिमति—एक अग्नि; भरत नामक अग्नि का नामान्तर—११६१।

पुष्प—एक नाग—१७०६।

पुष्पक—कुबेर का विमान, जो उन्हें ब्रह्मा से मिला था—१०२४, १२६५।

*पुष्प का सुमन नाम पड़ने का कारण—४१४२।

पुष्पजल—८७०।

पुष्पदंष्ट्र—एक साँप--८४।

पुष्पदन्त (१)--एक नाग--२७०५।

पुष्पदन्त (२)--पार्वती-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३४।

पुष्पवती—एक पवित्र नदी[1]—८८६।

*पुष्पविज्ञान--४१४२।

पुष्पानन--एक यक्ष--५३२।

*पुष्पों के उपयोग का विधान—४१४२।

पुष्पोत्कटा--एक राक्षसी; जो कुबेर के पिता विश्रवा की सेवा में थी; रावण और कुम्भकर्ण की माता--१२६६।

पूजनी—एक पालतू चिड़िया—३५१७,—और ब्रह्मदत्त (राजा) का संवाद--३५१७-२२।

*पूजनीय ब्राह्मणों के लक्षण—४०१८-१९।

पूतना—एक राक्षसी; श्रीकृष्ण द्वारा निहत—५९६, १७४७,—बालघातिनी--११७९।

*पूतिका[2] यज्ञ में सोमलता का काम दे सकती है—७६७।

पूरु (१)—चन्द्रवंशी ययाति के, शर्मिष्ठा से उत्पन्न, पुत्र; पत्नी कौसल्या; पुत्र जनमेजय—१४६, २०८, —का पिता ययाति से उनका वार्धक्य लेकर उन्हें अपना यौवन देना—१४७, १७०,—का राज्याभिषेक —१७१,—की उत्पत्ति—१६५,—की रानी पौष्टि और उससे उत्पन्न तीन पुत्र (प्रवीर, ईश्वर और रौद्राश्व)—१८६,—के वंश का वर्णन--१८५-८६, २०५-१२, --को ययाति का आशीर्वाद—१७०।

पूरु (२)—अर्जुन का सारथि--५८३।

पूर्ण (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५।

पूर्ण (२)—दक्षकन्या प्राधा का पुत्र--१३६।

पूर्णभद्र—एक साँप—८४।

पूर्णमुख—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

पूर्णाङ्गद--जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप--११६।

पूर्णायु—दक्ष-कन्या प्राधा का पुत्र--१३६।

पूर्वचित्ति—एक अप्सरा—१९८, २७३, ३८७३।

*पूर्वजन्म के कर्मों का फल—७५५।

*पूर्वदिशा--का वर्णन—१७१३-१४,—की निरुक्ति—१७१३,--के निवासी ऋषि—३६३९, ४२३९, ४२६५।

पूर्वपाली--एक राजा—१४९३।

पूर्वाभिरामा--एक नदी--१८८९।

पूषा—बारह आदित्यों में से एक; दक्षकन्या अदिति के पुत्र—१३५, ३१३२, ३६३८, ४२३८।

पृथ्वी—दे० "कुन्ती"—१३२९।

पृथाश्व—यम की सभा का एक राजा—५२९।

पृथु (१)—आठ वसुओं में से एक—२१८।

पृथु (२)--द्रौपदी-स्वयंवर में उपस्थित एक यादव—४१५, ४७८।

पृथु (३)—राजा वेन के पुत्र; पृथ्वी के पिता—६२५, ६९५, १०७३, १८८८, ४२३९,—का चरित—२३०६-०८, ३३७९-८०,—शब्द की निरुक्ति--२३०७।

पृथु (४)—सूर्यवंशी अनेना के पुत्र; विष्वगश्व के पिता—११२४।

पृथुलाक्ष—यम की सभा का एक राजा—५२९।

पृथुलाश्व—यम की सभा का एक राजा--५२९।

पृथुवेग—यम की सभा का एक राजा—५२९।

पृथुश्रवा (१)—यम की सभा का एक राजा—२०८, ५२९।

पृथुश्रवा (२)—एक ऋषि—७४३।

पृथुश्रवा (३)—एक नाग—४४५३।

पृथूदक तीर्थ—कुरुक्षेत्र के अन्तर्गत सरस्वती-तटवर्ती एक तीर्थ; 'पञ्जाब के करनाल ज़िले का पिहोआ नामक स्थान जो थानेश्वर से १४ मील पश्चिम है'—८७६, ३१२०।

*पृथ्वी—५३५,—आदि की उत्पत्ति—३५९६-९७, —और ब्रह्मा का संवाद—१३४,—और श्रीकृष्ण का संवाद—४०२३-२४, ४१४०-४१,—का अन्तर्धान—९८३,—का उद्धार—९८३,—का पृथ्वीत्व-त्याग और

---

[1] श्रीयुत नन्दलाल दे, एम० ए०, बी० एल० ने ट्रावन्कोर की पाम्बई नदी को पुष्पवती माना है। पर प्रसङ्ग के अनुसार वह इससे भिन्न मालूम होती है।

[2] पोई नामक शाक।

ब्रह्मलोक-गमन—४२४३-४४,—के काश्यपी नाम की निरुक्ति—४२४५,—के गुण—१८८१,—के धारण-कर्ता—४२३९,—के वसुमती नाम की निरुक्ति—४११३,—के विजय में पुरोहित का महत्त्व—३८४, ३८५, ३९२,—ब्रह्मा की कन्या—४२४४।

पृथ्वी तीर्थ—८७१।

*पृथ्वी-दोहन—२३०८।

पृश्निगर्भ—श्रीकृष्ण का एक नाम—३८९८,—शब्द की निरुक्ति—३८९८।

पृषत—राजा द्रुपद के पिता—२९०।

पृषदश्व—यम की सभा का एक राजा—५२९।

पृषध्र (१)—वैवस्वत मनु के पुत्र—१४६, ४४२४।

पृषध्र (२)—क्षत्रिय, पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२५५१,—का वध—२५५१।

पैङ्ग्य—युधिष्ठिर की सभा के एक ऋषि—५१७।

पैल—वसु के पुत्र; वेदव्यास के शिष्य; युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के होता—१३०, ५८९३, ३८९२, ४३६८।

पैलगग—एक ऋषि—१८५६।

पैशाच—एक पहाड़ी जाति—२४३९।

पोत—एक नाग—१७०६।

पौण्ड्र (१)—'आधुनिक सन्थाल परगना, वीरभूम और हज़ारीबाग़ ज़िले का उत्तरी भाग'—१४१, ४१६।

पौण्ड्र (२)—राजा बलि की पत्नी सुदेष्णा में दीर्घतमा ऋषि के वीर्य से उत्पन्न—२३६।

पौण्ड्र (३)—एक म्लेच्छ जाति—३९४, १९८४,—३३८७।

पौण्ड्र (४)—भीमसेन (पाण्डव) का शंख—१९१५।

पौण्ड्रक (१)—मगध-नरेश जरासन्ध के अधीन एक राजा—५४२।

पौण्ड्रक (२)—एक जाति—६२३।

पौदन्य—एक देश; 'गोदावरी नदी के उत्तर-तट पर पैथान नाम का नगर'—४०१।

पौरव (१)—एक राजा; शरभ असुर का अंशावतार; कौरव-पक्ष का रथी योद्धा—१४०, १४९३, १८२२,—का वध—२७१६।

पौरव (२)—पुरु का वंश—१७१।

पौरव (३)—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७।

पौरवक—एक जाति—१९८४।

पौरवेश्वर—पौरवों का एक राजा—५७९।

*पौरुष—और दैव—३१९१-९२,—की व्याख्या—१७५७।

पौलस्त्य—पुलस्त्य-वंशी (दानव)—१४२।

पौलोम—दानवों का एक गण; माता दिति-कन्या पुलोमा—१६१५,—असुरों का अर्जुन से युद्ध—१०४५-४६,—असुरों का वध—१०४६।

पौलोम तीर्थ—दक्षिण दिशा का समुद्र-तटवर्ती एक तीर्थ—४७३।

*पौलोमपर्व—४४।

पौष्टि—पूरु की रानी; प्रवीर, ईश्वर और रौद्राश्व की माता—१८६।

पौष्य—एक राजा—३७,—की कथा—३७-४०।

*पौष्यपर्व—३१।

प्रकालन—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५।

प्रकाश—तम का पुत्र—४०१८।

*प्रकृति—मनुष्यों को श्रीहीन करनेवाली—१७५४,—सात्त्विकी, राजसी और तामसी—३९२०।

*प्रकृति और पुरुष—१९४४, ३८३२।

प्रघस—रावण के पक्ष का एक राक्षस—१२९२।

प्रचेता (१)—प्राचीनवर्हि के दस पुत्र; दक्ष प्रजापति के पिता—३, ५२८, ५३४, ३१३२, ३६३८, ४२२९।

प्रचेता (२)—वरुण—५३१।

प्रच्छाण्डक—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

*प्रजा की रक्षा—३४२८।

*प्रजागरपर्व—१५५२।

प्रजागरा—एक अप्सरा—७८६।

प्रजापति (१)—मनु के पुत्र—१३७।

प्रजापति (२)—श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५१, ३९०६।

प्रजापति (३)—शशविन्दु के दस लाख पुत्र—३६३८।

प्रजापति की उत्तर वेदी—'प्रजापति (ब्रह्मा) के यज्ञ की पाँच वेदियों में से एक जो समन्तपञ्चक या कुरुक्षेत्र में है; अवशिष्ट चार वेदियाँ इस प्रकार हैं—(१) प्रयाग (आधुनिक अलोपी देवी का मन्दिर); (२) पुष्कर; (३) विरजा क्षेत्र (उड़ीसा का जयपुर, जो वैतरणी के किनारे है) और (४) गया'—३१५५।

प्रजापति-वेदी—प्रयाग में, प्रजापति (ब्रह्मा) के यज्ञ की एक वेदी; 'प्रयाग की अलोपी देवी का मन्दिर, जिसमें मूर्त्ति की जगह एक वेदी मात्र है'—-६०१।

*__प्रजापालन__—५२३, ५२४, ५२५, ११२४-२५, १७२५, ३३१०, ३७३८-३६,—**में दण्ड का उपयोग**—३५३२, ३४।

*__प्रजा-राजा का सम्बन्ध__—३५२२।

*__प्रजा-विस्तार__—३६३७।

*__प्रजा का महत्त्व__—१६५३।

प्रणिधि—-एक अग्नि; वासिष्ठ (बृहद्रथ) के पुत्र—-११६१।

प्रतर्दन (१)—काशिराज दिवोदास का, ययाति-पुत्री माधवी से उत्पन्न, पुत्र; भाई वसुमना, अष्टक और शिवि—५२६, १११०, १७२४, १७२८, ३४४१, ४०१६, ४२०७,—**और ययाति का संवाद**—१८२-८३,—**का स्वर्ग-भ्रष्ट ययाति को अपना पुण्य देना**—१७३०,—**की विशेषता**—-१७३०।

प्रतर्दन (२)—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—२२५८।

प्रताप—सिन्धु-सौवीर देश का एक राजकुमार—१२४६।

*__प्रतिज्ञा करके दान न करने का फल__—३६५३-५४।

प्रतिमत्स्य—एक जनपद—१८६०।

प्रतिविन्ध्य (१) - युधिष्ठिर के, द्रौपदी से उत्पन्न, पुत्र—१३१, ४८५, -**और शकुनि का युद्ध**—१६६६,—**का वध**—३२०७।

प्रतिविन्ध्य (२)—एक राजा; एकचक्र असुर का अंशावतार—१४०, ५७१, १४६३।

प्रतिविन्ध्य (३)—यम की सभा के सदस्य राजा, जिनकी संख्या १०० थी—५२६।

प्रतिश्रवा—भीमसेन (४) के पुत्र; प्रतीप के पिता—२०६,—**की उत्पत्ति**—२०६।

प्रतिष्ठान—'आधुनिक झूँसी; इलाहाबाद के सम्मुख गङ्गा के उस पार का स्थान, जिसे अब भी प्रतिष्ठानपुर कहते हैं'—८८८।

प्रतीची—पुलस्त्य ऋषि की पत्नी—१७२४।

प्रतीत—एक विश्वेदेवा—४१२४।

प्रतीप—चन्द्रवंशी धृतराष्ट्र (३) के पौत्र; पुत्र देवापि, शान्तनु और वाह्लीक, भाई धर्मनेत्र और सुनेत्र—२०७, १७८०, १७८१, १७८३,—**और गङ्गा का संवाद**—२१५,—**की मृत्यु**—१७८४,—**के पुत्र**—२०७।

प्रत्यग्रह्—राजा उपरिचर के पुत्र—-१२७।

प्रत्यङ्ग—एक प्राचीन राजा—-१६।

प्रत्यूष—धर्म के पुत्र; एक वसु –१३७, ४२३८।

प्रदाता—एक विश्वेदेवा—-४१२४।

प्रद्युम्न—श्रीकृष्ण के पुत्र; माता रुक्मिणी–४१५, ४८३, ७२५, १७६६, ३३५२, ३८८८, ३६११, ३६२५, ३६६३,—**और उनके सारथि का संवाद**—-७२७-२६,—**और शाल्व का युद्ध**—७२६-२७, ७२६,—**का वध**—४४५१,—**की मरणोत्तर गति**—४४७३।

प्रद्योत - एक यक्ष—-५३२।

प्रद्वेषी—दीर्घतमा ऋषि की पत्नी; गौतम की माता—२३४।

प्रबालक—एक यक्ष—-५३२।

प्रबाहु—कौरव-पक्ष का एक योद्धा; २२५८।

प्रभञ्जन—मणिपुर के राजा चित्रवाहन के पूर्व-पुरुष—४७२।

प्रभद्रक—एक क्षत्रिय युवक; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—१६०६, १६३२, १७८८,—**का वध**—३२०८।

प्रभद्रकगण—-पाण्डव-पक्ष की सेना में पाञ्चाल देश के क्षत्रिय—१८२७, १६८४।

प्रभा (१)—-एक देवी—५३५।

प्रभा (२)—एक अप्सरा—३६६३।

प्रभाकर—एक साँप—८४।

प्रभाता—-प्रजापति की स्त्री; प्रत्यूष और प्रभास नाम के वसुओं की माता—१३७।

प्रभाव—-३६४१।

प्रभावती (१)—सूर्य की पत्नी—१७२४।

प्रभावती (२)—अङ्गराज चित्ररथ की पत्नी और रुचि की बड़ी बहन—४०३३।

प्रभास (१)—-धर्म के पुत्र; एक वसु—१३७, ४२३८।

प्रभास (क्षेत्र, तीर्थ) (२) - 'काठियावाड़ के जूनागढ़ राज्य के अन्तर्गत सोमनाथ का मन्दिर'—-४७६, ३१०८, ४००५, ४००७,—**का माहात्म्य**—-३१०६-०७,—**में विनष्ट यादवों की संख्या**—४४५६,—**शब्द की निरुक्ति**—-३६०४।

प्रभिन्नकरटामुख—एक दिग्गज—-१८६४।

प्रमतक—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य—१०६।

प्रमति—एक ऋषि; पिता च्यवन; माता सुकन्या—४९,—वागिन्द्र के पुत्र—४०१८ ।

प्रमथगण—मांसाहारी भयंकर निशाचर; शिव के गण—४१९३, ४२०३,—द्वारा अवध्य प्राणियों के लक्षण—४२०३,—द्वारा वध्य प्राणियों के लक्षण—४२०३ ।

प्रमद्वरा—मेनका अप्सरा की कन्या; स्थूणकेश ऋषि द्वारा पालित; रुरु ऋषि की पत्नी; शुनक की माता—४९, ५०, ४०१८,—और रुरु का वृत्तान्त—४९-५२ ।

प्रमाण—गङ्गा-तट पर का एक वट-वृक्ष जिसकी छाया में सोए हुए भीमसेन को कौरवों ने, हाथ-पैर बाँधकर, जल में बहा दिया था—६८९, ७१८ ।

प्रमाणकोटि—गङ्गा-तट पर स्थित एक रम्य स्थान—२८३, २९५८ ।

प्रमाथ—यमराज-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

प्रमाथी (१)—दूषण का छोटा भाई; रावण का एक सेनापति—१२९४,—और लक्ष्मण का युद्ध—१२९५-९६,—का वध—१२९६ ।

प्रमाथी (२)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६,—का वध—२५५३ ।

प्रमाथिनी—एक अप्सरा—२७३ ।

प्रमुचु—दक्षिण दिशा के निवासी एक ब्रह्मर्षि—३६३९, ४२३९ ।

प्रमोद—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

प्रम्लोचा—एक अप्सरा—२७३ ।

प्रयाग—'गङ्गा-यमुना के सङ्गम का प्रसिद्ध तीर्थ; आधुनिक इलाहाबाद'—८८८, १८५६, ४००६,—शब्द की निरुक्ति—८९२ ।

प्रयुत—दक्षकन्या मुनि के पुत्र—१३६ ।

प्ररुज—रावण के पक्ष का एक राक्षस—१२९२ ।

प्रलम्ब—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

प्रलय—१०८०, १०८४-८५, १२२६, १२६१, ३६८६-८७, ३९१४,—का संक्षिप्त वर्णन—३८३०,—के समय का संवर्तक अग्नि—३९७१,—स्थूल ब्रह्माण्ड का—३६८७ ।

प्रवरा—एक नदी—१८८९ ।

प्रवसु—ईलिन का पुत्र; माता रथन्तरी; भाई दुष्यन्त, शूर, भीम और वसु—१८६ ।

प्रवीर—पूरु का, पौष्टि से उत्पन्न, पुत्र—१८६ ।

प्रवेणी—कण्व के आश्रम की एक नदी—८९३ ।

प्रवेपन—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

प्रशर्मी—एक अप्सरा—३९९३ ।

प्रशस्ता—गोदावरी के निकट एक नदी—९४१ ।

प्रशान्त—सूर्य का नामान्तर—११६२ ।

प्रश्नि—एक ऋषि—३३१३ ।

प्रसन्धि—वैवस्वत मनु के पुत्र; क्षुप के पिता—४२७४।

प्रसुह्म—एक देश—५७५ ।

प्रसेनजित् (१)—यम की सभा का एक राजा; कन्या सुयज्ञा; जामाता महाभौम; नाती अयुतनायी—२०८, ५२९ ।

प्रसेनजित् (२)—एक राजा; पुत्री रेणुका; जमाता जमदग्नि; नाती रुमण्वान्, सुषेण, वसु, विश्वावसु और परशुराम—९३८ ।

प्रस्थल—'फ़ीरोज़पुर, पटियाला और सिरसा के बीच का भू-भाग'—२०७१, २८३० ।

प्रस्रुत—एक नाग; गरुड़ द्वारा निहत—१७०९ ।

प्रहस्त—रावण के पक्ष का एक राक्षस योद्धा—१२९३,—और विभीषण का युद्ध—१२९३,—का वध—१२९३ ।

*प्रहार किस-किस पर न करना चाहिए—२९८९ ।

प्रहास—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

प्रह्लाद (१)—हिरण्यकशिपु का पुत्र; भाई संह्लाद, अनुह्लाद, शिवि और बाष्कल; पुत्र विरोचन, कुम्भ और निकुम्भ—१३५,—और आजगर का इतिहास—३५८९-९१,—और इन्द्र का संवाद—३६६२-६४,—की न्यायशीलता—६५९, १५६८ ।

प्रह्लाद (२)—वाह्लीक देश का राजा; शलभ नामक असुर का अंशावतार—१४० ।

प्रह्लाद (३)—एक सर्प—५३१ ।

प्रह्लाद (४)—एक जनपद—१८९० ।

प्राकोटक—एक राजा—५७७ ।

प्राग्ज्योतिषपुर—'आसाम के अन्तर्गत गौहाटी नामक स्थान'—५७१, १७४७, ४३७० ।

प्राचीनबर्हि—महर्षि अत्रि के वंशज; हविर्धामा के पुत्र; दस प्रचेताओं के पिता—३६३८, ४२२९ ।

प्राचीन्वान्—पूरु-पुत्र जनमेजय का बेटा; माता माधवी अनन्ता; पत्नी अश्मकी; पुत्र संयाति —२०८।
प्राण—सोम के पुत्र; माता मनोहरा —१३७।
प्राणक—एक ऋषि—११६०।
*प्राणवायु—११४८।
*प्राणियों—का वर्गीकरण (उत्कर्ष-क्रम से)—४०६७,—की उत्पत्ति का विषय—४३००।
*प्राणी—की उत्पत्ति— १६२२,—दैव और आसुर—१६४८-४६,—स्थावर और जङ्गम —१८८१।
प्रातः—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।
प्रातिकामी— दुर्योधन का सारथि—६४७,—और द्रौपदी का संवाद— ६४७-४६,—का वध—३१०३।
प्राधा—दक्ष प्रजापति की कन्या; कश्यप की पत्नी; चार गन्धर्वराजों—हाहा, हूहू, तुम्बुरु और असिबाहु—तथा अलम्बुषा, मिश्रकेशी आदि तेरह अप्सराओं की माता—१३५।
प्राप्ति (१)—शम की पत्नी—१३८।
प्राप्ति (२)—मगध-नरेश जरासन्ध की कन्या; कंस की पत्नी—५४३।
*प्रायश्चित्त—अभोज्य भोजन करने का—४२०७,—का वर्णन—३५६३-६४,—हो सकनेवाले पापकर्म और उनका प्रायश्चित्त—३३३४-३५।
प्रावारकर्ण—एक उल्लू पक्षी—१११३।
प्रावृषेय—एक देश—१८६०।
प्रियदत्ता—पृथ्वी का एक नाम—४०७१।
प्रियभृत्य—एक राजा १६।
प्रिया—अद्भुत नामक अग्नि की भार्या—११६५।
प्रोषक—एक देश—१८६०।
प्रोष्ठ—एक जनपद—१८६०।
प्लक्षजाता—गङ्गा की सात धाराओं में से एक—३८१।
प्लक्षप्रस्रवण तीर्थ—सरस्वती नदी का उद्गम-कुण्ड जो प्लक्ष (पाकर) वृक्ष के समीप है—३१५६।
प्लक्षवती—एक नदी—४२६५।
प्लक्षस्थान—जम्बूद्वीप का एक भाग—१८८२।
प्लक्षा—एक नदी—८७६।
प्लक्षावतरण—एक तीर्थ; सरस्वती नदी का अवतरण-स्थान—८६५, ६५६।

फ

फणाधारी—एक सर्प—५३१।
फलकक्ष—एक यक्ष—५३२।
फलकी-वन—'कुरुक्षेत्र में थानेश्वर के दक्षिण-पश्चिम १७ मील दूर ओघवती नदी के तट पर स्थित एक वन'—८७४।
*फल-सिद्धि के कारण—७५७।
फलोदक—एक यक्ष—५३२।
फल्गु—'गया ज़िले की एक नदी जो नीलाञ्जन और सोहना की संयुक्त धाराओं के मिलने से बनती है'—८६२, ४१५१।
फल्गुतीर्थ - दे० "फल्गु"—८८२।
फाल्गुन—अर्जुन का एक नाम—१४३५,—शब्द की निरुक्ति- १४३५।

ब

बदरपाचन तीर्थ—३१४१।
बदरिका तीर्थ—८८६।
बदरिकाश्रम—'बदरीनाथ; संयुक्तप्रान्त के गढ़वाल ज़िले में एक तीर्थ-स्थान; यह हिमालय पहाड़ की मुख्य चोटी है; हरद्वार से उत्तर एक मास की यात्रा है और श्रीनगर से उत्तर-पूर्व ५५ मील पर स्थित है'; अलकनन्दा के उद्गम-स्थान के पश्चिमी तट पर नारायण का एक मन्दिर'—८५, ७१५, ८६५, १७१६।
बदरीपाचन तीर्थ—८७८।
बदरीवन—६३६।
बभ्रु (१)—एक तपस्वी, जिनकी स्त्री का सतीत्व शिशुपाल ने नष्ट किया था—६०४।
बभ्रु (२)—काशिराज—१५३८।
बभ्रु (३)—विश्वामित्र का एक पुत्र—३६४७।
बभ्रु (४)—एक यादव—२६६३, ४४४८,—की मृत्यु—४४५२।
बभ्रुवाहन—अर्जुन का पुत्र; माता मणलूरु (मणिपुर)-राजकुमारी चित्राङ्गदा, नाना चित्रवाहन—२१२, ४७५,—और अर्जुन का युद्ध—४३७५-७६,—और उलूपी का संवाद—४३७५,—का, पिता से युद्ध कर, मूर्च्छित होना—४३७६,—का मूर्च्छा-भङ्ग—४३७७,—का युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ में आगमन—४३८८,—का शोकोन्माद—४३७८,—की, अर्जुन-कृत

भर्त्सना—४३७५,—के बाणों से आहत होकर अर्जुन का युद्धभूमि में पतन—४३७६।

बर्बर (१) एक म्लेच्छ जाति—३६४, ५७५, ५८१, ३३८७, ४०२५, ३६३७।

बबर (२)—एक जनपद—१८६०।

बर्हि—दक्षकन्या प्राधा का पुत्र—१३६।

बर्हिषद (१)—पितरों का एक गण—५२६, ३७४१।

बर्हिषद (२)—पूर्वदिशा के निवासी एक ऋषि—३६३६, ३६१६।

बल(१)—दक्षकन्या दनायु के पुत्र; इन्द्र द्वारा निहत—१३५, ५६४, ८०५, १०३८, १५१६, ३४४५।

बल (२)—वरुण का पुत्र—१३६।

बल (३)—वायु-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का पार्षद—३१३३।

बल (४)—अङ्गिरा के पुत्र एक ऋषि; पूर्व दिशा के निवासी—३६३६, ४२३६।

बल (५)—एक विश्वेदेवा—४१२४।

बल (६)—सूर्य्यवंशी परिक्षित् के पुत्र; माता सुशोभना; भाई शल और दल—१०६६।

*बल—की प्रशंसा—३५०३,—पञ्चविध—१५७६,—षड्विध—४४११।

बलद—एक अग्नि; भानु नामक अग्नि का पुत्र। माता सूर्यपुत्री बृहद्भासा—५२८, ११६२।

बलदेव (बलराम)—श्रीकृष्ण के सौतेले भाई; पिता वसुदेव; माता रोहिणी—४२१, ४८१, ३६६४,—और दुर्योधन का संवाद—१४६७-६८,—और श्रीकृष्ण का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध—४२३०,—का अर्जुन पर क्रोध—४८०-८१,—का कथन (पाण्डवों के राज्य-लाभ के विषय में)—१४८६-६०,—का पाण्डव-शिविर में आगमन—१७६६,—का पुरावृत्त—४३६, ४२३०,—का माहात्म्य—४२३०,—का युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ में आगमन—४३८६,—का शरीर-त्याग—४४५३,—की तीर्थयात्रा—१८००,—की मरणोत्तर गति—४४७४,—की महाभारत-युद्ध पर भविष्यद्वाणी—१७६६-१८००,—के रथ की ध्वजा—४२३०।

बलन्धरा—काशिराज की कन्या; भीमसेन (पाण्डव) की रानी; पुत्र सर्वग—२१२।

बलबन्धु—एक प्राचीन राजा—१६।

बलभद्र—दे० "बलदेव (बलराम)"—४२३, ४८०।

*बलवान् के साथ विरोध—३५५३-५४।

*बलवान् शत्रु को वश में करना—३४७२।

बलाक—एक व्याध—२६०८,—का अन्धे मृग को मारकर स्वर्ग जाना—२६०८।

बलाका—एक तीर्थ—४००६।

बलाकाश्व—(जह्नु पुत्र) अज (नामान्तर सिन्धुद्वीप) के पुत्र; कुशिक के पिता—३३५७, ३६४४।

बलाकी—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

बलाक्ष—एक राजा—१४५५।

बलानीक (१)—मत्स्यनरेश विराट का भाई, पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२५५७।

बलानीक (२)—द्रुपद का पुत्र; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२५५१,—का वध—२५५१।

बलाहक (१)—एक सर्प—५३०।

बलाहक (२)—जयद्रथ का भाई—१२४६।

बलाहक (३)—श्रीकृष्ण के रथ का एक घोड़ा—१४३६।

बलि (१)—प्रह्लाद के वंशधर एक असुर; विरोचन के पुत्र; बाणासुर के पिता—१३५, १०४२, १५०५, १५५१, ३५६१, ३६५०,—और इन्द्र का संवाद—३६६४-६८, ३६७०, ३६७२-७७,—को त्यागकर लक्ष्मी का इन्द्र के पास जाना—३६६६,—को शुक्राचार्य द्वारा धूप-दीप-दान-विषयक उपदेश—४१४३।

बलि (२)—एक राजा; पत्नी सुदेष्णा—२३५,—की पत्नी में, दीर्घतमा द्वारा, अङ्ग, वङ्ग, कलिङ्ग, पौण्ड्र और सुह्म नामक पांच पुत्रों की उत्पत्ति—२३६,—की रानी की दासी में, दीर्घतमा द्वारा, कक्षीवान् आदि ग्यारह पुत्रों की उत्पत्ति—२३५।

बलि (३)—एक ऋषि—५१७।

*बलिदान—४२८६,—का माहात्म्य—४१४५,—के नियम और कर्म—४१४३।

बलिवाक—युधिष्ठिर की सभा के एक ऋषि—५१७।

बल्लव (१)—अज्ञातवास के समय भीमसेन का नाम—१३६१।

बल्लव (२)—एक जनपद—१८६०।

बहिर्गिरि—'हिमालय की बाह्य शृङ्खला का एक जनपद'—५७१, १८६०।

बहुगुण—एक गन्धर्व—२७२।

बहुमूलक—एक साँप—८४।

बहुरूप—आठ वसुओं में से एक—३६३८।

बहुल—तालजंघ-वंशी कुलघातक एक राजा—१६५९।

बहुला—एक नदी—१८८९।

बहुवाद्य—एक जनपद—१८९०।

*बहेलिया—और कपोत–३५३५-४०,—का पश्चात्ताप–३५३९।

बह्वाशी—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२, २५६,—का वध—२०७४।

*बाघ और गीदड़ का चरित—३४६६-७०।

*बाड़वानल की उत्पत्ति—४०६।

बाण—असुरराज बलि का पुत्र; नामान्तर महाकाल—१३५, ३८९०।

बाणासुर—दे० "वाण" - १६४०, १७४७।

बाणी—एक नदी—१८८९।

*बाणों की दस गतियाँ—२७५५।

बालखिल्य (ऋषिगण)—ब्रह्मा के रोम-कूप से उत्पन्न, अँगूठे की पोर के बराबर आकारवाले, साठ हज़ार ऋषियों का समुदाय—७८, ३११४, ३३१३,—का इन्द्र द्वारा उपहास - ७८,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३७,—द्वारा इन्द्र के निग्रहार्थ, गरुड़ की उत्पत्ति—७८-७९।

*बालग्रह—११७९-८०।

बालधि—एक ऋषि—९७२,—का अमर पुत्र प्राप्त करने के लिए तपश्चरण और उनके मेधावी नाम के पुत्र की उत्पत्ति—९७२।

बालमुकुन्द—महाप्रलय के समय भगवान् का बालरूप—१०८५,—और मार्कण्डेय का संवाद—१०८७-९०,—के शरीर के भीतर मार्कण्डेय को चराचर सृष्टि का दर्शन—१०८५-८६।

बाली (१)—वरुण की सभा का एक दैत्य—५३१।

बाली (२)—इन्द्र का पुत्र; सुग्रीव का बड़ा भाई; रामचन्द्र द्वारा निहत; भार्या तारा; पुत्र अङ्गद—९९५, १२७७, -और सुग्रीव का युद्ध—१२७९,—का वध—१२७९।

बाष्कल—एक असुर; हिरण्यकशिपु का पुत्र—१३५, १४०।

बाहु—सुन्दरवंशी कुलघातक एक राजा—१६५९।

बाहुक (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

बाहुक (२)—राजा नल का, अयोध्यानरेश ऋतुपर्ण के यहाँ, परिवर्तित नाम—८३६,—और केशिनी का संवाद–८५१-५२।

बाहुक (३)—एक यादव—९४५।

बाहुक (४)—एक राजा—१४९३।

बाहुदा—'अवध की धवला नाम की नदी, जिसे आजकल धुमेला कहते हैं और जो राप्ती की सहायक है'; इसमें स्नान करने से लिखित ऋषि के कटे हाथ पूर्ववत् हो गये थे, इससे इसका यह नाम पड़ा—८९२, १८८९, ३९९२, ४१५१।

बाहुदा तीर्थ—दे० "बाहुदा" - ८८१।

बाहुदा सुयशा—परिक्षित् (२) की रानी; भीमसेन (४) की माता—२०९।

बाहुलि—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७।

बाह्यकर्ण—एक साँप—८४।

बाह्यकुण्ड—एक नाग - १७०६।

*बिच्छू का आथर्वण मन्त्र—२८१५।

बिन्दुसार—'गङ्गोत्री से दक्षिण २ मील दूर एक पवित्र सरोवर जो कैलास पर्वत-श्रृङ्खला के उत्तर गाउदा (मैनाक पर्वत) के पादतल पर स्थित है'—५१२, १८८५।

बिल्वक (१)—एक साँप—८४।

बिल्वक (२) - हरद्वार के निकट एक तीर्थ—४००५।

बिल्वपाण्डुक—एक साँप—८४।

बीभत्सु—अर्जुन का एक नाम - १४३५,—शब्द की निरुक्ति—१४३५।

बुद्बुदा—वर्गा अप्सरा की सखी—४७४।

बुध (१)—पुरूरवा के पिता; इला के पति; सोम के पुत्र—१४६, २५०२, ४२२९।

बुध (२)—एक पाप ग्रह—१८७७।

*बुद्ध (परमात्मा) और अबुद्ध (जीवात्मा) का वर्णन—३८२५-२७।

*बुद्धि—और आत्मा का भेद—३६१३-१४,–और मन–१०६२-६३,–सात्त्विकी, राजसी और तामसी—१९५२।

*बुद्धियों का भेद—३१९३-९४।

*बुभुक्षितः किन्न करोति पापम्—३५३१।

बृंहिता—कार्त्तिकेय की सात मातृकाओं में से एक—११७४।

बृहक—एक गन्धर्व—२७२।

बृहज्ज्योति—अङ्गिरा ऋषि के पुत्र—११५८।

बृहत (१)—एक राजा; कालेय असुर का अंशावतार—१४१।

बृहत् (२)—ऋषि-पुत्र पाञ्चजन्य का बेटा—११६१।

बृहत्कीर्ति—अङ्गिरा ऋषि के पुत्र—११५८।

बृहत्केतु—एक प्राचीन राजा—१६।

बृहत्क्षत्र (१)—केकय-नरेश; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—४१५, १९६६, २३९६,—और कृपाचार्य का युद्ध—१९६६,—का वध—२४५०।

बृहत्क्षत्र (२)—निषध देश का राजा; कौरव-पक्ष का योद्धा—२२४८,—का वध—२२४८।

बृहत्त्वा—एक गन्धर्व—२७२।

बृहत् सरोवर—एक तीर्थ—४१५१।

बृहत्सेन—'क्रोधवश' असुरों का अंशावतार एक राजा—१४१, १४९३।

बृहत्सेना—दमयन्ती की दासी—८१५।

बृहदश्व—एक ऋषि, जिनके द्वारा इन्द्र ने युधिष्ठिर के पास संदेश भेजा था; अक्षविद्या और अश्व-विज्ञान के जानकार—७४३, ८०१,—का युधिष्ठिर को अक्ष-विद्या बताना—८६२,—का युधिष्ठिर को अश्व-विज्ञान बताना—८६२।

बृहदुक्थ—एक अग्नि; तप नामक अग्नि के पुत्र—११६१।

बृहद्गर्भ—शिवि का पुत्र—१११२।

बृहद्गुरु—एक प्राचीन राजा—१६।

बृहद्ध्वनि—एक नदी—१८८९।

बृहद्बल (१)—एक प्राचीन राजा—१६।

बृहद्बल (२)—गान्धारराज सुबल के पुत्र; भाई शकुनि और वृषक—४१५।

बृहद्बल (३)—कोशल देश के राजा; कौरव-पक्ष के योद्धा—५७५, १४९३, १८०९, १८११, १८२१,—और अभिमन्यु का युद्ध—१९६४,—का वध—२२७४।

बृहद्ब्रह्मा—अङ्गिरा ऋषि के पुत्र—११५८।

बृहद्भानु (१)—एक देवता (दिव के पुत्र)—३।

बृहद्भानु (२)—एक अग्नि; नामान्तर भानु—११६२।

बृहद्भास—अङ्गिरा ऋषि के पुत्र—११५८।

बृहद्भासा—सूर्य की कन्या; भानु नामक अग्नि की स्त्री—११६२।

बृहद्युम्न—एक राजा—९७६,—का यज्ञ—९७६-७७।

बृहद्रथ (१)—एक प्राचीन राजा—१६।

बृहद्रथ (२)—राजा उपरिचर के पुत्र; मगध देश के राजा; रानियाँ काशिराज की दो पुत्रियाँ; पुत्र जरासन्ध—१२७, १४०, ४१५, ५४९, ५६२,—का वानप्रस्थ—५५४,—की रानियों के खण्डित पुत्रोत्पत्ति—५५०,—को चण्डकौशिक से पुत्रदायक फल-लाभ—५५०,—द्वारा चण्डकौशिक की अभ्यर्थना—५४९।

बृहद्रथ (३)—कोशल-नरेश; कौरव-पक्ष का एक योद्धा—१८६९।

बृहद्वती—एक नदी—१८८९।

बृहन्त—उलूक देश का राजा—४१५, ५७२, १८६९,—और अर्जुन का युद्ध—५७२।

बृहन्नला—अज्ञातवास के समय अर्जुन का नाम—१३६२,—और उत्तरा का संवाद—१४२५-२६, १४२७,—और सैरन्ध्री का संवाद—१४०९-१०।

बृहन्मना—अङ्गिरा ऋषि के एक पुत्र—११५८।

बृहन्मन्त्र—अङ्गिरा ऋषि के एक पुत्र—११५८।

बृहस्पति (१)—देवताओं के गुरु; अङ्गिरा ऋषि के एक पुत्र; पत्नी तारा (= चान्द्रमसी); पुत्र शंयु, निश्च्यवन, विश्वजित्, विश्वभुक्, ऊर्ध्वभाक् (कवि), स्विष्टकृत् (ये सब अग्नि हैं)—७७, १३७, २२२, ५२८, ११५८, १७२४, १८१९, ३८९८, ४११५,—और अज्ञातवासी इन्द्र का संवाद—१५१६,—और इन्द्राणी का संवाद—१५१४,—और मनु का संवाद—३६२९-३६,—और शुक्र की नीति—३१७४,—का जन्म ३८८१,—का मरुत्त को यज्ञ कराना अस्वीकार करना—४२७७,—का यज्ञ (इन्द्र को ढूँढ़ने के लिए)—१५१४,—का युधिष्ठिर की सभा में आगमन—४१७१,—का युधिष्ठिर को उपदेश—४१७८,—का वंश-विस्तार—११५९-६०,—की नीति—७५४-५८,—की युद्ध-नीति—१९०५,—द्वारा अग्नि की स्तुति—१५१५,—द्वारा इन्द्र की स्तुति—१५१६,—द्वारा मनुष्यों का पौरोहित्य-त्याग—४२७७।

बृहस्पतिलोक—३१४७ ।

बोध (१)—एक जाति—५४३ ।

बोध (२)—हस्तिनापुर के समीप एक जनपद—१८८६ ।

ब्रध्नश्व—एक राजा—६०६ ।

*ब्रह्म—का 'वन'-रूपक—४३०९-१०, -की प्राप्ति—३६६१,—के तीन नाम ॐ, तत् और सत् -१९५१,—को कौन प्राप्त करता है—३७४६-४७,—बुद्धि-ग्राह्य है—३६३० ।

*ब्रह्मचर्य—१६००, ३६०६, ३६४७-४८, ३७००-०१, ४०००,—का महत्त्व ४०९५ ।

ब्रह्मचारी (१)—दक्षकन्या प्राधा का पुत्र १३६ ।

ब्रह्मचारी (२)—एक गन्धर्व—२७२ ।

*ब्रह्मचारी—के धर्म—१८०, के लक्षण—४१२६ ।

*ब्रह्मज्ञान—३६३४-३५, ३७४५-४६, ३८६०,—और उसके साधन—३६९५-९७ ।

*ब्रह्मज्ञानी—का कर्त्तव्य—१६०२, -के वारह गुण—१६०२ ।

ब्रह्म तीर्थ—८७५ ।

ब्रह्मतुङ्ग—एक पर्वत—२३३५ ।

ब्रह्मदत्त (१)—यमराज की सभा का एक राजा—५२९ ।

ब्रह्मदत्त (२)—काम्पिल्य-नरेश—३५१७,-और पूजनी का संवाद—३५१७-२२ ।

ब्रह्मदत्त (३)—एक राजा—३९०६ ।

ब्रह्मदत्त (४)—पाञ्चाल-पुत्र, जिन्होंने निधि शंख का दान करके श्रेष्ठ लोक पाया था—४२०८ ।

ब्रह्मदेव—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—१८७० ।

*ब्रह्मपद—३६१७, ३६२९-३० ।

*ब्रह्मवल—४२८४ ।

*ब्रह्मभाव—३८०३-०४ ।

*ब्रह्ममन्त्र—३८८२ ।

ब्रह्ममेध्या—एक नदी—१८८९ ।

ब्रह्मयोनि तीर्थ—कुरुक्षेत्र में, सरस्वती-तटवर्ती पृथूदक तीर्थ के निकट, एक तीर्थ—८७६, ३१४१ ।

ब्रह्मलोक—सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का निवास-स्थान—१२३८, ३१४७ ।

ब्रह्मवेध्या—एक नदी—१८८९ ।

ब्रह्मसर—'गया ज़िले में बुद्ध-गया से ४ मील दूर, धर्मेश्वर मन्दिर के समीप, एक तीर्थ'—८८२, ८९२, ९०१, ४००६ ।

ब्रह्मस्थान—एक तीर्थ—८८३, १८५६ ।

*ब्रह्महत्या—और उसका विभाग—३७६८, ३७६९,—की गर्हणा—३६५ ।

ब्रह्मा—प्रजापति; सृष्टि-कर्ता—३, १७१६, १७२४,—और इन्द्र का संवाद—११६७,—और पृथ्वी का संवाद—१३४,—और मृत्यु का संवाद—३७१८-१९,—और ययाति का संवाद—१७३१-३२,—और रुद्र का संवाद—२२८५-८६, ३७१७, ३९२३-२५,—और व्यास का संवाद—४-५,—और स्कन्द का संवाद ११८१-८२,—और साध्यगण का मोक्ष-विषयक संवाद—३८०६-०८,—का अहोरात्र—१९३४, ३८१५,—का कुबेर को पुष्पक विमान देना—१२६५,—का कुम्भकर्ण को वरदान—१२६७,—का दिन—१०८२,—का नहुष को वरदान—४१४४,—का ब्राह्मणत्व—४२४४,—का महाभिषक् को शाप—२१३,—का यज्ञ-स्थल—५१५,—का रामचन्द्र को वरदान—१३०३,—का रावण को वरदान—१२६६-६७,—का वंश—३६३८,—का विभीषण को वरदान—१२६७,—का सुरभी को वरदान—४१०६,—की उत्पत्ति ११२६, ३८९९,—की दिनचर्या—१९३४,—की पत्नी सरस्वती—१७२४,—की परमायु—१९३४,—की रात्रिचर्या—१९३४,—की सभा का वर्णन—५३३,—कृत विष्णु की स्तुति—२०२७,—के अण्डज नाम की निरुक्ति—४२४४,—के पुत्र—१३५, १३६, १३७, १३९,—के मानस पुत्र—३६३७, ३८९४,—के सात जन्म—३९१८-१९,—द्वारा कुबेर को लङ्का का आधिपत्य मिलना—१२६५,—द्वारा सीता की चरित्र-शुद्धि का अनुमोदन—१३०२,—सात—३६३८ ।

ब्रह्माणी—एक नदी—१८८९ ।

ब्रह्मावर्त—'सरस्वती और दृषद्वती नदियों के मध्य का भू-भाग'—८७३, ८८० ।

ब्रह्मोदुम्बर तीर्थ—८७४ ।

*ब्राह्मण—अग्नि-रूप—३८९९,—अमृताशी—४१२६,—आदि वर्णों के लक्षण—३६०३-०४,—का जन्मान्तरगत क्षत्रियत्व—४२२१,—का जन्मान्तरगत वैश्यत्व—

४२२१,—का जन्मान्तरगत शूद्रत्व—४२२१,—का दायित्व—४२२०, ४२२२,—का धन—११३२,—का धर्म—१६०१-०३, १६५३, १७५२, ३३८०, ३४०६, ३६८७-८८, ४२०५,—का प्रभाव—३६००,—का माहात्म्य—१११६-२०, १३३०, ३३४५, ३८६६-३६०५ ४०२२, ४०२३-२४, ४०२५-२६, ४२४१-४२,—का लक्षण—४१८८, ४२२२,—का शस्त्र—१११६,—की दुर्धर्षता—४०२२,—की परिभाषा—१०६०-६१, ११३२,—की पूजा—४२५३-५४, की प्रशंसा—३६५२-५३, ४०६७-६८—की श्रेष्ठता—३४०२, ४०६७,—की सर्वश्रेष्ठता—३४०४,—के कर्तव्य—१५४०, १५६४, ३८६०, ४१२६, ४२२२,—के छः कर्म—४२१६,—के गुण—१५६६,—के धनापहरण का फल—४०८५-८६, ४१४६-४७,—के धर्म-नाशक कार्य—४२२१-२२,—के प्रति मनुष्य का कर्तव्य—३६५४,—के लक्षण—१५६४, १५६८, ४१८८, ४२२२,—के लिए निषिद्ध कर्म—१५८०,—के स्वाभाविक कर्म—१६५३,—को दण्ड—३३६६-७०,—क्षत्रिय के समान—३४०८,—चाण्डाल के समान—३४०८,—दान के पात्र—३६६८-६६, ४०००,—दूषित—१११६,—देवता के समान—३४०८,—द्विविध—४३२६,—निद्रात्यागी—४१२६,—पंक्ति-दूषक—४१२०-२१,—पंक्ति-पावन—४१२१,—प्रशस्त—१११६,—ब्रह्मचारी—४१२६,—याचक और अयाचक—४०६८,—विघसाशी—४१२६,—वैश्य के समान—३४०८,—शूद्रवत्—१०६०, ११५५, ३४०८, ४२०६,—श्राद्ध में निमन्त्रण देने योग्य—४००१-०२,—श्राद्धान्न भोजन के अयोग्य—४१६७,—सर्वदा उपवासी—४१२६।

*ब्राह्मणत्व—की दुर्लभता—४०१३-१५,—की महत्ता—७४२,—की श्रेष्ठता—४०१२-१३।

*ब्राह्मण, मृत्यु, यम और काल का संवाद—३६१६-२४।

ब्राह्मणी तीर्थ—८८१।

ब्राह्म सरोवर—दे० "ब्रह्मसर"—४००७।

ब्राह्मी—एक देवी—११७६।

*ब्राह्मी स्थिति—१६२१।

भ

*भक्त के त्याग का पाप—४४६५।

*भक्तियोग—१६४३।

*भक्ष्याभक्ष्य—३३३६-४०, ४२०५-०६।

भग (१)—दक्षकन्या अदिति से उत्पन्न एक आदित्य—१३५, ५२८, ३६३८, ४२३८।

भग (२)—एक रुद्र; ब्रह्मा के पौत्र; स्थाणु के पुत्र—१३६, ३१३२।

भगदत्त—प्राग्ज्योतिषपुर का राजा; बाष्कल असुर का अंशावतार; कौरव-पक्ष का योद्धा—१४०, ४१५, ५४२, ५७१, १८२२, १६०४, और अर्जुन का युद्ध—५७०, ५७१, २२३७-३६,—और घटोत्कच का युद्ध—२०२३, २०६२-६३, २०६२,—और भीमसेन का युद्ध—२०२३,—और विराट का युद्ध—१६६६,—का अर्जुन को कर देना—५७१,—का वध—२२४०,—की वीरता—२२३२,—के हाथी का पराक्रम—२२३३,—के हाथी का वध—२२३६।

*भगवद्गीतापर्व—१८६५।

*भगवद्यानपर्व—१६५१।

*भगवद्विभूति—३६४१।

*भगवान् का वराहावतार—१२६२।

भगीरथ (१)—एक राजा, जिन्होंने कठिन तपस्या द्वारा गंगाजी को स्वर्गलोक से पृथ्वी पर उतारा; पुत्री हंसी; जामाता कौत्स—१५, ५१५, ५४६, २२६७,—का अनशन व्रत—४१५३,—का जन्म—६२३,—का तपश्चरण—४१५२-५३,—का नैत्यिक गोदान—४१५३। की तपस्या—६२४-२५,—के दान—४१५२-५३—के पूर्वपुरुष—६१६-२०, ६२२-२३,—के यज्ञ—४१५२-५३।

भगीरथ (२)—द्रौपदी-स्वयंवर में सम्मिलित एक राजा—४१५।

भङ्ग—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

भङ्गकार (१)—अविक्षित् का पुत्र; एक राजा—२०७।

भङ्गकार (२) एक यादव—४७८।

भङ्गास्वन—एक राजा, जो इन्द्र के विरोध के कारण स्त्री हो गया था—३६५८,—और सम्भोग-सुख—३६५८-६२।

भद्र (१)—एक अग्नि—५२८।

भद्र (२)—एक गण—१२२६।

भद्र (३)—चेदि देश का, पाण्डव-पक्ष का, एक योद्धा—२८६६,—का वध—२८६६।

भद्रकर्णेश्वर—गंटा-तट पर सरस्वती-गंगा के संगम के निकट एक तीर्थ—८८० ।

भद्रकार—एक वंश—५४३ ।

वृक्षवासी—एक यक्ष—५३२।
वृजिनीवान्—क्रोष्टा के पुत्र; उषङ्गु के पिता—४२२६।
वृत्त—एक साँप—८४, १७०६।
वृत्रासुर (१)—दक्षकन्या दनायु का पुत्र—१३५।
वृत्रासुर (२)—प्रजापति त्वष्टा द्वारा, उनके पुत्र विश्वरूप (त्रिशिरा) के इन्द्र से मारे जाने का बदला लेने के लिये, उत्पन्न एक असुर—१५०४, ३६०२,—और इन्द्र का युद्ध—६१२-१३, १५०४, ३७६६-६७,—और इन्द्र की सन्धि—१५०६,—और ऋषियों का संवाद—१५०६,—और शुक्राचार्य का संवाद—३७६१-६२,—का वध—६१३, १५०७, ३७६८,—की उत्पत्ति—१५०४, ३६०२,—की वृद्धि—१५०४,—के वध की योजना—६११-१२।
वृद्धकन्यकातीर्थ—३१५१।
वृद्धकन्या—कुणि नामक तपस्वी की मानसी कन्या; गालव के पुत्र शृङ्गवान् की पत्नी—३१५१,—का चरित—३१५२-५३।
वृद्धक्षत्र (१)—जयद्रथ का पिता—२५१४,—की मृत्यु—२५१५।
वृद्धक्षत्र (२)—एक पुरुवंशी राजा; पाण्डव-पक्ष का योद्धा—२६६२,—का, अश्वत्थामा द्वारा, वध—२६६२।
वृद्धशर्म्मा—आयु के, स्वर्भानु की कन्या से उत्पन्न, पुत्र—१४६।
वृद्धिका—मनुष्य का मांस खानेवाली देवियाँ जिनकी उत्पत्ति वृक्ष की जड़ में अग्नि का शुक्र गिरने से हुई थी—११८२।
वृन्दारक (१)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६, २४५८,—का वध—२४५६।
वृन्दारक (२)—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—२२५८,—का, अभिमन्यु द्वारा, वध—२२७४।
वृष (१)—कर्ण का नामान्तर—१३३६।
वृष (२)—श्रीकृष्ण का एक नाम—३६०६,—शब्द की निरुक्ति—३६०६।
वृषक (१)—गान्धारराज सुबल का पुत्र; अचल का भाई—४१५, १८२३,—का वध—२२४०-४१।
वृषक (२)—कृपाचार्य का साला—२०६१।
वृषका—एक नदी—१८८६।
वृषकेतु—अङ्ग देश का राजा—१६०४।
वृषदेश—एक पर्वत—२३३५।
वृषदर्भ—एक राजा—११०७,—का दान—११०७,—यम की सभा में—५२६।
वृषध्वज (१)—प्रवीरवंशी कुलघातक एक राजा—१६५६।
वृषध्वज (२)—मगध का राजा; कौरव-पक्ष का एक राजा—१६०४।
वृषपर्वा (१)—दक्षकन्या दनु का पुत्र; ययाति-पत्नी शर्मिष्ठा का पिता—१३५, ५१२, १७८३,—और शुक्र का संवाद—१५८-५६।
वृषपर्वा (२)—एक राजर्षि—१००८-१३,—का आश्रम—१००८।
वृषभ (१)—मगध की राजधानी गिरिव्रज के समीप एक पर्वत—५५७।
वृषभ (२)—शकुनि का भाई—२०७८।
*वृषभ-दान—१०७६।
वृषभध्वज—शंकर का एक नाम—४२३८।
वृषभा—एक नदी—१८८६।
वृषभेक्षण—श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५०,—शब्द की निरुक्ति—१६५०।
वृषसा—एक नदी—१८८६।
वृषसेन (१)—यम की सभा का एक राजा ५२६।
वृषसेन (२)—युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में उपस्थित एक राजा—६०२।
वृषसेन (३)—कर्ण का पुत्र—१८१८, १८२२, २२०१,—और नकुल का युद्ध—२६५६-६१,—का भागना—२२६८,—का वध—२६६४।
वृषाकपि (१)—एक ऋषि—४०८०।

वृषाकपि (२)—विष्णु का एक नाम—३६०६,—शब्द की निरुक्ति—३६०६ ।

वृषाकपि (३)—ग्यारह रुद्रों में से एक—४२३८ ।

वृषादर्भि—शिवि का पुत्र—४१२७, ४२०८,—का आभिचारिक अनुष्ठान—४१२८ ।

वृषामित्र—एक ऋषि—७४३ ।

***वृषोत्सर्ग का फल**—४१६५-६६ ।

वृष्णि—यादवों का वंश-विशेष—२६७, ४४५१ ।

वेगवान् (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

वेगवान् (२)—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

वेगवान् (३)—शाल्व की सेना का एक असुर—७२५,—और साम्ब का युद्ध—७२५,—की मृत्यु—७२५ ।

वेणा—'मध्यप्रदेश की वेनगङ्गा नाम की एक नदी'—५३१, ५७७, १८८६ ।

वेणा तीर्थ—दे० "वेणा"—८८७ ।

वेणासङ्गम—'वेनगङ्गा नदी का संगम'—८८७ ।

वेणी—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

वेणीस्कन्ध—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

वेणुजङ्घ—एक ऋषि—५१७ ।

वेणुदारिसुत—एक यादव—१२२६,—का कर्ण से परास्त होना—१२२६ ।

वेतसिका तीर्थ—८८१ ।

वेत्रकीय गृह—एकचक्रा नगरी की राजधानी—३६४ ।

वेत्रकीय वन—दे० "वेत्रकीय गृह"—७१२ ।

वेत्रवती—'आधुनिक वेतवा नदी, जो यमुना की सहायक है'—१०८५, १८८६ ।

वेत्रिक—एक जनपद—१६८५ ।

वेद—धौम्य ऋषि के शिष्य—३७ ।

***वेद**—का अपहरण—३६१५,—का उद्धार—३६१६,—का ज्ञान—११२१,—का प्रचार—३८६३,—का वचन—३४३३,—की उत्पत्ति १६२२, ३६४२,—चार—३१३२ ।

वेदवती—'तुङ्गभद्रा की एक सहायक नदी'—१८८६ ।

वेदव्यास—दे० "व्यास"—३६८३ ।

वेदशिरा—राजा उपरिचर के अश्वमेध यज्ञ के सदस्य—३८८१ ।

वेदस्मृता—दे० "वेदस्मृति"—१८८६ ।

वेदस्मृति—'मालवा की वेसुला नामक एक नदी'—४२६५ ।

वेदाश्वा—एक नदी—१८८६ ।

वेदी तीर्थ—८७५, ८८१ ।

वेन (१)—वैवस्वत मनु का पुत्र—१४५ ।

वेन (२)—पृथु का पिता; अतिबल का,मृत्यु की मानसी कन्या सुनीथा से उत्पन्न, पुत्र—१०७३, ३३७८ ।

वैकर्तन—कर्ण का एक नाम—२४८,—शब्द की निरुक्ति—२४८ ।

वैकुण्ठ—विष्णु का एक नाम—३६०६,—शब्द की निरुक्ति—३६०६ ।

वैजयन्त—क्षीरसमुद्र में ब्रह्मा का निवासस्थान एक पर्वत—३६२३ ।

वैजयन्त्य—ऐरावत हाथी के दो घण्टे—११८२ ।

वैडूर्य पर्वत—'गुजरात में विश्वामित्रा नदी के पार्श्व में स्थित एक पर्वत'[1]—८६३, ६४६ ।

वैणव—एक अग्नि—५२८ ।

वैतरणी (१)—'गढ़वाल प्रान्त में एक नदी जो केदारनाथ और बदरीनाथ के रास्ते के मध्य में है और जिस पर गोपेश्वर महादेव का मन्दिर स्थित है'—८७४ ।

वैतरणी (२)—यमपुरी की एक नदी—१७१५, ३८५१, ४४७० ।

वैदर्भी (१)—राजा सगर की रानी—६१६ ।

वैदर्भी (२)—दे० "लोपामुद्रा"—१७२४ ।

वैदेह (१)—एक राजा—५१८ ।

वैदेह (२)—एक देश; दे० "विदेह"—१८६० ।

***वैद्य**—चार प्रकार के (विष-चिकित्सक, जर्राह, रोग-चिकित्सक, ओझा)—३३६७ ।

वैद्युत—एक अग्नि—५२८ ।

वैनतेय—एक गरुड़—१७०४ ।

वैन्य—यम की सभा का एक राजा—५२६ ।

---

(१) किसी-किसी के मतानुसार सतपुड़ा पर्वत, जिसमें वैडूर्य की खानें हैं ।

वैमानिक तीर्थ—४००६ ।
वैमित्रा—कार्त्तिकेय की सात माताओं में से एक—११७४ ।
*वैराग्य—१५५१, ३५८६-९१, ३८५०-५१,—का माहात्म्य—३६८१-८२,—त्यागमय—३२८६-८८ ।
वैराज—एक पितृगण—५३५ ।
वैराट—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२०९४,—का वध—२०९४ ।
वैवस्वत तीर्थ—४००६ ।
वैवस्वत मनु—सातवें मनु—१४५,—और मत्स्यावतार—१०७८-८१,—की तपस्या—१०७८ ।
वैशम्पायन—महर्षि व्यास के शिष्य; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य—२, १०९, ३९५०,—का जनमेजय से महाभारत की कथा कहना—१२०,—द्वारा ब्राह्मण और बालक की हत्या—३९५० ।
*वैश्य—का जन्मान्तरगत क्षत्रियत्व—४२२१,—का जन्मान्तरगत ब्राह्मणत्व—४२२०,—का जन्मान्तरगत शूद्रत्व—४२२१,—का धर्म—१५४०, १६५३, १७५२, ३३८१, ३४०९, ४२०५,—के स्वाभाविक कर्म—१९५३,—शूद्रवत्—४२०५-०६ ।
वैश्रवण—पुलस्त्य के पुत्र—१२६५ ।
वैश्वानर (१)—एक ऋषि—५२८ ।
वैश्वानर (२)—मनु अग्नि के पुत्र—११६२ ।
वैहार—गिरिव्रज के समीप का एक पर्वत—५५७ ।
*व्यक्ति—जिनका अन्न निषिद्ध है—४२०५-०६,—त्याज्य—३३७३,—सर्वश्रेष्ठ—८८९ ।
*व्यवहार—३४८४,—की सरलता—१५६५ ।
व्यश्व—यम की सभा का एक राजा—५२९ ।
*व्यसन—७५९, ३३७० ।
व्याघ्रकेतु—एक पाञ्चाल—२८६५,—का वध—२८६९ ।
व्याघ्रदत्त (१)—पाण्डव-पक्ष का रथी योद्धा—१८२८ ।
व्याघ्रदत्त (२)—मगध-राजकुमार; सात्यकि द्वारा निहत—२३९९ ।
व्याघ्रपाद—एक ऋषि; उपमन्यु और धौम्य के पिता—३९६६ ।
*व्याधि—शारीरिक और मानसिक—४२८८ ।
*व्यान वायु—११४९ ।
व्यास—महाभारत के रचयिता एक प्रसिद्ध ऋषि; पिता पराशर; माता सत्यवती; नामान्तर कृष्णद्वैपायन, वेदव्यास आदि; पुत्र शुकदेव—२३७, ४५६, १८५५;—और कुन्ती का संवाद—३५६-५७,—और गणेश का संवाद—५,—और जातिस्मर कीट का संवाद—४१८४-८५,—और ब्रह्मा का संवाद—४-५,—और मैत्रेय का संवाद—४१८७-९०—और युधिष्ठिर का संवाद,—३५७, ६०८-०९, १२३३-३९,—का उत्तरा को आश्वासन—४३५७,—का कुन्ती को धन-दान—४३९०,—का दुर्निमित्तों का वर्णन करना—१८७४-७८,—का धृतराष्ट्र को उपदेश—७०६, ७०७, ७०८, १६४९,—का पूर्वजन्म—३९२१-२२—का युधिष्ठिर को उपदेश—७६८-६९, ९००,—का शुकदेव को उपदेश—३६८३-८४, ३६८४-३७१६,—का शोक—३८७५,—की उक्ति—३३०, ३७७—की उत्पत्ति—१३०, २३६, २३७,—की तपस्या—३८५६,—की पाण्डवों से भेट—४१२,—की, युधिष्ठिर को, अश्वमेध यज्ञ करने के लिए आज्ञा—४३६६-६७,—की सर्पयज्ञ में अभ्यर्थना—११९-२०,—की सर्वज्ञता—४१८४,—कृत अश्वमेध यज्ञ की प्रशंसा—४३६६,—के पांच शिष्य,—३८९२,—द्वारा कौरव-पाण्डव-पक्ष के मृत वीरों का सशरीर बुलाया जाना—४४३७,—द्वारा क्षत्रिय-विनाश की भविष्यवाणी—६०८,—सर्वश्रेष्ठ ऋत्विज ११३,—से पाण्डवों की भेट—३५६ ।
व्यासस्थली—एक पवित्र स्थान—८७४ ।
व्युषिताश्व—पूरुवंशी एक राजा; स्त्री काक्षीवान् की पुत्री भद्रा—२६५ ।
व्यूक—एक जनपद—१८९० ।
व्यूढोर—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६ ।
व्यूढोरस्क—धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२०९४,—का वध—२०९४ ।
व्यूढोरु—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२ ।
*व्यूह-रचना—२०७१, २८३४, ३०२७ ।
व्योमारि—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।
व्रजन—अजमीढ़ (१) का, केशिनी से उत्पन्न, पुत्र—२०६ ।
*व्रत का फल—४०९३ ।

श

*शंका और विश्वास—३४१४-१६ ।
शंयु—अग्नि-विशेष—११५९ ।

शक (१)—एक म्लेच्छ जाति—३९४, ५७५, ५८१, ६२३, १८६८, ३३८७।

शक (२)—शक जाति का जनपद—१८९०।

शकुनि (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

शकुनि (२)—गान्धार देश के राजा सुबल का पुत्र; दुर्योधन आदि का मामा; गान्धारी का भाई—१३१, १८६८,—और दुर्योधन का, पाण्डवों को जीतने के लिए, परामर्श,—६१३-१४—और दुर्योधन का संवाद,—११९७-९८—और प्रतिविन्ध्य का युद्ध—१९६६,—और युधिष्ठिर का द्यूत-विषयक संवाद—६३३-३५,—और सुतसोम का युद्ध—२७६८-७०,—का अक्ष-क्रीड़ा-कौशल—१५४५,—का दुर्योधन को उपदेश—१२१९,—का परास्त होना—२५८८, २९३७,—का भागना—२२४१,—का वध—३०८३,—की मरणोत्तर-गति—४४७२,—के पाँच भाइयों (गवाक्ष, शरभ, विभु, सुभग और भानुदत्त) का वध—२५५३,—के पुत्र और अर्जुन का युद्ध—४३८३।

शकुनि (३)—स्कन्द का एक ग्रह—११७९।

शकुन्त—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७।

शकुन्तला—कण्व की पोषित पुत्री; विश्वामित्र द्वारा मेनका अप्सरा में उत्पन्न; दुष्यन्त की पत्नी; भरत की माता—१९५, १७२४,—और दुष्यन्त का गान्धर्व-विवाह—१९५-९६,—का, दुष्यन्त द्वारा, प्रत्याख्यान—१९८-२०३,—का दुष्यन्त से ग्रहण किया जाना,—२०३-०४,—की आत्मकथा,—१९२-९५,—की उत्पत्ति—१९५,—के पुत्र का जन्म—१९७।

शक्त—पुरुवंशी मनस्यु का, सौवीरी रानी से उत्पन्न, पुत्र; भाई संहनन और वाग्मी—१८६।

शक्ति—एक ऋषि; पराशर के पिता; वशिष्ठ के ज्येष्ठ पुत्र—११९, ३९५,—उत्तर दिशा के निवासी—४२६५,—का कल्माषपाद को शाप—३९६,—का राक्षस-ग्रस्त कल्माषपाद द्वारा भक्षण—३९७,—की पत्नी अदृश्यन्ती—३९९।

*शक्ति—नौ प्रकार की—१२५०।

शक्रतीर्थ—८६९।

शक्रदेव—कलिङ्ग देश का राजकुमार, कौरव-पक्ष का एक योद्धा—१९९३,—और भीमसेन का युद्ध—१९९३,—का वध—१९९३।

शक्रवापी—एक नाग—५५७।

शक्रावर्त—एक तीर्थ—८८०।

शङ्कर (१)—दे० "महादेव"—१७१६, १८५७।

शङ्कर (२)—एक विश्वेदेवा—४१२४।

शंकु—एक यादव—४१५, ४८३, ५४४।

शंकुकर्ण (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

शंकुकर्ण (२)—पाण्डवों के प्रपौत्र जनमेजय ४ का पुत्र; माता वपुष्टमा; भाई शतानीक—२१२।

शंकुकर्ण (३)—देवी पार्वती-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३४।

शंकुकर्णेश्वर—८६८।

शङ्ख (१)—एक साँप—८४, १७०६, ४४५३।

शङ्ख (२)—एक ऋषि; लिखित के भाई—५२८, ३३०७।

शङ्ख (३)—एक दैत्य—५३१।

शङ्ख (४)—एक निधि—५३३।

शङ्ख (५)—मत्स्य-नरेश विराट का पुत्र—४१५, ६०२, १४१७,—और शल्य का युद्ध—१९८१,—और सौमदत्ति का युद्ध—१९६५,—का युद्ध—१९८०-८१,—का वध (द्रोणाचार्य द्वारा)—२०६०,—की मरणोत्तर-गति—४४७३।

शङ्ख (६)—केकय देश का राजकुमार; पाण्डव-पक्ष का रथी योद्धा—१८२८।

शङ्ख तीर्थ—३११३।

शङ्खपद—स्वारोचिष मनु के पुत्र—३९१८।

शङ्खपिण्ड—एक साँप—८४।

शङ्खमुख—एक साँप—८४।

शङ्खमेखल—एक ऋषि—५०।

शङ्खशिरा—एक साँप—८४।

शङ्खशीर्षा—एक नाग—१७०६।

शङ्खिनी तीर्थ—८७३।

शची—दे० "इन्द्राणी"—१५०८, ३१३२।

शठ—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५।

शतकुम्भा—एक नदी—११६४, १८८९।

शतकुम्भा तीर्थ—८७९।

शतचन्द्र—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—२५५३,—का वध—२५५३।

शतज्योति—एक देवता; सुभ्राट् के पुत्र—३ ।

शतद्युम्न—एक राजा जिन्होंने महात्मा मौद्गल्य को सुवर्णमय घर देकर स्वर्ग प्राप्त किया था—४२०८ ।

शतद्रु—एक नदी; 'आधुनिक सतलज'—३९९, ५३१, १०८५, १८८९, २३८७ ।

शतधन्वा—एक राजा—७१६ ।

शतपर्वा—शुक्र की पत्नी—१७२४ ।

शतबला—एक नदी—१८८९ ।

शतमुख—एक असुर—३९६५,—की उग्र तपस्या और महादेव से वर-लाभ—३९६५ ।

शतयूप—केकय देश के एक राजा जो बाद को तपस्वी हो गये थे—४४२३ ।

शतरथ—एक प्राचीन राजा—१६,—यम की सभा में—५२६ ।

शतरुद्र—ग्यारह रुद्रों का नाम—४२३८ ।

शतशीर्षा—वासुकि की पत्नी—१७२४ ।

शतशृङ्ग—एक पर्वत—२३३५, ३८४६ ।

शतसहस्र तीर्थ—८७७ ।

शतानीक (१)—पाण्डवों के प्रपौत्र राजा जनमेजय (४) का पुत्र—२१२ ।

शतानीक (२)—नकुल का, द्रौपदी से उत्पन्न, पुत्र—४८५, २५०४,—और दुष्कर्ण का युद्ध—२०५४,—का वध—३२०८ ।

शतानीक (३)—कुरुवंश का एक प्रतापी राजा, जो कौरव-पाण्डवों का पूर्वज था; इसी के नाम पर नकुल के पुत्र का नामकरण हुआ था—४८५ ।

शतानीक (४)—मत्स्य-नरेश विराट का भाई—१४१६, २०४३,—का युद्ध—१४१८,—का वध - २२१६, २५८४ ।

शतायु (१)—पुरूरवा के, उर्वशी से उत्पन्न, पुत्र—-१४६ ।

शतायु (२)—कौरव पक्ष का एक योद्धा—२०४३ ।

शत्रु—मानसिक-१५५७,-शब्द की व्युत्पत्ति-२८२५ ।

*शत्रुघ्न—अयोध्या-नरेश दशरथ के पुत्र; माता सुमित्रा; भाई लक्ष्मण १३०४,—का जन्म—१२६५,—का विवाह—१२६६, —की शिक्षा—१२६६ ।

शत्रुञ्जय (१)—सौवीर देश का राजकुमार—१२४६ ।

शत्रुञ्जय (२)—एक सूत; कर्ण का भाई—२२४७,—का, अर्जुन द्वारा, वध—२२४७ ।

शत्रुञ्जय (३)—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—२२७५,—का, अभिमन्यु द्वारा, वध—२२७५ ।

शत्रुञ्जय (४)—धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२४८१,—का वध—२४८१ ।

शत्रुञ्जय (५)—पाञ्चाल-नरेश द्रुपद का पुत्र—२५५१,—का, अश्वत्थामा द्वारा, वध—२५५१ ।

शत्रुञ्जय (६)—सौवीर देश का एक प्राचीन राजा—३५२३,—और भरद्वाज का संवाद—३५२३-२६ ।

*शत्रुता का कारण—३५१९ ।

शत्रुतापन—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

शत्रुदमन (१)—एक राजा—५१८ ।

शत्रुदमन (२)—एक नाग—५५७ ।

शत्रुन्तप—एक वीर—१४५१,—और अर्जुन का युद्ध—१४५१,—का युद्ध-भूमि में पतन—१४५१ ।

शत्रुसह—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२४८१,—का वध—२४८१ ।

शनैश्चर—एक ग्रह—१२८१, १७७१, १८७६,—सूर्य के पुत्र—३९२२ ।

शबर—एक निकृष्ट जाति—३९४, १९८४, ३३८७, ३६३७, ४०२५ ।

शबल—एक साँप—८४ ।

शबलाश्व—अविक्षित् (१) का पुत्र—२०७ ।

शम (१)—अहः नामक वसु का एक पुत्र—१३७ ।

शम (२)—धर्मदेव का पुत्र; स्त्री प्राप्ति—१३८ ।

शम (३)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२ ।

शमठ—कुमारव्रत-परायण एक महर्षि—९०२ ।

शमीक (१)—एक ऋषि; शृङ्गी ऋषि के पिता—९१, ५२८, २१८८,—और शृङ्गी का संवाद—९३-९४,—का परलोक से बुलाया जाना—४४४० ।

शमीक (२)—एक यादव—२१८८ ।

शम्पाक—एक वीतराग निर्धन ब्राह्मण—३८५,—की उक्ति—३५८५ ।

शम्बर—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५, ९४४, १०३८, १५१६, १६५२, १७५६, ३४४५, ३९६३,—और इन्द्र का संवाद—४०२५-२६,—की नीति—१६५२ ।

शम्भु (१)—एक प्राचीन राजा —१६ ।

शम्भु (२)—एक तेजस्वी अग्नि—११६२ ।

शम्भु (३)—श्रीकृष्ण का, रुक्मिणी से उत्पन्न, पुत्र—३९६३ ।

शम्भु (४)—कार्तिक मास में मांस-भक्षण का त्याग करनेवाला एक राजा—४१८१ ।

शम्भु (५)—एक रुद्र—४२३८ ।

शरण—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५ ।

*शरणागत—की रक्षा—१५५६,—की रक्षा का माहात्म्य—४०२१,—की रक्षा से विमुख व्यक्ति के लिए शास्त्र की व्यवस्था—११०८,—के नाश का पाप—४१३९,—को आश्रय देना प्रधान धर्म है—३५४० ।

शरदण्ड—एक राजा—२६४ ।

शरद्वान्—एक ऋषि; गौतम के पुत्र—१३१, २८८ ।

शरभ(१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

शरभ (२)—दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

शरभ (३) यमराज की सभा का एक राजर्षि—५२९ ।

शरभ (४)—चेदि-नरेश शिशुपाल का पुत्र—१६१९, ४३८३,—और अर्जुन का युद्ध—४३८३ ।

शरभ (५)—शकुनि का भाई—२५५३,—का वध—२५५३ ।

शरभङ्ग—एक ऋषि—८८७, १२७१—के आश्रम में रामचन्द्र का आगमन—१२७१ ।

शरयू—वीर नामक अग्नि की भार्या—११५९ ।

शरस्तम्ब—एक तीर्थ—४००६ ।

शरावती—एक नदी; 'सम्भवतः बदायूँ ज़िले की बानगङ्गा नदी'—१८८९ ।

*शरीर—आदि और जीव का सम्बन्ध,—३८१९-२०,—आदि के सम्बन्ध में देवमत और नारद का संवाद—४३०६-०७,—का 'गृह'-रूपक—१५५८,—का 'चक्र'-रूपक—४३३०,—का 'नगर'-रूपक—४३२१,—का 'नदी'-रूपक—११३७, ४३२७,—का 'रथ'-रूपक—१५६४,—का 'वृक्ष'-रूपक—४३१९-२०, ४३३४,—की नश्वरता—४३३०,—की नित्यता—४४३९,—के चौबीस तत्त्व—३८१५-१६,—के तीन गुण—४२८८,—में वायु के कार्य—३५९८ ।

शरु—एक गन्धर्व—२७२ ।

शर्मक—एक राजा—५७५ ।

शर्मिष्ठा—दानवराज वृषपर्वा की बेटी; ययाति की दूसरी रानी; पुत्र द्रुह्यु, अनु और पूरु—१६५,—और देवयानी का विवाद—१५५,—का दासीत्व—१५९-६०,—के ययाति से सन्तानोत्पत्ति—१६५ ।

शर्मी—एक अध्यापक ब्राह्मण—४०८२ ।

शर्याति—वैवस्वत मनु के पुत्र; पुत्री सुकन्या—१४६, ९४७,—का यज्ञ—९५१-५२ ।

शल (१)—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११५ ।

शल (२)—धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२५६ ।

शल (३)—सोमदत्त के पुत्र; भाई भूरि और भूरिश्रवा—४१५,—का वध—२४००,—के पुत्र का वध—२०१६,—की मरणोत्तर-गति—४४७३ ।

शल (४)—अयोध्या-नरेश परीक्षित् के पुत्र; माता सुशोभना; भाई बल और दल—१०९९ ।

शलकर—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

शलभ—एक असुर; दक्षकन्या दनु का पुत्र—१३५ ।

शल्य—मद्र देश का राजा; सहदेव और नकुल का मामा; माद्री का भाई; कर्ण और अर्जुन के अन्तिम युद्ध में कर्ण का रथ-चालक; कौरव सेना का, आधे दिन तक, प्रधान सेनापति; युधिष्ठिर द्वारा निहत—४१७, १८६९,—और उत्तर का युद्ध—१९७२,—और कर्ण का संवाद—२८२२-२६,—और नकुल-सहदेव का युद्ध—२०६३,—और भीमसेन का गदायुद्ध—२१९९-२२००, ३०३८,—और भीमसेन का युद्ध—४२३,—और युधिष्ठिर का युद्ध—१९६५, २११४, ३०४९-५४,—और शङ्ख का युद्ध—१९८१,—का कुपित होना—२७८८-८९,—का दुर्योधन को आश्वासन—२९९५,—का पराक्रम—३०४१-४३, ३०४६-४७,—का युधिष्ठिर को विजय का आशीर्वाद देना—१९६०,—का वध—३०५४,—का सेनापति-पद पर अभिषेक—३०२४,—की, दुर्योधन की ओर से युद्ध करने की, प्रतिज्ञा—१४९९,—की, युधिष्ठिर से, कर्ण को निस्तेज करने की प्रतिज्ञा—१९६०,—की रथ-सञ्चालन-पटुता—१५०१,—की हार—४२३,—के अप्रिय वचन—२८०९-१०, २८१२-१४, २८३६-३९,—के आर्तायनि नाम की निरुक्ति—२७८९,—के पुत्र रुक्माङ्गद और रुक्मरथ—४१५,—के पूर्वज सत्य के अनन्य उपासक थे—२७८९,—के भाई का वध—३०५४,—शब्द की निरुक्ति—२७८९,—से दुर्योधन की प्रार्थना—२७८७-८८ ।

*शल्यपर्व की अध्याय-श्लोक-संख्या—२७ ।

शशक—एक जाति—१२२६ ।

शशबिन्दु—एक प्राचीन राजा—१५, २३०२, ३६३८, —का पितृश्राद्ध—४१२०,—कार्त्तिक मास में मांसत्यागी—४१८१,—यम की सभा में—५२६ ।
शशयान तीर्थ—८७० ।
शशलोमा—तपस्या द्वारा स्वर्ग जानेवाला एक राजा—४४२४ ।
शशाद—अयोध्या-नरेश इक्ष्वाकु (१) का पुत्र—११२४ ।
शशिक—एक जनपद—१८६० ।
*शाक द्वीप का वर्णन—१८६१-६३ ।
शाकम्भरी—एक देवी—८७६,—शब्द की निरुक्ति—८७६ ।
शाकल—मद्र देश की राजधानी; 'डा० फ़्लीट के मतानुसार आधुनिक स्यालकोट'—५८१, २८२८, २८२६ ।
शाकल्य—एक ऋषि—३६६६ ।
शाकलद्वीप—उत्तर का एक प्रदेश जिसे अर्जुन ने राजसूय-दिग्विजय में जीता था—५७१ ।
शाख (१)—अनल नामक वसु के पुत्र—१३७ ।
शाख (२)—कुमार कार्तिकेय की एक मूर्ति—३१३१ ।
शाण्डिली (१) एक पातव्रता तपस्विनी ब्राह्मणी—१७१६, ४१६०,—और गरुड़ का संवाद—१७१६-२०,—और सुमना का संवाद—४१६०-६१,—का पातिव्रत—४१६०-६१,—द्वारा गालव और गरुड़ का आतिथ्य—१७१६ ।
शाण्डिली (२)—एक देवी; इसका निवास शृङ्गवान् पर्वत के रत्नमय शिखर पर है—१८८७ ।
शाण्डिल्य—एक ऋषि—५१७, ४२०८ ।
शाण्डिल्या—प्रजापति की स्त्री; अनल नामक वसु की माता—१३७ ।
शान्त (१)—अहः (१) वसु का एक पुत्र—१३७ ।
शान्त (२)—एक अग्नि—५२८ ।
शान्तनु—प्रतीप के पुत्र; भाई देवापि और वाह्लीक; नामान्तर महाभिषक; पत्नी (१) गङ्गादेवी (पुत्र देवव्रत या भीष्म) और (२) सत्यवती (पुत्र चित्राङ्गद और विचित्रवीर्य)—२०७, २१५,—और गङ्गा का विवाह—२१६-१७,—का दूसरा विवाह—२२३-२६,—का राज्याभिषेक—२१६,—का सुशासन—२२१,—की उत्पत्ति—२१५,—की मृत्यु—२२७,—के पुत्र—२१७-१८, २२७,—के यज्ञ—१०२६ ।
शान्तभय—एक प्राचीन राजा—१६ ।
शान्ता—अङ्ग-नरेश लोमपाद की कन्या; ऋष्यशृङ्ग की पत्नी—६२७,—और ऋष्यशृङ्ग का विवाह—६३२ ।
शान्ति (१)—पाँच इन्द्रों में से एक—४३८ ।
शान्ति (२)—राजा उपरिचर के अश्वमेध यज्ञ के सदस्य—३८८१, ४११५ ।
*शान्तिपर्व की अध्याय-श्लोक-संख्या—२८ ।
शारद्वती—एक अप्सरा—२७३ ।
शार्ङ्ग—विष्णु का धनुष, जो मुर और भौम नामक दानवों को मारने के समय श्रीकृष्ण को मिला था—१८००,—के अधिपति देवता—१८०० ।
शार्ङ्गरव—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के अध्वर्यु—१०६ ।
शार्दूली—कश्यप की कन्या—१३६ ।
शालकटङ्कट—अलम्बुष (१) का नामान्तर—२४०३ ।
शालिपिण्ड—एक साँप—८४ ।
शालिशिरा—एक गन्धर्व; दक्षकन्या मुनि का पुत्र—१३६, २७२ ।
शालिहोत्र (१) एक तीर्थ—८७५ ।
शालिहोत्र (२)—कपिल (३) के पुत्र—३८८१ ।
शालूकिनी तीर्थ—८७१ ।
शाल्मलि—चन्द्रवंशी राजा अविक्षित् (१) का पुत्र—२०७ ।
शाल्मलि द्वीप—सात द्वीपों में से एक—१८६३ ।
शाल्व (१)—एक राजा; अजक नाम के असुर का अंशावतार—१४०, ४१६, ५४३, ७२२ ।
शाल्व (२)—एक देश; दे० "मार्तिकावत (२)"—१३०८, १८१०, १८८६, १६०५ ।
शाल्व—(३) एक राजा—१८३१,—और प्रद्युम्न का युद्ध—७२६-२७, ७२६,—और भीष्म का युद्ध—२२६-३०,—और श्रीकृष्ण का युद्ध—७३१-३७,—का द्वारका पर आक्रमण—७२२, ७२३, ७२४,—का वध—७३७,—की माया—७३३-३४ ।
शाल्व (४)—म्लेच्छराज; कौरव-पक्ष का योद्धा—३०६१,—का वध—३०६३ ।
शाल्वसेनि—एक जनपद—१८६० ।
शाल्वेय—एक देश—१२४५ ।
*शासन—का सङ्गठन—३४२७-२८,—दृढ़तापूर्वक—३५२३ ।

*शास्त्र—की उत्पत्ति—३६४२, —सर्वश्रेष्ठ—१७०१ ।
*शास्त्रों का लक्ष्य—३९२३ ।
शिखण्ड—वृत्रासुर के रक्त से उत्पन्न एक वृक्ष—३७७०,—की उत्पत्ति—३७७० ।
शिखण्डिनी—द्रुपद की पुत्री; बाद को यह, स्थूणाकर्ण नामक यक्ष के पुरुषत्व से अपने स्त्रीत्व को बदलकर, पुरुष हो गई थी—१८६१,—का वन-गमन—१८६१,—को पुरुषत्व-प्राप्ति—१८६३-६५ ।
शिखण्डी—महाराज द्रुपद की कन्या; शिखण्डिनी का पुरुषत्व-प्राप्त रूप—१३१, १८१७, १८५८,—और अश्वत्थामा का युद्ध—१९६६,—और कृतवर्मा का युद्ध—२७७२,—और भीष्म का युद्ध—२१२५,—और भीष्म का संवाद—२१२५,—का पुरावृत्त—१६१९,—का वध—३२०८,—का वृत्तान्त—१८५९-६६,—का सेनापतित्व—१७८६, —की सैन्य-सञ्चालन-पटुता—१७८६ ।
शिखावर्त—एक यक्ष—५३२ ।
शिखावान्—एक ऋषि—५१७ ।
शिखी—एक नाग—१७०६ ।
शितिकण्ठ—एक नाग—४४५३ ।
शिनि—एक यादव; सात्यकि का पितामह—५१८, ७२८, २५०२,—और सोमदत्त का युद्ध—२५०२ ।
शिपिविष्ट—श्रीकृष्ण का एक नाम—३९०५,—शब्द की निरुक्ति—३९०५ ।
शिरीषक—एक नाग—१७०६ ।
शिरोषी—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७ ।
शिलवृत्ति—एक ब्राह्मण—४००८,—और सिद्ध का गङ्गा-माहात्म्य-विषयक संवाद—४००८-११ ।
शिलायूप—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७ ।
शिली—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।
शिव (१)—दे० "महादेव"—९४१, १८५७ ।
शिव (२)—पाञ्चजन्य के पुत्र—११६१ ।
शिव (३)—एक अग्नि—११६१ ।
शिवा (१)—अनिल (१) वसु की स्त्री—१३७ ।
शिवा (२)—अङ्गिरा की स्त्री—११६८ ।
शिवा (३)—एक नदी—१८८९ ।
शिवि (१)—हिरण्यकशिपु का पुत्र—१३५ ।
शिवि(बि) (२)—एक राजा; पिता उशीनर; माता ययाति-पुत्री माधवी—१८३, १७२६,—आदि राजर्षियों और शुक्र आदि महर्षियों की तीर्थ-यात्रा—४१३४-३५,—और ययाति का संवाद—१८३-८४,—का माहात्म्य—११०५-०६, ११११, १११२-१३,—का स्वर्गभ्रष्ट ययाति को अपना पुण्य देना—१७३०,—की कथा—४०२०-२१,—की विशेषता—१७३०,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३६,—की शरणागत-रक्षा—११०८-०९,—का पुत्र गोपति या भूपति—३३६०,—द्वारा ब्राह्मण को पुत्र-दान—४२०७ ।
शिवि (३)—पाँच इन्द्रों में से एक—४३८ ।
शिवि (४)—एक देश—५८१, १२४८, १५२९, १९८५ ।
शिवि (५)—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२५४०,—का वध—२५४० ।
शिवोद्भेद—एक तीर्थ—८७० ।
शिशिर—सोम के, द्वितीय स्त्री मनोहरा (१) से उत्पन्न, पुत्र—१३७ ।
शिशुपाल—चेदि-नरेश दमघोष का पुत्र; मगधराज जरासन्ध का सहायक और सेनापति—४१७, ५४२,—का जन्म-वृत्तान्त—६००-०१,—का युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में युद्ध के लिए उद्योग—५९४-९५,—का शिरश्छेद—६०५,—का श्रीकृष्ण को ललकारना—६०४,—की, सहदेव द्वारा, भर्त्सना—५९४,—के, कृष्ण-पूजा-विषयक, विरोध पर भीष्म की उक्ति—५९२-९३,—के दुष्कर्म—६०४,— के पुत्र का राज्याभिषेक—६०५,—को युधिष्ठिर का उपदेश—५९१-९२, —द्वारा भीष्म की निन्दा—५९६, ५९७, ५९८, ५९९, ६०१-०२,—द्वारा श्रीकृष्ण की निन्दा—५९६, ५९७, ५९८, ५९९, ६०४-०५,—द्वारा श्रीकृष्ण की पूजा का विरोध—५८९, ५९०, ५९१,—पर भीमसेन का क्रोध—५९९-६००,—से भीमसेन का कर-ग्रहण—५७४,—हिरण्यकशिपु का अंशावतार—१४० ।
शिशुरोमा—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।
*शिष्ट पुरुष—११३८ ।
*शिष्टाचार—११३७, ४१५५-५६, ४१५७-५८, ४१५९, ४२५०,—के लक्षण—११३८ ।

*शिष्य-गुरु-संवाद—३६४१-५३ ।
शीघ्रा—एक नदी—१८८९ ।
शीत-पूतना—एक बालग्रह—११७९ ।
*शील—१६५३, ३४८८,—का त्याग—३४९०-९१,—की महिमा—३४८९-९०,—क्या है—३४९१ ।
शुक (१)—रावण का मन्त्री और गुप्तचर—१२८९ ।
शुक (२)—शकुनि के ६ भाइयों (गज, गवाक्ष, वृषभ, चर्मवान् और आर्जव) में से एक—२०७८,—का वध—२०७९ ।
शुकदेव—महाभारत के रचयिता महर्षि व्यास के पुत्र; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य—७, १०९, ३८९२,—का जनक के पास जाना—३८५८,—का जन्म—३८५६,—का वियोग—३८७४-७५,—की सिद्धि—३८७३,—को नारद का उपदेश—३८६६-७२,—को वेदव्यास का उपदेश—३६८३-८४, ३६८४-३७१६ ।
शुकी—कश्यप की कन्या; तोतों की माता—१३९ ।
शुक्तिमती (१)—एक नदी जो कोलाहल पर्वत से निकलकर चेदि देश (आधुनिक बुन्देलखण्ड) की राजधानी से होकर बहती थी—१२७ ।
शुक्तिमती (२)—'उड़ीसा की सुवर्णरेखा नदी'—१८८९ ।
शुक्तिमान्—विन्ध्य पर्वत-श्रेणी का वह भाग जिसमें गोंडवाने की पहाड़ियाँ, छोटा नागपुर की पहाड़ियाँ और महेन्द्र पर्वत-श्रेणी सम्मिलित है'—५७५, १८८९ ।
शुक्र (१)—दे० "शुक्राचार्य"—१६०३ ।
शुक्र (२)—एक ग्रह—१८७६ ।
शुक्र (३)—सूर्य की एक किरण—३९३२ ।
शुक्र (४)—भृगु के सात पुत्रों में से एक—४११५ ।
*शुक्रनीति—६३८-३९, ३३७७ ।
शुक्राचार्य—महर्षि भृगु के पुत्र; देवयानी के पिता; असुरों के गुरु—१३६, १४९,—आदि की तीर्थ-यात्रा—४१३४-३५,—और देवयानी का संवाद—१५७-५८,—और बृहस्पति की नीति—३१७४,—और वृत्रासुर का संवाद—३७६१-६२,—और वृषपर्वा का संवाद—१५८-५९,—का बालि को धूप-दीप के दान का विषय बतलाना—४१४३,—का माहात्म्य—१६०३-०५,—का ययाति को शाप—१६७-६८,—का वृत्तान्त—३७९०-९१,—की नीति-विषयक उक्ति—३१६५,—की पत्नी शतपर्वा—१७२४,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३६,—के पुत्र—१३६,—शब्द की निरुक्ति—३७९१ ।
शुक्ल—पाञ्चाल देश का एक क्षत्रिय; पाण्डव-पक्ष का योद्धा; कर्ण द्वारा निहत—२८६९ ।
शुचि (१)—यम की सभा का एक राजा—५२९ ।
शुचि (२)—एक बटोहियों के दल का मुखिया, जिसने दमयन्ती के नल-विषयक प्रश्न का उत्तर दिया था—८२८ ।
शुचि (३)—एक अग्नि—११६३ ।
शुचि (४)—भृगु के पुत्र—४११५ ।
शुचिका—एक अप्सरा—२७३ ।
शुचिव्रत—एक प्राचीन राजा—१६ ।
शुचिश्रवा—श्रीकृष्ण का एक नाम—३९०६,—शब्द की निरुक्ति—३९०६ ।
शुचिस्मिता—एक अप्सरा—५३२ ।
शुण्डिक—शुण्ड देश (टिपरा और अराकान) के निवासी—१२२५ ।
शुनःसख—एक ऋषि—४१३७,—की शपथ (अगस्त्य के मृणाल न चुराने के सम्बन्ध में)—४१३७ ।
शुनःशेप—भृगुवंशी ऋचीक (अजीगर्त) के पुत्र—३७९४, ३९४४ ।
शुनक (१)—च्यवन ऋषि के वंशज; रुरु के, प्रमद्वरा से उत्पन्न, पुत्र,—४९, ५१७, ४०१८ ।
शुनक (२)—एक राजर्षि; चन्द्रहन्ता असुर का अंशावतार—१४१ ।
शुभकर्मा—विधाता-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।
*शुभ कर्मों का फल—४०६२-६४ ।
शुभा—अङ्गिरा ऋषि की पत्नी; बृहस्पति आदि (अङ्गिरा के सात पुत्रों) की माता—११५८ ।
शुभाङ्गद—द्रौपदी-स्वयंवर में उपस्थित एक राजा—४१५ ।
शुभाङ्गी—दशार्ह देश की राजकुमारी; कुरु की रानी; विदूर की माता—२०९ ।
शुभावहा—एक नदी—१०८५ ।
शूकर—एक देश—६२३ ।
*शूकर-दान का फल—४१०९ ।
शूद्र—दक्षिण का एक जनपद—१८९०, २१७६,
*शूद्र—का अकर्तव्य—१५४०,—का जन्मान्तरगत ब्राह्मणत्व

—४२२१,—का जन्मान्तरगत वैश्यत्व—४२२१,—का धर्म—१५४०, १६५३, १७५२, ३३८१-८२, ३४०९,—का स्वाभाविक कर्म—१६५३,—दुष्कर्मी ब्राह्मणों से श्रेष्ठ (महादेवजी के व्यवस्थानुसार)—४२२२,—ब्राह्मणवत् १०६०, ११५५, ४२२२ ।

*शूद्रोपदेश से अनर्थ का दृष्टान्त—३९५५-५७ ।

शूर (१)—देवमीढ़ के पुत्र; कुन्ती और वसुदेव आदि के पिता; नामान्तर शूरसेन—१४३, २५०२,—चित्ररथ के वंशज—४२२९ ।

शूर (२)—ईलिन का पुत्र; माता रथन्तरी—१८६ ।

शूर (३)—सत्ताईस अग्नियों में से एक—५२८ ।

शूर (४)—सौवीर देश का एक राजकुमार—१२४६ ।

*शूर—की परिभाषा—४०९४,—विविध—४०९४ ।

शूरसेन(१)—कुन्ती और वसुदेव आदि के पिता—१४३, २४५, ५४३ ।

शूरसेन (२)—यादवों का राज्य, जिसकी राजधानी मथुरा थी—५७६, १३६०, १६२५, १८८९, १९०५, १९८५ ।

शूरसेनी—पूरु के पुत्र प्रवीर की रानी; मनस्यु की माता—१८६ ।

शूर्पणखा—एक राक्षसी; खर की बहन; विश्रवा की, राका से उत्पन्न, पुत्री—१२६६,—और रावण का संवाद—१२७१;—का नासिका-छेदन—१२७१,—की उत्पत्ति—१२६६ ।

शूर्पारक—परशुराम का निवास-स्थान, जो समुद्र-तट पर है; ‘बम्बई प्रान्त के थाना ज़िले में, बम्बई से ३७ मील उत्तर और वेसीन से प्रायः ४ मील उत्तर-पश्चिम, आधुनिक सोपारा नामक स्थान’—३३६०, ४००७ ।

शूर्पारक क्षेत्र—दे० “शूर्पारक”—८९३ ।

शूर्पारक तीर्थ—दे० “शूर्पारक”—८८७ ।

शृङ्गवान् (१)—एक पर्वत—१८८५ ।

शृङ्गवान (२)—गालव (१) ऋषि के पुत्र—३१५३ ।

शृङ्गवेर—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

शृङ्गवेरपुर—निषादों के राजा गुह का नगर; ‘प्रयाग से २२ मील उत्तर-पश्चिम, गङ्गा-तट पर स्थित, सिंगरौर नामक स्थान’—८८८ ।

*शृङ्गाटक व्यूह—सिंघाड़े के आकार का एक प्रकार का व्यूह—२०७२,—पाण्डवों का, धृष्टद्युम्न द्वारा निर्मित २०७२ ।

शृङ्गी—शमीक ऋषि के पुत्र; इनके शाप से परीक्षित को तक्षक ने काटा था—९२,—और शमीक का संवाद—९३-९४,—का परलोक से बुलाया जाना—४४४०,—का परीक्षित् को शाप—९३ ।

शेषनाग—एक साँप; कद्रू का पुत्र; वासुकि का भाई; साँपों का राजा—८४, १३६, १७०६,—का आकार—१७०६,—का निवासस्थान—१७१६,—का पृथ्वी-धारण—१७०६,—की तपस्या—८५-८६ ।

शैखावत्य—ब्रह्म-विद्या के आचार्य एक तपस्वी—१८३३,—और अम्बा का संवाद—१८३३-३४ ।

शैरीष—एक राजा; नकुल द्वारा राजसूय-दिग्विजय में विजित—५८० ।

शैल—कर्ण द्वारा विजित एक प्रदेश—१२२६ ।

शैलाभ—एक विश्वेदेवा—४१२४ ।

शैलालय—भगदत्त के पितामह—४४२४ ।

शैलूष—एक गन्धर्व—५३२ ।

शैलोदा—मेरु और मन्दर पर्वत के बीच, उत्तर-कुरु के समीप, की एक नदी—६२२ ।

शैवाल—एक जनपद—१८९० ।

शैव्य (१)—शिवि के पुत्र वृषादर्भि—१५, ४१२९,—का सप्तर्षियों को मारने के लिए यातुधानी का भेजना—४१२९ ।

शैव्य (२)—एक राजा; युधिष्ठिर की पत्नी देविका का पिता—२१२ ।

शैव्य (३)—श्रीकृष्ण के रथ का एक घोड़ा—४७९, १४३७, १७४९ ।

शैव्य (४)—वृष्णि-वंश का एक यादव—५१८ ।

शैव्य (५) एक राजा; श्रीकृष्ण द्वारा विजित—७१६ ।

शैव्य (६)—पाण्डव पक्ष का एक योद्धा—१८१८ ।

शैव्या (१)—राजा सगर की रानी; वैदर्भी की सौत—९१९ ।

शैव्या (२)—राजा द्युमत्सेन (३) की रानी—१३२१ ।

शैव्या (३)—एक नदी—१८८९ ।

शैव्या (४)—श्रीकृष्ण की रानी—४४५८,—का प्राणत्याग—४४५८ ।

शैशव—एक राजा—६२३ ।

*शोक—और सन्ताप की निरर्थकता—३६७१-७२,—का परित्याग—११५६,—के निवारण का उपाय—३५८०-८२ ।

शोण--'आधुनिक सोन नदी'--५३१ ।

शोणा—दे० “शोण”—१८८६ ।

शोणितोद—एक यक्ष—५३२ ।

शौण्डिक—एक क्षत्रिय जाति जो बाद को शूद्र हो गई—४०२५ ।

शौनक (१)—भृगु के वंशज एक ऋषि; शुनक के पुत्र; नैमिषारण्यवासी एक कुलपति; महाभारत (आदि पुराणों) के श्रोता—१,—के वंश का निरूपण—४५, ४०१८ ।

शौनक (२)—सांख्य, योग और अध्यात्म-तत्त्व का ज्ञाता एक ब्राह्मण—६६१,—आदि द्वारा युधिष्ठिर का सत्कार—७४३,—और युधिष्ठिर का संवाद—६६१-६४ ।

श्याम—एक पर्वत—१८६२ ।

श्यामायन—विश्वामित्र का एक पुत्र—३६४७ ।

श्यामाश्रम—एक तीर्थ—४००६ ।

श्येन—एक ऋषि—५२८ ।

श्येनचित्र—कार्त्तिक मास में मांस-भक्षण का त्याग करनेवाला एक राजा—४१८१ ।

श्येनजित् (१)—इक्ष्वाकु-वंशी राजा दल का पुत्र—११०२ ।

श्येनजित् (२) -पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—१७६८ ।

श्येनी—कश्यप की कन्या—१३६ ।

*श्रद्धा—का महत्त्व—३७३१-३२,—सात्त्विकी, राजसी और तामसी—१६५० ।

*श्रद्धात्रय-विभाग-योग—१६५०-५१ ।

श्रवा—भृगुवंशी सन्त का पुत्र—४०१८ ।

*श्राद्ध—का फल (तिथि-भेद के अनुसार)—४११८,—का फल (नक्षत्र-भेद के अनुसार)—४११६-२०,—का भाग पाने के अधिकारी विश्वेदेवगण की नामावली—४१२४,—की विधि—४११८, ४१२०-२३, ४१२४-२५, ४१६४,—की विधि (ब्रह्मा-प्रणीत)—४१२४,—के उपयुक्त विविध वस्तुएँ और उनका फल—४११६,—के उपयुक्त सर्वश्रेष्ठ अन्न—४११६,—के तीन पिण्ड और उनका रहस्य—४१६४,—के प्रचारक—४१२३-२४,—के लिए निषिद्ध नक्षत्र—४१५६,—के लिए श्रेष्ठ काल—४११८,—के लिए श्रेष्ठ तिथियां—४११८,—में अग्नि का भाग—४१२५,—में निमन्त्रण देने के अयोग्य ब्राह्मण—४१२०-२१, ४१२२-२३,—में निमन्त्रण देने योग्य ब्राह्मण—४१२१-२२, ४१२३,—में निषिद्ध वस्तुएँ—४१२४,—में व्रतधारी ब्राह्मण के भोजन करने का अनौचित्य—४१२६ ।

श्रावस्त—इक्ष्वाकु-वंशी युवनाश्व का पुत्र—११२४ ।

श्री—महालक्ष्मी; विष्णु की भार्या-५३५, ७७१, ३१३२ ।

श्रीकण्ठ—महादेव—३६०८,—शब्द की निरुक्ति—३६०८ ।

श्रीकुञ्ज--सरस्वती के समीप एक तीर्थ—८७५ ।

श्रीकुण्ड—एक तीर्थ—८६६ ।

श्रीकृष्ण—भगवान् नारायण; यदुवंशी वसुदेव के पुत्र; माता देवकी; पत्नियाँ रुक्मिणी, गान्धारी, हैमवती, जाम्बवती, सत्यभामा आदि सोलह हज़ार; पुत्र रुक्मिणी के गर्भ से-चारुदेष्ण, सुचारु, चारुवेश, यशोधर, चारुश्रवा, चारुयशा, प्रद्युम्न और शम्भु तथा जाम्बवती के गर्भ से-साम्ब; पौत्र—वज्र,-आदि का जरासन्ध-वधार्थ गिरिव्रज-प्रवेश—५५८, ५५६,—आदि का पाण्डवों द्वारा श्राद्ध-कर्म—४४६२,—और अर्जुन का इन्द्र से युद्ध—४६७,—और अर्जुन का जल-विहार—४८६-८७,—और जरासन्ध का संवाद—५५६-६३,—और जरासन्ध में वैमनस्य का कारण-५५४,—और दुर्योधन का संवाद—१४६७,—और पाण्डवों की भेंट—१०६६,—और पृथ्वी का संवाद—४०२३-२४, ४१४०-४१,-और बलदेव का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध—४२३०,—और मार्कण्डेय का संवाद—१०६८-६६,—और युधिष्ठिर का संवाद—१०६६-६८,—और शाल्व का युद्ध—७३१-३७,—और सात्यकि तथा युधिष्ठिर संवाद—६४४-४५,—का अपने मुख से निर्गत अग्नि का रहस्य-निरूपण—४२११,-का अर्जुन को प्रोत्साहन—२००७,—का अर्जुन से सन्धि की असम्भावना का उल्लेख करना—१६६४-६५,—का अश्वत्थामा को शाप—३२२५,—का अश्वमेध के उपलक्ष्य में हस्तिनापुर आना—४३६१,—का अश्वसेन को शाप—४६६,—का ईश्वरत्व—१०८६-६०, ४२५१-५३, ४४५६,—का कर्ण को पाण्डवों की ओर मिलाने का उद्योग—१७६६-६७, १६६०-६१,—का कर्ण से भीष्म आदि को सन्देश कहना—१७७०,—का कौरव-सभा में, अपने

बन्दी किये जाने के षड्यन्त्र पर, वक्तव्य—१७४६-४७, —का कौरव-सभा में गमन—१६६२,—का कौरव-सभा में नीति-सङ्गत वक्तव्य—१६६४-६६,—का कौरव-सभा से उठ जाना—१७४९,—का, कौरवों को, विराट् रूप दिखाना—१७४८,—का चक्र लेकर भीष्म की ओर दौड़ना—२००९,—का तपश्चरण—४२३३,—का दुर्जयत्व—१५२२, १६११-१२,—का दुर्योधन के घर जाना—१६८६,—का दुर्योधन के घर से क्रोधपूर्वक उठ जाना—१६८८,—का दुर्योधन के भोजन के निमन्त्रण को अस्वीकार करना—१६८७,—का दुर्योधन को नारायणी सेना देना—१४९६,—का दुर्योधन से भोजन न करने का कारण बताना—१६८७-८८,—का देवत्व—१६१६, १६९९, ४२२९-३०, ४२३३,—का, दौत्य के अनन्तर, कुन्तीसे मिलना—१७५०,—का द्वारका-गमन–५१३-१४, ११९४, ४३४३,—का धृतराष्ट्र के घर जाना—१६७९,—का धृतराष्ट्र को, दिव्य दृष्टि देकर, विराट रूप दिखाना—१६४९,—का धृतराष्ट्र को शान्त करना—३२४७-४८,—का धृतराष्ट्र को सन्देश—१५४३,—का धृतराष्ट्र द्वारा आतिथ्य–१६८०, —का नीति-ज्ञान—१५३८,—का पराक्रम—१६१६, —का, पाण्डव-सेना के प्रधान अधिनायक के निर्वाचन पर, मत—१७८७-८८,—का पाण्डवों के प्रति प्रेम—१५२७, ४२६१-६२,—का पाण्डवों को दुर्वासा की परीक्षा से बचाना—१२४३,—का पुरावृत्त—४३९,—का, बाण-विद्ध होकर, शरीर त्यागना—४४५३,—का भीम-अर्जुन सहित जरासन्ध के पास पहुँचना—५५९, —का भीमसेन को उत्तेजन—१६५९-६०,—का भीमसेन को प्रोत्साहन—१६६२-६३,—का भीमसेन को शान्त करना—१६६२-६३,—का भीष्म आदि से दुर्योधन के दमन का अनुरोध—१७४१-४२,—का, भीष्म के पराक्रम से चिन्तित, युधिष्ठिर को आश्वासन—१९८३,—का भीष्म पर क्रोध—२००९,—का महाभारत-युद्ध में कर्तव्य-निर्धारण—१७९९,—का माहात्म्य—४२३७-३८,—का माहात्म्य (नारद-कथित)—४२३१-३२,—का माहात्म्य (महादेव-कथित)—४२२९-३०,—का यादवों को उपदेश—४८२,—का युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ में आगमन—४३८६,—का युधिष्ठिर को दौत्य का वृत्तान्त सुनाना–१६५८, १७७८-८६,—का युधिष्ठिर को स्वयं उपदेश न देने का रहस्य—३३६७,—का रथ—४७९, १६७०, १७४९,—का वक्तव्य सुनने के लिए कौरव-सभा में ऋषियों का आगमन—१६९३,—का वसुदेव को संक्षेप में महाभारत के समाचार सुनाना—४३५३-५५, ४३५६-५७,—का विदुर के घर जाना—१६८०, १६८८,—का विदुर द्वारा आतिथ्य—१६८०, १६८८,—का वृकस्थल में विश्राम—१६७४,—का व्यथित द्रौपदी को शान्त करना–१६६९,—का व्याख्यान–पाण्डवों के राज्यलाभ के विषय में–१४८८-८९, —का, शिष्टाचार के लिए, रोना—३१७९,—का, सन्धि-स्थापन के लिए, प्रयाण—१६६९-७०,—का, सन्धि-स्थापनार्थ, हस्तिनापुर-प्रवेश—१६७९,—का हस्तिनापुर से प्रस्थान–१७६३,—की और्ध्वदैहिक क्रिया—४४५७,—की कठिनाई—३४१६,—की कुन्ती से भेंट (हस्तिनापुर में)—१६८०-८१,—की कृपा से, दग्ध पर्वत का पुनर्जीवन—४२१०,—की, कौरव-सभा में, अभ्यर्थना—१६९२,—की चतुर्मूर्ति का रहस्य—२२३९,—की दुर्योधन द्वारा अभ्यर्थना— १६८६,—की द्रुपद को दौत्य-विषयक सम्मति—१४९३-९४,—की धृतराष्ट्र द्वारा अभ्यर्थना—१६७४-७५,—की निर्भीकता—१६९१,—की, पुत्र-प्राप्ति के लिए, तपस्या—४२१०,—की प्रतिज्ञा—७९८,—की, भीष्म द्वारा, स्तुति—३३६३,—की मरणोत्तर-गति—४४७४,—की युधिष्ठिर को राजसूय-विषयक सम्मति—५४४-४५,—की रथ-सञ्चालन-पटुता—१६२३,—की विशेषताएँ—१६७१,—की शिवोपासना–३९७६-७७,—की शिशुपाल द्वारा निन्दा–५९६, ५९७, ५९८, ५९९, ६०४-०५,—की श्रेष्ठता—१६२५,—की सन्धि-यात्रा की तिथि—१६६९, —की सन्धि-यात्रा के समय शुभाशुभ निमित्त–१६७३,—की, अर्जुन द्वारा, स्तुति–७१५-१६, ४३४१,—की, द्रौपदी द्वारा, स्तुति—७१७, १२४२,—की, युधिष्ठिर द्वारा, स्तुति—३३५०,—की स्तुति (धृतराष्ट्र द्वारा)—१६५१, —की स्तुति (भिन्न नामों से—युधिष्ठिर द्वारा)—३३४८,—की स्तुति (भीष्म द्वारा)—३३५२-५६, —की स्त्रियों की मरणोत्तर-गति–४४७४,—की स्त्रियों की संख्या—४४५४, ४४५७,—की, स्वयं निरस्त्र रहकर, पाण्डवों की सहायता करने की प्रतिज्ञा—१४९७,—के असाधारण कार्य—१७४७-४८,—के चार शरीर

—३३५२, —के ज्ञान के साधन—विद्या और भक्ति—१६४८,— के नाम (निरुक्ति सहित) —१६४९-५१, ३८९८,—के पुत्र—३९६३,—के पूर्व -पुरुष—४२२९, –के माहात्म्य—१६४८,—के मुख से निर्गत अग्नि द्वारा पर्वत का दाह—४२१०, –के रथ के घोड़ों के नाम – १६७०,—के विश्वरूप का उत्तङ्क को साक्षात्कार—४३४५,—के साथ, सन्धि-यात्रा में, आनेवाले सैनिकों की संख्या—१६७३,–के साथ, सन्धि-स्थापनार्थ, सात्यकि का गमन–१६७०,–को अर्जुन का, दौत्य-सम्बन्धी, परामर्श—१६६३-६४,—को आग्नेयास्त्र की प्राप्ति–४९४, —को इन्द्र से वर-लाभ—५१०,—को कर्ण का उत्तर—१७६७-६९,—को गदा की प्राप्ति–४९४,—को गान्धारी का शाप—३२६९,—को चक्र की प्राप्ति—४९४,—को जानने का मार्ग—१६४९, –को दुर्वासा का वरदान—४२५५,—को देवताओं से वर-लाभ—१६१३,—को द्रौपदी का उपालम्भ—७१८-२०,—को नकुल का दौत्य-सम्बन्धी परामर्श –१६६५-६६,—को नारद आदि से पुत्र-प्राप्ति का वर-लाभ—४२३१,—को बाँधने के लिए दुर्योधन आदि का षड्यन्त्र–१७४५-४६,—को भीमसेन की दौत्य-सम्बन्धी शान्तियुक्त सलाह–१६५८-५९,—को शाल्व की माया से मोह—७३३-३४,—को शिव-पार्वती से वरलाभ—३९७८,—द्वारा अदिति के कुण्डलों का उद्धार–१६१३,–द्वारा उलूक को दुर्योधन के सन्देश का उत्तर—१८१२-१४,—द्वारा, कौरव-सभा में, दुर्योधन की अनीति का उद्घाटन—१७३९-४०,—द्वारा दुर्योधन आदि की निन्दा—१५४१-४२,—द्वारा दुर्योधन को सन्धि का उपदेश—१७३२-३६,—द्वारा नृग का उद्धार—४०८५-९०–द्वारा परिक्षित् का जीवित किया जाना—४३६४,—द्वारा परिक्षित् का नामकरण—४३६५,—द्वारा पुत्र-विरह से पीड़ित कुन्ती को आश्वासन—१६८५-८६,—द्वारा विविध वंशों के यादवों का संहार—४४५१-५२,—पर उत्तङ्क का क्रोध—४३४३, —से देवताओं का युद्ध—४९७,—से नारद का शिव-पार्वती का संवाद कहना—४२११-३१,—से पराजित असुर और राजा– १६४७,—से पराजित और निहित व्यक्ति—१६१२-१३,—से विरोध करने का अवश्यम्भावी परिणाम—१५२६,—हस्तिनापुर के मार्ग में—१६७२।

श्री तीर्थ—८७३।

श्री पर्वत—'मद्रास प्रान्त के करनूल ज़िले में कृष्णा नदी के किनारे श्रीशैल नाम का एक प्रसिद्ध पर्वत, जिसके ऊपर मल्लिकार्जुन नामक शिव-मन्दिर है; इस मन्दिर में महादेवजी के द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में से एक लिङ्ग विराजमान है'—८८६।

श्रीमान् (१)—क्रोधवश असुर का अंशावतार एक राजा—१४१।

श्रीमान् (२)–दत्तात्रेय के वेटे निमि का पुत्र—४१२३।

*श्रीवत्स्य[1] शब्द की निरुक्ति—३९०८।

श्रीवह—एक साँप –८४।

श्रुतकर्मा (१)—अर्जुन का, द्रौपदी से उत्पन्न, पुत्र—४८५,—और दुर्मुख का युद्ध—२०५३,—का नामान्तर श्रुतकीर्ति –१३१, २०५४, ३२०८,–का वध—३२०८।

श्रुतकर्मा (२)—सहदेव का पुत्र—१९६७, २२२२, —का नामान्तर श्रुतसेन—१३१, ४८५,—का सुदक्षिण से युद्ध—१९६७।

श्रुतकीर्ति – दे० "श्रुतकर्मा (१)"।

श्रुतध्वज—मत्स्य देश का, पाण्डव-पक्ष का, योद्धा—२५५७।

श्रुतर्वा (१)—एक राजर्षि, जिनके पास अगस्त्य ऋषि धन माँगने गये थे—९०६।

श्रुतर्वा (२)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र–३०७७,—का वध—३०७७।

श्रुतश्रवा—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य; सोमश्रवा के पिता—३२, ११०।

श्रुतश्री—एक दानव, जिसे गरुड़ ने मारा था—१७०९।

श्रुतसेन (१)—पाण्डवों का प्रपौत्र; परिक्षित् का पुत्र; जनमेजय का भाई—३१।

श्रुतसेन (२)—तक्षक का छोटा पुत्र—४२।

श्रुतसेन (३)—सहदेव का पुत्र—१३१, ४८५,—का नामान्तर श्रुतकर्मा—१९६७, २२२२।

श्रुतसेन (४)—एक दानव, जिसे गरुड़ ने मारा था—१७०९।

---

(१) नारायण की छाती में महादेवजी का त्रिशूल लगने का चिह्न।

श्रुतानीक—मत्स्यराज विराट के भाई—२५५७ ।

श्रुतान्त—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—३०७६,—का वध—३०७७ ।

श्रुतायु (१)—द्रौपदी-स्वयंवर में उपस्थित एक राजा—४१५,—युधिष्ठिर की सभा में—५१८ ।

श्रुतायु (२)—कलिंग-देश का एक राजा; कौरव-पक्ष का योद्धा; अच्युतायु का भाई—१९८६, १९९५,—और इरावान् का युद्ध—१९६७,—और भीमसेन का युद्ध—१९९२-९५,—का वध—२३६३,—के पुत्र नियतायु का वध—२३६३,—के पुत्र शक्रदेव का वध—१९९३ ।

श्रुतायु (३)—अम्बष्ठाधिपति; कौरव-पक्ष का योद्धा; अर्जुन द्वारा निहत—२३६५ ।

श्रुतायुध—कलिङ्ग देश का राजा; कौरवपक्ष का योद्धा; लोकपाल वरुण का, पर्णाशा नदी से उत्पन्न, पुत्र—५१८, १९०१, २३६०,—का दुर्जयत्व—२३६०,—का श्रीकृष्ण पर चलाई हुई अपनी ही गदा के प्रहार से मरण—२३६०,—की दिव्य गदा—२३६० ।

श्रुतावती—भरद्वाज मुनि की कन्या—३१४२,—का तप—३१४२-४३ ।

श्रुताह्व—पाण्डव-पक्ष का एक क्षत्रिय; अश्वत्थामा द्वारा निहत—२५५१ ।

श्रुति—एक प्राचीन राजा—१६ ।

श्रेणिमान्—कुमार देश का राजा; पाण्डव-पक्ष का अतिरथी योद्धा; कालेय असुर का अंशावतार—१४१, ५७५, १८२८ ।

*श्रेष्ठता का मूल—१६८३ ।

श्वाविल्लोमापह तीर्थ—८७३ ।

श्वासा—प्रजापति की स्त्री; किसी किसी के मतानुसार अनिल नामक वसु की माता—१३७ ।

श्वेत (१)—कार्तिक मास में मांस-भक्षण के त्यागी, स्मरणीय, एक प्राचीन राजा—१६, ४१८१, ४२६२ ।

श्वेत (२)—एक ऋषि—५०, ४२३९ ।

श्वेत (३)—एक पर्वत; 'तिब्बत के पूर्व हिमालय का एक भाग'—५७२, ११७०, १८८३ ।

श्वेत (४)—मत्स्यनरेश विराट के दूसरे पुत्र—१९७२,—और भीष्म का युद्ध—१९७५-७९,—का वध—१९७९ ।

श्वेत (५)—एक द्वीप—३८७९ ।

श्वेतकि—एक धर्मपरायण, याज्ञिक राजा—४८८,—का नामान्तर श्वेतकेतु—४९१,—की शिवाराधना—४८९,—के यज्ञ में निरन्तर बारह वर्ष घी पीने से अग्नि का अजीर्ण रोग से ग्रस्त होना—४९०-९१ ।

श्वेतकेतु (१)—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य; गौतम-वंशी उद्दालक के पुत्र; नामान्तर आरुणि—१०९, २६७,—उत्तर दिशा के निवासी—४२६५,—का आश्रम—९६२,—की बाँधी हुई सामाजिक मर्यादा—२६७-६८ ।

श्वेतकेतु (२)—दे० "श्वेतकि"—४९१ ।

श्वेतगिरि—दे० "श्वेत" (३)—९७८, १०१३ ।

श्वेतभद्र—एक यक्ष—५३२ ।

श्वेतवाहन—अर्जुन का एक नाम—१४३५,—शब्द की निरुक्ति—१४३५ ।

श्वेता—कश्यप की कन्या; माता क्रोधा; पुत्र श्वेत नाम का दिग्गज—१३९ ।

श्वैत्य—एक प्राचीन राजा—१६ ।

ष

षंढ—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—२९५९,—का वध—२९५९ ।

षष्टिह्रद—एक तीर्थ—४००६ ।

षष्ठी देवी—दुर्गा—५३५ ।

*षट्कर्म—३३८३ ।

स

संकुल-युद्ध—२०००-०२, २०४३-४४, २१४१-४४, २२११-१४, २३९८-९९, २५६८-७२, २७३३-३८, २७५८-६०, २७६४-६७, २८६७-७४, २८८९-९०, २९४७-४८, २९४८-५२, ३०५६-५८, ३०६७-७० ।

संकृति—शाल्व देश के राजा द्युमत्सेन की रानी; सत्यवान् की माता—१३०८ ।

संक्रम—विष्णु-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

संग्रह—समुद्र-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३ ।

संग्रामजित्—युधिष्ठिर की सभा का एक राजा—५१८ ।

संज्ञा—अश्व-रूप-धारिणी सूर्य-पत्नी; अश्विनीकुमारों की माता—१२४६, ४२३८ ।

संन्यस्तपाद—एक देश –५४३ ।

*संन्यास—१९५१,—और त्याग में अन्तर-१९५१,—मोक्ष का साधक—४३३३-३४ ।

*संन्यास धर्म—३६०८, ३७०४-०७, ३९३०,—में शूद्र का अनधिकार—३९५५ ।

*संन्यासयोग—१९५१-५४ ।

*संन्यासी—१९२८, –के चार भेद—४२१७,—के धर्म —१८०,—के भेद—१८०-८१ ।

*संन्यासी ब्राह्मणों का इतिहास—३२८९-९१ ।

*संयम—३५५६-५७ ।

संयमनी पुरी—यम की नगरी—१०२७, २३१५ ।

संयाति (१)—राजा नहुष का पुत्र—१४६ ।

संयाति (२)—प्राचीन्वान् का, अश्मकी से उत्पन्न, पुत्र—२०८ ।

संवरण—राजा अजमीढ़ के पौत्र; ऋक्ष के पुत्र; भार्या सूर्य-पुत्री तपती; पुत्र कुरु—२०६,—और तपती का विवाह—३९१,—और तपती की कथा—३८५-९२,—के राज्य में दुर्भिक्ष—३९१ ।

संवर्त (१)—अङ्गिरा ऋषि के पुत्र; भाई बृहस्पति और उतथ्य—१३७, ५२८, २२९२, ४११५, ४२७६,—और मरुत्त का संवाद—४२७९-८०,—का प्रभाव—४२८५,—का वन-गमन—४२७६ ।

संवर्त (२)—एक अग्नि—५२८ ।

संवर्तक (१)—एक साँप—८४ ।

संवर्तक (२)—कालाग्नि—१८८६ ।

संवर्त वापी—एक तीर्थ—८८६ ।

संवृति—एक देवी—५३५ ।

संवृत्त—एक नाग—१७०६ ।

संवेद्य तीर्थ—८८५ ।

संशप्तकगण—ये त्रिगर्त (काँगड़ा प्रदेश) के योद्धा थे, इनका मुखिया राजा सुशर्मा था—१६२८, १९०८, २२०८,—और अर्जुन का युद्ध—२२०७-१०,—का वध—२२३५,–का संहार—२७५१-५२,—से अर्जुन का युद्ध—२८६०-६३ ।

*संशप्तकवधपर्व—२२०४ ।

संश्रुत्य—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७ ।

*संसार –का 'अश्वत्थ'-रूपक—१९४७,—का 'रथ'-रूपक—४२५२,—का 'वन'-रूपक४—३०९,—की अद्वितीय सभा—५३३,—के सङ्कटों से छुटकारा पाने के उपाय—३४६५ ।

*संसारकूप—३२३७-३८ ।

संस्कृति—एक प्राचीन राजा—१६ ।

संस्थान—एक देश—१९८५ ।

संहतापन—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

संहनन—मनस्यु का, सौवीरी रानी से उत्पन्न, पुत्र; शक्त और वाग्मी का भाई—१८६ ।

*संहार का रहस्य—३२४१ ।

संह्लाद—एक दैत्य; हिरण्यकशिपु का पुत्र—१३५, १४० ।

सकृद्ग्रह—दक्षिण का एक जनपद—१८९० ।

सगर—इक्ष्वाकु-वंश के एक प्रतापी राजा; रानियाँ वैदर्भी और शैव्या; पुत्र साठ हज़ार (वैदर्भी से), असमञ्जस (शैव्या से)—९२०-२१,—और अरिष्टनेमि का संवाद—३७८८-९०,—का पुत्र-त्याग—९२२,—के पुत्रों की अपमृत्यु—९२१, के पुत्रों की उत्पत्ति—९२० ।

सङ्कर—एक जाति—१८८९ ।

सङ्कर्षण—बलराम—४१५, ३३५२ ।

*सज्जन–की प्रशंसा—१३१६-१८,—के साधारण लक्षण—११३८ ।

सञ्जय (१)—(सूत) गवल्गण का पुत्र; धृतराष्ट्र का मंत्री—१३०,—और दुर्योधन की बातचीत—१६२९-३०,—और धृतराष्ट्र का संवाद—६८४-८५, ७९५-९६,—का दुर्योधन को अर्जुन का सन्देश सुनाना १६०७-१६,—का धृतराष्ट्र को अर्जुन का सन्देश सुनाना—१६४५,–का धृतराष्ट्र को उपदेश–१६२४-२५,–का धृतराष्ट्र को पाण्डव-सेना का वृत्तान्त सुनाना–१६३१-३३,—का धृतराष्ट्र को श्रीकृष्ण का सन्देश सुनाना—१६३६,—का धृतराष्ट्र को श्रीकृष्ण-माहात्म्य सुनाना—१६४७-४८,—का पकड़ा जाना–३०७६,—का पाण्डवों से सन्धि के लिए कहना—१५३०-३१,—का, महाभारत का वृत्तान्त सुनाने से पहले, धृतराष्ट्र को सावधान करना—१८०२,—का युधिष्ठिर से कुशल-प्रश्न—१५२७,—का युधिष्ठिर से धृतराष्ट्र के शोक का उल्लेख करना—१५२९,—का वानप्रस्थ–४४२०,–का, व्यासजी द्वारा, छुटकारा—३०८५,—का हस्तिनापुर लौटना—

१५४८-४९,—की, अन्तःपुर में, श्रीकृष्ण-अर्जुन से भेंट —१६३५,—की अलौकिक शक्ति—१९००,–की दिव्य दृष्टि का लोप—३११५,—कृत धृतराष्ट्र की आलोचना —१५५०-५१,—के दौत्य की विशेषता—१५४३-४४, —के प्रति श्रीकृष्ण के वचन—१५३८-४३,—को दिव्य दृष्टि मिलना—१८३४,—द्वारा धृतराष्ट्र की सान्त्वना —३२३०-३१,—से युधिष्ठिर का कुशल-प्रश्न—१५२८,—से युधिष्ठिर का नीति-धर्म-सङ्गत वक्तव्य—१५३१-३४, १५३६-३८।

सञ्जय (२)—सौवीर देश का एक राजकुमार—१२४६ ।

सञ्जय (३)–विदुला का पुत्र—१७५५,—और विदुला का संवाद—१७५३-६१,—और विदुला के उपाख्यान की फल-श्रुति—१७६१,—का भीरुता-व्यञ्जक कथन—१७५५-५८,—को, माता की शिक्षा से, स्फूर्ति-सञ्चार—१७६१ ।

सञ्जयन्ती—'बम्बई प्रान्त के थाना ज़िले का सञ्जय नामक एक प्राचीन ग्राम; इसे शाहपुर भी कहते हैं'—५८० ।

सञ्जीवन मणि—नागलोक का मणि-विशेष, जिसके प्रभाव से मृत सर्प पुनर्जीवित हो जाते थे। बभ्रुवाहन से युद्ध करते समय अर्जुन के धराशायी होने पर उलूपी ने इस मणि का स्मरण किया था तथा इसी से अर्जुन सचेत हुए थे–४३७८, ४३७९ ।

सण्ड—'टिपरा और अराकान'—१८९० ।

*सती की प्रथा—४४५६, ४४५८ ।

* सत्त्वगुण—१९४६ ।

सत्य (१)–एक ऋषि—५१७।

सत्य (२)—निश्च्यवन नामक अग्नि का पुत्र—११५९।

सत्य (३)—श्रीकृष्ण का एक नाम—३९०५,–शब्द की निरुक्ति--१६५०, ३९०५ ।

सत्य (४)—विदर्भ देश का एक उञ्छवृत्तिधारी ब्राह्मण; पत्नी पुष्करधारिणी ३७५०,—का अहिंसात्मक यज्ञ—३७५१ ।

सत्य (५)—भृगुवंशी वितत्य का पुत्र—४०१८ ।

*सत्य—और असत्य का तत्त्व—२९०७,—और दान—१०६१,—का गुरुत्व—३९९९,—का महत्त्व—२०३, ८२३, १५५५, ३६२१, ४०९४,—की प्रशंसा—३५५८-५९,—स्वर्ग है—३६०५ ।

सत्यक—एक यादव; सात्यकि का पिता—१३१, ४७८ ।

सत्यकर्मा—त्रिगर्त-नरेश सुशर्मा का भाई—३०७९,—का वध—३०८० ।

सत्यजित्—पाञ्चाल-नरेश द्रुपद का पुत्र; पाण्डव-पक्ष का एक महारथी योद्धा—३१४, १६३१,—का द्रोणाचार्य द्वारा वध—२२१५।

सत्यदेव—कलिङ्गराज का चक्ररक्षक; भीमसेन द्वारा निहत—१९९५ ।

सत्यधर्मा—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—१७६८ ।

सत्यधृति (१)—द्रौपदी-स्वयंवर में उपस्थित एक राजा—४१५ ।

सत्यधृति (२)—पाण्डव-पक्ष का एक महारथी योद्धा —१८२८, १८७०, २०८६ ।

सत्यपाल—युधिष्ठिर की सभा के एक ऋषि—५१७ ।

सत्यभामा—श्रीकृष्ण की एक रानी; सत्राजित् नामक यादव की पुत्री—१०६६, ४४५१,—और द्रौपदी का मिलन—१०६६, —और द्रौपदी का संवाद--११८८-९४,—का तपश्चरणार्थ वन-गमन—४४५८,—को द्रौपदी का उपदेश—११९२-९३ ।

सत्ययुग—पहला युग—९९७, १०९४-९५,—का परिमाण—१०८२,—के पवित्र तीर्थ—८८९ ।

सत्यवती (१)—दाशराज की कन्या; महर्षि व्यास की माता; महाराज शान्तनु की द्वितीया भार्या; चित्राङ्गद और विचित्रवीर्य की माता—५, १८३१, ३९२२,--का शरीर-त्याग—२८२,—की उत्पत्ति—१२८ ।

सत्यवती (२)–गाधि की कन्या; ऋचीक की पत्नी; जमदग्नि की माता—९३७, १७२४, १७२६, ३३५८, ३९४५ ।

सत्यवती (३)—सृञ्जय की पुत्री; नारद की पत्नी—१७२४ ।

सत्यवाक्—दक्षकन्या मुनि का पुत्र एक देवगन्धर्व–१३६।

*सत्यवादी का नरक जाना—२९०९ ।

सत्यवान् (१)—शाल्वनरेश द्युमत्सेन के, रानी सकृति में उत्पन्न, पुत्र; सावित्री का पति–१३०८, १७२४,—और द्युमत्सेन का संवाद—२७३७-३९,—और सावित्री का संवाद—१३१८-१९, १३२०, १३२१,—और सावित्री का वन से आश्रम को लौटना--१३२०-२१,–और सावित्री का विवाह—१३१०-११,—का दोष—१३०९,

—का पुनर्जीवन—१३१८,—का प्राण-नाश—१३१५, —का यौवराज्य—१३२४,—का वन में, अस्वस्थ होकर, लेट जाना—१३१४,—की खोज में द्युमत्सेन की व्याकुलता—१३२१,—की मातृ-पितृ-भक्ति–१३१६-२०,—के गुण—१३०८-०६,—के साथ सावित्री का वन-गमन —१३१३,—शब्द की निरुक्ति—१३०८।

सत्यवान् (२)—कौरव-पक्ष का एक सेनापति—१८२२, ४०३६।

सत्यव्रत (१)—एक प्राचीन राजा—१६।

सत्यव्रत (२)—कौरव-पक्ष का एक राजा—६३२, १६३३।

सत्यश्रवा—कौरव-पक्ष का एक योद्धा—१८२२, २२६६।

सत्यसन्ध (१)—राजा धृतराष्ट्र का एक पुत्र—१४२।

सत्यसन्ध (२)—मित्र-दत्त कुमार कार्त्तिकेय का अनुचर—३१३३।

सत्यसेन (१)—त्रिगर्तराज सुशर्मा का भाई—२७७४, —का वध—२७७४।

सत्यसेन (२)—कर्ण का पुत्र; भीमसेन द्वारा निहत—२८४२-४३, ३०३३।

सत्या—धर्म की पुत्री; बृहस्पति के ज्येष्ठ पुत्र शंयु (अग्नि) की भार्या; पुत्र भरद्वाज की माता—११५६।

*सत्यासत्य-विवेक—३४६३-६४।

सत्येयु—पूरुवंशी एक राजा—१८६।

सत्येषु—त्रिगर्तनरेश सुशर्मा का भाई; अर्जुन द्वारा निहत —३०८०।

सत्राजित्—एक यादव; सत्यभामा का पिता; श्रीकृष्ण का श्वशुर—११८८, ४४५१।

* सत्सङ्ग—१५०६।

* सदसद्-विवेक—१६५३।

सदश्व—यम की सभा का एक राजा—५२६।

सदस्योर्मि—यम की सभा का एक राजा—५२६।

सदाकान्ता—एक नदी—१८८६।

* सदाचार—३६१०-११, ४१५४, ४२६१,—की महत्ता —४१६०।

* सदा दुखी—१५५८।

सदानीरा—'सरयू की सहायक राप्ती नाम की नदी' —५५६, १८८८।

* सदा सुखी – १५५८।

* सद्गति के साधन—१०६१।

सनत्कुमार—ब्रह्मलोक-निवासी महातपस्वी योगाचार्य एक ऋषि—१४६, १०७५, ३६१८।

सनत्सुजात –एक ऋषि—१५६०,—का धृतराष्ट्र को उपदेश – १५६१-१६०५।

* सनत्सुजातपर्व—१५६०।

सनातन (१)—युधिष्ठिर की सभा के एक ऋषि - ५१७।

सनातन (२)—भगवान् का नाम—३६४०, ३६१०, —शब्द की निरुक्ति—३६४०।

सनातन (३)—एक तीर्थ—४००६।

*सनातन ब्रह्म का वर्णन—३८२५-२६।

सनीप—दक्षिण का एक जनपद—१८६०।

सन्त—ब्रह्मर्षि वीतहव्य-वंशी सत्य का पुत्र—४०१८।

* सन्तोष—की महिमा—३३१३,—ही परम सुख है— ११५५।

सन्धि—३४६६-३५००,—आपत्तियों में, ३५०७-१६,— कब असम्भव है—३५२०-२१,—करने का समय और प्रकार—४४१०,—प्रधान राजधर्म है—३४६०,— में बुद्धिमत्ता—३५१५-१६।

सन्ध्या (१)—'आधुनिक सिन्ध नदी, जो यमुना की सहायक है'—५३१।

सन्ध्या (२)—पुलस्त्य की पत्नी—१७२४।

सन्नतेयु—पूरुवंशी एक राजा—१८६।

सन्निहती तीर्थ—८७८।

सन्निहित—मनु अग्नि के पुत्र—११६२।

सप्तकृत्—एक विश्वेदेवा—४१२४।

सप्तगङ्ग—एक तीर्थ—८८०, ४००५।

सप्तगोदावरी तीर्थ—'मद्रास प्रान्त के गोदावरी ज़िले में राजमहेन्द्री के समीप एक पवित्र स्थान'—८८७।

सप्तचरु—दे० "वडवातीर्थ"—८६६।

सप्तराव—एक गरुड़—१७०४।

सप्तर्षि कुण्ड—एक तीर्थ—८७४।

*सप्तर्षियों—का तालाब से मृणाल उखाड़कर किनारे रखना—४१३२,—का पत्नी-परित्याग—११७१-७२,—का यातुधानी के प्रश्न का उत्तर देना—४१३०-३१,—का स्वर्ग-गमन—४१३४,—की नामावली—४१२६, ४१२६,—की संन्यासी-रूपी इन्द्र से भेट—४१२६-३०,

—से संन्यासी रूपी-इन्द्र का स्वर्ग चलने को कहना—४१३४।

सप्तसारस्वत तीर्थ—कुरुक्षेत्र का एक तीर्थ—८७५, ३११५।

सभापति—एक राजकुमार; कौरव-पक्ष का योद्धा–२९८०, —का वध—२९८०।

*सभापर्व की अध्याय-श्लोक-संख्या—२३।

सम—नन्दिवेग-वंशी कुलघातक एक राजा—१६५९।

समङ्ग (१)—एक गोप; दुर्योधन का अनुचर—१२००।

समङ्ग (२)—दक्षिण का एक जनपद—१८९०।

समङ्ग (३)—एक ऋषि—३७८४।

समङ्गा—एक नदी—९७०।

समन्तपञ्चक—दे० "कुरुक्षेत्र"—२, १८७०, ३११४, ३१५३; —का वर्णन—१८-१९।

समन्तर—एक जनपद—१८९०।

*समय की अपेक्षा–३३११।

समरथ—पाण्डव-पक्ष का एक योद्धा—२५५७।

समवेगवश—एक जनपद—१८९०।

समसौरभ—एक ऋषि; जनमेजय के सर्पयज्ञ के सदस्य—११०।

*समाधि और धारणा—३८०९।

*समाधिस्थ—१९२०।

*समान वायु—११४८।

समितिञ्जय—एक महारथी यादव—५४४।

समीक—एक महारथी यादव—४१५, ५४४।

समीची—वर्गा नाम की अप्सरा की एक सखी–४७४।

*समुद्र—का भरा जाना—९२६,—का मन्थन–५९-६१, —का सोखा (जाना अगस्त्य)—द्वारा ९१८।

समुद्रसेन—वंग देश का राजा; कालेय असुर का अंशावतार—१४१,—द्रौपदी-स्वयंवर में उपस्थित—४१५,—राजसूय-दिग्विजय में भीमसेन द्वारा विजित—५७६।

समूह—एक विश्वेदेवा—४१२४।

समृद्ध—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६।

*सम्पत्ति—दैवी और आसुरी—१९४८।

सम्पाति—अरुण का, 'श्येनी' से उत्पन्न, पुत्र; गिद्धों का राजा; जटायु का भाई—१३९, ९९६, १२७४,—से हनुमान् आदि की बात-चीत—१२८५-८६।

सम्भल ग्राम—'मुरादाबाद के समीप एक ग्राम'; विष्णु के भावी कल्की अवतार का स्थान—१०९४।

*सम्राट् शब्द की व्युत्पत्ति—५३९।

सयन—विश्वामित्र का एक पुत्र—३९४७।

सरक तीर्थ—एक तीर्थ—८७४।

सरमा—देवताओं की कुतिया—३१,—स्कन्द का एक ग्रह—११८०।

सरयू—गङ्गा की एक सहायक नदी, 'घाघरा'—३८१, ५३१, ५५६, १८८९, ४२४७,—की उत्पत्ति—४२४७।

सरस्वती (१)—मतिनार की पत्नी; तंसु की माता–२०८।

सरस्वती (२)—आर्यावर्त की एक पवित्र नदी; 'इसका उद्‌गम हिमालय पर्वत-श्रेणी का शिवालिक पहाड़ है; प्राचीन काल में यह नदी मारवाड़ प्रदेश में बहती हुई कच्छ की खाड़ी में गिरती थी'—२२७, १८००, १८८९, ३११३,—का मरुदेश-गमन–४२४६,–की सात शाखाओं के नाम—३११५।

सरस्वती (३)—एक देवी; ब्रह्मा की पत्नी–१२४६, १७२४,—और तार्क्ष्य का संवाद—१०७५-७७।

सरस्वती (४)—मनु की पत्नी–१७२४।

सरस्वती (५)—एक नगरी, जहाँ अर्जुन ने सात्यकि के पुत्र को ठहराया था—४४५८।

सरस्वती-सागर-संगम—एक तीर्थ—३१०८।

सरिद्द्वीप—एक गरुड़—१७०४।

सर्पदेवी—एक तीर्थ—८७१।

*सर्पयज्ञ–एक यज्ञ जिसे सर्पों के विनाश के लिए, राजा जनमेजय ने किया था—१०८,—की, आस्तीक द्वारा, प्रशंसा—११२-१३,—की समाप्ति—११७,—के ऋत्विज और सदस्य—१०९-१०,—के समीप तक्षक—११४, ११६-१७,—में जले हुए नाग—११५-१६,—में महाभारत-पाठ का आरम्भ—१२०,—में वेदव्यास की अभ्यर्थना—११९-२०।

सर्पान्त—एक गरुड़—१७०४।

सर्पिमाली—युधिष्ठिर की सभा के एक ऋषि—५१७।

*सर्पों को कद्रू का शाप–६४।

सर्व—श्रीकृष्ण का एक नाम—१६५०,–शब्द की निरुक्ति—१६५०।

सर्वग—भीमसेन का, काशिराज-पुत्री बलन्धरा में उत्पन्न, पुत्र—२१२।

सर्वगङ्गा—एक नदी—१८८६ ।

सर्वदमन—दुष्यन्त का, शकुन्तला से उत्पन्न, पुत्र; यही आगे चलकर भरत नाम से विख्यात राजा हुआ—१६७, २३०६ ।

सर्वदेव तीर्थ—८७४, ८७७ ।

सर्वदेवह्रद—एक तीर्थ—८८७ ।

सर्वपापमोचन कूप—एक तीर्थ—८८४ ।

*सर्वश्रेष्ठ वयोवृद्ध—१११४-१५ ।

*सर्वश्रेष्ठ शारीरिक तीर्थ—४१६८-६६ ।

सर्वसारङ्ग—जनमेजय के सर्पयज्ञ में जला एक साँप—११६ ।

सर्वसेन—काशिराज; दुष्यन्त-पुत्र भरत का श्वशुर—२०६ ।

सलिलराज—सिन्धु-सागर-सङ्गम—८६८ ।

सलिलह्रद—एक तीर्थ—४००५ ।

सवन—भृगु के पुत्र—४११५ ।

सविता (१)—एक देवता (दिव के पुत्र)—३, १७१४ ।

चातुर्मास्य—चार महीने में समाप्त होनेवाला एक यज्ञ—२३०३, ३१४७।

द्वादशाह (यज्ञ)—वह यज्ञ जो बारह दिनों में सम्पन्न हो—३१४७।

दर्श-पौर्णमास—अमावास्या और पूर्णिमा को किये जानेवाले यज्ञ—२३०३, ३१४७।

नरमेध – एक यज्ञ जिसमें नर-मांस की आहुति दी जाती है—३१४७, ३७३८।

राजसूय यज्ञ—एक प्रकार का यज्ञ जिसे चक्रवर्ती राजा ही कर सकते हैं—३१४७।

पुण्डरीक—एक प्रकार का यज्ञ—३१४७।

वाजपेय यज्ञ—वेदोक्त सात यज्ञों में पाँचवाँ—२३०६, ३१४७।

विश्वजित्—एक प्रकार का यज्ञ जिसकी दक्षिणा में सर्वस्व दान कर देने का विधान है—२३०६।

सर्वमेध यज्ञ—एक प्रकार का सोम-याग जो दस दिनों तक होता था—३१८७।

साद्यस्क यज्ञ—एक प्रकार का यज्ञ—९६७।

सारस्वत—यज्ञ-विशेष—९५९।

सोम—सोमयाग—११६५।

सौत्रामणि यज्ञ—एक प्रकार का यज्ञ—३१४७।

(६) रथ के अङ्ग

अक्ष—रथ का धुरा—२२६५, २७०५।

अक्षकीलक—धुरे की कील—२७०५।

अक्षप्रमण्डल—रथ का अङ्ग-विशेष—२७४३।

अनुकर्ष—रथ आदि का धुरे पर रहनेवाला ढाँचा—२०९६, २२५९।

अभीषु—लगाम—२२५५।

अवनाह—त्रिवेणु और युग के बाँधने की रस्सी—२७०५।

आस्तरण—बिछौना—१९९५।

ईषा—गाड़ी या रथ आदि में वह लम्बी लकड़ी जिसके सिरे पर जुआ बाँधकर बैल को जोड़ते हैं—१२०५।

ईषादण्ड—दे० "ईषा"—२२६९।

ईषामुख—ईषा का अग्रभाग—२४८१।

कूबर—रथ का वह भाग जहाँ पर जूआ बाँधा जाता है—२७४३।

चक्र—रथ का पहिया—२२५९।

त्रिवेणु—रथ के अग्रभाग का एक अङ्ग—१२०५, २२५९, २७४३।

पताका—झण्डा—१७९४, १९८४।

युग—जुआ—१२०५, २२५९, २५२३, २७०५, २७९५।

युगकीलक—जुए की कील—२७९६।

योक्त्रा—युग (जुए) से संलग्न वह रस्सी जिससे खींचनेवाला पशु जुड़ा रहता है—२७९५।

योक्त्र—दे० "योक्त्रा"—२७९६।

रथ-शक्ति—रथ की पताका का दण्ड—३०४९।

(७) व्यूह

अर्द्धचन्द्र—सेना का अर्धचन्द्राकार व्यूह—२००० ।

क्रौञ्चव्यूह—एक प्रकार का व्यूह—१६८४, २१७७ ।

गरुड़व्यूह—एक प्रकार का व्यूह—१६६६ ।

चक्रव्यूह—पहिए के आकार का एक व्यूह—१४३, २२५२ ।

मकर व्यूह—एक प्रकार का व्यूह जिसमें सैनिक मकर के आकार में खड़े हों—२०३२, २७३१ ।

मण्डल-व्यूह—एक प्रकार का व्यूह—२०५७ ।

मण्डलार्द्ध व्यूह—एक प्रकार का व्यूह—२२११ ।

वज्रव्यूह—ऐसा व्यूह जिसमें सैनिक दुधारे खड्ग के आकार में स्थित होते थे—१६०५, २०५७ ।

शकट-व्यूह—शकट के आकार का, सेना का, एक व्यूह—२१७७, २३४७ ।

श्येन व्यूह—एक प्रकार का व्यूह जिसका पक्ष विस्तृत, गला और पूँछ मध्यम तथा मुख श्येन पक्षी के समान होता था—२०३२ ।

सर्वतोभद्र - एक प्रकार का व्यूह—१८७९, २१०१ ।

सुपर्ण व्यूह—एक प्रकार का व्यूह—२२११ ।

सूचीमुख व्यूह—एक प्रकार का व्यूह—१६०५, २०४६ ।

---

(८) अस्त्र-शस्त्र आदि

अंकुश—'दोमुँहा भाला जो विशेषकर हाथी को हाँकने के काम में आता है'—४५७, ७२३, १६९४, २००१ ।

अंगुलित्राण—'बाण आदि चलाने में उँगलियों की रक्षा के लिए एक प्रकार का अंगुश्ताना'—२११५ ।

अञ्जलिक—एक प्रकार का बाण—२०१८, २१२५, २५४६ ।

अन्तर्धान अस्त्र—वह अस्त्र जिसका प्रयोग करनेवाले व्यक्ति को कोई देख न सके—३०९ ।

अन्तर्भेदी—एक प्रकार का बाण—७२७ ।

अयःकणप—एक यन्त्र जिससे लोहे की गोलियाँ चलाई जाती थीं—४६७ ।

अयोगुड़—लोहे की गोली—२२४१, २९१९ ।

अर्धचन्द्र—बाण-विशेष जिसका अगला भाग अर्धचन्द्राकार होता था—१२५९ ।

अशनि—बाण-विशेष—२९१८ ।

अश्मगदा—२५४६ ।

असि—'लम्बी तलवार; जिस समय तलवार (असि और निस्त्रिंश) से काम नहीं लिया जाता था उस समय वह कोश में रखी हुई मेखला से लटकती रहती थी'—१९६२ ।

अस्थितन्धि—अस्त्र-विशेष—२२४१ ।

आग्नेय अस्त्र—एक दिव्य अस्त्र, जिसे चलाने से आग फैलती थी—२६०, ३०९, ४६४, १८४७, २१९१ ।

आथर्वण अस्त्र—कर्ण को परशुराम से प्राप्त (सम्भवतः मन्त्रयुक्त) अस्त्र—२६८२ ।

इन्द्रास्त्र—'सम्भवतः वज्र'—१०४१ ।

इषीकास्त्र—'सरकण्डे का बना हुआ बाण-विशेष'—१२८९ ।

इषु—'नीला, तीन हाथ लम्बा, एक अञ्जलि परिधिवाला तथा बहुत दूर मार करनेवाला बाण; यह भ्रामण और क्षेपण दो गतियों से चलाया जाता था'—२११५ ।

ऋष्टि—'एक प्रकार का लोहे का बहुत हलका बरछा जिसे फेंककर शत्रु पर घाव किया जाता था'—९२२, १०४५, १२६६, १७६०, १७६४, १६०१, ३४४९ ।

एकघातिनी शक्ति—कर्ण को इन्द्र से प्राप्त शक्ति; 'एक प्रकार की साँग जिससे एक ही शत्रु मारा जा सकता था'—१४४, २४८ ।

ऐन्द्र—दे० "इन्द्रास्त्र"—१४९८, १४९६, २१९१ ।

कचग्रहक्षेप—एक प्रकार का शस्त्र जिससे शत्रु के बाल पकड़कर उसे पटक देते थे—१७६४ ।

कणप—बाण-विशेष; 'लोहे का एक हलका बर्छा जो धनुष अथवा हाथ से फेंका जाता था'—२००१, २४०१।

कपिश—एक प्रकार का निषिद्ध बाण, जो गाय अथवा हाथी की हड्डी से बनाया जाता था—२६५०।

कम्पन—अस्त्र-विशेष—२००१, २२४१।

करवाल—तलवार—१०३९, १५२०।

कर्णाकार—बाण-विशेष—१५६५।

कर्णिक—बाण-विशेष—१३४३।

कर्णी—बाण-विशेष - ७९४, १४५३, १७६९।

कशा—चाबुक—२३५२।

कुठार—परशु—१४१८।

कुणप—'फेंककर चलाया जानेवाला लोहे का एक हलका बर्छा'—२५२३।

कुन्त[1]—'फेंककर चलाया जानेवाला लोहे का एक हलका बर्छा'—२५२३।

कौबेर—एक दिव्य अस्त्र—१४६९, १८२६।

क्षुद्रक—बाण-विशेष—२०५१।

क्षुर—बाण-विशेष—१२९५, २०१८।

क्षुरप्र—बाण-विशेष जिसकी धार तेज़ छुरे के समान हो—३१६, १२०४, २०१८।

क्षेपणी—शस्त्र-विशेष जो फेंककर मारा जाता था—२०४५।

गदा—'यह लोहे की चार हाथ लम्बी होती थी; इसका सिरा भारी होता था जिस पर कहीं कहीं सौ शूलों का होना कहा गया है'—६२, ४२७, १७६९, १८१९।

गान्धर्व अस्त्र—१०४१।

गुह्यकास्त्र—एक दिव्य अस्त्र - १८४७।

गोशीर्ष—'लगभग दो फ़ुट लम्बा, तिकोना, बीच में चौड़ा एक प्रकार का बरछा जिसके नीचे लकड़ी का सुन्दर बेंट होता है'—२६१६।

चक्राश्म—लकड़ी का बना हुआ यन्त्र जिससे बड़े-बड़े पत्थर के टुकड़े बहुत दूर तक चलाये जाते थे—४९७।

चटकामुख—बाण-विशेष—२८४७।

चर्म—२७९५।

जिह्मग—किसी एक को लक्ष्य बनाकर दूसरे पर चलाया जानेवाला, एक प्रकार का, निषिद्ध बाण—६५०।

तलत्र—चमड़े का दस्ताना—४७४२।

तलत्राण—दे० "तलत्र"—२११५।

तलवार—दे० "असि"—६२, १७९४।

तूणीर—तरकश—२२५९, ३०४४।

तोमर—'एक प्राचीन अस्त्र जो सीधा और तीन हाथ लम्बा होता था; इसमें काठ का बेंट और गुच्छे के ऐसा लोहे का सिर होता था'—६२, ७२३, १००५, १७६९, १७९०, १७९४, १८९०, १९०१, ३४४७।

त्रिशूल—तीन फलोंवाला एक प्रकार का भाला—७७, १०२१।

त्वाष्ट्र—एक अस्त्र—२२०९, २४०१, २५५४।

धनुष—'बाण चलाने का यन्त्र (कमान) जो प्रायः मनुष्य के बराबर लम्बा होता था; इसके एक सिरे पर नस की अथवा मूर्वा घास की बनी डोरी (ज्या) बँधी होती थी; बाण चलाने के लिए धनुष को झुकाकर दूसरे सिरे पर ज्या चढ़ाई जाती थी; बाण ज्या पर रखकर उसके साथ ज़ोर से खींचकर छोड़ा जाता था; धनुष धन्वन् की लकड़ी का बना होता था; सींग (शृङ्ग) के बने धनुष को शार्ङ्ग (विष्णु का धनुष सींग का ही था), ताल के बने को कार्मुक और बाँस के बने को चाप कहते थे; पीछे से धनुष सबका बोधक माना जाने लगा; युद्ध-विद्या में प्राचीन काल में धनुष का इतना महत्त्व था कि सारी युद्ध-विद्या धनुर्वेद के नाम से प्रसिद्ध हो गई'—१०३९।

नखर—एक प्रकार का अस्त्र—२२४१, २७५९, ३४४९।

नाराच—'पाँच पुङ्खोंवाला बाण जो सब का सब लोहे का होता था'—३१६, ७९४, १०४५, १२५६, १७६९, १७९०।

नालीक—'एक प्रकार का छोटा बाण, जो नली में रखकर चलाया जाता था; नीति-प्रकाशिका के अनुसार यह एक प्रकार की बंदूक़ है जिससे द्रोणिचाप फेंके जाते थे; इसके चलाने में ध्मापन की आवश्यकता होती थी'—१७६९।

---

(१) कुंत, ऋष्टि, पट्टिश, कणप और कुणप में वास्तविक भेद क्या था, नहीं कहा जा सकता।

निर्व्यूह—शस्त्र-विशेष—२३५२।

निषङ्ग—पैदल योद्धाओं की कमर में रहनेवाला छोटा तरकस—१७६४।

निस्त्रिंश—'छोटी तलवार'—१०२१, १६६६, २००१।

नैर्ऋतास्त्र—एक दिव्य अस्त्र—१०३६।

पट्टिश—'एक प्रकार का बड़ा बरछा जिसका उल्लेख बड़े बड़े योधाओं के ही साथ हुआ है; पिछले नीति-ग्रन्थों में यह किरिच की तरह तीक्ष्ण, पतला और दुधारा आयुध बतलाया गया है'—६२, ७३२, १००५, १७६४, १७६५।

परशु—'एक प्रकार की कुल्हाड़ी जिसका फल आगे की ओर चौड़ा अर्द्धचन्द्राकार, धार चमकती हुई, बेंट लाठी की तरह पतला, बाँह के बराबर लम्बा और पीछे के भारी सिरे की ओर लगा होता है [नी० शि० २, १६; ५, ६-१०; अ० पु० १५१, १३]'—७३२, १०२१, १०३६, ३४४७।

परश्वध—'परशु के आकार का, उससे थोड़ा सा भिन्न, एक आयुध'—४२७, ६२२, १३००, १५१६, १७६०, १६६६।

परिघ—'एक प्रकार की गदा'—१७६६, १६०१, १६६६, २००२।

पर्जन्यास्त्र—'सम्भवतः वर्षा कर देनेवाला अस्त्र'—३०६।

पर्वतास्त्र—एक प्रकार का अस्त्र जिसका प्रयोग करने से युद्धभूमि में पहाड़ प्रकट होते थे; यह वायव्यास्त्र का प्रभाव (आँधी) दूर करने के लिए प्रयुक्त होता था—१०४१, २१०८ (३००८)।

पार्वतास्त्र—दे० "पर्वतास्त्र"—३०६।

पाश—'यह लोहे का, पतला, सीसे की गोलियों से सजाया हुआ और त्रिकोण होता था; इसका फन्दा नीति-प्रकाशिका के अनुसार एक बित्ता और अग्निपुराण के अनुसार एक हाथ परिधि का होता था; पिछले ग्रन्थ के अनुसार इसकी लम्बाई दस हाथ होती थी; इसके प्रयोग करने में फैलाना, लपेटना और काटना ये तीन क्रियाएँ होती थीं; यह आयुध क्षुद्र समझा जाता था'—७३२, ७८२, १७६४।

पाशुपत अस्त्र—'एक प्रकार का मंत्र-युक्त अस्त्र जो शिवजी का माना जाता है'—२७२, ७७८, १४६६, १८२६, २१६१।

पूति—'कुन्द धारवाला बाण जिसका प्रयोग निषिद्ध माना गया है'—२६५०।

पृषत्क—एक प्रकार का बाण—२७७४।

प्रज्ञास्त्र—मायानाशक एक अस्त्र—७३२, १२६७।

प्रस्वाप (अस्त्र)—वह अस्त्र जिसके प्रयोग से शत्रुपक्ष के सैनिक सो जायँ—१८५१।

प्रस्वापन (अस्त्र)—दे० "प्रस्वाप (अस्त्र)"—७८३।

प्राजापत्य—प्रजापति का दिव्य अस्त्र—१४६६।

प्रास—'एक प्रकार का बरछा, जो सात हाथ लम्बी बाँस की छड़ के ऊपर लगा रहता था'—६२, १६६२, १७६४, १८६६, २०८०, ३४४६।

फरसा—दे० "परशु"—७७।

बस्तिक—एक प्रकार का निषिद्ध बाण, जिसका अग्रभाग शिथिल रूप से दण्ड में लगा रहता है; निकालते समय लोहे की गाँसी बस्ति में रह जाती है; केवल दण्ड बाहर रह जाता है—२६५०।

बेलन—६२।

ब्रह्मशिर—एक दिव्य अस्त्र—३२२२।

ब्रह्मशिरा—महादेवजी का पाशुपत अस्त्र—७७६।

ब्रह्मास्त्र—एक दिव्य अस्त्र—१०३३, १६३६, १८५२।

ब्राह्म—एक दिव्य अस्त्र—७७०, २१६१।

भल्ल—एक प्रकार का बाण—१६, १०२१, १२०४, १८४६।

भार्गवास्त्र—सम्भवतः परशु—२६७७।

भिन्दिपाल—छोटा डण्डा जो फेंककर मारा जाता था। 'एक हाथ लम्बे, एक हाथ मोटे झुके सिर का टेढ़ा-मेढ़ा डण्डा; वेग देने के लिए यह तीन बार घुमाकर शत्रु की टाँगों पर मारा जाता था; फेंकते समय बायाँ पैर आगे रखना पड़ता था'—१५१६, १७६४।

भौमास्त्र—३०६।

महाशूल—बड़ा शूल—१०३६।

माहेन्द्र—'सम्भवतः वज्र'—१८२६।

मुद्गर—'हथौड़े के समान एक आयुध जो हाथ अथवा यन्त्र के द्वारा फेंका जाता था'—१०४४, १२६०, १७६४।

मुशल—मूसल; 'बँधे हुए सिरों का भारी डंडा'—७१६, १६६८।

यष्टि—'भारी डंडा'—२०६६।

याम्य (अस्त्र)—१४६९, १८२६, २१५४।

लगुड़—'दो हाथ लम्बा दाँत के आकार का डण्डा जिसका सिर बहुत चौड़ा होता था और आगे का भाग लोहे से जड़ा होता था'—२२२९।

लोहदण्ड—लोहे का डण्डा—१४१८।

वत्सदन्त—बछड़े के दाँत के समान एक प्रकार का बाण—१०२१, १२०४, १७६९।

वराहकर्ण—एक प्रकार का बाण—२५८०।

वरूथ—'शत्रु की मार से रथ को बचाने के लिए एक प्रकार का आवरण'—१७९४, २२६७।

वायव्य अस्त्र—'एक प्रकार का सोपसंहार अस्त्र'—३०६, १०३३, १४६९, २१०८।

वारुण अस्त्र—३०६ १०३३, १४६९, १८२६, १८४७, २१६१।

वारुण पाश—वरुण का पाश नामक अस्त्र— ६५८।

विकर्ण—एक प्रकार का बाण—२५८०।

विपाठ—बाण-विशेष—३१६, १२५६, २२६५।

शक्ति—'एक प्रकार का शस्त्र; साँग; दो हाथ लम्बा भयङ्कर संहारकारी बरछा जो दोनों हाथों से तिरछी (तिर्यक्) गति से फेंका जाता था; इसके फेंकने में छः गतियाँ होती थीं—उठाना (तोलन), घुमाना (भ्रामण), पैंतरा बदलना (वल्गन), झुकाना (नामन), फेंकना (मोचन) और घाव करना (भेदन); सम्भवतः इसकी नोक मुट्ठी की तरह तीक्ष्ण चौड़ी होती थी [नीति-प्रकाशिका १, १७ और ४, ३२-३५]; महाभारत के अनुसार यह लोहे का बना, सोने से मढ़ा और घण्टियों से सजा होता था; इसके मुख पर तेल लगाया जाता था जिससे यह आसानी से शत्रु के शरीर में दूर तक घुस जाय'—६२, १४४, १७६९, १७९४, १८४८।

शतघ्नी-'मुद्गर के आकार का बेंटवाला, लोहे का बना, चार हाथ लम्बा एक बृहत् आयुध; जैसा इसके नाम से प्रकट है, इसके प्रहार से सौ आदमी मर सकते थे; सम्भवतः यह एक यन्त्र के द्वारा चलाया जाता था जो परकोटे पर चढ़ाया हुआ होता था'—४५७, १०३९, २०९६।

शब्दसाह—बाण-भेद—७३५।

शिलीमुख—बाण-विशेष—१४३३, २४९०।

शूल—'बर्छे के आकार का एक हथियार'—८०, ७३२, १०३९, १७९४।

शृङ्ग (१)—एक प्रकार का बाण—२६१८।

शृङ्ग (२)—बाण का दण्ड—२७९६।

शृङ्गज—दे० "शृङ्ग" (१)—९५५।

संश्लिष्ट—'दो घाव करनेवाला बाण'—२६५०।

सन्नतपर्व भल्ल बाण—१९७१।

सम्मोहन अस्त्र—एक प्रकार का अस्त्र जिसका प्रयोग करने से शत्रु-सेना मोहित हो जाती थी—१४७२।

सावित्र—एक प्रकार का अस्त्र—२५५४।

सूची—एक प्रकार का निषिद्ध बाण—२६५०।

सौम्य—एक प्रकार का अस्त्र—१२१०, २१६१।

सौर—'एक प्रकार का सोपसंहार अस्त्र'—१२१०।

स्थूणाकर्ण—एक प्रकार का बाण—१०३३, १२१०।

स्थूणा (लोहमय)—'आदमी की ऊँचाई का, सीधा, कई घनी गाँठोंवाला, निहाई के आकार का एक अस्त्र'—२५४९।

हल—बलराम का आयुध; वास्तविक हल—७३२।

हस्तावाप—दस्ताना—२२०८, २४३८।

(९) अन्तर्कथा (उपाख्यान)

अंग (महाराज) का उपाख्यान—२२९४।

अकम्पनोपाख्यान—२२८४-९०।

अगस्त्य ऋषि—का उपाख्यान—९०२-१९,—के द्वादश-वार्षिक यज्ञ का उपाख्यान—४३९८-९९।

अग्निदेव का महर्षि भृगु के शाप से क्रुद्ध होना तथा ब्रह्माजी के समझाने से शान्त होना—४७-४९।

अजगर का उपाख्यान १०५४-६४।

अणीमाण्डव्य का उपाख्यान—२४१-४४।

अत्रि मुनि का उपाख्यान—१०७३-७५।
अनागतविधाता मछली का आख्यान—३५०६-०७।
अम्बरीष का उपाख्यान—२३०१-०२।
अम्बा का उपाख्यान—१८२९-५८।
अवतारों की कथा—३८८७-९२।
अष्टावक्र ऋषि का उपाख्यान—९६२-७०।
अष्टावक्र की कथा—३९९१-९८।
आग्नेयास्त्र से अर्जुन और श्रीकृष्ण के बचने का इतिहास—२६९९-२७०१।
आर्ष्टिषेण, विश्वामित्र आदि के तप का वर्णन—३१२१-२२।
आस्तीक और जरत्कारु का उपाख्यान—५४-५७।
आस्तीक की कथा—५७-५८।
आस्तीक-चरित—१०४।
इन्द्र और अम्बरीष का इतिहास—३३४३-४५।
इन्द्र और तोते का आख्यान—३९४७-४८।
इन्द्र और प्रह्लाद की कथा—३४८८-९१।
इन्द्र और राजा नहुष की कथा—१५०७-१८।
इन्द्रद्युम्न की कथा—१११३-१५।
इन्द्रोत और जनमेजय का संवाद—३५४१-४५।
उत्तङ्क ऋषि की कथा—४३४३-५२।
उपरिचर का उपाख्यान—१२५-२८।
उपरिचर वसु का चरित्र—३८८१-८५।
उशीनर राजा का उपाख्यान—६५९-६२।
ऊँट का चरित्र—३४७१-७२।
ऋष्यशृङ्ग का उपाख्यान—९२६-९३४।
एक कीड़े के ब्रह्म-लोक प्राप्त करने का उपाख्यान—४१४४-८६।
एकत, द्वित, त्रित ब्राह्मणों की कथा—३१०९-३११२।
कच का उपाख्यान—१४८-५४।
कद्रू और विनता का उपाख्यान—६३-७४।
कपिला गाय की उत्पत्ति का इतिहास—४०९७-९८।
कपोत और बहेलिये की कथा—३५३५-४०।
कर्ण की कथा—३२७७-८२।
कर्ण के ब्रह्मशाप की कथा—२८२५-२६।
कल्माषपाद की कथा—३९५-४००।
कायव्य का इतिहास—३५०४-०६।
कार्तवीर्य की कथा—४२४२-५१।
कार्त्तिकेय का उपाख्यान—११६५-८८।
कालकवृक्षीय मुनि का उपाख्यान—३४१७-२१।
काल, बहेलिया, साँप, मृत्यु और गौतमी का उपाख्यान—३९३६-३९।
काशिराज की कन्याओं के स्वयंवर की कथा—२२७-३२
किर्मीर-वध—७११-१४।
कुण्डधार की कथा—३७४७-५०।
कुमार कार्त्तिकेय की कथा—३१२९-४०।
केकयराज का उपाख्यान—३४०९-१०।
केशिनी के लिए विरोचन और सुधन्वा के विवाद का वर्णन—१५६५-६८।
कोशलराज क्षेमदर्शी का आख्यान—३३५५-६०।
कौशिक और पतिव्रता का उपाख्यान—११३०-३८।
कौशिक ब्राह्मण का आख्यान—२९०८-०९।
खड्ग की उत्पत्ति का इतिहास—३५६५-६८।
गज-कच्छप का वृत्तान्त—७२-७५।
गय का उपाख्यान—२३०३-०४।
गरुड़ का अभिमान-भङ्ग—१७०८-१०।
गरुड़ के अमृत लाने की कथा—७१-८४।
गरुड़ के पक्षिराज होने की कथा—७७-७९।
गालव का हठ तथा उसकी पूर्ति—१७११-२७।
गोदड़ और वानर की कथा—३९५३-५४।
गीदड़, बाघ, मूसा, भेड़िया और नेवला की कथा—७१-८४।
गीदड़-रूपी इन्द्र और निर्धन ब्राह्मण की कथा—३५९१-९३।
गोलोक का इतिहास—४१०६।
गौतम का इतिहास—३४९६।
च्यवन और कुशिक का उपाख्यान—४०४९-६२।
च्यवन ऋषि का उपाख्यान—९४७-५३।
चार्वाक राक्षस की कथा—३३४५।
चिरकारी का उपाख्यान—३७३३-३७।
छाता और खड़ाऊँ की उत्पत्ति की कथा—४१३८-४०।
जटासुर की कथा—१००९-१२।
जनमेजय और सर्पयज्ञ का उपाख्यान—१०५-१८।
जनमेजय के राज्याभिषेक और विवाह की कथा—९८।
जनमेजय को सरमा के शाप का उपाख्यान—३१-३३।
जरत्कारु-चरित—९९-१०३।

जरासन्ध के जन्म का उपाख्यान—५४९-६९।
जल और पृथ्वी की उत्पत्ति का वर्णन—३५९६-९७।
जापक का उपाख्यान—३६१७-२७।
जीमूत पहलवान की कथा—१३८१-८३।
तपती और संवरण का उपाख्यान—३८५-९२।
तारकासुर-वध का उपाख्यान और कार्त्तिकेय की उत्पत्ति—४११०-१७।
तिलोत्तमा की कथा—४६४-६७।
त्रिपुरनाशन रुद्र का उपाख्यान—४२५६-५९।
त्रिपुरासुर का उपाख्यान—२७९०-९९।
दक्ष प्रजापति का यज्ञ, ज्वर की उत्पत्ति का इतिहास और वीरभद्र द्वारा यज्ञ-विध्वंस—३७७०-८२।
दण्ड की उत्पत्ति—३४८५-८६।
दधीचि और सारस्वत मुनि का चरित्र—३१४९ ५१।
दम्भोद्भव राजा की कथा—१६९७-९९।
दिलीप का उपाख्यान—२२९८-९९।
दीर्घतमा ऋषि का उपाख्यान—२३३-३६।
दुर्योधन के कवच का इतिहास—२३६८-७०।
देवल और जैगीषव्य मुनि का चरित्र—३१४६-४८।
धर्मव्याध के पूर्वजन्म का वृत्तान्त—११५२-५६।
धर्मारण्य नामक ब्राह्मण का इतिहास—३९२६-३४।
धुन्धुमार का उपाख्यान—११२२-२९।
धौम्य के शिष्यों और उत्तङ्क की कथा—३३-४४।
नरकासुर का उपाख्यान—९८१-८४।
नलोपाख्यान—८०२-६२।
नहुष का उपाख्यान—४१४४-४६।
नाचिकेत का उपाख्यान—४०८६-९०।
नारद और सृञ्जय का उपाख्यान—३३१९-२५।
नारायण की कथा—३८९२-९६।
निवातकवच दानवों की कथा—१०३५-४४।
नृग का उपाख्यान—९४६-४७।
न्योले का उपाख्यान—४३९१-९६, ४४००।
परशुराम का उपाख्यान—९३६-४०, २३०९-१०, ३३५७-६१।
पराशर का उपाख्यान—४०१-०८।
परीक्षित का उपाख्यान—९१-९७।
पिङ्गला वेश्या का वृत्तान्त—३५८२।
पुलोमा का उपाख्यान—४६-४७।
पृथु का उपाख्यान—२३०६-०८।
पृथुराज का चरित्र—३३७५-८०।
पौलोम और कालकेय दैत्यों की कथा—१०४४-४७।
पौष्यराज का उपाख्यान—३८-४०।
प्रह्लाद और आङ्गिरस मुनि की कथा—६५७-५९।
प्रह्लाद का इतिहास—३५८९-९१।
बलाक व्याध का उपाख्यान—२९०८।
बलि और प्रह्लाद का इतिहास—७४५-७४७।
बाघ और गीदड़ का चरित्र—३४६६-७०।
विपुल का उपाख्यान—४०२९-३६।
बिलाव और चूहे का आख्यान—३५०७-१६।
बोध्य का चरित्र—३५८८-८९।
ब्रह्मदत्त और पूजनी चिड़िया का इतिहास—३५१७-२२।
ब्रह्महत्या से इन्द्र के मुक्ति पाने की कथा—३१२७-२९।
ब्राह्मण के मरे हुए बालक का जीवित हो जाना—३५४५-५०।
भगीरथ का उपाख्यान—९१९-२६, २२९७-९८।
भङ्गास्वन राजा का उपाख्यान—३९५८-६२।
भरत का उपाख्यान—२३०५-०६।
भरत-चरित्र—२०५-०७।
भरद्वाज और शत्रुञ्जय की कथा—३५२३-२६।
भौमासुर की कथा—१६१२-१३।
मङ्कणक मुनि का उपाख्यान—३११५-१८।
मङ्की का इतिहास—३५८६-८८।
मतङ्ग का उपाख्यान—४०१२-१५।
मधुकैटभ का वृत्तान्त—११२५-२७, ३९१४-१७।
मन्दपाल ऋषि का उपाख्यान—५०१-१०।
महर्षि दुर्वासा के माहात्म्य का उपाख्यान—४२५३-५६।
महादेव का आख्यान—२७०२-०८।
महाभिषक् राजा का उपाख्यान—२१३-१४।
महाराज मरुत्त का उपाख्यान—४२७४-८७।
महाराज शैव्य और सप्तर्षियों का उपाख्यान—४१२७-३४
मातलि की जामाता को ढूँढ़ने की कथा—१६९९-१७०७।
मान्धाता का उपाख्यान—९५३-५५, २२९९-२३००।
मित्रद्रोही गौतम ब्राह्मण की कथा—३५७२-७९।
मुचुकुन्द का चरित्र—३४०५-०६।
मुद्गल ऋषि का उपाख्यान—१२३४-३९।

मुनि और कुत्ते का इतिहास—३४७५-७७।

मुनि और शूद्र की कथा—३६५५-५७।

मृत्यु का इतिहास—३७१६-२०।

मेधावी ब्राह्मण और उसके पुत्र की कथा—३५८२-८४।

मोहिनी-उपाख्यान—५६-६३।

ययाति का उपाख्यान—१६०-८५।

ययाति का स्वर्ग से पतन और पुनः स्वर्ग-प्राप्ति—१७२७-३१।

यवक्रीत का उपाख्यान—६७०-७७।

रन्तिदेव का उपाख्यान – २३०४-०५।

रामचन्द्र का उपाख्यान—१२६४-१३०४, २२६६-२२६७।

रामायण की कथा—६६५-१००२।

रुरु का चरित्र—४६-५४।

लक्ष्मी के बलि को त्यागने की कथा—३६६८-७०।

वक और दाल्भ्य का वृत्तान्त–११०३-०४, ३१२२-२४।

वकासुर का उपाख्यान—३६३-७१।

वर्गा अप्सरा का उपाख्यान—४७३-७५।

वशिष्ठापवाह तीर्थ की कथा—३१२४-२७।

वामदेव का चरित—१०६६-११०२।

वाराह अवतार की कथा—३६३६-४१।

विडालव्रत की कथा—१८०३-०५।

विदुला की कथा—१७५२-६१।

विन्ध्याचल का उपाख्यान—६१६-१८।

विश्वामित्र और चाण्डाल की कथा—३५२७-३२।

विश्वामित्र और नन्दिनी का उपाख्यान—३६३-६५।

विश्वामित्र का जन्म-वृत्तान्त—३६४४-४७।

विश्वोपाख्यान—२०२६-२६।

वीतहव्य का ब्राह्मणत्व प्राप्त करना—४०१५-१८।

वृत्रासुर की कथा – १५०१-०७, ३७६५-७०।

वृद्धकन्या का चरित—३१५२-५३।

वेदव्यास की कथा—१२८-३०, ३६२१-२३।

वैवस्वत मनु और मत्स्यावतार का उपाख्यान—१०७८-८१।

व्युषिताश्व का उपाख्यान—२६५-६६।

शकुन्तला की कथा—१८६-२०४।

शम्पाक-नामक दरिद्र ब्राह्मण की कथा—३५८५।

शर्मिष्ठा और देवयानी का उपाख्यान—१५४-६०।

शशबिन्दु का उपाख्यान—२३०२-०३।

शिखण्डी का चरित—१८५८-६६।

शिव के तीसरे नेत्र की उत्पत्ति का वर्णन –४२११-१३।

शिवि का उपाख्यान—२२६५।

शिवि की कथा—११०६-१३, ४०२०-२१।

शिशुपाल के जन्म का उपाख्यान—६००-०५।

शुक्राचार्य का चरित्र—३७६०-६१।

श्रीकृष्ण का पुत्र के लिए तप करने और उनके तेज द्वारा पर्वत के भस्म होकर पुनः हरे हो जाने का उपाख्यान—४२१०-११।

श्रुतावती और अरुन्धती का उपाख्यान—३१४२-४५।

श्वेतकेतु-कृत सामाजिक मर्यादा की स्थापना—३६३-६५।

संन्यासी ब्राह्मणों का इतिहास—३२८६-६१।

समुद्र और नदी का संवाद—३४७२।

सात्यकि और भूरिश्रवा का जन्म-वृत्तान्त–२५०२-०३।

सावित्री का उपाख्यान—१३०५-२५।

सुदर्शन का उपाख्यान—३६४०-४३।

सुद्युम्न के सिद्ध होने की कथा—३३०७-०६।

सुन्द और उपसुन्द का उपाख्यान—४५६-६७।

सुमित्र की कथा—३४६२-६६।

सुमुख के, विष्णु की कृपा से, दीर्घ आयु प्राप्त करने की कथा—१७०७-०८।

सुवर्ण की उत्पत्ति का वर्णन—४११३-१६।

सुवर्णष्ठीवी का चरित—३३२६-३०।

सुवर्णष्ठीवी की कथा और राजा मरुत्त का चरित—२२६०-६३।

सुहोत्र का उपाख्यान—२२६३-६४।

सृष्टि का प्रकार और ब्राह्मणों की महिमा का वर्णन—३८६६-०८।

सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन—३५६५-६६।

सेदुक और वृषदर्भ की कथा—११०७।

सेनजित का इतिहास—३३११-१२।

सेमर और वायु का इतिहास—३५५१-५४।

सोमक राजा का उपाख्यान—६५५-५८।

हंस और कौवे की कथा—२८१७-२१।

हयग्रीव की कथा—३३१०।

हिडिम्ब का उपाख्यान—३४५-५५।

महाभारत के प्रमुख पात्र

(उपहार-पुस्तक)

वक्तव्य

महाभारत के पात्रों की कार्य-परम्परा, उक्त ग्रन्थ में, अनेक स्थलों पर बिखरी पड़ी है; अतएव पाठक को उसका सम्यक् ज्ञान प्राप्त करने में बड़ी असुविधा होती है। इस आवश्यकता को दृष्टि में रखकर प्रस्तुत पुस्तक की रचना की गई है। इससे पाठक को प्रायः सभी मुख्य-मुख्य पात्रों का चरित एक ही स्थल पर मिल जायगा।

पात्रों के क्रम का निर्धारण अकारादि-क्रम से किया गया है; वयो-मर्यादा, शूरता और महत्त्व की दृष्टि से नहीं। आलोचना करने में किसी प्रकार की रू-रियायत नहीं की गई। इस कारण, सम्भव है, आलोचना किसी-किसी को अप्रिय लगे। जिसको जिस पात्र के कार्यों से अब तक सहानुभूति रही है वह यदि अपनी धारणा के विपरीत आलोचना पढ़कर क्रुद्ध हो जाय तो इसमें आश्चर्य ही क्या। किन्तु आलोचक को तो किसी का पक्षपात न करके गुण-दोष की समीक्षा करनी है। जैसे युधिष्ठिर का अथवा भीष्म पितामह का चरित आदर्श माना जाता है; किन्तु आलोचक ने उसमें जहाँ त्रुटि देखी है वहाँ उसका उल्लेख कर दिया है। यदि वह ऐसा न करता तो अपने कर्तव्य से च्युत हो जाता। उसके हृदय में भीष्म पितामह अथवा धर्मराज युधिष्ठिर के प्रति यथेष्ट सम्मान का भाव है, फिर भी उसको सत्य बात कहनी पड़ी है। आशा है, इसके लिए कृपालु पाठक उस पर कोप न करेंगे।

पुस्तक की कुल सामग्री महाभारत से ली गई है। इस काम में लेखक को "महाभारत की अनुक्रमणिका" से बहुमूल्य सहायता मिली है। इसके सिवा श्रीयुक्त चिन्तामणि विनायक वैद्य एम० ए०, एल्-एल० बी० की "भारतीय वीरकथा", महामहोपाध्याय पण्डित रामकृष्ण तर्कतीर्थ के "भारत-संवाद" और श्री शशिभूषण विद्यालंकारजी के 'जीवनी-कोष' से भी सहायता ली गई है। किन्तु प्रस्तुत पुस्तक अपने ढँग की निराली है। इसमें कथाभाग देने की चेष्टा न करके चरित-चित्रण और समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

श्रीकाशीधाम,
अधिक भाद्रपद कृष्ण ९
सं० १९९३ विक्रमी

लेखक

महाभारत के प्रमुख पात्र

अभिमन्यु

अर्जुन के, सुभद्रा के गर्भ से उत्पन्न, पुत्र का नाम अभिमन्यु था। अभी(=निर्भय) और मन्यु (=क्रोधी) होने से इस बालक का नाम अभिमन्यु रक्खा गया था। इसे श्रीकृष्ण, पाण्डव लोग और नगरनिवासी भी बहुत चाहते थे। इसके जातकर्म आदि संस्कार श्रीकृष्ण ने किये थे। इसने चार भागों और दस लक्षणों से संयुक्त दिव्य तथा मानुष धनुर्वेद अपने पिता अर्जुन से सीखा था। यह साँड़ के ऐसा ऊँचा, भरे कन्धोंवाला, रोबीला और श्रीकृष्ण के समान शूर-वीर था। इसमें युधिष्ठिर का सा धैर्य, श्रीकृष्ण का सा स्वभाव, भीमसेन का सा पराक्रम, अर्जुन का सा रूप और विक्रम, नकुल की सी नम्रता और सहदेव का सा शास्त्रज्ञान था।

संशप्तकों की चुनौती को स्वीकार कर अर्जुन उनसे भिड़ने को चले गये। युद्धक्षेत्र से अर्जुन को अन्यत्र हटा देने के लिए यह कौरवों की एक चाल थी। अब द्रोणाचार्य ने कौरव-सेना का ऐसा व्यूह बनाया जिसके भीतर जाने की रीति अर्जुन, श्रीकृष्ण, प्रद्युम्न और अभिमन्यु के सिवा और कोई न जानता था। अभिमन्यु को उस व्यूह के भीतर जाने की युक्ति मालूम थी सही, किन्तु वह बाहर निकलने का उपाय नहीं जानता था। अर्जुन के अन्यत्र रहने से अब उस व्यूह के भीतर जाता ही कौन ? अपने चाचा युधिष्ठिर की कठिनाई का अनुभव करके इस कठिन काम के करने का बीड़ा वीर अभिमन्यु ने उठाया। भीमसेन, धृष्टद्युम्न और सात्यकि ने उसके पीछे-पीछे व्यूह के भीतर जाने का प्रण किया। सारथि ने अभिमन्यु को यह असीम साहस करने से बहुत रोका, पर उसने एक न सुनी। वह मार-काट करता हुआ व्यूह के भीतर चला गया। किन्तु उसके पीछे-पीछे जाने का उद्योग करते हुए भीमसेन, धृष्टद्युम्न और सात्यकि आदि को जयद्रथ ने रोक लिया। वरदान के प्रभाव से बलवान् बने हुए जयद्रथ को उस दिन कोई पराजित नहीं कर सका। इस कारण अभिमन्यु की सहायता करने को एक चींटी भी न पहुँच पाई। फिर भी उस वीर ने ऐसी मार मारी कि शत्रुओं का नाक में दम हो गया। उसने दो हज़ार क्षत्रियों का संहार कर डाला।

अभिमन्यु का युद्ध-कौशल देखकर द्रोणाचार्य ने कहा—यह चारों ओर विचर रहा है, पर कहीं ज़रा भी प्रहार करने का मौक़ा नहीं देता। यह सब बातों में अपने पराक्रमी पिता अर्जुन के ही समान है। इसका मण्डलाकार धनुष ही देख पड़ता है। पता नहीं चलता कि यह कब तरकस से बाण निकालता, कब चढ़ाता और कब चला देता है। इसके बाणों की मार से मुझे

जर्जर, पीड़ित और मोहित सा कर रक्खा है फिर भी इसका पराक्रम देखने से मुझे प्रसन्नता होती है। कौरव-पक्ष के नामी योद्धा बहुत कुपित हैं और हर तरह से घात में हैं फिर भी वार करने का मौक़ा नहीं पाते। यह बालक वीरों में सबसे अधिक सम्मान पाने योग्य है। इसमें और अर्जुन में कुछ अन्तर नहीं जान पड़ता।

अभिमन्यु की मार से घबराकर कर्ण ने द्रोणाचार्य से कहा—आचार्यजी, युद्धक्षेत्र से भाग जाना वीर क्षत्रियों का धर्म न होने के कारण ही मैं अब तक यहाँ अभिमन्यु के बाणों का निशाना बन रहा हूँ। इस तेजस्वी कुमार के प्रज्वलित दारुण बाण मेरे हृदय को चीरे डालते हैं।

अभिमन्यु ने धृतराष्ट्र के आठ बेटों का नाक में दम कर दिया; कर्ण और दुःशासन को पराजित किया; राक्षस अलम्बुष के छक्के छुड़ाये और कोशलपति बृहद्बल का वध किया। अन्य योद्धाओं समेत दुर्योधन के सामने ही उसके बेटे लक्ष्मण को मार गिराया और इतने अधिक वीरों का संहार किया कि बड़े-बड़े शूरवीर घबरा उठे। लोगों को ऐसा जान पड़ा मानो स्वयं अर्जुन मार-काट कर रहे हों। जिसके मामा स्वयं श्रीकृष्ण और पिता अर्जुन हों उसका ऐसे विलक्षण काम करना सर्वथा उसके अनुरूप था। जिसके पराक्रम की प्रशंसा अभिमानी कर्ण को भी करनी पड़ी, भला उसकी शूरता के सम्बन्ध में क्या कहा जाय? अन्त में द्रोणाचार्य की सलाह से कर्ण ने अभिमन्यु का धनुष काट डाला। भोज ने उसके घोड़ों को मार डाला। कृपाचार्य ने उसके पार्श्वरक्षकों के प्राण लिये। अब छः महारथियों—कृपाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, (शकुनि के भाई) बृहद्बल, कृतवर्मा और दुर्योधन—ने घेरकर उस पर चारों ओर से बाणों की वर्षा करना आरम्भ कर दिया। इस दशा में जो हाथ में आया उसी से अभिमन्यु शत्रुओं के छक्के छुड़ाने लगा। किन्तु रथहीन और निहत्था हो वह इतने महारथियों का सामना कब तक करता? अन्त में गदा लेकर उसने बहुत से शूरों का कचूमर निकाल डाला। इसी समय दुःशासन का बेटा गदा लेकर उसका सामना करने पहुँचा। बड़ा ज़बर्दस्त युद्ध हुआ। छः महारथियों ने मिलकर उसकी देह को छेद डाला था। इसी से अभिमन्यु लड़ते-लड़ते थक गया था। यही मौक़ा पाकर दुःशासन के बेटे ने उसके सिर पर बड़े ज़ोर से गदा का प्रहार किया। इस चोट ने उसका काम तमाम कर दिया। वह जो पृथ्वी पर गिरा सो फिर नहीं उठा। निहत्थे बालक के प्राण लेने का खेद कौरवों को होना चाहिए था; किन्तु इसके बदले उन्होंने सिंहनाद करके हर्ष प्रकट किया। इसे उनकी क्रूरता ही कहना ठीक होगा।

बेटे के मारे जाने की ख़बर पाकर अर्जुन को बेहद शोक हुआ। अन्त में उन्होंने पापी जयद्रथ के प्राण लेने की कठोर प्रतिज्ञा की। करने को तो प्रतिज्ञा कर ली; किन्तु इसे पूर्ण करना बहुत कठिन था। इसके पूर्ण कराने का श्रेय श्रीकृष्ण को ही है, नहीं तो बाज़ी कौरवों के हाथ पहुँच गई थी।

अभिमन्यु के मारे जाने का शोक सभी को था। श्रीकृष्ण को तो इतना अधिक था कि हारे हुए दुर्योधन को जब समझौता कर लेने के लिए समझाया गया तब उसने स्पष्ट कहा था कि अपने भानजे की मृत्यु का बदला लिये बिना श्रीकृष्ण न मानेंगे—वे समझौता न होने देंगे।

अभिमन्यु जिस समय युद्ध करने गया उस समय उसकी अवस्था ही कितनी थी! उसका विवाह राजकुमारी उत्तरा के साथ हो चुका था। जिस युग के समाज का वर्णन महाभारत में है उस

युग के आर्यों में बाल-विवाह का रिवाज नहीं था। इस विवाह का कारण राजनैतिक था। यह सम्बन्ध हो जाने से पाण्डवों को मत्स्य-नरेश विराट से हर प्रकार की सैनिक सहायता मिल गई। उधर विराट को भी बेटी के विवाह की चिन्ता से छुटकारा मिल गया। कारण यह है कि अज्ञातवास के समय अर्जुन अपनी क्लीबावस्था में उत्तरा को नाचने-गाने की शिक्षा दिया करते थे। इससे अन्यत्र कदाचित् उसका विवाह होने में कुछ कठिनाई होती। छोटी ही अवस्था में अभिमन्यु का विवाह हुआ, उसकी पत्नी उत्तरा गर्भवती हुई और वह बेचारा समरभूमि में अलौकिक वीरता प्रकट करके, अपने वंशवालों को उस दिन के संकट से बचाकर, वीरों के लोक को चला गया। उत्तरा पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा। उसे वैधव्य-दुःख तो सहना ही पड़ा, इसके अतिरिक्त आततायी अश्वत्थामा ने उसके गर्भस्थ बालक पर इषीकास्त्र का प्रयोग भी कर दिया। यह श्रीकृष्ण का ही काम था कि इस संकट से रक्षा करके उन्होंने परिक्षित् को पाण्डवों का वंश चलाने के लिए बचा लिया।

अम्बा

भीष्म (देवव्रत) को अपने सौतेले भाई विचित्रवीर्य का विवाह करना था। इसके लिए वे क्षत्रिय-कन्याओं की खोज में थे। इसी बीच काशिराज की कन्याओं के स्वयंवर की ख़बर मिली। ठीक समय पर वे काशिराज के यहाँ पहुँचे और समवेत राजमण्डली को परास्त करके उन कन्याओं को लाकर उन्होंने माता सत्यवती के सुपुर्द कर दिया। कन्याओं का नाम अम्बा, अम्बिका और अम्बालिका था। अम्बा सबसे बड़ी थी। उसने शाल्व को वरमाला पहनाने का निश्चय कर रक्खा था। हस्तिनापुर में पहुँचकर उसने अपना उक्त अभिप्राय प्रकट करके कहा कि मैं दूसरे को हृदय से वरण कर चुकी हूँ, अतएव विचित्रवीर्य के साथ मेरा विवाह करना अनुचित है।

भीष्म और सत्यवती ने उदारता दिखलाकर अम्बा को शाल्व के पास जाने की आज्ञा दे दी। किन्तु जब वह शाल्व के पास पहुँची तो उसने इसे ग्रहण करना स्वीकार नहीं किया। कह दिया कि तुम तो भीष्म के यहाँ हो आई हो। तुममें कुछ दोष देखकर ही उन्होंने तुम्हें त्याग दिया है। अम्बा ने शाल्व को सच्चा हाल समझाने की बड़ी चेष्टा की; किन्तु कुछ फल नहीं हुआ। बेचारी की ज़िन्दगी बरबाद हो गई। अब वह भीष्म के यहाँ भी न जा सकती थी। जाती तो वे लोग कहते कि दूसरे पुरुष पर आसक्त रमणी को अपनी गृहिणी बनाने का दायित्व कौन ले। अन्त में वह बड़ी दुखी होकर वन में ऋषियों के पास पहुँची। उन लोगों ने सब हाल सुनकर उसको ढाढ़स बँधाया। एक दिन उसकी भेट उसके नाना राजर्षि होत्रवाहन से हो गई। उनकी सलाह मानकर अम्बा महात्मा परशुरामजी की शरण में गई। उन्होंने अपने मित्र की नातिन के दुःख से दुखी होकर भीष्म के साथ घोर युद्ध किया। इस युद्ध में भीष्म ने बड़ा पराक्रम प्रकट किया। परशुरामजी से उन्होंने धनुर्वेद सीखा था। इस नाते वे परशुरामजी के शिष्य थे। इस सम्बन्ध का निर्वाह उन्होंने उचित रीति से किया। युद्ध आरम्भ करने से पहले उन्होंने गुरु के चरणों की वन्दना करके उनसे युद्ध के लिए अनुमति ली और आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षत्रिय-धर्म की ओर देखकर डटकर युद्ध किया। बड़ा विकट संग्राम हुआ। कोई किसी से हार नहीं मानता था। अन्त में अपने पितरों

की आज्ञा मानकर परशुराम को युद्ध बन्द करना पड़ा। यह विजय पाकर भी भीष्म ने किसी प्रकार का अभिमान प्रकट न करके गुरु की वन्दना ही की थी।

अब अम्बा ने परशुरामजी के उपदेश से, अपनी मनोरथ-सिद्धि के लिए, महादेवजी की आराधना करना आरम्भ कर दिया। आशुतोष ने प्रसन्न होकर उसे भीष्म के वध करने का वरदान दे दिया। बस, अम्बा ने एक चिता बनाकर अपनी देह को भस्म कर दिया। इसके अनन्तर वह राजा द्रुपद के यहाँ कन्या के रूप में उत्पन्न हुई। उसका नाम शिखण्डिनी था। आगे चलकर वह स्थूणाकर्ण नामक यक्ष से पुरुषत्व का विनिमय करके शिखण्डी नाम से प्रसिद्ध हुई। अन्त में इसी को युद्ध में भीष्म का वध करने में सफलता मिली।

अम्बा ने अपने हाथों आपत्ति मोल ली। यदि वह शाल्व की चिन्ता छोड़ देती तो कौरवों के रनिवास से उसे कौन हटा सकता था? पर कष्ट यहाँ भी रहता। उसकी दोनों बहनों पर जैसी बीती वह प्रकट ही है। भीष्म को अपनी विपत्ति का मूल कारण मानकर वह उन्हें अपना शत्रु समझती थी। उनसे बदला लेने के लिए उससे जितने उपाय बन पड़े, उन सबको उसने किया। इतने बड़े महात्मा परशुरामजी तक को इस झगड़े में घसीटा और सफलता न पाने पर भी उसने आशा नहीं छोड़ी। कठोर तपस्या द्वारा पार्वतीपति को प्रसन्न कर उनसे वरदान माँगा। वह चाहती तो भीष्म का वध करने की क्षमता माँगने के बदले अपने कल्याण का साधन कर लेती; किन्तु उसे तो बदला लेना था। इसके आगे उसकी दृष्टि में मोक्ष का भी कुछ महत्त्व न था। इसी को लगन कहते हैं। जिसमें ऐसी लगन होतो है वह सब कुछ कर लेता है। इतनी तपस्या करने पर भी अम्बा को दूसरे जन्म में पुरुष-शरीर नहीं मिला। पहले कन्या होकर तब विनिमय में पुरुष-शरीर मिला। यह एक ख़ास बात है जिस पर ध्यान देना चाहिए।

अर्जुन

अर्जुन कुन्ती के सबसे छोटे पुत्र थे। इनका जन्म इन्द्र के द्वारा हुआ था। इसी कारण आगे चलकर इन्द्र ने इनके मार्ग के काँटे दूर करने में, समय-समय पर, सहायता की थी। इनमें ख़ासी शूरता और शक्ति थी। धुन के तो ये ऐसे पक्के थे कि कौरव-पाण्डवों में कोई भी इस विषय में इनकी बराबरी करनेवाला नहीं था। इनके इस गुण पर द्रोणाचार्य इतने प्रसन्न हुए कि धनुर्वेद की जो बातें उन्होंने औरों को नहीं बताई थीं वे भी इन्हें बतला दी थीं। वे इनको अश्वत्थामा से भी बढ़कर चाहते थे। ये भी ज़बर्दस्त गुरुभक्त थे। इस नाते से अश्वत्थामा के साथ इनका बड़ा मेलजोल था। एक बार रात को भोजन करते समय दिया बुझ गया फिर भी हाथ का कौर मुँह में ही गया, अन्यत्र नहीं—इसको लक्ष्य करके इन्होंने, गुरु के बताये बिना ही, शब्दवेधी बाण चलाना सीख लिया था।

द्रोणाचार्य एक बार शिष्यों के साथ गङ्गा नहाने गये। ज्योंही वे जल में उतरे त्योंही मगर ने उनकी टाँग पकड़ ली। द्रोणाचार्य ने अपने छात्रों की जाँच करने के लिए आवाज़ लगाई कि "तुम लोग मुझे इस मगर से बचाओ।" अन्यान्य छात्र तो घबराहट के मारे एक दूसरे की ओर ताकते रह गये; किन्तु अर्जुन ने पानी के भीतर डूबे हुए मगर को तुरन्त पाँच बाण मारकर मार डाला और

आचार्य की टाँग पर आँच तक न आने दी। इससे प्रसन्न हुए आचार्य ने अर्जुन को प्रयोग और उपसंहार सहित ब्रह्मशिर अस्त्र सिखला दिया।

इसके बाद द्रोणाचार्य की आज्ञा से, राजकुमारों का अस्त्र-कौशल दिखलाने के लिए, 'टूर्नामेंट' कराया गया। इसमें भी अर्जुन के ही खेल सबको पसन्द आये। इस कारण दुर्योधन को बड़ा दुःख हुआ। उत्सव समाप्त होने को था कि वहाँ कर्ण ने पहुँचकर वे सब करामातें कर दिखलाईं जिनके लिए अर्जुन की प्रशंसा हो रही थी। बस, यहीं से इन दोनों वीरों में लाग-डाँट पैदा हो गई जो कर्ण की ज़िन्दगी भर बनी रही।

इस घटना के अनन्तर अर्जुन की शक्ति की परीक्षा कर्मक्षेत्र में गन्धर्वराज अङ्गारपर्ण का सामना करने में हुई। वह बड़ा बली था। किन्तु अर्जुन से परास्त होने पर सारी शेख़ी भूल गया। अन्त में उसने अर्जुन से मित्रता कर ली और वह 'चाक्षुषी' विद्या सिखला दी जिसकी प्राप्ति के लिए छः महीने तक कठोर तपस्या करनी पड़ती है। उसने पाण्डवों को गन्धर्व-जाति के सौ-सौ घोड़े देने का भी वचन दिया। उसी की सलाह से पाण्डवों ने महर्षि धौम्य को अपना पुरोहित बना लिया। आगे राजा द्रुपद के यहाँ स्वयंवर-सभा में पहुँचने पर अर्जुन ने मत्स्य-वेध करके द्रौपदी को प्राप्त किया और माता कुन्ती के आदेश से पाँचों भाइयों ने उसे अपनी पत्नी बनाया। यहीं पाण्डवों को सब लोगों ने पहचाना। इससे पहले तक लोग यही समझते थे कि पाण्डव लोग अपनी माता के साथ वारणावत में जल मरे। श्रीकृष्ण से भी यहीं पहले-पहल भेट हुई। मत्स्य-वेध कर चुकने पर राजमण्डली में बड़ा हुल्लड़ मच गया था और ब्राह्मणवेषधारी अर्जुन से द्रौपदी को छीन लेने के लिए मार-काट भी हुई थी जिसमें अर्जुन ने सबके छक्के छुड़ाकर सिद्ध कर दिया कि हमें निरा भिखमङ्गा मत समझो।

द्रौपदी के सम्बन्ध में पाण्डवों ने यह नियम बना लिया था कि जिस समय वह एक भाई के पास रहे उस समय अन्य चार भाइयों में से कोई उसके पास न जाय और यदि पहुँच जाय तो उसे वनवास करना पड़े। एक बार द्रौपदी के साथ युधिष्ठिर एकान्त में थे और जहाँ पर वे थे वहीं होकर अस्त्रागार में धनुष उठाने के लिए अर्जुन को जाना पड़ा। एक ब्राह्मण की रक्षा करने के लिए धनुष की आवश्यकता थी। ब्राह्मण का कार्य पूरा कर चुकने पर अर्जुन, नियमानुसार, वनवास करने को चले गये। वनवास में तीर्थयात्रा करते समय मध्यदेश में उनको नागकन्या उलूपी की प्राप्ति हो गई। फिर पूर्व ओर मणिपुर के स्त्री-राज्य में वहाँ की राजकुमारी चित्राङ्गदा से भी विवाह हो गया। अर्जुन के पुत्र प्रसिद्ध योद्धा बभ्रुवाहन की उत्पत्ति इसी के गर्भ से हुई थी। दक्षिण ओर के तीर्थों की यात्रा कर चुकने पर अर्जुन जब पश्चिम में प्रभास-क्षेत्र पहुँचे तब वहाँ, द्वारका से आकर, श्रीकृष्ण ने उनसे भेट की। यहाँ से दोनों मित्र द्वारका की ओर गये। किन्तु वनवास की प्रतिज्ञा के कारण अर्जुन द्वारका में न जाकर पास ही रैवतक पर्वत पर ठहर गये। बहुत से द्वारकावासी और बलराम भी यहीं उनसे मिलने को आये। यहाँ बलराम की बहन सुभद्रा को देखकर अर्जुन मोहित हो गये। यह देख श्रीकृष्ण ने पूछा कि क्या वनवासी तपस्वी के मन में भी काम की वासना उत्पन्न होती है। बलरामजी सुभद्रा का विवाह दुर्योधन के साथ करने का विचार कर रहे थे। इसका ख़याल करके श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सुभद्रा का हरण करने की सलाह दे दी। अर्जुन के ऐसा कर बैठने पर बलराम

ने यादवों को अर्जुन का पीछा करने की आज्ञा दी। इस पर श्रीकृष्ण ने बड़े भाई को समझा-बुझाकर शान्त कर दिया। अन्त में अर्जुन को आदर के साथ बुलाकर उनके साथ सुभद्रा का विवाह यथाविधि कर दिया गया। सुभद्रा के ही गर्भ से अर्जुन के पुत्र प्रसिद्ध वीर अभिमन्यु का जन्म हुआ था।

अग्नि के प्रार्थना करने और कपिध्वज नाम का दिव्यरथ तथा गाण्डीव धनुष देने पर अर्जुन ने श्रीकृष्ण की सहायता से ऐसा प्रबन्ध कर दिया कि इन्द्र की एक न चली और अग्नि ने खाण्डव वन को भस्म करके अपनी तृप्ति कर ली। मय नाम का असुर, तक्षक नाग और चार शार्ङ्गक पक्षियों के सिवा उस अग्निकाण्ड से कोई जीता नहीं बच सका। प्राण-दान करने के बदले में मय नाम के इंजीनियर ने पाण्डवों के लिए हज़ार खम्भों का एक विलक्षण सभा-भवन बना दिया। इसमें उसने कैलास और मैनाक पर्वत से मूल्यवान् मणियाँ लाकर लगाई थीं। अर्जुन को देवदत्त नाम का बढ़िया शंख भी उसने दिया था।

हस्तिनापुर में राजसूय यज्ञ से पूर्व किये गये दिग्विजय में अर्जुन ने बहुतेरे राजाओं को जीतकर उनसे यज्ञ के लिए कर वसूल किया था। राजसूय यज्ञ बड़ी धूमधाम से किया गया। उसकी तैयारी देखने से दुर्योधन को बड़ा दुःख हुआ था। यज्ञ में लोगों के आगत-स्वागत का कार्य दुःशासन को सौंपा गया था। ब्राह्मणों की सेवा-शुश्रूषा अश्वत्थामा के ज़िम्मे थी। राजाओं की अभ्यर्थना का कार्य संजय को दिया गया था। भीष्म और द्रोण इस बात की जाँच-पड़ताल पर तैनात थे कि किसी काम में कोई कसर तो नहीं रह गई है। रत्न आदि रखने और दक्षिणा देने के काम पर कृपाचार्य की नियुक्ति हुई थी। विदुर के ज़िम्मे ख़र्च का हिसाब-किताब था। सबसे अधिक सम्मान का काम था राजाओं से मिली हुई भेंटों को स्वीकार करना। यह दुर्योधन को दिया गया था। सबसे छोटा किन्तु सबसे अधिक पुण्यजनक काम था ब्राह्मणों के चरण धोने का। इसे श्रीकृष्ण करते थे। भीमसेन, अर्जुन, नकुल और सहदेव से जो कुछ करने के लिए कहा जाता था उसी के करने को वे तैयार रहते थे।

असल में राजसूय यज्ञ था पाण्डवों के ऐश्वर्य का मध्याह्न। इसी में ग्रहण लग गया। जिन्होंने ऐसे अच्छे दिन देखे थे उन्हीं को जुए में हारकर बड़े से बड़े सङ्कट झेलने पड़े। राज-पाट गया, धन-दौलत गई, इज़्ज़त-आबरू गई, भाई-बन्धुओं से वियोग हुआ और वन-वन में मारे-मारे फिरना पड़ा। इसी सङ्कट-काल में यह सोचा गया कि शर्तें पूरी हो जाने पर भी यदि कौरव हमारा राज्य न लौटावेंगे तो क्या किया जायगा। इसके लिए अभी से तैयारी कर रखनी चाहिए। अब धर्मराज से अर्जुन ने वह जगत्प्रकाशक विद्या सीखी जो उन्हें व्यासजी से प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात् गाण्डीव धनुष और अक्षय तरकस लेकर अर्जुन ने दिव्य अस्त्रों की प्राप्ति के लिए तपस्या करने को प्रस्थान किया। हिमालय और गन्धमादन पर्वत को लाँघने पर उन्हें कैलास मिला। यहाँ उनका और एक किरात का झगड़ा हो गया। एक वराह का शिकार किया गया था। किरात कहता था कि मेरा बाण लगने से वराह मरा है और अर्जुन उसे अपने बाण का शिकार हुआ बतलाते थे। अन्त में दोनों के बीच ठन गई। घोर संग्राम हुआ। इसमें अपनी शक्ति का ह्रास होते देख अर्जुन को बड़ा विस्मय हुआ। अन्त में किरातवेषधारी शङ्कर को पहचानकर अर्जुन ने उन्हें प्रणाम किया और उनसे पाशुपत अस्त्र पाया।

आरम्भ में ही यह सफलता हो जाने से अर्जुन को बड़ी प्रसन्नता हुई। आगे उन्हें इन्द्र का सारथि मातलि रथ लिये हुए मिल गया। अर्जुन गङ्गाजी में स्नान करके रथ पर सवार हो अमरावती में पहुँचे। देवसभा में पहुँचने पर इन्द्र ने उन्हें अपने ही साथ आसन पर बिठा लिया। यहाँ अर्जुन ने पाँच वर्ष बिताये और विविध देवताओं से उनके अस्त्र सीखे। चित्रसेन गन्धर्व से मित्रता थी इसलिए उसने गाना, नाचना और बाजे बजाना आदि सिखा दिया। देवसभा में उर्वशी अप्सरा की ओर वे इसलिए देखा करते थे कि यह हम लोगों की वंशमाता है। किन्तु चित्रसेन ने कुछ और ही समझकर एक दिन उसे अर्जुन के पास भेज दिया। उसे देखकर अर्जुन आदर देने के लिए खड़े हो गये और उसके काम-वासना प्रकट करने पर बोले कि तुम तो हमारे वंश की जननी हो। मैं तुम्हारे साथ कोई अनुचित कार्य कैसे कर सकता हूँ। तुमको कुछ भ्रम हो गया है। इससे कुढ़कर उर्वशी ने अर्जुन को नपुंसक हो जाने का शाप दे डाला। अन्त में यह शाप अर्जुन के लिए वरदान ही हो गया। इसी के प्रभाव से अर्जुन बृहन्नला बनकर राजा विराट के रनिवास में उत्तरा के सङ्गीत-शिक्षक हो सके थे।

अन्त में अर्जुन स्वर्ग से बदरीवन में नर-नारायण के आश्रम में पहुँचे। अन्यान्य पाण्डव यहीं पर अर्जुन की प्रतीक्षा कर रहे थे। बहुत दिन बीतने पर अर्जुन से भेट हुई थी इस कारण सभी को प्रसन्नता हुई। उन्होंने भाइयों को अस्त्र-प्राप्ति का वर्णन सुनाकर हर्षोत्फुल्ल कर दिया। युधिष्ठिर ने तथा औरों ने भी अर्जुन को इसलिए शाबाशी दी कि तुम साक्षात् शङ्करजी और इन्द्र के दर्शन कर आये।

पाण्डव लोग एक बार द्वैतवन में ठहरे हुए थे। यह ख़बर पाकर शकुनि, कर्ण और दुर्योधन ने इन लोगों को सताने के लिए मन्सूबा गाँठा। सरकारी गौओं और साँड़ों की गिनती करके उन पर चिह्न बना देने तथा शिकार खेलने का बहाना करके, धृतराष्ट्र से अनुमति लेकर, ये लोग दल-बल के साथ चल पड़े। वहाँ पर दुर्योधन के सैनिकों के साथ गन्धर्वों का झगड़ा हो गया। बात यहाँ तक बढ़ी कि चित्रसेन ने दुर्योधन आदि को परास्त करके बाँध लिया। यह देख मन्त्री लोग युधिष्ठिर के पास दौड़े गये। उन्होंने सब हाल कहकर रक्षा के लिए प्रार्थना की। भीम ने कहा कि यह अच्छा ही हुआ। ये लोग यहाँ हमारा उपहास करने आये थे। उसका फल भोगें। अपने शत्रुओं की भी कोई सहायता करता है। युधिष्ठिर ने उनको धमकाकर कहा कि कुछ भी हो, आख़िर दुर्योधन हमारा भाई ही है। उसको हमारे रहते कोई कैसे पकड़ ले जायगा। फिर कौरव-कुल की महिलाओं का अपमान तो हम किसी प्रकार सहन नहीं कर सकते। उनको गिरफ़्तार करनेवाले की ख़बर अच्छी तरह ली जानी चाहिए। मैं पूजन में बैठा हूँ, इससे स्वयं नहीं जा सकता। तुम चारों भाई अभी जाकर अपने भाइयों का उद्धार करो।

आज्ञा पाकर अर्जुन ने गन्धर्वों से युद्ध किया। क्रोध की दशा में वे लोग भी भिड़ गये; किन्तु अन्त में अपनी एक न चलते देख चित्रसेन ने अर्जुन को अपनी पुरानी मित्रता की याद दिलाकर कहा कि यह क्या करते हो! जिन शत्रुओं ने तुम्हें तरह-तरह से तङ्ग किया है उन्हीं की हिमायत करके मुझ अपने मित्र पर प्रहार कर रहे हो! अन्त में क़ैदी दुर्योधन आदि को साथ लिये चित्रसेन युधिष्ठिर के पास आया और उनके कहने से उसने उन लोगों को छोड़ दिया। यदि

ने यादवों को अर्जुन का पीछा करने की आज्ञा दी। इस पर श्रीकृष्ण ने बड़े भाई को समझा-बुझाकर शान्त कर दिया। अन्त में अर्जुन को आदर के साथ बुलाकर उनके साथ सुभद्रा का विवाह यथाविधि कर दिया गया। सुभद्रा के ही गर्भ से अर्जुन के पुत्र प्रसिद्ध वीर अभिमन्यु का जन्म हुआ था।

अग्नि के प्रार्थना करने और कपिध्वज नाम का दिव्यरथ तथा गाण्डीव धनुष देने पर अर्जुन ने श्रीकृष्ण की सहायता से ऐसा प्रबन्ध कर दिया कि इन्द्र की एक न चली और अग्नि ने खाण्डव वन को भस्म करके अपनी तृप्ति कर ली। मय नाम का असुर, तक्षक नाग और चार शार्ङ्गक पक्षियों के सिवा उस अग्निकाण्ड से कोई जीता नहीं बच सका। प्राण-दान करने के बदले में मय नाम के इंजीनियर ने पाण्डवों के लिए हज़ार खम्भों का एक विलक्षण सभा-भवन बना दिया। इसमें उसने कैलास और मैनाक पर्वत से मूल्यवान् मणियाँ लाकर लगाई थीं। अर्जुन को देवदत्त नाम का बढ़िया शंख भी उसने दिया था।

हस्तिनापुर में राजसूय यज्ञ से पूर्व किये गये दिग्विजय में अर्जुन ने बहुतेरे राजाओं को जीतकर उनसे यज्ञ के लिए कर वसूल किया था। राजसूय यज्ञ बड़ी धूमधाम से किया गया। उसकी तैयारी देखने से दुर्योधन को बड़ा दुःख हुआ था। यज्ञ में लोगों के आगत-स्वागत का कार्य दुःशासन को सौंपा गया था। ब्राह्मणों की सेवा-शुश्रूषा अश्वत्थामा के ज़िम्मे थी। राजाओं की अभ्यर्थना का कार्य संजय को दिया गया था। भीष्म और द्रोण इस बात की जाँच-पड़ताल पर तैनात थे कि किसी काम में कोई कसर तो नहीं रह गई है। रत्न आदि रखने और दक्षिणा देने के काम पर कृपाचार्य की नियुक्ति हुई थी। विदुर के ज़िम्मे ख़र्च का हिसाब-किताब था। सबसे अधिक सम्मान का काम था राजाओं से मिली हुई भेंटों को स्वीकार करना। यह दुर्योधन को दिया गया था। सबसे छोटा किन्तु सबसे अधिक पुण्यजनक काम था ब्राह्मणों के चरण धोने का। इसे श्रीकृष्ण करते थे। भीमसेन, अर्जुन, नकुल और सहदेव से जो कुछ करने के लिए कहा जाता था उसी के करने को वे तैयार रहते थे।

असल में राजसूय यज्ञ था पाण्डवों के ऐश्वर्य का मध्याह्न। इसी में ग्रहण लग गया। जिन्होंने ऐसे अच्छे दिन देखे थे उन्हीं को जुए में हारकर बड़े से बड़े सङ्कट झेलने पड़े। राज-पाट गया, धन-दौलत गई, इज़्ज़त-आबरू गई, भाई-बन्धुओं से वियोग हुआ और वन-वन में मारे-मारे फिरना पड़ा। इसी सङ्कट-काल में यह सोचा गया कि शर्तें पूरी हो जाने पर भी यदि कौरव हमारा राज्य न लौटावेंगे तो क्या किया जायगा। इसके लिए अभी से तैयारी कर रखनी चाहिए। अब धर्मराज से अर्जुन ने वह जगत्प्रकाशक विद्या सीखी जो उन्हें व्यासजी से प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात् गाण्डीव धनुष और अक्षय तरकस लेकर अर्जुन ने दिव्य अस्त्रों की प्राप्ति के लिए तपस्या करने को प्रस्थान किया। हिमालय और गन्धमादन पर्वत को लाँघने पर उन्हें कैलास मिला। यहाँ उनका और एक किरात का झगड़ा हो गया। एक वराह का शिकार किया गया था। किरात कहता था कि मेरा बाण लगने से वराह मरा है और अर्जुन उसे अपने बाण का शिकार हुआ बतलाते थे। अन्त में दोनों के बीच ठन गई। घोर संग्राम हुआ। इसमें अपनी शक्ति का ह्रास होते देख अर्जुन को बड़ा विस्मय हुआ। अन्त में किरातवेषधारी शङ्कर को पहचानकर अर्जुन ने उन्हें प्रणाम किया और उनसे पाशुपत अस्त्र पाया।

आरम्भ में ही यह सफलता हो जाने से अर्जुन को बड़ी प्रसन्नता हुई। आगे उन्हें इन्द्र का सारथि मातलि रथ लिये हुए मिल गया। अर्जुन गङ्गाजी में स्नान करके रथ पर सवार हो अमरावती में पहुँचे। देवसभा में पहुँचने पर इन्द्र ने उन्हें अपने ही साथ आसन पर बिठा लिया। यहाँ अर्जुन ने पाँच वर्ष बिताये और विविध देवताओं से उनके अस्त्र सीखे। चित्रसेन गन्धर्व से मित्रता थी इसलिए उसने गाना, नाचना और बाजे बजाना आदि सिखा दिया। देवसभा में उर्वशी अप्सरा की ओर वे इसलिए देखा करते थे कि यह हम लोगों की वंशमाता है। किन्तु चित्रसेन ने कुछ और ही समझकर एक दिन उसे अर्जुन के पास भेज दिया। उसे देखकर अर्जुन आदर देने के लिए खड़े हो गये और उसके काम-वासना प्रकट करने पर बोले कि तुम तो हमारे वंश की जननी हो। मैं तुम्हारे साथ कोई अनुचित कार्य कैसे कर सकता हूँ। तुमको कुछ भ्रम हो गया है। इससे कुढ़कर उर्वशी ने अर्जुन को नपुंसक हो जाने का शाप दे डाला। अन्त में यह शाप अर्जुन के लिए वरदान ही हो गया। इसी के प्रभाव से अर्जुन बृहन्नला बनकर राजा विराट के रनिवास में उत्तरा के सङ्गीत-शिक्षक हो सके थे।

अन्त में अर्जुन स्वर्ग से बदरीवन में नर-नारायण के आश्रम में पहुँचे। अन्यान्य पाण्डव यहीं पर अर्जुन की प्रतीक्षा कर रहे थे। बहुत दिन बीतने पर अर्जुन से भेट हुई थी इस कारण सभी को प्रसन्नता हुई। उन्होंने भाइयों को अस्त्र-प्राप्ति का वर्णन सुनाकर हर्षोत्फुल्ल कर दिया। युधिष्ठिर ने तथा औरों ने भी अर्जुन को इसलिए शाबाशी दी कि तुम साक्षात् शङ्करजी और इन्द्र के दर्शन कर आये।

पाण्डव लोग एक बार द्वैतवन में ठहरे हुए थे। यह ख़बर पाकर शकुनि, कर्ण और दुर्योधन ने इन लोगों को सताने के लिए मन्सूबा गाँठा। सरकारी गौओं और साँड़ों की गिनती करके उन पर चिह्न बना देने तथा शिकार खेलने का बहाना करके, धृतराष्ट्र से अनुमति लेकर, ये लोग दल-बल के साथ चल पड़े। वहाँ पर दुर्योधन के सैनिकों के साथ गन्धर्वों का झगड़ा हो गया। बात यहाँ तक बढ़ी कि चित्रसेन ने दुर्योधन आदि को परास्त करके बाँध लिया। यह देख मन्त्री लोग युधिष्ठिर के पास दौड़े गये। उन्होंने सब हाल कहकर रक्षा के लिए प्रार्थना की। भीम ने कहा कि यह अच्छा ही हुआ। ये लोग यहाँ हमारा उपहास करने आये थे। उसका फल भोगें। अपने शत्रुओं की भी कोई सहायता करता है। युधिष्ठिर ने उनको धमकाकर कहा कि कुछ भी हो, आख़िर दुर्योधन हमारा भाई ही है। उसको हमारे रहते कोई कैसे पकड़ ले जायगा। फिर कौरव-कुल की महिलाओं का अपमान तो हम किसी प्रकार सहन नहीं कर सकते। उनको गिरफ़्तार करनेवाले की ख़बर अच्छी तरह ली जानी चाहिए। मैं पूजन में बैठा हूँ, इससे स्वयं नहीं जा सकता। तुम चारों भाई अभी जाकर अपने भाइयों का उद्धार करो।

आज्ञा पाकर अर्जुन ने गन्धर्वों से युद्ध किया। क्रोध की दशा में वे लोग भी भिड़ गये; किन्तु अन्त में अपनी एक न चलते देख चित्रसेन ने अर्जुन को अपनी पुरानी मित्रता की याद दिलाकर कहा कि यह क्या करते हो! जिन शत्रुओं ने तुम्हें तरह-तरह से तङ्ग किया है उन्हीं की हिमायत करके मुझ अपने मित्र पर प्रहार कर रहे हो! अन्त में क़ैदी दुर्योधन आदि को साथ लिये चित्रसेन युधिष्ठिर के पास आया और उनके कहने से उसने उन लोगों को छोड़ दिया। यदि

दुर्योधन में समझ होती तो इस घटना से शिक्षा ग्रहण करता क्योंकि जिन्होंने उसे क़ैद करके उसकी स्त्रियों पर भी क़ब्ज़ा कर लिया था उन्हीं को परास्त कर देनेवाले पाण्डवों से आख़िर वह क्योंकर पेश पा सकता ?

वनवास की अवधि बीतने पर पाण्डव लोग, नाम और रूप बदलकर, राजा विराट के यहाँ रहने लगे। वहाँ पर अर्जुन, बृहन्नला नाम रखकर, हिजड़े के वेष में रहते और राजकुमारी उत्तरा को नृत्यगीत की शिक्षा दिया करते थे। इस विषय का विशेष विवरण 'उत्तर' के चरित में दिया गया है। गोग्रहण का युद्ध हो चुकने पर, अन्यान्य पाण्डवों के साथ अर्जुन भी प्रकट हो गये। समझौता करने के सम्बन्ध में अर्जुन की भी इच्छा थी। युद्ध में पहले से यह निश्चय तो रहता नहीं कि किस पक्ष की हार होगी और किसकी जीत। इसी से उन्होंने जोखिम को टालने की चेष्टा की थी पर होनहार कहीं टली है! अन्त में युद्धभूमि में उन्होंने जैसा रण-कौशल दिखाया, जितनी सेना को मारा और जैसे अलौकिक काम किये उसका वर्णन महाभारत में भरा पड़ा है।

अर्जुन के विजयी होने में श्रीकृष्ण की सहायता प्रधान कारण है। एक तो उनके जैसा सारथि उस समय दूसरा न था; दूसरे उनकी सलाह तो सर्वथा अनमोल ही थी। द्रोणाचार्य, दुर्योधन और शल्य तीनों ने श्रीकृष्ण के सारथित्व की बार-बार प्रशंसा की है और उनकी नीति-कुशलता का लोहा तो सभी ने मान लिया था। यह उन्हीं का काम था जिससे पाण्डवों के पक्ष को न्याय्य मानकर संसार ने कौरवों को अनीति का पुरस्कर्ता ठहराया और यह साधारण बात न थी। किसी राजा का लोगों की नज़रों से गिर जाना उसकी बड़ी भारी हार है। श्रीकृष्ण की सहायता का अभाव होते ही वीरवर अर्जुन को पंजाब के साधारण डाकुओं ने लूट लिया। इससे अर्जुन को बड़ा विस्मय हुआ। वे बराबर सोचते थे कि मैं वही कुरुक्षेत्रविजयी अर्जुन हूँ, वही मेरी भुजाएँ, वही मेरा धनुष और वे ही मेरे तीक्ष्ण बाण हैं; फिर क्या कारण है कि इन मामूली डकैतों पर मेरी एक नहीं चलती। अन्त में उन्हें पता चला कि जिसकी पूँजी से मेरा कारबार चलता था उस साहूकार के चले जाने से ही मेरी शक्ति का दिवाला हो गया है। इससे उन्हें बड़ा दुःख हुआ। हस्तिनापुर पहुँचकर उन्होंने अपनी यह कष्ट-कथा युधिष्ठिर को रो-रोकर सुनाई है।

श्रीकृष्ण के सारथ्य के विषय में एक ही घटना का उल्लेख हम यहाँ करेंगे। अर्जुन और कर्ण का घमासान युद्ध हो रहा था। वे दोनों एक दूसरे के अस्त्रों को काट-काटकर अपने अस्त्रज्ञान का प्रदर्शन कर रहे थे। अन्त में जब कर्ण की एक भी न चली तब उसने वह बाण निकाला जो सर्प के विष से बुझाया गया था और चन्दन के बुरादे में रक्खा रहता था। इसे उसने सुवर्ण के तरकस में अलग रख छोड़ा था। अर्जुन का सिर काटने के लिए इसी को उसने धनुष पर चढ़ाकर ठीक निशाने पर मार दिया और चिल्लाकर कहा कि अर्जुन मारा गया। उस प्रदीप्त बाण को आते देख श्रीकृष्ण ने चटपट लगाम खींचकर घोड़ों को बिठा दिया जिससे रथ के कुछ नीचे हो जाने से बाण निशाने पर न लगकर अर्जुन के मुकुट को गिराकर निकल गया। अब, अर्जुन ने अपने सफ़ेद दुपट्टे से अलकों को बाँध लिया और श्रीकृष्ण ने लगाम के इशारे से घोड़ों को खड़ा करके झुके हुए रथ को अपनी भुजाओं से उठाकर पहले का जैसा कर लिया। यदि श्रीकृष्ण ने फुर्ती से यह काम

न किया होता तो अर्जुन का जीवित बचना कठिन था। ऐसे ही प्रसङ्ग पर सारथि की बुद्धिमानी और सूझ की परीक्षा होती है।

ऐसी चुप्पी साधी कि देखकर विस्मय होता है। उस अत्याचार को उन्होंने कैसे सह लिया? फिर द्रौपदी को उत्तर दिया भी तो गोलमोल। सभा के बीच द्रौपदी के विवस्त्र किये जाते समय भीष्म के चुप्पी साध लेने की सफ़ाई में कहा जाता है कि पुरुष चाहे किसी भी स्थिति में क्यों न हो, स्त्री पर उसका अधिकार रहता है। अतः जुए में हारे हुए युधिष्ठिर को दाँव पर द्रौपदी को बद देने का अधिकार था। और, इसी कारण, द्रौपदी के इस सम्बन्ध में प्रश्न करने पर भीष्म ने साफ़ कह दिया है कि मैं इसका ठीक उत्तर नहीं दे सकता। न दीजिए, कोई ज़बर्दस्ती नहीं करता। पर मनुष्यता को तो हाथ से न जाने दीजिए। माना कि कौरवों ने पाण्डवों के साथ-साथ द्रौपदी को भी जीत लिया, दासी बना लिया; तो इसका अर्थ क्या यह हुआ कि उसे सभा में, बड़े-बूढ़ों के आगे, लाकर नङ्गा किया जाय? क्या ऐसा करने से ही द्रौपदी पर अधिकार सिद्ध होता? इसके लिए क्या दूसरा उपाय नहीं था? ऐसा सभ्यता-विगर्हित कार्य भीष्म के सामने दिन-दहाड़े किया जाय और वे कान में तेल डाले बैठे रहें! इस घटना से जान पड़ता है कि उस समय लोगों की मनोवृत्ति ही दूसरी थी। जिस काम को आज हम बुरा समझते हैं वह कदाचित् उस ज़माने में उतना बुरा न समझा जाता रहा हो।

पितामह ने प्रतिज्ञा कर ली थी कि मैं पाण्डवों के प्राण न लूँगा और यदि उन्होंने मुझे मार न डाला तो प्रतिदिन उनके पक्ष के दस हज़ार योद्धाओं का नाश किया करूँगा। उन्होंने अपनी यह प्रतिज्ञा सोलहों आने पूरी की।

भीष्म ने दाशराज के आगे आजन्म अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा की थी। इस प्रतिज्ञा का पालन केवल विवाह से बचे रहने से ही पूरा-पूरा नहीं हो सकता था। इसका पालन तो सोलहों आने ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करने से ही हो सकता था। अतएव भीष्म ने वही किया। उन्होंने स्त्री-विषयक सभी प्रकार की इच्छाओं को त्याग दिया। वे योगारूढ़ होकर ब्रह्म का चिन्तन और भगवान् का भजन किया करते थे। उनके आगे श्रीकृष्ण कल के बच्चे थे, फिर भी वे उनको ईश्वर का अवतार समझते और उनकी भक्ति किया करते थे। भीष्म की कृष्णभक्ति का उदाहरण प्रसिद्ध ही है। श्रीकृष्ण ने निहत्थे रहकर अर्जुन का रथ हाँकने की प्रतिज्ञा की थी, किन्तु भीष्म ने उनसे शस्त्र ग्रहण कराने का प्रण कर लिया। इस सम्बन्ध में सूरदासजी का पद प्रसिद्ध है—"आजु जौ हरिहिं न सस्त्र गहाऊँ। तौ लाजौं गङ्गा जननी कौं, सन्तनु-सुत न कहाऊँ।" अन्त में भक्त की लाज रखने को जब श्रीकृष्ण चक्र (रथ का पहिया) लेकर दौड़ पड़े तब भीष्म ने हथियार रख दिये और श्रीकृष्ण के हाथ से मारे जाने में अपना अहोभाग्य समझा। ऐसा करके उन्होंने श्रीकृष्ण के अस्त्र धारण न करने की प्रतिज्ञा की भी रक्षा कर ली।

श्रीयुत वैद्य महाशय ने हिसाब लगाकर बतलाया है कि कुरुक्षेत्रवाले युद्ध में भीष्म डेढ़ सौ वर्ष के थे। फिर भी वे युवकों की भाँति फ़ुर्ती से युद्ध करते थे। इसमें कुछ अचम्भा नहीं है। बुड्ढे हिंडेनबर्ग आदि ने भी तो यही कर दिखाया है। सन् ईसवी से लगभग ३०० वर्ष पहले सिकन्दर ने भारतवर्ष पर आक्रमण किया था। उस समय के यूनानियों को भारत में दो-दो सौ वर्ष की आयुवाले लोग मिले थे। फिर महाभारत-युद्ध के समय भीष्म जैसे बड़ी उम्रवाले लोगों के युद्ध

करने में अचम्भा ही क्या रह जाता है ? इस युद्ध के समय अर्जुन पचपन वर्ष के थे। वे जिस समय हिमालय से हस्तिनापुर में आये उस समय पाँच वर्ष के माने जायँ तो मानना पड़ेगा कि पाण्डु चालीस वर्ष की आयु में और उनके पिता विचित्रवीर्य ३० वर्ष की उम्र में मरे होंगे। इस दृष्टि से मालूम होता है कि जिस समय हस्तिनापुर में अर्जुन आदि आये उस समय भीष्म को राज-काज सँभालते सत्तर वर्ष हो गये थे अर्थात् उस समय भीष्म सौ वर्ष के थे। उन्होंने कोई एक सौ बीस वर्ष तक निर्लिप्त रहकर राज-काज सँभाला था। इस कारण राजनीति के दाँव-पेंच समझने में उनसे अधिक कुशल और कौन हो सकता था ? इसी कारण व्यासजी ने सारी राजनीति का उपदेश भीष्म के मुँह से ही दिलवाया है और सौति ने भी तत्त्वज्ञान का उपदेश उन्हीं से दिलवाना ठीक समझा। एक प्रश्न यह है कि जब दुर्योधन ने भीष्म का उपदेश नहीं माना तब भीष्म ने उसकी ओर से युद्ध क्यों किया। वास्तव में उनका काम राजा को उसकी भूल सुझा देना भर था। अन्तिम निर्णय तो राजा ही कर सकता है। राजा को देवता का अंश मानने की धारणा हमारी बहुत पुरानी है। फिर जिसका नमक इतने दिनों से खाया था उसको छोड़कर कैसे जा सकते थे ? यदि यह कहा जाय कि इन्होंने किसी दूसरे का नमक नहीं खाया, अपना ही खाया था, तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि एक बार जब ये अपना राजगद्दी का अधिकार छोड़ चुके तब इनका प्रभुत्व रही कहाँ गया ? यदि यह कहें कि कौरव-पाण्डवों का बँटवारा होते समय नई राजधानी स्थापित होने पर ये पाण्डवों के यहाँ क्यों न चले गये तो इसका उत्तर यह है कि पुराना स्थान छोड़ने की आवश्यकता ही क्या थी ? उस समय यही कहाँ निश्चय हुआ था कि कौरव लोग ऐसे हठी और अधर्मी हैं ? अतएव अकारण पुराने आश्रय को छोड़ नये की खुशामद करने की झञ्झट कौन मोल लेता ? फिर युद्ध तो उन्हें उस ओर से भी करना ही पड़ता। हाँ, तब यह कहने को होता कि उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध हथियार उठाया।

माद्री

मद्र-महीपाल शल्य की बहन माद्री का विवाह पाण्डु के साथ हुआ था। यह उनकी दूसरी रानी थी। पंजाब का, रावी और चनाब के बीच का, भूभाग ही मद्रदेश है। माद्री का वास्तविक नाम नहीं मिलता। माद्री का अर्थ है मद्र देश की। यह बड़ी सुन्दरी थी। इसको प्राप्त करने के लिए शल्य के पास स्वयं भीष्म गये थे और उन्हें बहुत सा सुवर्ण, आभूषण, रत्न, हाथी-घोड़े, मणि-मोती और वस्त्र आदि देकर माद्री को हस्तिनापुर ले गये थे। वहीं पर विवाह-संस्कार हुआ था। कुछ समय तक माद्री ने बड़ा सुख पाया। इसके बाद एक दुर्घटना हो गई। राजा पाण्डु ने वन में रमण करते हुए मृग के जोड़े पर बाण छोड़ दिया। असल में वह किन्दम नाम का मुनि था जो मृग बनकर अपनी स्त्री के साथ विहार कर रहा था। उसने मरते समय पाण्डु को यह शाप दे दिया कि जिस समय तुम स्त्री से सहवास करना चाहोगे उसी समय मर जाओगे।

इस शाप के कारण राजा पाण्डु बड़े दुखी रहते थे। दो-दो रानियों के रहते भी वे स्त्री-सहवास के सुख से वञ्चित थे। इस कारण वे राज-पाट छोड़-छाड़कर वन में तपस्वी का जीवन बिताने लगे। वहाँ कुन्ती ने एक विद्या के प्रभाव से तीन देवताओं को बुलाकर उनके द्वारा तीन पुत्र

उत्पन्न कर लिये। इसके लिए पाण्डु ने उससे बार-बार अनुरोध किया था। यह देखकर एक बार माद्री ने एकान्त में पाण्डु से प्रार्थना की कि यदि कुन्ती मेरे लिए भी जननी बनने का प्रबन्ध कर दें तो मेरी इच्छा पूरी हो जाय। पाण्डु के कहने से कुन्ती ने अपनी सौत पर कृपा कर दी। उससे कहा कि तू जिस देवता को बुलाना चाहे उसका ध्यान कर, मैं मन्त्र पढ़ती हूँ। माद्री ने अश्विनीकुमारों का ध्यान किया। उन देवताओं से संयोग से उसके दो (यमज) पुत्र—नकुल और सहदेव—हुए।

वन में एक बार राजा पाण्डु को होनहार ने घेर लिया। कहाँ तो वे ऋषि के शाप से डरे रहकर सदा उदास बने रहते थे और कहाँ वसन्त ऋतु में माद्री को एकान्त में पा उसकी सुन्दरता पर रीझ—उसके बार-बार ऋषि के शाप की याद दिला-दिलाकर रोकने पर भी—उससे लिपट गये। इस घटना के होते ही उनके प्राण-पखेरू उड़ गये। माद्री रोती-चिल्लाती रह गई। रोना-चिल्लाना सुनकर वहाँ कुन्ती पहुँचीं। उन्होंने इस काम के लिए माद्री की भर्त्सना की। पर उस बेचारी का क्या अपराध था? अन्त में वह पाण्डु के साथ सती हो गई। उसने कुन्ती से कहा कि मेरे शरीर-सुख के लिए ही राजा के प्राण गये हैं; इस कारण मैं ही इनके साथ सती हूँगी। दूसरी बात यह है कि आप जिस प्रकार बिना पक्षपात के बच्चों का पालन कर लेंगी उस प्रकार कदाचित् मैं न कर सकूँ, इससे मैं अपने बच्चे आप ही को सौंपकर सुख से मर सकूँगी।

माद्री का सती हो जाना उसके पक्ष में अच्छा ही हुआ। यदि वह जीती रहती तो उसे कौरवों के दिये हुए क्लेश सहने पड़ते और अन्त में अपने भाई-बन्धुओं तथा नाती-पोतों का विनाश देखना पड़ता। सती हो जाने से वह इन सब बखेड़ों से बच गई। कुन्ती और माद्री के बीच कैसा क्या पारस्परिक बर्ताव था, इसका विशेष विवरण नहीं मिलता। किन्तु इतना स्पष्ट है कि दोनों में सौतिया डाह नहीं था। होता ही कैसे? शाप लगने से पति उदास बना रहता था। उसी की चिन्ता दोनों को रहती थी। फिर कुन्ती की ही कृपा से सन्तान-प्राप्ति होने के कारण माद्री उनके निकट कृतज्ञता-पाश में बँधी हुई थी। इसके सिवा कुन्ती में पक्षपात नहीं था—वे अपने और माद्री के बेटों के साथ एक सा बर्ताव करती थीं। इसी भरोसे पर माद्री को अपने बालक कुन्ती को सौंपने में रत्ती भर भी दुबिधा नहीं हुई।

मद्रराज के यहाँ बिना शुल्क लिये बेटी ब्याहने का दस्तूर नहीं था। इस बात को शल्य ने साफ़-साफ़ कह दिया और भीष्म ने भी उनके आचार को बुरा नहीं बतलाया, उलटे प्रशंसा ही की है। इसके लिए वे पहले से ही तैयार भी थे। तभी तो उनकी भेंट करने को तरह-तरह की पचासों चीज़ें साथ ले गये थे। न ले जाते तो ख़ाली लौटना पड़ता।

युधिष्ठिर

ये पाण्डु के बड़े बेटे थे। इनका जन्म धर्मराज के संयोग से कुन्ती के गर्भ द्वारा हुआ था। वयस्क होने पर इन्होंने कौरवों के साथ द्रोणाचार्य से धनुर्वेद सीखा। समय आने पर जब इनको युवराज-पद मिला तब इन्होंने अद्भुत धैर्य, दृढ़ता, सहनशीलता, नम्रता, दयालुता और प्राणिमात्र पर कृपा आदि गुणों का परिचय देते हुए प्रजा का पालन उत्तम रीति से किया। इसके पश्चात् दुर्योधन

आदि के षड्यन्त्र से ये अपने भाइयों और माता समेत वारणावत भेज दिये गये। वहाँ पर ये जिस भवन में ठहराये गये थे वह भड़क उठनेवाली वस्तुओं से बनाया गया था; अतएव उससे निकल भागने को इन्होंने गुप्त रीति से सुरङ्ग खुदवाई और भवन में पुरोचन के आग लगाने से पहले ही ये लोग स्वयं आग लगाकर उस सुरङ्ग की राह निकल भागे। फिर ये लोग व्यासजी के सलाह से एकचक्रा नगरी में जाकर रहने लगे। यह नगरी इटावा से १६ मील दक्षिण-पश्चिम में है। यहाँ रहते समय ही भीमसेन ने बक राक्षस को मारा था। यहाँ से दूसरे स्थान को जाते समय रास्ते में अङ्गारपर्ण गन्धर्वराज के साथ अर्जुन की मुठभेड़ हुई थी। अन्त में, युधिष्ठिर की कृपा से, अङ्गारपर्ण को छुटकारा मिला था।

उत्कोचक तीर्थ में पहुँचने पर पाण्डवों ने धौम्य मुनि को अपना पुरोहित बनाया। फिर ये लोग द्रुपद राजा की स्वयंवर-सभा में पहुँचे। वहाँ अर्जुन के लक्ष्यभेद करने पर द्रौपदी की प्राप्ति हुई। कुन्ती ने भिक्षा में मिली हुई वस्तु को देखे बिना ही आज्ञा दे दी कि पाँचों भाई बाँट लो। अन्त में सब हाल मालूम होने पर कुन्ती बड़े असमञ्जस में पड़ीं तब युधिष्ठिर ने कहा कि माता के मुँह से जो बात निकल गई है उसी को हम लोग मानेंगे। विवाह हो चुकने पर पाण्डव लोग दुबारा हस्तिनापुर पहुँच गये। उन लोगों को खाण्डवप्रस्थ हिस्से में मिला। वहीं राजधानी बनाकर वे निवास करने लगे।

मय दानव बड़ा होशियार इंजिनियर था। उसने अर्जुन के कहने से युधिष्ठिर के लिए राजधानी इन्द्रप्रस्थ में बड़ा सुन्दर सभाभवन बना दिया। इसके कुछ समय पीछे युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ करने का विचार किया। श्रीकृष्ण ने उनके इस सङ्कल्प का अनुमोदन किया। इधर तो इन्द्रप्रस्थ में धूमधाम से यज्ञ की तैयारी की जाने लगी और उधर चारों भाई नाना देशों में जा-जाकर राजाओं से कर वसूल करने लगे। उनके लौट आने पर यज्ञ किया गया। निमन्त्रण पाकर दुर्योधन प्रभृति कौरव भी यज्ञ में सम्मिलित हुए। ठीक समय पर ब्राह्मणों ने युधिष्ठिर को यज्ञ की दीक्षा दी। इस यज्ञ के उत्सव में उस समय के प्रायः सभी नरेश एकत्र हुए थे। यज्ञ में निमन्त्रित होकर जानेवालों के ठहरने आदि के लिए अलग-अलग भवन बनाये गये थे। उन लोगों की ख़ासी ख़ातिर की गई और उन्हें यथायोग्य बिदाई भी दी गई। यज्ञ के अन्त में भीष्म की सलाह से युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण को अर्घ्य दिया। इसके सिलसिले में चेदि-नरेश शिशुपाल से झगड़ा हो गया। उसे श्रीकृष्ण ने मार डाला। शुभ अवसर पर इसे अशुभ घटना कहना चाहिए। यज्ञ पूरा हो चुकने पर दुर्योधन आदि हस्तिनापुर को लौट गये। वहाँ बेटों के मुँह से पाण्डवों के ऐश्वर्य का हाल सुनकर धृतराष्ट्र के मन में कुढ़न हुई। अन्त में दुर्योधन की बातों में आकर पाण्डवों को जुआ खेलने का निमन्त्रण दिया गया। पाण्डवों के पहुँचने पर धृतराष्ट्र ने कपट-प्रीति दिखलाई और शकुनि के साथ जुआ खेलने का प्रबन्ध किया। युधिष्ठिर को जुआ खेलना पसन्द नहीं था किन्तु बुलाये जाने पर न जाना नियम-विरुद्ध समझकर वे उस व्यसन में लिप्त हो गये। इस जुए ने उनको कहीं का न रक्खा। एक-एक करके वे अपनी सब वस्तुएँ खो बैठे। हाथ में कुछ न रह जाने पर वे अपने चारों भाइयों को, अपने को और द्रौपदी को भी, दाँव में लगाकर, हार गये। इस सिलसिले में द्रौपदी तक की धर्षणा की गई। अन्त में धृतराष्ट्र ने आगा-पीछा सोचकर पाण्डवों को, उनकी सम्पत्ति देकर, और समझा-बुझाकर बिदा कर दिया।

किन्तु इस व्यवस्था को दुर्योधन आदि ने ठीक न समझा। युधिष्ठिर दुबारा जुआ खेलने को बुला भेजे गये। वे भी सब कुछ जान-बूझकर लौट आये। इस बार शर्त यह लगाई गई कि हारनेवाला बारह वर्ष तक वनवास करके एक वर्ष अज्ञातवास करे और यदि अज्ञातवास में उसका पता लग जाय तो दुबारा यही सिलसिला शुरू हो। कहना अनावश्यक है कि जुए में पाण्डवों की हार हुई। मृगछाला पहनकर पाण्डव लोग, द्रौपदी के साथ, वनवास करने गये। वहाँ पर उनके रिश्तेदार मिलने-भेटने को अक्सर जाते थे। पाण्डवों ने वन में बारह वर्ष विता दिये। वन के क्लेशों से ऊबकर द्रौपदी ने युधिष्ठिर को कौरवों से बदला लेने के लिए बहुत उभाड़ा परन्तु उन्होंने तरह-तरह से उपदेश देकर द्रौपदी को समझाया और अवसर की प्रतीक्षा करने के लिए कहा। वनवास के समय महर्षि धौम्य इन लोगों के साथ ही थे। वहाँ पर जो ऋषि-मुनि और साधु-महात्मा पाण्डवों से मिलने आते थे उनके उपदेश से युधिष्ठिर आदि ने अनेक तीर्थों की यात्रा की। वनवास की अवधि में ही अर्जुन, अस्त्रों की प्राप्ति के लिए, तपस्या करने गये थे।

एक बार वन में घूमते-फिरते भीमसेन एक अजगर के शिकञ्जे में फँस गये। उनके लौटने में बहुत देर होने पर युधिष्ठिर पता लगाने को निकले तो उनको अजगर की लपेट में पाया। युधिष्ठिर ने अजगर से भीमसेन को छोड़ देने के लिए प्रार्थना की तो उसने कहा कि यदि मेरे प्रश्नों का ठीक-ठीक उत्तर दे दोगे तो छोड़ दूँगा। युधिष्ठिर सहमत हो गये। अजगर ने युधिष्ठिर से धर्म तथा समाज-नीति के सम्बन्ध में बहुतेरे प्रश्न किये। उन सबका ठीक-ठीक उत्तर पाकर अजगर ने भीमसेन को छोड़ दिया। एक बार मार्कण्डेयजी ने भी कृपा करके पाण्डवों को दर्शन और उपदेशों के द्वारा कृतार्थ किया था। पाण्डवों के वनवास का समाचार दुर्योधन को मिलता रहता था। वह कर्ण और शकुनि आदि के कहने से, उन लोगों के साथ, वन में पाण्डवों को सताने की इच्छा से पहुँचा। किन्तु दैवयोग से ऐसी घटना हो गई जिसमें उसे लेने के देने पड़ गये। बात यह हुई कि उसके नौकरों से गन्धर्वों की मुठभेड़ हो गई। इसी सिलसिले में गन्धर्वराज चित्रसेन ने दुर्योधन और कर्ण आदि को पराजित करके बन्दी कर लिया। यह ख़बर पाकर युधिष्ठिर के कहने से अर्जुन ने चित्ररथ को परास्त करके अपने विरोधी दुर्योधन आदि को छुटकारा दिलाया।

एक दिन युधिष्ठिर ने पीने को पानी लाने के लिए नकुल को भेजा। उनके लौटने में देर होने पर सहदेव को पता लगाने के लिए भेजा। उनके भी न लौटने पर भीमसेन और अर्जुन को भेज दिया। जब कोई भी न लौटा तब युधिष्ठिर स्वयं ढूँढ़ने निकले। उन्होंने जाकर देखा कि चारों भाई सरोवर के तट पर मरे पड़े हैं। वहाँ पर एक यक्ष को देखकर उन्होंने अपने भाइयों की इस विपत्ति का कारण उससे पूछा। उसने बतलाया कि तुम्हारे भाइयों ने मेरी बात न मानकर पानी पी लिया, इसी से उनकी यह दशा हुई है। यदि तुम मेरे प्रश्नों का ठीक-ठीक उत्तर दिये विना पानी पी लोगे तो तुम्हारा भी यही हाल होगा। युधिष्ठिर के उत्तर देने को तैयार होने पर यक्ष ने सन्तुष्ट होकर उनसे बहुत से प्रश्न किये और सबका ठीक-ठीक उत्तर पाया। तब उसने युधिष्ठिर से कहा कि इनमें से तुम जिस एक को चाहो वह जीवित हो सकता है। इस पर युधिष्ठिर ने नकुल को जीवित कर देने का अनुरोध किया। यक्ष ने विस्मित होकर पूछा कि भीमसेन और अर्जुन जैसे

महारथियों को जीवन-दान देने की प्रार्थना न करके तुम नकुल को क्यों जीवित देखना चाहते हो। युधिष्ठिर ने इसका बहुत उत्तम उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी दो माताएँ हैं। अपनी माता कुन्ती के पुत्र हम जीवित हैं ही, अब सौतेली माता माद्री का भी एक बेटा बच जायगा तो हमारी दोनों माताओं की सन्तान बनी रहेगी। यह उत्तर पाकर यक्ष इतना प्रसन्न हुआ कि उसने युधिष्ठिर के चारों भाइयों को जीवित कर दिया।

बारह वर्ष बीत जाने पर पाण्डवों को एक वर्ष तक छिपकर रहना था। इसके विषय में पाँचों भाइयों ने मिलकर सलाह की। उन लोगों ने निश्चय किया कि रूप बदलकर हम लोग मत्स्यराज विराट के यहाँ यह समय बिता देंगे। युधिष्ठिर ने कहा कि हम उक्त राजा के दरबार में अक्षक्रीड़ा-कुशल ब्राह्मण बनकर रहेंगे। बस, पाण्डव लोग वेष बदल-बदलकर राजा विराट के यहाँ जाकर रहने लगे। इस रूप में वहाँ युधिष्ठिर ने अपना नाम कङ्क रख लिया था। इन लोगों के वहाँ रहते समय एक यह दुर्घटना हो गई कि राजा का सेनापति कीचक बल्लव (भीमसेन) के हाथों मारा गया। उसके मारे जाने की ख़बर पाकर त्रिगर्तराज सुशर्मा ने विराट का गोधन छीनने के लिए आक्रमण कर दिया। किन्तु उसे छद्मवेषधारी पाण्डवों की सहायता से बलवान् विराट के आगे हार माननी पड़ी। इस विजय से राजा विराट इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने कङ्क को ही राजगद्दी पर बिठाना चाहा। युधिष्ठिर ने राजा के इस प्रस्ताव को धन्यवादपूर्वक अस्वीकार कर दिया; क्योंकि समय दूसरा था। इसी समय कौरवों ने दूसरी ओर से गोधन हरण करने को चढ़ाई की तो बृहन्नला बने हुए अर्जुन ने राजा विराट के पुत्र उत्तर को सारथि बनाकर उस आपत्ति से मत्स्य राज्य की रक्षा की। इसी समय उत्तर को, अर्जुन के बतलाने से, मालूम हुआ कि उसके यहाँ पाण्डव लोग छिपे हुए हैं। जिस समय ये लोग युद्ध में विजयी होकर राजधानी में पहुँचे उस समय राजा विराट अपने मुसाहब कङ्क के साथ जुवा खेल रहे थे। उसी दशा में अपने कुमार उत्तर की वीरता की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे बेटे ने कौरवों को मार भगाया। इस पर कङ्क ने कहा कि भीष्म और द्रोण जैसे महारथियों को बृहन्नला के सिवा और कोई परास्त नहीं कर सकता। इस उत्तर से क्रुद्ध होकर विराट ने कङ्क के मुँह में पाँसे मार दिये। इस चोट से युधिष्ठिर की नाक से रक्त निकलने लगा। पीछे विराट को उत्तर से मालूम हुआ कि वास्तव में बृहन्नला ने ही कौरवों के दाँत खट्टे किये हैं। इससे अपने अपराध के लिए खिन्न होकर विराट ने कङ्क से क्षमा माँगी। अन्त में पाण्डवों का प्रकृत परिचय पाने पर राजा विराट ने उन लोगों से अपनी भूल-चूक क्षमा करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने पाण्डवों को उनका राज्य दिलाने के लिए अपनी शक्ति भर सहायता देने का वचन दिया।

युधिष्ठिर ने आरम्भ में बिना ही लड़ाई-झगड़े के अपना हिस्सा पाने की भी पूरा चेष्टा की; किन्तु जब दुर्योधन ने इसका निर्णय युद्ध की हार-जीत पर ही टाला तब लाचार होकर उनको युद्ध की तैयारी करनी पड़ी। कुरुक्षेत्र के मैदान में लड़ने के लिए तैयार कौरवों की अपार सेना और भीष्म आदि की बनाई हुई व्यूह-रचना को देखकर युधिष्ठिर घबरा गये। अर्जुन और श्रीकृष्ण के समझाने पर उनके हृदय से आतङ्क दूर हुआ। इसके पश्चात्, युद्ध छिड़ने से पहले, युधिष्ठिर ने रथ से उतरकर, पैदल जाकर, भीष्म आदि गुरुजनों की वन्दना करके उनसे विजय के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

वहाँ पर चार ही ऐसे पुरुष थे जिनसे आशीर्वाद लेना आवश्यक था। वे थे—भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य और मामा शल्य। उन चारों ने युधिष्ठिर को आशीर्वाद देकर स्पष्ट कह दिया कि यदि तुम हमारे पास न आते तो हमको बुरा लगता—हम शाप दे देते। युधिष्ठिर की इस सूझ की प्रशंसा किये बिना नहीं रहा जाता। कहाँ तो मार-काट का मौक़ा और कहाँ यह शिष्टाचार का पालन। अस्तु; इसके बाद युद्ध का आरम्भ हुआ। युद्ध में युधिष्ठिर ने पर्याप्त परिश्रम किया। बहुत से सैनिकों और सेनापतियों का उन्होंने संहार किया। उन्होंने स्वयं भी बहुत सी चोटें झेलीं। कर्ण की मार से बेतरह घायल होकर उन्हें शिविर में लौट जाना पड़ा।

अन्त में जब युधिष्ठिर ने देखा कि भीष्म तो पाण्डव-पक्ष को बिलकुल चौपट किये देते हैं तब उन्होंने पितामह के पास पहुँचकर उनके वध का उपाय पूछा और तदनुसार कार्य करके अपने पक्ष की रक्षा की। इसके बाद उन्हें अभिमन्यु के वध का असह्य क्लेश सहना पड़ा। भीष्म के पश्चात् जब द्रोणाचार्य पाण्डवों की सेना को गाजर-मूली की तरह काटने लगे तब श्रीकृष्ण ने इस सङ्कट से बचने का उपाय सुझाया। भीमसेन ने अवन्तिराज इन्द्रवर्मा के हाथी को मारा और अश्वत्थामा के मारे जाने की ख़बर फैलाकर उछल-कूद मचा दी। इन्द्रवर्मा के हाथी का नाम भी अश्वत्थामा था और द्रोणाचार्यजी के पुत्र का भी यही नाम था। पहले-पहल द्रोणाचार्य ने अपने बेटे के मारे जाने की अफ़वाह पर विश्वास नहीं किया। यह देखकर श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर से कहा कि यदि द्रोणाचार्य क्रुद्ध होकर आधे दिन तक मार-काट करते रहेंगे तो फिर पाण्डव-कुल की समाप्ति ही समझिए। अतएव ऐसा कीजिए जिसमें आचार्य हथियार रख दें। जब तक उनके हाथ में हथियार रहेगा तब तक कोई उनको पराजित नहीं कर सकता। यदि आप उनको अश्वत्थामा के मारे जाने का विश्वास करा दें तो वे हथियार रख देंगे। श्रीकृष्ण का यह प्रस्ताव युधिष्ठिर को पसन्द नहीं था। किन्तु एक तो रक्षा का दूसरा उपाय नहीं था, दूसरे सब ओर से उन पर ऐसा करने के लिए दबाव डाला जा रहा था। इसलिए विवश होकर उन्होंने द्रोणाचार्य के समीप जाकर ज़ोर से कहा "अश्वत्थामा मारा गया" और धीरे से कह दिया "इस नाम का हाथी"। यह बात कहने से पहले तक, सत्य-भाषण करने के प्रभाव से, उनका रथ पृथ्वी से चार अङ्गुल ऊपर रहता था; किन्तु इस अर्ध-सत्य बात के कहते ही उनका रथ पृथ्वी पर चलने लगा—विशेषता जाती रही।

मद्रराज शल्य की मृत्यु युधिष्ठिर के ही हाथ से हुई। दुर्योधन की टाँगें तोड़कर भीमसेन जब उसके सिर को लतियाने लगे तब उन्हें युधिष्ठिर ने ऐसा करने से मना करके दुर्योधन को ढाढ़स बँधाया।

युद्ध में बहुत से भाई-भतीजों और सगे-सम्बन्धियों के मारे जाने से युधिष्ठिर को बड़ा शोक हुआ। यह विजय उनको बहुत महँगी पड़ी। इस कारण उनको बड़ी बेचैनी रहने लगी। उनका चित्त न तो राजकाज में लगता था और न धर्म-कर्म में। श्रीकृष्ण, भाई-बन्धुओं और ऋषि-मुनियों का समझाना व्यर्थ हो गया। जब यह पता चला कि कर्ण उन्हीं का भाई था तब तो उनको बेहद दुःख हुआ। कुन्ती ने यह बात छिपा रक्खी थी, इससे क्रुद्ध होकर युधिष्ठिर ने समस्त स्त्री-जाति को यह शाप दे दिया कि कोई बात तुम्हारे पेट में न रह सकेगी। युधिष्ठिर को किसी प्रकार शान्ति मिलते न देख श्रीकृष्ण उन्हें शर-शय्या पर पड़े हुए भीष्म के पास ले जाकर बोले कि "जाति

की हत्या करने के पाप से दुखी युधिष्ठिर बहुत ही व्याकुल हो रहे हैं। धर्मार्थ-युक्त उपदेश देकर इनका शोक दूर कर दीजिए। मैं इनको इसी लिए आपके पास ले आया हूँ।" पितामह ने श्रीकृष्ण की बात मान ली। युधिष्ठिर अपने भाई-बन्धुओं सहित पितामह के समीप पहुँच गये और प्रश्न कर-करके राजधर्म, आपद्धर्म तथा मोक्षधर्म का उपदेश प्राप्त करके अभिज्ञ हो गये। महाभारत के शान्तिपर्व और अनुशासनपर्व में ये अमूल्य उपदेश भरे पड़े हैं। इन उपदेशों से युधिष्ठिर का शोक बहुत कुछ घट गया था सही, किन्तु भीष्म का शरीर छूट जाने पर वह फिर उमड़ पड़ा। इस बार उसे दूर करने के लिए व्यासजी ने अश्वमेध यज्ञ करने की सलाह दी। बात यह थी कि यज्ञ के झमेले में फँस जाने पर फिर युधिष्ठिर को पिछली बातों पर विचार करने के लिए फ़ुरसत ही कहाँ मिलती। किन्तु यह यज्ञ करने पर भी युधिष्ठिर को पछतावा बना ही रहा। वे केवल कर्तव्य-बन्धन के कारण ही राजकाज करते थे।

अश्वमेध यज्ञ होने के कुछ समय पश्चात् धृतराष्ट्र, गान्धारी और विदुर आदि वन में रहने को चले गये। एक बार युधिष्ठिर जङ्गल में तपस्या-निरत विदुर को देखने के लिए धृतराष्ट्र के आश्रम में गये। उन्होंने आश्रम से थोड़ी ही दूर पर विदुर को देखा किन्तु क्षण भर में ही वे न जाने कहाँ चले गये। तब युधिष्ठिर उनको ढूँढ़ने के लिए वन में घुसे और उनको देखते ही पीछा करने लगे। तनिक आगे बढ़ने पर उन्होंने देखा कि विदुर एक पेड़ के सहारे खड़े हुए हैं। युधिष्ठिर ने नम्रतापूर्वक प्रणाम करके उन्हें जब अपना परिचय दिया तब उन्होंने योगबल द्वारा युधिष्ठिर की दृष्टि में दृष्टि, देह में देह, प्राण में प्राण और इन्द्रियों में इन्द्रियों को संयुक्त करके उनकी देह में प्रवेश कर लिया। अब विदुर की देह पेड़ के सहारे ठूँठ की तरह खड़ी रह गई। युधिष्ठिर अपने को पहले की अपेक्षा अधिक बलवान् समझने लगे। उन्होंने विदुर की दाह-क्रिया करने का विचार किया तो यह आकाशवाणी सुन पड़ी कि विदुर तो यति-धर्म को प्राप्त कर चुके हैं। उनकी देह को जलाना ठीक नहीं। यह आकाशवाणी सुनकर युधिष्ठिर धृतराष्ट्र के पास, आश्रम में, लौट गये। उन्होंने धृतराष्ट्र, गान्धारी और कुन्ती आदि को राजधानी में लौटा ले जाने का बहुत उद्योग किया; किन्तु जब कोई नहीं गया तब युधिष्ठिर भाइयों सहित लौट गये और राजकाज सँभालने लगे। इसके पश्चात् दो वर्ष बीतने पर उन्हें ख़बर मिली कि धृतराष्ट्र प्रभृति वन की दावाग्नि में भस्म हो गये। इससे युधिष्ठिर को बहुत शोक हुआ फिर भी उन्हें राजपाट सँभाले रहना पड़ा।

कुछ समय बाद यादवों का विनाश होने की ख़बर मिलने से युधिष्ठिर को इतना वैराग्य हुआ कि परिक्षित् को राजगद्दी पर बैठाकर और युयुत्सु को राज्य-कार्य की देखभाल करने पर नियुक्त करके वे महाप्रस्थान के लिए उत्तर दिशा की ओर चले गये। साथ में द्रौपदी सहित चारों भाई भी गये। जाते-जाते रास्ते में पहले द्रौपदी गिरीं; इसके पश्चात् क्रम से सहदेव, नकुल, अर्जुन और भीम गिरे। भीमसेन हर एक के गिरने का कारण युधिष्ठिर से पूछते जाते थे। युधिष्ठिर ने बतलाया कि द्रौपदी पाँच पतियों में से अर्जुन को अधिक चाहती थी। इसी पाप से उसकी मृत्यु हुई। सहदेव अपने को बहुत बड़ा समझदार मानते थे, नकुल को अपनी सुन्दरता का गर्व था, अर्जुन अपनी शूरता की ऐंठ में अन्य धनुर्धरों को कुछ समझते ही नहीं थे और भीमसेन

दूसरों को भोजन-सामग्री दिये बिना ख़ुद बहुत अधिक खा जाते तथा अद्वितीय बलवान् होने की डींग हाँकते थे। इन्हीं कारणों से इन लोगों का पतन हुआ। अन्त में, गिरे हुए भाइयों की परवा छोड़कर, युधिष्ठिर चित्त को एकाग्र किये हुए आगे बढ़ते गये।

अब एक कुत्ता ही युधिष्ठिर के साथ रह गया। इस प्रकार उनके अग्रसर हो जाने पर इन्द्र उनको ले जाने के लिए रथ लेकर आ पहुँचे। किन्तु उन्होंने पीछे गिरे हुए अपने भाइयों और द्रौपदी को छोड़कर जाना स्वीकार न किया। इस पर इन्द्र ने बतलाया कि वे सब तो मनुष्य-शरीर छोड़कर पहले ही वहाँ जा पहुँचे हैं। केवल तुम्हीं को सदेह ले जाने के लिए मैं यह रथ लाया हूँ। तब युधिष्ठिर ने अपने साथ के कुत्ते को भी साथ ले जाना चाहा। इन्द्र ने अनेक युक्तियों से समझाया कि कुत्ते को साथ लेकर स्वर्ग में नहीं जा सकते। किन्तु युधिष्ठिर बिना कुत्ते को साथ लिये रथ पर सवार होने को तैयार नहीं हुए। अन्त में कुत्ते का रूप छोड़कर साक्षात् धर्मराज प्रकट हुए और युधिष्ठिर से बोले कि तुम्हारी परीक्षा करने के लिए ही मैं कुत्ता बना हुआ साथ-साथ आ रहा था। मैं एक बार द्वैतवन में भी तुम्हारी परीक्षा कर चुका हूँ। तुम बड़े ही धर्मात्मा, बुद्धिमान् और प्राणिमात्र पर दयालु प्रमाणित हुए हो। मैं बहुत ही सन्तुष्ट हूँ। तुम इस रथ पर सवार होकर स्वर्ग को जाओ।

इसी समय युधिष्ठिर का स्वागत करने को वहाँ पर अश्विनीकुमार, मरुद्गण और अन्यान्य देवता आ गये। देवताओं से घिरे हुए युधिष्ठिर सदेह स्वर्ग में पहुँच गये। वहाँ पर उनकी दृष्टि सबसे पहले देवराज की सभा में बैठे हुए दुर्योधन पर पड़ी। उसे देखते ही पिछले वैर का स्मरण हो जाने से वे क्रुद्ध हो उठे। उन्होंने देवताओं से पूछा कि इस पापी को किस पुण्य के बदले में स्वर्ग की प्राप्ति हुई है। नारदजी ने बतलाया कि यह पाण्डवों से वैर-विरोध अवश्य रखता था; परन्तु समरभूमि में वीर की भाँति युद्ध करके इसने शरीर छोड़ा है। उसी पुण्य के प्रभाव से इसे स्वर्ग मिला है। अब युधिष्ठिर ने यह पूछा कि हमारे भाई-बन्धु और अन्यान्य स्वजन कहाँ पर, किस दशा में, हैं। इस पर एक देवदूत युधिष्ठिर को उनके भाई-बन्धुओं के पास ले गया। अपने भाई-बन्धुओं को नरक की यन्त्रणाएँ भोगते देख युधिष्ठिर ने देवताओं के न्याय की निन्दा की। इस पर इन्द्र ने युधिष्ठिर को ढाढ़स बँधाते हुए कहा कि मनुष्यमात्र को अपनी करनी का फल भोगना पड़ता है। तुमने अश्वत्थामा के मरने की झूठी ख़बर उड़ाने में साथ दिया था, इसी से तुम्हें नरक का दृश्य देखना पड़ा। तुम्हारे भाई भी कुछ समय तक नरक में अपने पापों का फल भोग चुकने पर स्वर्ग में आ जायँगे।

इन्द्र के कहने से युधिष्ठिर ने ज्योंही मन्दाकिनी में ग़ोता लगाया त्योंही वे सारे वैर-विरोध और द्वेष आदि की भावनाओं से मुक्त हो गये। अब वे अपने सगे-सम्बन्धियों से हिल-मिलकर स्वर्ग का सुख भोगने लगे।

युधिष्ठिर के चरित में क्षत्रिय की अपेक्षा ब्राह्मण के गुणों की अधिकता है। क्षत्रिय में जैसी कठोरता होनी चाहिए वैसी उनमें न थी। यह बात कर्ण ने उनसे, युद्ध करते समय, कही भी थी। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि वे वे उसका सामना करने में असमर्थ हो युद्धभूमि से टल गये थे।

भीरु थे। उन्होंने अपनी शक्ति भर कर्ण का मुक़ाबला किया था। इस युद्ध में उनकी देह क्षत-विक्षत हो गई थी। छावनी में पहुँचने पर चिकित्सकों ने उनके शरीर में से शल्य निकाले थे। उन्होंने युद्ध में शूरता भी दिखाई थी। अपने मामा, कौरवों के सेनापति, महारथी शल्य को इन्हींने मारा था। फिर भी क्षत्रिय-धर्म की अपेक्षा इन्हें ब्राह्मण-धर्म ही प्रिय था। अश्वत्थामा के मारे जाने की अर्ध-सत्य बात कहने के सिवा इन्होंने अपने जीवन में कभी असत्य भाषण नहीं किया। इनके इस गुण की प्रशंसा शत्रुओं तक ने की है।

कर्ण के बाणों से घायल युधिष्ठिर जब छावनी में लौट गये थे तब उनकी ख़बर लेने को श्रीकृष्ण और अर्जुन गये तो युधिष्ठिर ने समझा कि कर्ण मारा गया। किन्तु उसके जीवित रहने की ख़बर ने उन्हें हक्का-बक्का कर दिया। वे अर्जुन के गाण्डीव धनुष की निन्दा कर बैठे। इससे अर्जुन ने चिढ़कर जब उनका वध करने का विचार किया तब श्रीकृष्ण ने किसी प्रकार समझौता कराके आगे का काम सँभाला। इस प्रसङ्ग के सिवा और कभी युधिष्ठिर ने धैर्य को हाथ से नहीं जाने दिया। सदा फूँक-फूँककर पैर रक्खा। किसी का अनिष्ट चिन्तन तक नहीं किया। उनके इस भोलेपन से ही कौरवों ने लाभ उठाना चाहा था। युधिष्ठिर आशावादी थे। बड़े-बड़े सङ्कट पड़ने पर भी वे उनसे पार पाकर सुखमय जीवन बिताने की आशा रखते थे। द्रौपदी, भीमसेन और अर्जुन आदि के युद्ध के लिए उभाड़ने पर भी वे अवधि बिताकर ही कौरवों से अपना हिस्सा माँगने को तैयार हुए। जहाँ तक बना, युद्ध को टालते रहे। ऐसा क्षमाशील, अहिंसाप्रिय क्षत्रिय कदाचित् ही दूसरा हो। भाइयों पर उनका असीम अनुराग था। माता के वे अनन्यसेवक थे और पुत्रहीन धृतराष्ट्र तथा गान्धारी की तो उन्होंने ऐसी सेवा की जैसी दुर्योधन भी नहीं कर सका था। स्वयं धृतराष्ट्र ने इसे स्वीकार किया है। प्रजा का पालन भी उन्होंने बहुत अच्छी तरह किया। राज्य मिल जाने पर उन्होंने ऐसी व्यवस्था कर दी जिसमें सभी भाइयों को महत्त्व के कार्य करने को मिलें और किसी को असुविधा न हो।

युधिष्ठिर के जीवन में सबसे बड़ी भूल है उनका जुआ खेलने को तैयार हो जाना और उसमें भी अपने भाइयों तथा द्रौपदी तक को दाँव पर लगा देना। जुआ खेलने को बुलाये जाने पर नाहीं न करने की उनकी प्रतिज्ञा प्रतिज्ञा नहीं कही जा सकती। प्रतिज्ञा अच्छे कामों की होती है, जुआ खेलने और चोरी करने के लिए आहूत होने पर न जाने की प्रतिज्ञा तो प्रतिज्ञा का उपहास है। हारे हुए जुआरी का मनोभाव व्यक्त करने का सबसे बड़ा दृष्टान्त द्रौपदी का दाँव पर बदा जाना है। जुए के समय हारने और जीतनेवाले की मानसिक दशा कितनी अविचार-पूर्ण हो जाती है, इसका दृश्य हमें उस समय देखने को मिल जाता है। उस युग के आचार-विचार ही कुछ और थे। हम इस ज़माने के मनुष्य उनकी ठीक-ठीक कल्पना करने में असमर्थ होकर कभी किसी पक्ष को दोष देने लग जाते हैं, कभी किसी को।

युधिष्ठिर ने जैसी भूल जुआ खेलते समय की थी वैसी ही भूल वे एक बार और कर बैठे थे। उनकी भूलों का फल और लोगों तक को भोगना पड़ता था। देखिए, निराश होकर दुर्योधन द्वैपायन-ह्रद में जा छिपा है। पता पाकर पाण्डव लोग सरोवर के तट पर पहुँच गये हैं और ऐसी बातें कह

रहे हैं जिनसे तुनुककर वह बाहर निकल पड़े। बातचीत के सिलसिले में दुर्योधन ने कहा कि अब राज्य तुम्हीं लोग ले लो। मुझे न चाहिए। मेरी ओर से लड़नेवाला अब है ही कौन? इस पर युधिष्ठिर ने कह दिया कि "यदि इसी डर से तुम छिपे हुए हो तो एक काम करो। हम पाँचों भाइयों में से जिस एक से युद्ध करना चाहो उसी से भिड़ जाओ; उसी की हार-जीत से हम सब लोग अपनी हार-जीत समझ लेंगे।" भला ऐसी घमासान लड़ाई में विजयी हो चुकने पर कोई ऐसी अर्थहीन बात करेगा? कदाचित् विजयोन्माद के कारण उनके मुँह से यह बात निकल गई हो। उनकी इस बात ने पाण्डवों समेत श्रीकृष्ण के सारे प्रयत्न को संशय में डाल दिया। दुर्योधन यदि नकुल, सहदेव अथवा युधिष्ठिर से ही गदायुद्ध करना चाहता तो इसका क्या परिणाम होता? किन्तु होनहार ने बात सँभाल ली। दुर्योधन सभी ओर से निराश हो बैठा था। शत्रु की विजय से वह सन्तप्त हो रहा था। उसने सोचा कि जब एक से ही भिड़ना है तब उस भीम के ही क्यों न दाँत तोड़ूँ जिसने मेरे भाइयों को साफ़ कर दिया है। यदि उसकी बुद्धि ठिकाने होती, हानि-लाभ का उसने ठीक-ठीक हिसाब लगाया होता और भीमसेन की प्रतिज्ञा का भी उसे स्मरण होता तो कदाचित् वह किसी अन्य पाण्डव को पछाड़कर बाज़ी मार लेता। किन्तु शेख़ी में आकर वह भीम से गदायुद्ध करने को निकल क्या आया युधिष्ठिर को उपहासास्पद बनने से बचाने में सहायक हो गया।

युयुत्सु

धृतराष्ट्र की एक पत्नी वैश्य वर्ण की थी। उसके गर्भ से उत्पन्न पुत्र का नाम युयुत्सु था। इसे कौरवों का विग्रह पसन्द नहीं था। इसने युद्ध न होने देने के लिए चेष्टा भी की थी किन्तु जहाँ बड़ों-बड़ों की नहीं चली वहाँ इसकी कौन सुनता? अन्त में युद्ध आरम्भ होने से पूर्व जब युधिष्ठिर ने घोषणा की कि यदि कोई हमारी ओर से युद्ध करना चाहे तो हमारे दल में भर्ती हो जाय तब युयुत्सु, कौरवों का साथ छोड़कर, पाण्डवों में जा मिला और पाण्डवों ने भी उसको सहर्ष अपना साथी मान लिया। इस ओर से युयुत्सु ने अपनी सामर्थ्य भर युद्ध किया। धृतराष्ट्र का एक यही पुत्र युद्ध के अन्त में जीवित बच रहा। यदि यह कौरवों की ओर से युद्ध करता तो कौन कह सकता है कि उन लोगों की सी गति इसकी न होती। पाण्डवों के यहाँ इसका ख़ासा आदर था। वे लोग जब परिक्षित् को राजगद्दी देकर वानप्रस्थ को जाने लगे तब राज्य की निगरानी का भार इसी को सौंप गये थे।

युयुत्सु का पाण्डवों की ओर चला आना कौरवों के साथ विश्वासघात नहीं है; विश्वासघात तो विभीषण ने राम से मिलकर अपने भाई के साथ किया था। यह तो सब के सामने कहकर चचेरे भाइयों से जा मिला था। ऐसा जान पड़ता है कि कौरवों के यहाँ युयुत्सु का सम्मान नहीं था। होता ही कैसे? वहाँ तो एक माँ के सौ-सौ भाई थे। पहले तो उन्हीं की पूछ होती रही होगी। शायद यह बात युयुत्सु को अखरती रही हो। इसके सिवा कौरवों का पाण्डवों के साथ किया गया अनुचित बर्ताव भी इसे पसन्द नहीं था। अतएव इसने सोचा कि जब युद्ध करना ही है तब न्याय्य पक्ष की ओर से ही क्यों न किया जाय? यह कहाँ का दस्तूर है कि मरें भी तो पाप

कमाने के लिए! भीष्म और द्रोण आदि जानते थे कि वे असत्पक्ष की ओर हैं और इसे वे अच्छा भी नहीं समझते थे; फिर भी लड़े उसी ओर से। किन्तु युयुत्सु ने झिझक छोड़कर उस पक्ष का साथ नहीं दिया। अतएव उसके इस साहस की प्रशंसा करनी पड़ती है।

शकुनि

यह गान्धारराज सुबल का पुत्र और गान्धारी का भाई था। जुआ खेलने में यह बहुत ही कुशल था। यह प्राय: धृतराष्ट्र के दरबार में बना रहता था। दुर्योधन की इससे बहुत पटती थी। युधिष्ठिर के साथ दुर्योधन की ओर से इसी ने जुआ खेला था। यह ऐसा चतुर जुआरी था कि युधिष्ठिर को एक भी दाँव नहीं जीतने देता था। उनका सब कुछ इसने जीत लिया। छलिया भी अव्वल नम्बर का था। ज्यों-ज्यों युधिष्ठिर हारते जाते थे त्यों-त्यों यह उन्हें उकसाता और जो चीज़ें उनके पास रह गई थीं उन्हें दाँव पर लगाने को कहता था।

महाभारत के युद्ध में शकुनि ने युद्ध किया था। उसके पास घोड़ों का रिसाला था। युद्ध में उसके भाई और पुत्र आदि सभी मारे गये। उसको भी सहदेव ने मार गिराया।

गान्धारी जैसी पतिव्रता का भाई शकुनि जैसा हो, इसे एक विचित्र बात ही कहना चाहिए। इसने कभी दुर्योधन को ठीक सलाह नहीं दी। यह ठकुरसुहाती कहना ख़ूब जानता था। इसी से दुर्योधन इसको बहुत मानता था। आज-कल भी कुछ लोग ताश के खेल में उस्ताद पाये जाते हैं। उनके पास कितने ही हलके पत्ते क्यों न हों, लेकिन जीत उन्हीं की होती है। यही हाल शकुनि का था। वह पासों को मानों नचाता था। प्राचीन काल में द्यूत की गिनती कला में होती थी। राजा नल ने अपने भाई से हार जाने और बहुत से कष्ट झेलने के बाद यह कला राजा ऋतुपर्ण से सीखी थी। वनवास के समय इसे युधिष्ठिर ने भी बृहदश्व से सीख लिया था।

शकुनि का सदा हस्तिनापुर में बना रहना बतलाता है कि जिस राजनीतिक उद्देश्य से गान्धारी का विवाह धृतराष्ट्र से किया गया था उसी की सिद्धि के लिए शकुनि को हस्तिनापुर में रक्खा जाता था। जान पड़ता है कि उस समय भी क़न्दहार की ओर घोड़े बढ़िया होते और वहाँ के लोग घुड़सवारी में कुशल होते थे। शकुनि का अपने भानजों की भलाई के लिए प्रयत्न करना अनुचित नहीं कहा जा सकता। अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुँचाने की चेष्टा कौन नहीं करता? पर उस चेष्टा को थोड़ा-बहुत धर्म और न्याय का भी तो आश्रय होना चाहिए। पाण्डवों ने शकुनि का कुछ नहीं बिगाड़ा था, इसलिए उसे कुछ उनका भी लिहाज़ करना चाहिए था। आख़िर वे भी तो उसके भानजे ही होते थे। यदि वह अपने भानजों का सच्चा हितचिन्तक था तो उसे ऐसा रास्ता पकड़ना चाहिए था जिसमें कौरवों का तो भला हो जाता, पर पाण्डवों का सर्वनाश न होता। लेकिन जुआरी यदि ऐसी समझदारी से काम लेने लग जाय तो फिर वह जुआरी ही काहे का? महाभारत के पात्रों में शकुनि के काम नीचता-पूर्ण ही दीख पड़ते हैं। उसने एक भी अच्छा काम नहीं किया। कौरव-पाण्डवों के गृह-कलह का बहुत कुछ उत्तरदायित्व उसी पर है। यदि वह दुर्योधन की ओर से पासे न फेंकता तो फिर खेल ही ख़तम था। कौरवों में भीष्म पितामह

और द्रोणाचार्य आदि ने इसे महत्त्व नहीं दिया। दुर्योधन को तो इसकी अक्षविद्या का भरोसा आधे युद्ध तक बना रहा। उसने द्रोणाचार्य से युधिष्ठिर को पकड़कर ला देने की प्रार्थना की थी। वह चाहता था कि युधिष्ठिर पकड़ लिये जायँ तो उनको शकुनि मामा फिर जुए में जीतकर वनवास करने को भेज दे और युद्ध समाप्त हो जाय। शायद उसे पता नहीं था कि अब युधिष्ठिर भी बृहदश्व से अक्षविद्या सीखकर कुशल जुआरी हो गये हैं। जहाँ पर साले की अथवा मामा की तूती बोलती है वहाँ बंटाढार हो जाता है। कहा भी है—"श्यालको गृहनाशाय, सर्वनाशाय मातुलः"।

शिशुपाल

यह चेदि देश (= चँदेरी, गवालियर राज्य में) के राजा दमघोष का बेटा था। उत्पन्न होते समय इसके चार हाथ और तीन आँखें थीं। यह अद्भुत आकृति देखकर सभी लोग डर गये। माता को यह हिम्मत न हुई कि अपने लाड़ले को गोद में बिठाकर प्यार तो कर ले। इसी समय आकाशवाणी हुई—किसी भविष्यद्दर्शी महात्मा ने कहा—कि क्यों नासमझी कर रहे हो! बच्चे का पालन-पोषण करो; डरो मत। यह इतना शूर निकलेगा कि बड़े-बड़े वीरों के छक्के छुड़ा देगा। किन्तु इसे मारनेवाला भी संसार में जन्म ले चुका है। यह सुनकर माता सँभली। उसने बच्चे को गोद में बिठा लिया और हाथ जोड़कर कहा कि जिन्होंने कृपा कर मुझे यह सूचना दी है वे यह भी बता दें कि इसे कौन मारेगा। इस पर उत्तर मिला कि जिसकी गोद में जाने पर इसके दो हाथों और एक आँख का अस्तित्व न रहे उसी के द्वारा यह मारा जायगा।

राजा दमघोष ने बहुत दिन बाद बेटे का मुँह देखा था। प्रतिदिन भोज होने लगे; दीन दुखियों की इच्छाएँ पूरी की जाने लगीं। रिश्तेदारों का ताँता लग गया। सब की यथायोग्य अभ्यर्थना की जाती और फिर गोद में बच्चा, शिशुपाल, रख दिया जाता। पर न तो उसके अतिरिक्त दोनों हाथ पृथक् हुए और न एक आँख का गड्ढा सा ही दूर हुआ। एक दिन श्रीकृष्ण-बलराम अपनी बुआ के यहाँ गये। वहाँ इनका ख़ूब आदर-सत्कार किया गया और, नियमानुसार, शिशुपाल इनकी भी गोद में दिया गया। श्रीकृष्ण की गोद में पहुँचते ही बालक के अतिरिक्त दो हाथ गिर पड़े और एक आँख भी ग़ायब हो गई। दोष न रह जाने से शिशु सुन्दर दीख पड़ने लगा। पर इस घटना से उसकी माँ घबरा उठी। उसने श्रीकृष्ण से प्रण करा लिया कि वे बच्चे के साथ कोई बुरा बर्ताव न करेंगे। आगे चलकर यह शिशुपाल बड़ा वीर हुआ। इसकी वीरता से प्रसन्न होकर मगध के परम पराक्रमी राजा जरासन्ध ने इसे अपना सेनापति (ऑनरेरी जनरल) बना लिया।

पाण्डवों ने चारों ओर के राजाओं को अपने अधीन कर राजसूय यज्ञ किया। यज्ञ के अन्त में जब उपस्थित मनीषियों और राजाओं की यथायोग्य पूजा तथा सत्कार करने का समय आया तब युधिष्ठिर ने पितामह से पूछा कि सबसे पहले अर्घ्य देकर किसे सम्मानित किया जाय। इस अग्रपूजा का अधिकारी वही हो सकता था जो उस यज्ञोत्सव में उपस्थित सब लोगों से श्रेष्ठ हो। इस पर भीष्म ने श्रीकृष्ण की प्रशंसा कर सहदेव को आज्ञा दी कि प्रधान अर्घ्य इन्हीं को दिया जाय। उस प्रतिष्ठासूचक प्रधान अर्घ्य को सबसे पहले पाकर कृष्णचन्द्र ने, शास्त्रोक्त विधि के अनुसार, ग्रहण किया।

श्रीकृष्ण की इस अग्रपूजा पर सभा में सन्नाटा खिंच गया। कोई चूँ तक न कर सका कि यह क्या किया जा रहा है, यद्यपि ऐसे राजाओं की संख्या कम न थी जो इस सर्वश्रेष्ठ सम्मान का श्रीकृष्ण को दिया जाना अनुचित समझते थे। बात यह है कि उस समय पाण्डवों का दबदबा उस सभा पर ऐसा जमा हुआ था कि किसी को प्रतिवाद करने का साहस ही न हुआ। किन्तु उपस्थित राजाओं का यह अपमान शिशुपाल से सहा नहीं गया। क्रोध के मारे काँपते हुए उसने युधिष्ठिर को यह अविवेक-पूर्ण कार्य करने के लिए फटकारा। भीष्म और श्रीकृष्ण की भी ख़ासी ख़बर ली। उसने कहा कि यह सभा है या लफङ्गों का जमघट! जिसके जी में जो आया, कर बैठा! ये देश-देश के राजा लोग यहाँ न्योता देकर बुलाये गये हैं; बड़े-बड़े विद्वान्, तपस्वी, ऋषि-मुनि और आचार्य बैठे हुए हैं। इनमें ऐसा एक भी न निकला जिसकी सबसे पहले पूजा की जाती! पूजा की गई अहीर के लड़के की। वाह री समझ! जो पहले से मालूम होता कि यहाँ पर यह दशा होगी तो युधिष्ठिर को 'कर' के नाम पर झञ्झी कौड़ी भी न दी जाती। फिर देखते कि ये किस तरह राजसूय किये लेते थे! सब ने तो इन्हें धर्मात्मा समझकर ही कर दिया था। इसका बदला इन्होंने हम सबको इस तरह अपमानित करके दिया।

इस सिलसिले में शिशुपाल ने एक उत्तेजक वक्तृता दी—"हे भीष्म, तुमने कृष्ण का प्रिय करने के लिए जो यह अनुचित काम कराया है इससे सज्जन अवश्य तुम्हें अनादर की दृष्टि से देखेंगे। कृष्ण राजा नहीं हैं; फिर सब राजाओं के बीच इस तरह सबसे पहले वे कैसे पूजा पा सकते हैं? अथवा, यदि तुमने वृद्ध समझकर सबसे पहले कृष्ण को अर्घ्य दिया है तो उनके बूढ़े पिता वसुदेव के आगे उनकी पूजा को तुम कैसे ठीक समझते हो? शुभचिन्तक और अनुगत समझकर तुमने कृष्ण का सम्मान किया है तो राजा द्रुपद के आगे वे कैसे पूजनीय हो सकते हैं? यदि आचार्य मानकर तुमने कृष्ण की पूजा की हो तो द्रोणाचार्य के आगे तथा ऋत्विक् समझकर की हो तो वृद्ध द्वैपायन व्यास के आगे उनकी पूजा कैसे ठीक कही जा सकती है?......।" इसी तरह उसने क्रमशः द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, द्रुम, भीष्मक, रुक्मी, एकलव्य और शल्य आदि राजाओं को अग्रपूजा के योग्य बताकर कहा है कि श्रीकृष्ण का यों सर्वप्रथम सम्मान किया जाना अनुचित है। यही नहीं, श्रीकृष्ण के दोष गिनाते हुए उसने उन्हें, कंस का नौकर, उपद्रवी और स्त्री-घातक तक कह डाला। अब विरुद्ध दल बनाने के लिए वह सभा-स्थल से उठकर बाहर जाने लगा। सभा में कोलाहल मच गया। कोई किसी की सुनता ही न था। श्रीकृष्ण को कोई समीचीन उत्तर न सूझा। युधिष्ठिर घबरा गये। उन्होंने आगे बढ़कर शिशुपाल को मनाने के लिए रोक लिया। वे मीठी-मीठी बातें करके उसे ठण्डा करने लगे। यह देखकर भीष्म ने तमककर युधिष्ठिर को व्यर्थ डरने से रोका और उक्त पूजा के समर्थन में युक्तियाँ दीं। इन सबका शिशुपाल ने खण्डन किया और भीष्म की शान में ऐसी-ऐसी बातें कहीं कि उनकी योग्यता का कोई योद्धा उन बातों को सहन न कर सकता। उसने उन्हें नामर्द तक कह डाला; उनके सभी कामों को निन्दित सिद्ध करते हुए कहा कि जिनका अगुआ भीष्म जैसा नादान हो × × × उन पाण्डवों से इसके सिवा और क्या आशा की जा सकती है? यदि कृष्ण में समझ होती तो वह इस अनुचित पूजा को स्वीकार ही न करता—यह उसका मान नहीं, अपमान है।

इस पर भीष्म ने शिशुपाल की सब बातों का खण्डन करते हुए, सब राजाओं को सुनाकर, कहा—मैं किसी को तिनके बराबर भी नहीं समझता; जिसका जी चाहे, मुझसे निपट ले। सभा में फिर कोलाहल मच गया। अब सहदेव ने भी कुछ कड़ी बातें कह सुनाईं। भीमसेन युद्ध करने के लिए लपके तो भीष्म ने बीच में पड़कर उन्हें रोक लिया। शिशुपाल के बहुत चुनौती देने पर भी उन्होंने भीम को किसी तरह सामना नहीं करने दिया। उन्होंने बार-बार यही कहा कि जिसकी तबा चाहे, श्रीकृष्ण से समझ ले। तारीफ़ यह थी कि न तो श्रीकृष्ण कुछ बोलते थे और न उनके अनन्य भक्त अर्जुन ही। पता ही नहीं चलता था कि ये दोनों उस सभा में मौजूद भी हैं। अन्त में भीष्म की युक्ति काम कर गई। श्रीकृष्ण के साथ जुझाने की उनकी चुनौती को स्वीकार करते हुए शिशुपाल ने फिर कड़वी बातें कह सुनाईं।

अब श्रीकृष्ण से नहीं रहा गया। उन्होंने शिशुपाल के दोषों का उल्लेख किया और उसने उनके बहुत से कार्यों की व्यंग्य-पूर्ण आलोचना की। इस वाद-विवाद और कटु वाक्यों की बौछार के अन्त में श्रीकृष्ण ने, छोटी सी वक्तृता देकर, राजाओं के प्रति अपने को निरपराध सिद्ध करने का प्रयत्न किया। इसी बीच, बिना ही युद्ध का उद्योग किये, सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का सिर धड़ से अलग कर दिया।

निःसन्देह शिशुपाल वीर था; किन्तु उसमें बुद्धि की मात्रा कम थी। यदि वह समझदारी से काम लेता और अपने सिवा औरों को भी योद्धा मानता तो, दूसरे के घर जाकर, अपने ही नातेदार श्रीकृष्ण से न उलझ पड़ता। श्रीकृष्ण की अग्रपूजा को वह अपनी ही प्रतिष्ठा समझता तो क्या कहना था। किन्तु आपस में लाग-डाँट रहने से ही उसका इस तरह अन्त हुआ। उसकी शूरता, मृत्यु के समय, उसके किसी काम न आई।

श्रीकृष्ण

अभिमन्यु, अर्जुन, अश्वत्थामा, उत्तरा, कर्ण, कुन्ती, गान्धारी और युधिष्ठिर प्रभृति के चरितों में श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में इतना अधिक लिखा जा चुका है कि उनके सम्बन्ध में पृथक् रूप से कुछ लिखने की विशेष आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। फिर भी यहाँ दो-चार बातें लिखी जाती हैं। उनकी माता देवकी और पिता वसुदेव थे। उनका जन्म कारागार में हुआ था। उनका पालन-पोषण एक प्रकार से संकटों में ही हुआ। परिस्थिति ने उनको बचपन से ही दुष्टों का दमन करने के लिए विवश कर दिया था। इससे उनका साहस बढ़ता गया और उन्होंने ऐसे-ऐसे कार्य किये जिनके कारण न केवल जातिभाई यादवों पर, प्रत्युत अन्य प्रदेशवालों पर भी उनकी शूरता और बुद्धिमत्ता की छाप लग गई। जिस काम को पराक्रम से करना वे ठीक समझते थे उसको पराक्रम से कर डालते थे और जिसमें वे नीति का प्रयोग करना आवश्यक समझते थे उसमें दाँव-पेचों से काम लेते थे। कुन्ती उनकी बुआ थीं। इस नाते से पाण्डव लोग उनके भाई होते थे। इसके अतिरिक्त पाण्डवों को कौरवों ने बुरी तरह सता रक्खा था। इन्हीं कारणों से पाण्डवों के पक्ष में रहकर, बिना ही युद्ध किये, उन्होंने अपना अङ्गीकृत कार्य सम्पन्न कर लिया।

द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह, धृतराष्ट्र, गान्धारी और कर्ण तक को यह विश्वास था कि विजयी वही पक्ष होगा जिसके सहायक श्रीकृष्ण होंगे। यह बात उन लोगों ने समय-समय पर साफ़-साफ़ कही भी है। एक तो इस विश्वास के कारण कौरवों की हार हुई, दूसरा कारण यह था कि उनका अधर्म उनको धिक्कार देता रहा होगा। बात यह है कि बाहरवालों को धोखा दिया जा सकता है; किन्तु हृदय को कैसे कोई धोखा देगा। श्रीकृष्ण में अपरिमित शक्ति थी। संसार को जिनसे बुद्धिवृत्ति प्राप्त होती है भला उनकी बुद्धिमत्ता के लिए क्या कहा जाय ? प्रश्न होता है कि जब वे सब कुछ कर सकते थे तब उन्होंने अपने हाथ से दुष्टों का संहार क्यों नहीं कर डाला। इसका उत्तर अनेक प्रकार से दिया गया है। भगवान् को लीला करनी थी। उन्होंने जैसा ठीक समझा, किया। फिर कर्म-विधान की दृष्टि से जिससे जिसको बदला लेना था उसके लिए भी तो कुछ प्रबन्ध होना चाहिए। इसके अतिरिक्त युद्ध का सारा कार्य श्रीकृष्ण के ही तत्त्वावधान में तो हुआ है। छोटी से छोटी घटना में भी उनका हाथ स्पष्ट देख पड़ता है। कहने को वे अर्जुन के सारथि थे, किन्तु वास्तव में सारे कार्य के सूत्र उन्हीं के हाथ में थे। वे जब तक समरभूमि में रहे, किसी पाण्डव पर आँच नहीं आने पाई। संशप्तकों से भिड़ने चले जाने पर, उनकी अनुपस्थिति में, ही अभिमन्यु के प्राण गये। पाण्डवों को लेकर उनके ओघवती नदी के किनारे रात बिताने के लिए चले जाने पर ही अश्वत्थामा पाण्डवों के शिविर का सफ़ाया कर पाया। उनकी उपस्थिति में पहले तो कोई कुछ अनर्थ कर ही नहीं सका और यदि कर बैठा है तो उन्होंने उसे सँभाल लिया है। उनकी जैसी सर्वतोमुखी प्रतिभा, अद्भुत कार्य-कुशलता और समय की सूझ उन्हीं में सम्भव है। पुरुषोत्तम के अतिरिक्त ऐसे कार्य और कौन कर सकता ? नृपवेषधारी असुरों से त्रस्त पृथ्वी का भार हरण करने को वे आये थे। यह कार्य पूर्ण होते ही उन्होंने महर्षि मैत्रेय को धर्म का भार सौंपकर लीला संवरण कर ली। भगवान् का न तो कोई शत्रु होता है और न मित्र। संसार में व्यवहार के लिए इन शब्दों का उपयोग श्रीकृष्ण के साथ कर दिया है। वास्तव में वे तो प्राणिमात्र के हितचिन्तक हैं। उन्होंने जितना उपकार पाण्डवों का किया उससे भी अधिक दुर्योधन आदि कौरवों का किया। भेद-दृष्टि रखने के कारण हम कुछ का कुछ समझ बैठते हैं।

श्रीकृष्ण का बाल्यकाल असुरों से जूझने में बीता, युवावस्था में उन्हें राजनीति में पड़कर अनेक गुत्थियाँ सुलझानी पड़ीं और फिर कुरुक्षेत्र के महासमर में सम्मिलित होकर अपनी योजनाओं को कार्य का रूप देना पड़ा। हम उन्हें पल भर भी आराम से समय बिताते नहीं पाते। कभी उन्हें अपने मामा और उसके सहायकों से भिड़ना पड़ा है, कभी इन्द्र का सामना करके गोपों की रक्षा का प्रबन्ध करना पड़ा है, कभी असुर-भूपालों से त्रस्त प्रजा की संरक्षा के लिए दौड़ना पड़ा है, कभी किसी महिला का उद्धार करने के लिए दाँव-पेंच दिखाने पड़े हैं और कभी समझौता कराने के लिए दूत बनना अथवा मित्र की रक्षा करने को रथ हाँकना पड़ा है। उनके जीवन का एक भी क्षण व्यर्थ नहीं गया।

[illegible] (९०)

(१२)